प. अत्थि णं भंते ! जीवाणं मुसावाएणं किरिया कज्जइ ?

प्र. भंते ! क्या जीव मृषावाद-क्रिया करते हैं ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. सा भंते ! किं पुट्ठा कज्जइ, अपुट्ठा कज्जइ ?

उ. गोयमा ! **जहा पाणाइवाएणं दंडओ एवं मुसावाएण वि।**

एवं अदिण्णादाणेण वि, मेहुणेण वि, परिग्गहेण वि। एवं एए पंच दंडगा।

प. जं समयं णं भंते ! जीवाणं पाणाइवाएणं किरिया कज्जइ सा भंते ! किं पुट्ठा कज्जइ, अपुट्ठा कज्जइ ?

उ. गोयमा ! **एवं तहेव** जाव **वत्तव्वं सिया।**

एवं जाव **वेमाणियाणं।**

एवं जाव **परिग्गहेणं।**

एए वि पंच दंडगा।

प. जं देसं णं भंते ! जीवाणं पाणाइवाएणं किरिया कज्जइ, सा भंते ! किं पुट्ठा कज्जइ, अपुट्ठा कज्जइ ?

उ. गोयमा ! **एवं** जाव **परिग्गहेणं।**

एवं एए वि पंच दंडगा।

प. जं पदेसं णं भंते ! जीवाणं पाणाइवाएणं किरिया कज्जइ सा भंते ! किं पुट्ठा कज्जइ, अपुट्ठा कज्जइ ?

उ. गोयमा ! **एवं तहेव दंडओ।**

एवं जाव **परिग्गहेणं।**

एवं एए बीसं दंडगा। —*विया. स. १७, उ. ४, सु. २-१२*

उ. हां, गौतम ! करते हैं।

प्र. भंते ! वह क्रिया स्पृष्ट है या अस्पृष्ट है ?

उ. गौतम ! **जैसे प्राणातिपात का दण्डक कहा उसी प्रकार मृषावाद-क्रिया का भी दण्डक कहना चाहिए।**

इसी प्रकार अदत्तादान, मैथुन और परिग्रह क्रिया के विषय में भी जान लेना चाहिए। इस प्रकार ये पांच दण्डक हुए।

प्र. भंते ! जिस समय जीव प्राणातिपातिकी क्रिया करते हैं, क्या उस समय वे स्पृष्ट क्रिया करते हैं या अस्पृष्ट क्रिया करते हैं ?

उ. गौतम ! **पूर्वोक्त प्रकार से "अनानुपूर्वीकृत नहीं हैं पर्यन्त कहना चाहिए।**

इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त जानना चाहिए।

इसी प्रकार पारिग्रहिकी क्रिया पर्यन्त कहना चाहिए।

इस प्रकार ये पांच दण्डक हुए।

प्र. भंते ! जिस देश (क्षेत्र) में जीव प्राणातिपातिकी क्रिया करते हैं क्या उस देश में वे स्पृष्ट क्रिया करते हैं या अस्पृष्ट क्रिया करते हैं ?

उ. गौतम ! **पूर्ववत् पारिग्रहिकी क्रिया पर्यन्त जानना चाहिए।**

इस प्रकार ये पांच दण्डक हुए।

प्र. भंते ! जिस प्रदेश में जीव प्राणातिपातिकी क्रिया करते हैं, उस प्रदेश में वे स्पृष्ट क्रिया करते हैं या अस्पृष्ट क्रिया करते हैं ?

उ. गौतम ! **इसी प्रकार पूर्ववत् दण्डक कहना चाहिए।**

इसी प्रकार पारिग्रहिकी क्रिया पर्यन्त जानना चाहिए।

इस प्रकार ये कुल बीस दण्डक हुए।

२४. तालफलपवाडमाणस्स पुरिसस्स किरिया परूवणं—

प. पुरिसे णं भंते ! तालमारूहइ, तालमारूहित्ता तालाओ तालफलं पचालेमाणे वा, पवाडेमाणे वा कइ किरिए ?

उ. गोयमा ! जावं च णं से पुरिसे तालमारूहइ, तालमारूहित्ता तालाओ तालफलं पचालेइ वा, पवाडेइ वा,

तावं च णं से पुरिसे काइयाए **जाव** पाणाइवायकिरियाए पंचहिं किरियाहिं पुट्ठे, जेसिं पि य णं जीवाणं सरीरेहिंतो ताले निव्वत्तिए, तालफले निव्वत्तिए ते वि णं जीवा काइयाए **जाव** पाणाइवाय किरियाए पंचहिं किरियाहिं पुट्ठा।

प. अहे णं भंते ! से तालफले अप्पणो गरुयत्ताए **जाव** अहे वीससाए पच्चोवयमाणे जाइं तत्थ पाणाइं **जाव** सत्ताइं जीवियाओ ववरोवेइ तएणं भंते ! से पुरिसे कइ किरिए ?

उ. गोयमा ! जावं च णं से तालफले अप्पणो गरुयत्ताए **जाव** जीवियाओ ववरोवेइ, तावं च णं से पुरिसे काइयाए **जाव** पारितावणियाए चउहिं किरियाहिं पुट्ठे,

जेसिं पि य णं जीवाणं सरीरेहिंतो ताले निव्वत्तिए,

ते वि य णं जीवा काइयाए **जाव** पारितावणियाए चउहिं किरियाहिं पुट्ठा, जेसिं पि य णं जीवाणं सरीरेहिंतो तालफले निव्वत्तिए,

२४. ताड़फल गिराने वाले पुरुष की क्रियाओं का प्ररूपण—

प्र. भंते ! कोई पुरुष ताड़ के वृक्ष पर चढ़े और चढ़कर फिर उस ताड़ के फल को हिलाए या गिराए तो उस पुरुष को कितनी क्रियाएं लगती हैं ?

उ. गौतम ! जब वह पुरुष ताड़ के वृक्ष पर चढ़ता है और चढ़कर उस ताड़ वृक्ष से ताड़ फल को हिलाता है और गिराता है,

तब वह पुरुष कायिकी **यावत्** प्राणातिपातिकी इन पांचों क्रियाओं से स्पृष्ट होता है। जिन जीवों के शरीरों से ताड़वृक्ष और ताड़ फल बना है, वे जीव भी कायिकी **यावत्** प्राणातिपातिकी इन पांचों क्रियाओं से स्पृष्ट होते हैं।

प्र. भंते ! (उस पुरुष द्वारा तालवृक्ष के हिलाने पर) जो वह ताड़फल-अपने भार से **यावत्** अपने आप गिरने से वहां के प्राणी **यावत्** सत्व जीव रहित होते हैं तब भंते ! उस पुरुष को कितनी क्रियाएं लगती हैं ?

उ. गौतम (पुरुष द्वारा ताड़वृक्ष के हिलाने पर) जो वह ताड़फल अपने भार से गिरे **यावत्** जीवन से रहित करता है तो वह पुरुष कायिकी **यावत्** पारितापनिकी इन चार क्रियाओं से स्पृष्ट होता है।

जिन जीवों के शरीरों से ताड़वृक्ष निष्पन्न हुआ है,

वे जीव कायिकी **यावत्** पारितापनिकी इन चार क्रियाओं से स्पृष्ट होते हैं। जिन जीवों के शरीरों से ताड़फल निष्पन्न हुआ है,

ते वि य णं जीवा काइयाए जाव पाणाइवायकिरियाए पंचहिं किरियाहिं पुट्ठा,

जे वि य से जीवा अहे वीससाए पच्चोवयमाणस्स उवग्गहे वट्टंति,

ते वि य णं जीवा काइयाए **जाव** पाणाइवायकिरियाए पंचहिं किरियाहिं पुट्ठा। *–विया. स. १७, उ. १, सु. ८-९*

२५. रुक्खमूलाइ पवाडमाणस्स पुरिसस्स किरियापरूवणं–

प. पुरिसे णं भंते ! रुक्खस्स मूलं पचालेमाणे वा, पवाडेमाणे वा कइ किरिए ?

उ. गोयमा ! **जावं** च णं से पुरिसे रुक्खस्स मूलं पचालेइ वा, पवाडेइ वा **तावं** च णं से पुरिसे काइयाए **जाव** पाणाइवायकिरियाए पंचहिं किरियाहिं पुट्ठे,

जेसिं पि य णं जीवाणं सरीरेहिंतो मूले निव्वत्तिए **जाव** बीए निव्वत्तिए ते वि य णं जीवा काइयाए **जाव** पाणाइवायकिरियाए पंचहिं किरियाहिं पुट्ठा।

प. अहे णं भंते ! से मूले अप्पणो गरुयत्ताए **जाव** जीवियाओ ववरोवेइ तओ णं भंते ! से पुरिसे कइ किरिए ?

उ. गोयमा ! **जावं** च णं से मूले अप्पणो गरुयत्ताए **जाव** जीवियाओ ववरोवेइ,

तावं च णं से पुरिसे काइयाए **जाव** पारितावणियाए चउहिं किरियाहिं पुट्ठे,

जेसिं पि य णं जीवाणं सरीरेहिंतो कंदे निव्वत्तिए **जाव** बीए निव्वत्तिए, ते वि य णं जीवा काइयाए **जाव** पारितावणियाए चउहिं किरियाहिं पुट्ठा,

जे सिं पि य णं जीवा णं सरीरेहिंतो मूले निव्वत्तिए, ते वि य णं जीवा काइयाए **जाव** पाणाइवायकिरियाए पंचहिं किरियाहिं पुट्ठा,

जे वि य णं से जीवा अहे वीससाए पच्चोवयमाणस्स उवग्गहे वट्टंति।

ते वि य णं जीवा काइयाए **जाव** पाणाइवायकिरियाए पंचहिं किरियाहिं पुट्ठा।

प. पुरिसे णं भंते ! रुक्खस्स कंदे पचालेमाणे वा, पवाडेमाणे वा कइ किरिए ?

उ. गोयमा ! जावं च णं से पुरिसे कंदे पचालेमाणे वा, पवाडेमाणे वा,

तावं च णं से पुरिसे काइयाए **जाव** पाणाइवाय किरियाए पंचहिं किरियाहिं पुट्ठे,

जेसिं पि य णं जीवाणं सरीरेहिंतो कंदे निव्वत्तिए **जाव** बीए निव्वत्तिए,

ते वि य णं जीवा काइयाए **जाव** पाणाइवाय किरियाए पंचहिं किरियाहिं पुट्ठा।

प. अहे णं भंते ! से कंदे अप्पणो गरुयत्ताए **जाव** जीवयाओ ववरोवेइ तओ णं भंते ! से पुरिसे कइ किरिए ?

वे जीव कायिकी **यावत्** *प्राणातिपातिकी इन पांचों क्रियाओं से* स्पृष्ट होते हैं।

जो जीव स्वाभाविक रूप से नीचे पड़ते हुए ताड़फल के सहायक होते हैं,

वे जीव भी कायिकी **यावत्** प्राणातिपातिकी इन पांचों क्रियाओं से स्पृष्ट होते हैं।

२५. वृक्षमूलादि को गिराने वाले पुरुष की क्रियाओं का प्ररूपण–

प्र. भंते ! कोई पुरुष वृक्ष के मूल को हिलाए या गिराए तो उसको कितनी क्रियाएं लगती हैं ?

उ. गौतम ! जब वह पुरुष वृक्ष के मूल को हिलाता या गिराता है तब वह पुरुष कायिकी **यावत्** प्राणातिपातिकी इन पांचों क्रियाओं से स्पृष्ट होता है।

जिन जीवों के शरीरों से मूल **यावत्** बीज निष्पन्न हुए हैं, वे जीव भी कायिकी **यावत्** प्राणातिपातिकी इन पांचों क्रियाओं से स्पृष्ट होते हैं।

प्र. भंते ! यदि वह मूल अपने भारीपन के कारण नीचे गिरे **यावत्** जीवों का हनन करे तब उस पुरुष को कितनी क्रियाएं लगती हैं ?

उ. गौतम ! जब मूल अपने भारीपन के कारण नीचे गिरता है **यावत्** अन्य जीवों का हनन करता है,

तब वह पुरुष कायिकी **यावत्** पारितापनिकी इन चार क्रियाओं से स्पृष्ट होता है।

जिन जीवों के शरीर से वह कन्द **यावत्** बीज निष्पन्न हुआ है,

वे जीव कायिकी **यावत्** पारितापनिकी इन चार क्रियाओं से स्पृष्ट होते हैं।

जिन जीवों के शरीरों से मूल निष्पन्न हुआ है, वे जीव कायिकी **यावत्** प्राणातिपातिकी इन पांचों क्रियाओं से स्पृष्ट होते हैं।

जो जीव स्वाभाविक रूप से नीचे गिरते हुए मूल के सहायक होते हैं,

वे जीव कायिकी **यावत्** प्राणातिपातिकी इन पांचों क्रियाओं से स्पृष्ट होते हैं।

प्र. भंते ! कोई पुरुष वृक्ष के कन्द को हिलाए या गिराए तो उसको कितनी क्रियाएं लगती हैं ?

उ. गौतम ! जब वह पुरुष कन्द को हिलाता या गिराता है,

तब वह पुरुष कायिकी **यावत्** प्राणातिपातिकी इन पांचों क्रियाओं से स्पृष्ट होता है।

जिन जीवों के शरीर से कन्द **यावत्** बीज निष्पन्न होता है,

वे जीव कायिकी **यावत्** प्राणातिपातिकी की इन पांचों क्रियाओं से स्पृष्ट होते हैं।

प्र. भंते ! यदि वह कन्द अपने भारीपन के कारण नीचे गिरे **यावत्** जीवों का हनन करे तो उस पुरुष को कितनी क्रियाएं लगती हैं ?

उ. गोयमा ! जावं च णं से कंदे अप्पणो गरुयत्ताए **जाव** जीवियाओ ववरोवेइ,

तावं च णं से पुरिसे काइयाए **जाव** पारितावणियाए चउहिं किरियाहिं पुट्ठे,

जेसिं पि य णं जीवा णं सरीरेहिंतो मूले निव्वत्तिए, कंदे निव्वत्तिए **जाव** बीए निव्वत्तिए

ते वि य णं जीवा काइयाए **जाव** पारितावणियाए चउहिं किरियाहिं पुट्ठा,

जेसिं पि य णं जीवा णं सरीरेहिंतो कंदे निव्वत्तिए **जाव** बीए निव्वत्तिए

ते वि य णं जीवा काइयाए **जाव** पाणाइवायकिरियाए पंचहिं किरियाहिं पुट्ठा,

जे वि य से जीवा अहे वीससाए पच्चोवमयमाणस्स उवग्गहे वट्टंति,

ते वि य णं जीवा काइयाए **जाव** पाणाइवायकिरियाए पंचहिं किरियाहिं पुट्ठा।

जहा कंदे एवं जाव बीयं। *–विया. स. १७, उ. १, सु. १०-१४*

उ. गौतम ! जब वह कंद अपने भारीपन के कारण नीचे गिरता है **यावत्** अन्य जीवों का हनन करता है।

तब वह पुरुष कायिकी **यावत्** पारितापनिकी इन चार क्रियाओं से स्पृष्ट होता है।

जिन जीवों के शरीरों से मूल, स्कन्ध **यावत्** बीज निष्पन्न हुए हैं,

वे जीव कायिकी **यावत्** पारितापनिकी इन चार क्रियाओं से स्पृष्ट होते हैं,

जिन जीवों के शरीरों से कन्द **यावत्** बीज निष्पन्न हुए हैं

वे जीव कायिकी **यावत्** प्राणातिपातिकी इन पांचों क्रियाओं से स्पृष्ट होते हैं।

जो जीव स्वाभाविक रूप से नीचे गिरते हुए कन्द के सहायक होते हैं,

वे जीव कायिकी **यावत्** प्राणातिपातिकी इन पांचों क्रियाओं से स्पृष्ट होते हैं।

जिस प्रकार कन्द के विषय में आलापक कहा, उसी प्रकार (स्कन्ध, त्वचा, शाखा, प्रवाल, पत्र, पुष्प, फल) यावत् बीज के विषय में भी कहना चाहिए।

२६. पुरिसवधकस्स किरिया परूवणं–

प. पुरिसे णं भंते ! पुरिसं सत्तीए समभिधंसेज्जा, सयपाणिणा वा से असिणा सीसं छिंदेज्जा तओ णं भंते ! से पुरिसे कइ किरिए?

उ. गोयमा ! जावं च णं से पुरिसे तं पुरिसं सत्तीए समभिधंसेइ, सयपाणिणा वा से असिणा सीसं छिंदइ, तावं च णं से पुरिसे काइयाए **जाव** पाणाइवायकिरियाए पंचहिं किरियाहिं पुट्ठे। आसन्नवहएण य अणवकंखणवत्तीए णं पुरिसवेरेणं पुट्ठे।

–विया. स. १, उ. ८, सु. ८

२६. पुरुष को मारने वाले की क्रियाओं का प्ररूपण–

प्र. भंते ! कोई पुरुष किसी पुरुष को भाले से मारे या अपने हाथ से तलवार द्वारा उसका मस्तक काटे तो भंते ! उस पुरुष को कितनी क्रियाएं लगतीं हैं?

उ. गौतम ! जब वह पुरुष उस पुरुष को भाले द्वारा मारता है या अपने हाथ से तलवार द्वारा उसका मस्तक काटता है, तब वह पुरुष कायिकी **यावत्** प्राणातिपातिकी इन पांचों क्रियाओं से स्पृष्ट होता है। तत्काल मारने वाला एवं दूसरे के प्राणों की परवाह न करने वाला वह (पुरुष) पुरुष-वैर से स्पृष्ट होता है।

२७. धणुपक्खेवगस्स किरिया परूवणं–

प. पुरिसे णं भंते ! धणु परामुसइ, परामुसित्ता उसुं परामुसइ, उसुं परामुसित्ता ठाणं ठाइ, ठाणं ठिच्चा आययकण्णाययं उसुं करेइ आययकण्णाययं उसुं करेत्ता उड्ढं वेहासं उसुं उव्विहइ, तएणं से उसुं उड्ढं वेहासं उव्विहए समाणे जाइं तत्थ पाणाइं **जाव** सत्ताइं अभिहणइ **जाव** जीवियाओ ववरोवेइ, तए णं भंते ! से पुरिसे कइ किरिए?

उ. गोयमा ! जावं च णं से पुरिसे धणुं परामुसइ **जाव** जीवियाओ ववरोवेइ, तावं च णं से पुरिसे काइयाए जाव पाणाइवायकिरियाए पंचहिं किरियाहिं पुट्ठे, जेसिं पि य णं जीवाणं सरीरेहिंतो धणुं निव्वत्तिए ते वि य णं जीवा काइयाए **जाव** पाणाइवायकिरियाए पंचहिं किरियाहिं पुट्ठे,

एवं धणुं पुट्ठे पंचहिं किरियाहिं, जीवा पंचहिं, ण्हारू पंचहिं, उसू पंचहिं, सरे, पत्तणे, फले, न्हारू पंचहिं।

२७. धनुष प्रक्षेपक की क्रियाओं का प्ररूपण–

प्र. भंते ! कोई पुरुष धनुष को स्पर्श करता है, स्पर्श करके वह बाण को ग्रहण करता है, ग्रहण करके आसन से बैठता है, बैठकर बाण को कान तक खींचता है, खींच कर ऊपर आकाश में फेंकता है, ऊपर आकाश में फेंका हुआ वह बाण जिन प्राणियों **यावत्** सत्वों को मारता है **यावत्** जीवन से रहित कर देता है तब भंते ! उस पुरुष को कितनी क्रियाएं लगती हैं?

उ. गौतम ! जब वह पुरुष धनुष को ग्रहण करता है **यावत्** प्राणियों को जीवन से रहित कर देता है तब वह पुरुष कायिकी **यावत्** प्राणातिपातिकी इन पांचों क्रियाओं से स्पृष्ट होता है।

जिन जीवों के शरीरों से वह धनुष निष्पन्न हुआ है वे जीव भी कायिकी **यावत्** प्राणातिपातिकी इन पांचों क्रियाओं से स्पृष्ट होते हैं।

इसी प्रकार धनु:पृष्ठ जीवा (डोरी), ण्हारू (स्नायु) बाण, शर, पत्र, फल और ण्हारू (निर्माता) भी पांचों क्रियाओं से स्पृष्ट होते हैं।

प. अहे णं से उसू अप्पणो गरुयत्ताए **जाव** अहे वीससाए पच्चोवयमाणे जाइं तत्थ पाणाइं **जाव** सत्ताइं जीवियाओ ववरोवेइ तावं च णं से पुरिसे कइ किरिए ?

उ. गोयमा ! जावं च णं से उसुं अप्पणो गरुयत्ताए **जाव** जीवियाओ ववरोवेइ, तावं च णं से पुरिसे काइयाए **जाव** पारितावणियाए चउहिं किरियाहिं पुट्ठे।

जेसिं पि य णं जीवाणं सरीरेहिंतो धणुं निव्वत्तिए, ते वि य णं जीवा काइयाए **जाव** पारितावणियाए चउहिं किरियाहिं पुट्ठे।

एवं धणुं पुट्ठे चउहिं, जीवा चउहिं, ण्हारू चउहिं,

उसू पंचहिं, सरे, पत्तणे, फले, ण्हारू पंचहिं,

जे वि य से जीवा अहे पच्चोवयमाणस्स उवग्गहे वट्टंति ते वि य णं जीवा काइयाए **जाव** पाणाइवायकिरियाए पंचहिं किरियाहिं पुट्ठा। *–विया. स. ५, उ. ६, सु. १०-१२*

प्र. भंते ! जब वह बाण अपने भार से **यावत्** स्वाभाविकरूप से नीचे गिरते हुए वहां प्राणियों **यावत्** सत्वों को जीवन से रहित कर देता है, तब उस पुरुष को कितनी क्रियाएं लगती हैं ?

उ. गौतम ! जब वह बाण अपने भार से **यावत्** प्राणियों को जीवन से रहित कर देता है, तब वह पुरुष कायिकी **यावत्** पारितापनिकी इन चारों क्रियाओं से स्पृष्ट होता है।

जिन जीवों के शरीर से धनुष बना है, वे जीव कायिकी **यावत्** पारितापनिकी इन चार क्रियाओं से स्पृष्ट होते हैं।

इसी प्रकार धनु:पृष्ठ जीवा (डोरी) ण्हारू ये चार क्रियाओं से स्पृष्ट होते हैं।

बाण, शर, पत्र, फल और ण्हारू ये पांच क्रियाओं से स्पृष्ट होते हैं।

जो जीव नीचे गिरते हुए बाण के सहायक हैं।

वे जीव भी कायिकी **यावत्** प्राणातिपातिकी इन पांचों क्रियाओं से स्पृष्ट होते हैं।

२८. मियवधगस्स किरिया परूवणं–

प. पुरिसे णं भंते ! कच्छंसि वा, दहंसि वा, उदगंसि वा, दवियंसि वा, वलयंसि वा, नूमंसि वा, गहणंसि वा, गहणविदुग्गंसि वा, पव्वयंसि वा, पव्वयविदुग्गंसि वा, वणंसि वा, वणविदुग्गंसि वा, मियवित्तीए, मियसंकप्पे, मियपणिहाणे, मियवहाए गंता 'एए मिए' त्ति काउं अण्णयरस्स मियस्स वहाए कूडपासं उद्दाइ, तओ णं भंते ! से पुरिसे कइ किरिए पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! जावं च णं से पुरिसे कच्छंसि वा **जाव** मियस्स वहाए कूडपासं उद्दाइ, तावं च णं से पुरिसे सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए ?"

उ. गोयमा ! जे भविए उद्दवणयाए, णो बंधणयाए, णो मारणयाए, तावं च णं से पुरिसे काइयाए, अहिगरणियाए, पाउसियाए तिहिं किरियाहिं पुट्ठे।

जे भविए उद्दवणयाए वि, बंधणयाए वि, णो मारणयाए, तावं च णं से पुरिसे काइयाए **जाव** पारियावणियाए चउहिं किरियाहिं पुट्ठे।

जे भविए उद्दवणयाए वि, बंधणयाए वि, मारणयाए वि, तावं च णं से पुरिसे काइयाए **जाव** पाणाइवायकिरियाए पंचहिं किरियाहिं पुट्ठे।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए।"
–विया. स. १, उ. ८, सु. ४

२८. मृगवधक की क्रियाओं का प्ररूपण–

प्र. भंते ! मृगों से आजीविका चलाने वाला, मृगवध का संकल्प करने वाला, मृगवध में दत्तचित्त कोई पुरुष मृगवध के लिए निकलकर कच्छ में, द्रह में, जलाशय में, हरे भरे मैदान में, पगडंडी में, गुफा में, झाड़ी में, सघन झाड़ी में, दुर्गम पर्वत पर, पर्वत पर, वन में, गहन वन में जाकर "ये मृग हैं," ऐसा सोचकर किसी एक मृग को मारने के लिए जाल फैलाता है तो भंते ! वह पुरुष कितनी क्रिया वाला होता है ?

उ. गौतम ! जब वह पुरुष कच्छ में **यावत्** मृगवध के लिए जाल फैलाता है तो कदाचित् तीन क्रिया वाला, कदाचित् चार क्रिया वाला और कदाचित् पांच क्रिया वाला होता है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"वह पुरुष कदाचित् तीन क्रिया वाला, कदाचित् चार क्रिया वाला और कदाचित् पांच क्रिया वाला होता है ?"

उ. गौतम ! जब वह शिकारी मृगों को भयभीत करता है किन्तु मृगों को बांधता नहीं, मारता नहीं, तब वह पुरुष कायिकी, आधिकरणिकी और प्राद्वेषिकी इन तीन क्रियाओं से स्पृष्ट होता है।

जब तक वह मृगों को भयभीत करता है, बांधता है किन्तु मारता नहीं, तब तक वह पुरुष कायिकी **यावत्** पारितापनिकी इन चार क्रियाओं से स्पृष्ट होता है।

जब तक वह मृगों को भयभीत करता है, बांधता है और मारता है, तब तक वह कायिकी **यावत्** प्राणातिपातिकी इन पांचों क्रियाओं से स्पृष्ट होता है।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"वह पुरुष कदाचित् तीन क्रिया वाला, कदाचित् चार क्रिया वाला और कदाचित् पांच क्रिया वाला होता है।"

प. पुरिसे णं भंते ! कच्छंसि वा **जाव** वणविदुग्गंसि वा मियवित्तीए, मियसकंप्पे, मियपणिहाणे, मियवहाए गंता "एए मिय" त्ति काउं अण्णयरस्स मियस्स वहाए उसुं णिसिरइ, तओ णं भंते ! से पुरिसे कइ किरिए ?

उ. गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए।"

उ. गोयमा ! जे भविए णिसिरणयाए तिहिं,

जे भविए णिसिरणयाए वि, विद्धंसणयाए वि, णो मारणयाए चउहिं।

जे भविए णिसिरणयाए वि, विद्धंसणयाए वि, मारणयाए वि, तावं च णं से पुरिसे पंचहिं किरियाहिं पुट्ठे।"

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए।"

–विया. स. १, उ. ८, सु. ६

प्र. भंते ! मृगों से आजीविका चलाने वाला, मृगवध का संकल्प करने वाला, मृगवध में दत्तचित्त कोई पुरुष मृगवध के लिए निकलकर कच्छ में **यावत्** गहन वन में जाकर "ये मृग है" ऐसा सोचकर किसी एक मृग को मारने के लिए बाण फैंकता है तो भंते ! वह पुरुष कितनी क्रिया वाला होता है ?

उ. गौतम ! कदाचित् तीन क्रिया वाला, कदाचित् चार क्रिया वाला और कदाचित् पांच क्रिया वाला होता है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"कदाचित् तीन क्रिया वाला, कदाचित् चार क्रिया वाला और कदाचित् पांच क्रिया वाला होता है ?"

उ. गौतम ! जब वह बाण निकालता है तब वह तीन क्रियाओं से स्पृष्ट होता है,

जब वह बाण निकालता भी है और मृग को बांधता भी है, किन्तु मृग को मारता नहीं है, तब वह चार क्रियाओं से स्पृष्ट होता है,

जब वह बाण निकालता भी है, मृग को बांधता भी है और मारता भी है, तब वह पुरुष पांचों क्रियाओं से स्पृष्ट होता है।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"कदाचित् तीन क्रिया वाला, कदाचित् चार क्रिया वाला और कदाचित् पांच क्रिया वाला होता है।"

२९. मियवहगस्स वधकवहगस्स किरियापरूवणं–

प. पुरिसे णं भंते ! कच्छंसि वा **जाव** वणविदुग्गंसि वा मियवित्तीए, मिय संकप्पे, मियपणिहाणे मियवहाए गंता "एस मिय" त्ति काउं अण्णयरस्स मियस्स वहाए आययकण्णाययं उसुं आयामेत्ता चिट्ठेज्जा, अन्ने य से पुरिसे मग्गओ आगम्म सयपाणिया असिणा सीसं छिंदेज्जा,

से य उसूयाए चेव पुव्वायामणयाए तं मियं विंधेज्जा, से णं भंते ! पुरिसे किं मियवेरेणं पुट्ठे, पुरिसवेरेणं पुट्ठे ?

उ. गोयमा ! जे मियं मारेइ, से मियवेरेणं पुट्ठे।
जे पुरिसं मारेइ, से पुरिसवेरेणं पुट्ठे।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"जे मियं मारेइ, से मियवेरेणं पुट्ठे, जे पुरिसं मारेइ से पुरिसवेरेणं पुट्ठे ?"

उ. से नूणं गोयमा ! कज्जमाणे कडे, संधिज्जमाणे संधिए, निव्वत्तिज्जमाणे निव्वत्तिए, निसिरिज्जमाणे निसिट्ठे त्ति वत्तव्वं सिया ?

हंता, भगवं! कज्जमाणे कडे **जाव** निसिट्ठे त्ति वत्तव्वं सिया।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"जे मियं मारेइ, से मियवेरेणं पुट्ठे जे पुरिसं मारेइ से पुरिसवेरेणं पुट्ठे।"

२९. मृगवधक और उसके वधक की क्रियाओं का प्ररूपण–

प्र. भंते ! मृगों से आजीविका चलाने वाला, मृगवध का संकल्प करने वाला, मृगवध में दत्तचित्त कोई पुरुष मृगवध के लिए कच्छ में **यावत्** गहन वन में जाकर "ये मृग है" ऐसा सोचकर किसी एक मृग के वध के लिए कान तक बाण को खींचकर तत्पर हो उस समय दूसरा कोई पुरुष पीछे से आकर अपने हाथ से तलवार द्वारा उसका मस्तक काट दे।

वह बाण पहले के खिंचाव से उछलकर कर मृग को बींध दे, तो भंते ! वह (अन्य) पुरुष मृग के वैर से स्पृष्ट है या पुरुष के वैर से स्पृष्ट है ?

उ. गौतम ! जो मृग को मारता है, वह मृग के वैर से स्पृष्ट है।
जो पुरुष को मारता है, वह पुरुष के वैर से स्पृष्ट है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"जो मृग को मारता है वह पुरुष मृग के वैर से स्पृष्ट है और जो पुरुष को मारता है वह पुरुष के वैर से स्पृष्ट है ?"

उ. गौतम ! "जो किया जा रहा है, वह किया हुआ" "जो साधा जा रहा है, वह साधा हुआ" 'जो बनाया जा रहा है वह बनाया हुआ" "जो निकाला जा रहा है वह निकाला हुआ कहलाता है न ?"

(गौतम–) 'हां, भगवन् ! जो किया जा रहा है, वह किया हुआ" **यावत्**–'जो निकाला जा रहा है, वह निकाला हुआ कहलाता है।'

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"जो मृग को मारता है, वह मृग के वैर से स्पृष्ट है और जो पुरुष को मारता है, वह पुरुष के वैर से स्पृष्ट है।

अंतो छण्हं मासाणं मरइ काइयाए **जाव** पाणाइवाय किरियाए पंचकिरियाहिं पुट्ठे।

बाहिं छण्हं मासाणं मरइ काइयाए **जाव** पारियावणियाए चउहिं किरियाहिं पुट्ठे। *–विया. स. १, उ. ८, सु. ७*

यदि मरने वाला छह मास के अन्दर मरे, तो मारने वाला कायिकी **यावत्** प्राणातिपातिकी इन पांचों क्रियाओं से स्पृष्ट होता है।

यदि मरने वाला छह मास के पश्चात् मरे तो मारने वाला कायिकी **यावत्** पारितापनिकी इन चार क्रियाओं से स्पृष्ट होता है।

३०. तणदाहगस्स किरियापरूवणं–

प. पुरिसे णं भंते ! कच्छंसि वा **जाव** वणविदुग्गंसि वा तणाइं ऊसविय-ऊसविय अगणिकायं णिसिरइ तावं च णं भंते! से पुरिसे कइ किरिए?

उ. गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए।

उ. गोयमा ! जे भविए उस्सवणयाए तिहिं।
उस्सवणयाए वि, णिसिरणयाए वि, णो दहणयाए चउहिं।

जे भविए उस्सवणयाए वि, णिसिरणयाए वि, दहणयाए वि, तावं च णं से पुरिसे काइयाए **जाव** पंचहिं किरियाहिं पुट्ठे।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए।" *–विया. स. १, उ. ८, सु. ५*

३०. तृणदाहक की क्रियाओं का प्ररूपण–

प्र. भंते ! कच्छ में **यावत्** गहन वन में कोई पुरुष तिनके इकट्ठे करके अग्नि जलाए तब वह पुरुष कितनी क्रिया वाला होता है?

उ. गौतम ! वह कदाचित् तीन क्रियाओं वाला, कदाचित् चार क्रियाओं वाला और कदाचित् पांच क्रियाओं वाला होता है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"कदाचित् तीन क्रिया वाला, कदाचित् चार क्रिया वाला और कदाचित् पांच क्रिया वाला होता है?"

उ. गौतम ! जो पुरुष तिनके इकट्ठे करता है, वह तीन क्रियाओं से स्पृष्ट होता है। जो पुरुष तिनके भी इकट्ठे कर लेता है और आग भी पैदा करता है, किन्तु जलाता नहीं है वह चार क्रियाओं से स्पृष्ट होता है।

जो तिनके भी इकट्ठे करता है, आग भी पैदा करता है और जलाता भी है तब वह पुरुष कायिकी **यावत्** प्राणातिपातिकी इन पांचों क्रियाओं से स्पृष्ट होता है।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"वह पुरुष कदाचित् तीन क्रियाओं वाला, कदाचित् चार क्रियाओं वाला और कदाचित् पाँच क्रियाओं वाला होता है।"

३१. तत्तलोह उक्खेवनिक्खेवमाण पुरिसस्स किरियापरूवणं–

प. पुरिसे णं भंते ! अयं अयकोट्ठंसि अयोमएणं संडासएणं उव्विहमाणे वा पव्विहमाणे वा कइ किरिए?

उ. गोयमा ! जावं च णं से पुरिसे अयं अयकोट्ठंसि अयोमएणं संडासएणं उव्विहइ वा, पव्विहइ वा
तावं च णं से पुरिसे काइयाए **जाव** पाणाइवायकिरियाए पंचहिं किरियाहिं पुट्ठे,
जेसिं पि य णं जीवाणं सरीरेहिंतो अए निव्वत्तिए, अयकोट्ठे निव्वत्तिए, संडासए निव्वत्तिए, इंगाला निव्वत्तिया, इंगालकड्ढिणी निव्वत्तिया, भत्था निव्वत्तिया।
ते वि य णं जीवा काइयाए **जाव** पाणाइवायकिरियाए पंचहिं किरियाहिं पुट्ठा।

प. पुरिसे णं भंते ! अयं अयकोट्ठाओ अयोमएणं संडासएणं गहाय अहिगरणिंसि उक्खिवमाणे वा निक्खिवमाणे वा कइ किरिए?

उ. गोयमा ! जावं च णं से पुरिसे अयं अयकोट्ठाओ अयोमएणं संडासएणं गहाय अहिगरणिंसि उक्खिवइ वा निक्खिवइ वा तावं च णं से पुरिसे काइयाए **जाव** पाणाइवायकिरियाए पंचहिं किरियाहिं पुट्ठे,

३१. तपे हुए लोहे को उलट-पुलट करने वाले पुरुष की क्रियाओं का प्ररूपण–

प्र. भंते ! भट्टी में से तपे हुए लोहे को, लोहे की संडासी से उलटपुलट करने वाले पुरुष को कितनी क्रियाएं लगती हैं?

उ. गौतम ! जब वह पुरुष भट्टी में से तपे हुए लोहे को लोहे की संडासी से उलट-पुलट करता है,
तब वह पुरुष कायिकी **यावत्** प्राणातिपातिकी इन पांच क्रियाओं से स्पृष्ट होता है।
जिन जीवों के शरीरों से लोहा बना है, भट्टी बनी है, संडासी बनी है, अंगारे बने हैं, अंगारे निकालने की लोहे की छड़ बनी है और धमण बनी है।

वे सभी जीव कायिकी **यावत्** प्राणातिपातिकी इन पांचों क्रियाओं से स्पृष्ट होते हैं।

प्र. भंते ! भट्टी में से लोहे को, लोहे की संडासी से पकड़ कर एरण पर रखते हुए उठाते हुए पुरुष को कितनी क्रियाएं लगती हैं?

उ. गौतम ! जब वह पुरुष भट्टी में से लोहे को, लोहे की संडासी से पकड़ कर एरण पर रखता है और उठाता है तब वह पुरुष कायिकी **यावत्** प्राणातिपातिकी इन पांचों क्रियाओं से स्पृष्ट होता है।

जेसिं पि य णं जीवाणं सरीरेहिंतो अए निव्वत्तिए, संडासए निव्वत्तिए, घम्मट्ठे निव्वत्तिए, मुट्ठिए निव्वत्तिए, अहिगरणी निव्वत्तिया, अहिगरणिखोडी निव्वत्तिया, उदगदोणी निव्वत्तिया, अहिगरणसाला निव्वत्तिया, ते वि य णं जीवा काइयाए **जाव** पाणाइवाय किरियाए पंचहिं किरियाहिं पुट्ठा।

—विया. स. १६, उ. १, सु. ७-८

जिन जीवों के शरीरों से लोहा बना है, संडासी बनी है, घन बना है, हथौड़ा बना है, एरण बनी है, एरण की लकड़ी बनी है, कुण्डी बनी है और लोहारशाला बनी है। वे जीव भी कायिकी **यावत्** प्राणातिपातिकी इन पांचों क्रियाओं से स्पृष्ट होते हैं।

३२. वासं परिक्खमाण पुरिसस्स किरियापरूवणं—

प. पुरिसे णं भंते ! वासं वासइ, वासं नो वासईत्ति हत्थं वा, पायं वा, बाहुं वा, उरूं वा, आउंटावेमाणे वा, पसारेमाणे वा कइ किरिए ?

उ. गोयमा ! जावं च णं से पुरिसे वासं वासइ, वासं नो वासई त्ति हत्थं वा **जाव** उरूं वा, आउंटावेइ वा, पसारेइ वा तावं च णं से पुरिसे काइयाए **जाव** पाणाइवायकिरियाए पंचहिं किरियाहिं पुट्ठे। *—विया. स. १६, उ. ८, सु. १४*

३२. वर्षा की परीक्षा करने वाले पुरुष की क्रियाओं का प्ररूपण—

प्र. भंते ! वर्षा बरस रही है या नहीं बरस रही है ?—यह जानने के लिए कोई पुरुष अपने हाथ, पैर, बाहु या उरू (पिंडली) को सिकोडे या फैलाए तो उसे कितनी क्रियाएं लगतीं हैं ?

उ. गौतम ! वर्षा बरस रही है या नहीं बरस रही है ? यह जानने के लिए कोई पुरुष अपने हाथ **यावत्** उरू को सिकोड़ता है या फैलाता है तब वह पुरुष कायिकी **यावत्** प्राणातिपातिकी इन पांचों क्रियाओं से स्पृष्ट होता है।

३३. पुरिस आस हत्थिआइ हणमाणे अन्न जीवाण वि हण्णपरूवणं—

प. पुरिसे णं भंते ! पुरिसं हणमाणे किं पुरिसं हणइ, नोपुरिसं हणइ ?

उ. गोयमा ! पुरिसं पि हणइ, नोपुरिसे वि हणइ।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ—
'पुरिसं पि हणइ, नोपुरिसे वि हणइ ?'

उ. गोयमा ! तस्स णं एवं भवइ—
'एवं खलु अहे एगं पुरिसं हणामि' से णं एगं पुरिसं हणमाणे अणेगे जीवे हणइ।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ—
'पुरिसं पि हणइ, नोपुरिसे वि हणइ।'

प. पुरिसे णं भंते ! आसं हणमाणे किं आसं हणइ, नो आसे वि हणइ,

उ. गोयमा ! आसं पि हणइ, नो आसे वि हणइ।

से केणट्ठेणं अट्ठो तहेव।
एवं हत्थिं, सीहं, वग्घं जाव चिल्ललगं,

प. पुरिसे णं भंते ! अन्नयरं तसपाणं हणमाणे किं अन्नयरं तसपाणं हणइ, नो अन्नयरे तसे पाणे हणइ ?

उ. गोयमा ! अन्नयरं पि तसपाणं हणइ, नो अन्नयरे वि तसे पाणे हणइ।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ—

३३. पुरुष अश्व हस्ति आदि को मारते हुए अन्य जीवों के भी हनन का प्ररूपण—

प्र. भन्ते ! कोई पुरुष, पुरुष की घात करता हुआ पुरुष की ही घात करता है या नोपुरुष (पुरुष के सिवाय अन्य जीवों) की भी घात करता है ?

उ. गौतम ! वह (पुरुष) पुरुष की भी घात करता है और नोपुरुष की भी घात करता है।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि—
'वह पुरुष की भी घात करता है और नोपुरुष की भी घात करता है ?'

उ. गौतम ! घातक के मन में ऐसा विचार होता है कि—
'मैं एक ही पुरुष को मारता हूँ,' किन्तु वह एक पुरुष को मारता हुआ अन्य अनेक जीवों को भी मारता है।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि—
'वह पुरुष को भी मारता है और नोपुरुष को भी मारता है।'

प्र. भन्ते ! कोई पुरुष अश्व को मारता हुआ क्या अश्व को ही मारता है या नो अश्व (अश्व के सिवाय अन्य जीवों को भी) मारता है ?

उ. गौतम ! वह (अश्वघातक) अश्व को भी मारता है और नो अश्व (अश्व के अतिरिक्त दूसरे जीवों) को भी मारता है।
ऐसा कहने का कारण पूर्ववत् समझना चाहिए।
इसी प्रकार हाथी, सिंह, व्याघ्र, चित्रल पर्यन्त मारने के संबंध में समझना चाहिए।

प्र. भन्ते ! कोई पुरुष किसी एक त्रसप्राणी को मारता हुआ क्या उस त्रसप्राणी को मारता है या उसके सिवाय अन्य त्रस प्राणियों को भी मारता है ?

उ. गौतम ! वह उस त्रसप्राणी को भी मारता है और उसके सिवाय अन्य त्रसप्राणियों को भी मारता है।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि—

'अन्नयरं पि तसपाणं हणइ, नो अन्नयरे वि तसे पाणे हणइ ?'

उ. गोयमा ! तस्स णं एवं भवइ, एवं खलु अहे एगे अन्नयरं तसं पाणं हणामि से णं एगं अन्नयरं तसं पणं हणमाणे अणेगे जीवे हणइ,

ते तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

'अन्नयरं पि तसपाणं हणइ, नो अन्नयरे वि तसे पाणे हणइ।'

प. पुरिसे णं भंते ! इसिं हणमाणे किं इसिं हणइ, नो इसिं हणइ ?

उ. गोयमा ! इसिं पि हणइ, नो इसिं पि हणइ।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

"इसिं पि हणइ, नो इसिं पि हणइ ?"

उ. गोयमा ! तस्स णं एवं भवइ एवं खलु अहं एगं इसिं हणामि से णं एगं इसिं हणमाणे अणंते जीवे हणइ।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

"इसिं पि हणइ, नो इसिं पि हणइ।"

–विया. स. १, उ. ३४, सु. १-६

'वह पुरुष उस त्रसजीव को भी मारता है और उसके सिवाय अन्य त्रसजीवों को भी मारता है ?'

उ. गौतम ! घातक के मन में ऐसा विचार होता है कि–मैं उसी त्रसजीव को मार रहा हूँ किन्तु वह उस त्रसजीव को मारता हुआ उसके सिवाय अन्य अनेक त्रसजीवों को भी मारता है।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

'वह पुरुष उस त्रस जीव को भी मारता है और उसके सिवाय अन्य त्रस जीवों को भी मारता है।'

प्र. भन्ते ! कोई पुरुष ऋषि को मारता हुआ क्या ऋषि को ही मारता है या नोऋषि (ऋषि के सिवाय अन्य) जीवों को भी मारता है ?

उ. गौतम ! वह (ऋषि घातक) ऋषि को भी मारता है और नोऋषि को भी मारता है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

'ऋषि को मारने वाला वह पुरुष ऋषि को भी मारता है और नोऋषि को भी मारता है।'

उ. गौतम ! ऋषि को मारने वाले उस पुरुष के मन में ऐसा विचार होता है कि–'मैं एक ऋषि को मारता हूँ किन्तु वह एक ऋषि को मारता हुआ अनन्त जीवों को मारता है।'

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

'ऋषि को मारने वाला पुरुष ऋषि को भी मारता है और नोऋषि को भी मारता है।'

३४. हणमाण पुरिसस्स-फासण परूवणं–

प. पुरिसे णं भंते ! हणमाणे किं पुरिसवेरेणं पुट्ठे, नोपुरिसवेरेणं पुट्ठे ?

उ. गोयमा ! १. नियमा ताव पुरिसवेरेणं पुट्ठे,

२. अहवा पुरिसवेरेण य णोपुरिसवेरेण य पुट्ठे,

३. अहवा पुरिसवेरेण य नोपुरिसवेरेहि य पुट्ठे।

एवं आसं जाव चिल्ललगं जाव अहवा चिल्लगवेरेण य, णो चिल्लगवेरेहि य पुट्ठे।

प. पुरिसे णं भंते ! इसिं हणमाणे किं इसिवेरेणं पुट्ठे, णो इसि वेरेणं पुट्ठे ?

उ. गोयमा ! १. नियमा ताव इसिवेरेणं पुट्ठे,

२. अहवा इसिवेरेण य णो इसिवेरेण य पुट्ठे,

३. अहवा इसिवेरेण य नो इसिवेरेहि य पुट्ठे।

–विया. स. ९, उ. ३४, सु. ७-८

३४. मारते हुए पुरुष के वैर स्पर्शन का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! पुरुष को मारता हुआ कोई व्यक्ति क्या पुरुष वैर से स्पृष्ट होता है या नोपुरुष वैर (पुरुष के सिवाय अन्य जीव के साथ) से स्पृष्ट होता है ?

उ. गौतम ! १. वह व्यक्ति नियमतः पुरुषवैर से स्पृष्ट होता है।

२. अथवा पुरुषवैर से और नोपुरुषवैर से स्पृष्ट होता है।

३. अथवा पुरुषवैर से और नोपुरुष वैरों (पुरुषों के अतिरिक्त अनेक जीवों के वैर) से स्पृष्ट होता है।

इसी प्रकार अश्व से चित्रल पर्यन्त (वैर से स्पृष्ट होने) के विषय में भी जानना चाहिए, कि अथवा चित्रल वैर से स्पृष्ट होता है और नो चित्रल वैरों से स्पृष्ट होता है।

प्र. भन्ते ! ऋषि को मारता हुआ कोई पुरुष क्या ऋषिवैर से स्पृष्ट होता है या नोऋषिवैर से स्पृष्ट होता है ?

उ. गौतम ! १. वह (ऋषिघातक) नियमतः ऋषिवैर से स्पृष्ट होता है।

२. अथवा ऋषिवैर से और नोऋषि वैर से स्पृष्ट होता है।

३. अथवा ऋषि वैर से और नो ऋषि वैरों (ऋषियों के अतिरिक्त अनेक जीवों के वैर) से स्पृष्ट होता है।

३५. अणगारस्स अंसिया छेयक वेज्ज-अणगारं च किरिया परूवणं–

तए णं समणे भगवं महावीरे अन्नया कयाइ रायगिहाओ

३५. अणगार के अर्श छेदक वैद्य और अणगार की अपेक्षा क्रिया का प्ररूपण–

एक समय श्रमण भगवान् महावीर राजगृहनगर के

नगराओ गुणसिलाओ चेइयाओ पडिनिक्खमइ पडिनिक्खमित्ता बहिया जणवयविहारं विहरइ।[1]

तेणं कालेणं तेणं समएणं उल्लूयतीरे नामं नयरे होत्था, **वण्णओ।**

तस्स णं उल्लूयतीरस्स नयरस्स बहिया उत्तरपुरत्थिमे दिसिभाए एत्थ णं एगजंबुए नामं चेइए होत्था, **वण्णओ।**

तए णं समणे भगवं महावीरे अन्नया कयाइ पुव्वाणुपुव्विं चरमाणे **जाव** एगजंबुए समोसढे **जाव** परिसा पडिगया।

भंते ! त्ति भगवं गोयमे समणं भगवं महावीरे वंदइ नमंसइ वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासि–

प. अणगारस्स णं भंते ! भावियप्पणो छट्ठंछट्ठेणं अणिक्खित्तेणं तवोकम्मेणं उड्ढं बाहाओ पगिज्झिय-पगिज्झिय सूराभिमुहे आयावेमाणस्स तस्स णं पुरत्थिमेणं अवड्ढं दिवंसं नो कप्पइ हत्थं वा, पायं वा, बाहं वा, ऊरूं वा, आउंटावेत्तए वा, पसारेत्तए वा पच्चत्थिमेणं से अवड्ढं दिवसं कप्पइ, हत्थं वा, पायं वा, बाहं वा, ऊरूं वा, आउंटावेत्तए वा, पसारावेत्तए वा, तस्स य अंसियाओ लंबंति तं च वेज्जे अदक्खु ईसिं पाडेइ, ईसिं पाडेत्ता अंसियाओ छिंदेज्जा।

से नूणं भंते ! जे छिंदइ तस्स किरिया कज्जइ ?

जस्स छिज्जइ नो तस्स किरिया कज्जइ णऽन्नत्थगेणं धम्मंतराइएणं ?

उ. हंता, गोयमा ! जे छिंदइ तस्स किरिया कज्जइ, जस्स छिज्जइ नो तस्स किरिया कज्जइ णऽन्नत्थगेणं धम्मंतराइएणं। *–विया. स. १६, उ. ३, सु. ५-१०*

गुणशीलक नामक उद्यान से निकले और निकलकर बाह्य जनपदों में विचरण करने लगे।

उस काल और उस समय में उल्लूकतीर नाम का नगर था। उसका वर्णन (औपपातिक सूत्र के अनुसार) जानना चाहिए।

उस उल्लूकतीर नगर के बाहर उत्तर पूर्व दिक् भाग (ईशान कोण) में एक जम्बूक नामक उद्यान था, उसका वर्णन (औपपातिक सूत्र के अनुसार) जानना चाहिए।

एक बार किसी दिन श्रमण भगवान् महावीर स्वामी अनुक्रम से विचरण करते हुए **यावत्** एक जम्बूक उद्यान में पधारे **यावत्** परिषद् (धर्मदेशना सुनकर) लौट गई।

'भंते !' इस प्रकार से सम्बोधित करके भगवान् गौतम ने श्रमण भगवान् महावीर को वन्दन नमस्कार किया और वन्दन नमस्कार करके फिर इस प्रकार पूछा–

प्र. 'भंते ! निरन्तर छठ-छठ (बेले-बेले) के तपश्चरण के साथ ऊपर को हाथ किये हुए सूर्य की तरफ मुख करके आतापना लेते हुए भावितात्मा अनगार को (कायोत्सर्ग में) दिवस के पूर्वार्द्ध में अपने हाथ, पैर, बांह या उरू (जंघा) को सिकोड़ना या पसारना नहीं कल्पता है, किन्तु दिवस के पश्चिमार्द्ध (पिछले भाग) में अपने हाथ, पैर, बांह या उरू को सिकोड़ना या फैलाना कल्पता है इस प्रकार कायोत्सर्ग स्थित उस भावितात्मा अनगार की नासिका में अर्श (मस्सा) लटक रहा हो उस अर्श को किसी वैद्य ने देखा और काटने के लिए उस को लेटाया और लेटाकर अर्श का छेदन किया,

उस समय भंते ! क्या अर्श को काटने वाले वैद्य को क्रिया लगती है ?

या जिस (अनगार) का अर्श काटा जा रहा है उसे एक मात्र धर्मान्तरायिक क्रिया के सिवाय अन्य क्रिया तो नहीं लगती है ?

उ. हां, गौतम ! जो (अर्श को) काटता है उसे (शुभ) क्रिया लगती है और जिसका अर्श काटा जा रहा है उस अणगार को धर्मान्तरायिक क्रिया के सिवाय अन्य कोई क्रिया नहीं लगती।

३६. पुढविकाइयाणं आणमपाणममाणे किरिया परूवणं–

प. पुढविक्काइए णं भंते ! पुढविकाइयं चेव आणममाणे वा, पाणममाणे वा, ऊससमाणे वा, नीससमाणे वा कइ किरिए ?

उ. गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए।

प. पुढविक्काइए णं भंते ! आउक्काइयं आणममाणे वा, पाणममाणे वा, ऊससमाणे वा, नीससमाणे वा कइ किरिए ?

उ. गोयमा ! **एवं चेव।**

एवं जाव **वणस्सइकाइयं।**

एवं आउक्काइएण वि सव्वे वि भाणियव्वा।

एवं तेउक्काइएण वि सव्वे वि भाणियव्वा।

३६. पृथ्वीकायिकादिकों के द्वारा श्वासोच्छ्वास लेते-छोड़ते हुए की क्रियाओं का प्ररूपण–

प्र. भंते ! पृथ्वीकायिक जीव, पृथ्वीकायिक जीव को आभ्यन्तर एवं बाह्य श्वासोच्छ्वास के रूप में ग्रहण करते और छोड़ते हुए कितनी क्रियाओं वाला होता है ?

उ. गौतम ! कदाचित् तीन क्रियावाला, कदाचित् चार क्रिया वाला और कदाचित् पांच क्रिया वाला होता है।

प्र. भंते ! पृथ्वीकायिक जीव, अप्कायिक जीवों को आभ्यन्तर एवं बाह्य श्वासोच्छ्वास के रूप में ग्रहण करते और छोड़ते हुए कितनी क्रियाओं वाला होता है ?

उ. गौतम ! **पूर्वोक्त प्रकार से ही जानना चाहिए।**

इसी प्रकार वनस्पतिकायिक पर्यंत कहना चाहिए।

इसी प्रकार अप्कायिक जीवों के साथ भी पृथ्वीकायिक आदि सभी (५ भंग) का कथन करना चाहिए।

इसी प्रकार तेजस्कायिक के साथ भी पृथ्वीकायिक आदि सभी (५ भंग) का कथन करना चाहिए।

---

१. विया. स. १८, उ. ७, सु. २३

एवं वाउक्काइएण वि सव्वे वि भाणियव्वा।

प. वणस्सइकाइए णं भंते ! वणस्सइकाइयं चेव आणममाणे वा, पाणममाणे वा, ऊससमाणे वा, नीससमाणे वा कइ किरिए?

उ. गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए। *–विया. स. ९, उ. ३४, सु. १६-२२*

इसी प्रकार वायुकायिक जीवों के साथ भी पृथ्वीकायिक आदि सभी (५ भंग) का कथन करना चाहिए।

प्र. भंते ! वनस्पतिकायिक जीव, वनस्पतिकायिक जीवों को आभ्यन्तर और बाह्य श्वासोच्छ्वास के रूप में ग्रहण करते हुए और छोड़ते हुए कितनी क्रियाओं वाला होता है?

उ. गौतम ! कदाचित् तीन क्रिया वाला, कदाचित् चार क्रिया वाला और कदाचित् पांच क्रिया वाला होता है।

३७. वाउकायस्स रूक्खाइं पचाले-पवाडे माणे किरिया परूवणं–

प. वाउकाइए णं भंते ! रूक्खस्स मूलं पचालेमाणे वा, पवाडेमाणे वा कइ किरिए?

उ. गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए।

एवं कंदं जाव बीयं। *–विया. स. ९, उ. ३४, सु. २३-२५*

३७. वायुकाय के द्वारा वृक्षादि हिलाते-गिराते हुए की क्रियाओं का प्ररूपण–

प्र. भंते ! वायुकायिक जीव वृक्ष के मूल को हिलाता हुआ और गिराता हुआ कितनी क्रियाओं वाला होता है?

उ. गौतम ! कदाचित् तीन क्रिया वाला, कदाचित् चार क्रियावाला और कदाचित् पांच क्रिया वाला होता है।

इसी प्रकार कंद यावत् बीज को हिलाते हुए आदि के लिए क्रियाएं जाननी चाहिए।

३८. जीव-चउवीस दंडएसु एगत्त-पुहत्तेहिं किरियापरूवणं–

प. जीवे णं भंते ! जीवाओ कइ किरिए?

उ. गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए, सिय अकिरिए।

प. दं. १. जीवे णं भंते ! णेरइयाओ कइ किरिए?

उ. गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय अकिरिए।

दं. २-११. एवं जाव **थणियकुमाराओ।**

दं. १२-२१. **पुढविक्काइय-आउक्काइय-तेउक्काइय-वाउक्काइय-वणप्फइकाइय-बेइंदिय-तेइंदिय-चउरिंदिय, पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिय-मणूसाओ जहा जीवाओ।**

दं. २२-२४. **वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणियाओ जहा णेरइयाओ।**

प. जीवे णं भंते ! जीवेहिंतो कइ किरिए?

उ. गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए, सिय अकिरिए।

प. जीवे णं भंते ! णेरइएहिंतो कइ किरिए?

उ. गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय अकिरिए।

एवं जहेव पढमो दंडओ तहा एसो वि बिइओ भाणियव्वो।

प. जीवा णं भंते ! जीवाओ कइ किरिया?

३८. जीव-चौबीस दंडकों में एक व अनेक जीव की अपेक्षा क्रियाओं का प्ररूपण–

प्र. भंते ! एक जीव एक जीव की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाला है?

उ. गौतम ! कदाचित् तीन, चार या पांच क्रियाओं वाला है और कदाचित् अक्रिय है।

प्र. दं. १. भंते ! एक जीव एक नैरयिक की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाला है?

उ. गौतम ! कदाचित् तीन या चार क्रियाओं वाला है और कदाचित् अक्रिय है।

दं. २-११. इसी प्रकार स्तनितकुमार पर्यन्त कहना चाहिए।

दं. १२-२१. (एक जीव को) पृथ्वीकायिक, अप्कायिक, तेजस्कायिक, वायुकायिक, वनस्पतिकायिक, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक और मनुष्य की अपेक्षा जीव के समान क्रियाएं जाननी चाहिये।

दं. २२-२४. वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिकों म नैरयिक के समान क्रियाएं कहनी चाहिए।

प्र. भंते ! एक जीव अनेक जीवों की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाला है?

उ. गौतम ! कदाचित् तीन चार या पांच क्रियाओं वाला है और कदाचित् अक्रिय है।

प्र. भंते ! एक जीव अनेक नैरयिकों की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाला है?

उ. गौतम ! कदाचित् तीन या चार क्रियाओं वाला है और कदाचित् अक्रिय है।

इसी प्रकार जैसा पहले दंडक में कहा उसी प्रकार यहां दूसरे दंडक में कहना चाहिए।

प्र. भंते ! अनेक जीव एक जीव की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाले हैं?

उ. गोयमा ! तिकिरिया वि, चउकिरिया वि, पंचकिरिया वि, अकिरिया वि।

प. जीवा णं भंते ! णेरइयाओ कइ किरियाओ ?

उ. गोयमा ! **जहेव आइल्लदंडओ तहेव भाणियव्वो** जाव **वेमाणिय त्ति।**

प. जीवा णं भंते ! जीवेहिंतो कइ किरिया ?

उ. गोयमा ! तिकिरिया वि, चउकिरिया वि, पंचकिरिया वि, अकिरिया वि।

प. दं. १. जीवा णं भंते ! णेरइएहिंतो कइ किरिया ?

उ. गोयमा ! तिकिरिया वि, चउकिरिया वि, अकिरिया वि।

दं. २-२४. **असुरकुमारेहिंतो वि एवं चेव** जाव **वेमाणिएहिंतो।**

णवरं–ओरालियसरीरेहिंतो जहा जीवेहिंतो।

प. णेरइए णं भंते ! जीवाओ कइ किरिए ?

उ. गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए।

प. दं. १. णेरइए णं भंते ! णेरइयाओ कइ किरिए ?

उ. गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए।

दं. २-११. एवं जाव **थणियकुमाराओ।**

दं. १२-२१. **पुढविकाइयाओ** जाव **मणुस्साओ** जहा **जीवाओ।**

दं. २२-२४. **वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणियाओ जहा नेरइयाओ।**

णवरं–ओरालिय सरीराओ जहा जीवाओ।

प. णेरइए णं भंते ! जीवेहिंतो कइ किरिए ?

उ. गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए।

प. णेरइए णं भंते ! णेरइएहिंतो कइ किरिए ?

उ. गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए।

एवं जहेव पढमो दंडओ तहा एसो वि बिइओ भाणियव्वो।

एवं जाव **वेमाणिएहिंतो।**

णवरं–णेरइयस्स णेरइएहिंतो देवेहिंतो य पंचमा किरिया णत्थि।

उ. गौतम ! तीन, चार या पांच क्रियाओं वाले हैं और अक्रिय भी हैं।

प्र. भंते ! अनेक जीव एक नैरयिक की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाले हैं ?

उ. गौतम ! **जिस प्रकार प्रारम्भ का दंडक कहा है उसी प्रकार वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए।**

प्र. भंते ! अनेक जीव अनेक जीवों की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाले हैं ?

उ. गौतम ! वे तीन, चार या पांच क्रियाओं वाले हैं और अक्रिय भी हैं।

प्र. दं. १. भंते ! अनेक जीव अनेक नैरयिकों की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाले हैं ?

उ. गौतम ! तीन या चार क्रियाओं वाले हैं और अक्रिय भी हैं।

दं. २-२४. **असुरकुमारों से वैमानिकों पर्यन्त इसी प्रकार क्रियाएं कहनी चाहिए।**

विशेष–औदारिक शरीरधारियों की अपेक्षा क्रियाएं जीवों के समान कहनी चाहिए।

प्र. एक नैरयिक एक जीव की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाला है ?

उ. गौतम ! वह कदाचित् तीन, चार या पांच क्रियाओं वाला है।

प्र. दं. १. भंते ! एक नैरयिक-एक नैरयिक की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाला है ?

उ. गौतम ! वह कदाचित् तीन या चार क्रियाओं वाला है।

दं. २-११. **इसी प्रकार यावत् स्तनितकुमार की अपेक्षा कहना चाहिए।**

दं. १२-२१. **पृथ्वीकायिक यावत् मनुष्य की अपेक्षा जीव के समान क्रियाएं कहनी चाहिए।**

दं. २२-२४. **वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक की अपेक्षा नैरयिक के समान क्रियाएं कहनी चाहिए।**

विशेष–औदारिक शरीर की अपेक्षा जीव के समान कहना चाहिए।

प्र. भंते ! एक नारक अनेक जीवों की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाला है ?

उ. गौतम ! वह कदाचित् तीन, चार या पांच क्रियाओं वाला है।

प्र. भंते ! एक नैरयिक, अनेक नैरयिकों की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाला है ?

उ. गौतम ! वह कदाचित् तीन या चार क्रियाओं वाला है।

इस प्रकार जैसे प्रथम दण्डक कहा, उसी प्रकार यह द्वितीय दण्डक भी कहना चाहिए।

इसी प्रकार यावत् **अनेक वैमानिकों की अपेक्षा से कहना चाहिए।**

विशेष–एक नैरयिक अनेक नैरयिकों की अपेक्षा से और अनेक देवों की अपेक्षा से पांचवीं क्रिया नहीं करता।

प. णेरइया णं भंते ! जीवाओ कइ किरिया ?

उ. गोयमा ! सिय तिकिरिया, सिय चउकिरिया, सिय पंचकिरिया।
एवं जाव वेमाणियाओ।

णवरं–णेरइयाओ देवाओ य पंचमा किरिया णत्थि।

प. णेरइया णं भंते ! जीवेहिंतो कइ किरिया ?

उ. गोयमा ! तिकिरिया वि, चउकिरिया वि, पंचकिरिया वि।

प. णेरइया णं भंते ! णेरइएहिंतो कइ किरिया ?

उ. गोयमा ! तिकिरिया वि, चउकिरिया वि।
एवं जाव वेमाणिएहिंतो।

णवरं–ओरालियसरीरेहिंतो जहा जीवेहिंतो।

प. असुरकुमारे णं भंते ! जीवाओ कइ किरिए ?

उ. गोयमा ! जहेव णेरइएणं चत्तारि दंडगा तहेव असुरकुमारेण वि चत्तारि दंडगा भाणियव्वा।

एवं उवउज्जिऊण भाणेयव्वं ति जीवे मणूसे य अकिरिए वुच्चइ,
सेसाणं अकिरिया ण वुच्चंति,
सव्वे जीवा ओरालियसरीरेहिंतो पंचकिरिया,

णेरइए-देवेहिंतो य पंचकिरिया ण वुच्चंति।

एवं एक्केक्कजीवपए चत्तारि-चत्तारि दंडगा भाणियव्वा।

एवं एयं दंडगसयं। सव्वे वि य जीवादीया दंडगा।
–पण्ण. प. २२, सु. १५८८-१६०४

प्र. भंते ! अनेक नैरयिक एक जीव की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाले हैं ?

उ. गौतम ! वे कदाचित् तीन, चार या पांच क्रियाओं वाले हैं।

इसी प्रकार यावत् एक वैमानिक की अपेक्षा से क्रियाएं कहनी चाहिए।
विशेष–एक नैरयिक या एक देव की अपेक्षा पांचवीं क्रिया नहीं करता।

प्र. भंते ! अनेक नारक अनेक जीवों की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाले हैं ?

उ. गौतम ! वे कदाचित् तीन, चार या पांच क्रियाओं वाले हैं।

प्र. भंते ! अनेक नैरयिक अनेक नैरयिकों की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाले हैं ?

उ. गौतम ! वे तीन या चार क्रियाओं वाले हैं।
इसी प्रकार यावत् अनेक वैमानिकों की अपेक्षा से क्रियाएँ कहनी चाहिए।
विशेष–अनेक औदारिक शरीरधारियों की अपेक्षा क्रियाएं अनेक जीवों की क्रियाओं के समान कहनी चाहिए।

प्र. भंते ! एक असुरकुमार एक जीव की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाला है ?

उ. गौतम ! एक नारक की अपेक्षा से जैसे चार दण्डक कहे गये हैं, वैसे ही एक असुरकुमार की अपेक्षा से भी क्रिया संबंधी चार दण्डक कहने चाहिए।
इसी प्रकार उपयोगपूर्वक कहना चाहिए कि 'एक जीव और एक मनुष्य' अक्रिय भी कहा जा सकता है,
शेष जीव अक्रिय नहीं कहे जाते।
सभी जीव औदारिक शरीर वालों की अपेक्षा पांच क्रियाओं वाले हैं।
नारकों और देवों की अपेक्षा से पांच क्रियाएं नहीं कही जाती हैं।
इसी प्रकार एक-एक जीव के पद में चार-चार दण्डक कहने चाहिए।
यों कुल मिलाकर सौ दण्डक होते हैं। ये सब एक जीव आदि के दण्डक हैं।

३९. जीव-चउवीसदंडएसु पंच सरीरेहिं किरियापरूवणं–

प. जीवे णं भंते ! ओरालियसरीराओ कइ किरिए ?

उ. गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंच किरिए, सिय अकिरिए।

प. दं. १. नेरइए णं भंते ! ओरालियसरीराओ कइ किरिए ?

उ. गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए।

३९. जीव-चौबीस दंडकों में पांच शरीरों की अपेक्षा क्रियाओं का प्ररूपण–

प्र. भंते ! एक जीव औदारिक शरीर की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाला है ?

उ. गौतम ! कदाचित् तीन, चार या पांच क्रियाओं वाला है और कदाचित् अक्रिय भी है।

प्र. दं. १. भंते ! नैरयिक जीव औदारिक शरीर की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाला है ?

उ. गौतम ! वह कदाचित् तीन, चार या पांच क्रियाओं वाला है।

प. **दं. २.** असुरकुमारे णं भंते ! ओरालियसरीराओ कइ किरिए?

उ. गोयमा ! **एवं चेव,**

दं. ३-२४. एवं जाव **वेमाणिय।**

णवरं–मणुस्से जहा जीवे।

प. जीवे णं भंते ! ओरालियसरीरेहिंतो कइ किरिए?

उ. गोयमा ! सिय तिकिरिए **जाव** सिय अकिरिए

प. नेरइए णं भंते ! ओरालिय सरीरेहिंतो कइ किरिए?

उ. गोयमा ! **एवं एसो जहा पढमो दंडओ तहा इमो वि अपरिसेसो भाणियव्वो** जाव **वेमाणिए।**

णवरं–मणुस्से जहा जीवे।

प. जीवा णं भंते ! ओरालियसरीराओ कइ किरिया?

उ. गोयमा ! सिय तिकिरिया **जाव** सिय अकिरिया।

प. नेरइया णं भंते ! ओरालियसरीराओ कइ किरिया?

उ. गोयमा ! **एवं एसोवि जहा पढमो दंडओ तहा भाणियव्वो** जाव **वेमाणिया।**

णवरं–मणुस्सा जहा जीवा।

प. जीवा णं भंते ! ओरालियसरीरेहिंतो कइ किरिया?

उ. गोयमा ! तिकिरिया वि, चउकिरिया वि, पंचकिरिया वि, अकिरिया वि।

प. नेरइया णं भंते ! ओरालियसरीरेहिंतो कइ किरिया?

उ. गोयमा ! तिकिरिया वि, चउकिरिया वि, पंचकिरिया वि।

एवं जाव **वेमाणिया।**

णवरं–मणुस्सा जहा जीवा।

प. जीवे णं भंते ! वेउव्वियसरीराओ कइ किरिए?

उ. गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय अकिरिए।

प. नेरइए णं भंते ! वेउव्वियसरीराओ कइ किरिए?

उ. गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए।

एवं जाव **वेमाणिए।**

णवरं–मणुस्से जहा जीवे।

प्र. **दं. २.** भंते ! असुरकुमार औदारिक शरीर की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाला है?

उ. गौतम ! **पूर्ववत् क्रियाएं कहनी चाहिए।**

दं. ३-२४. इसी प्रकार वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए।

विशेष–मनुष्य का कथन सामान्य जीव की तरह कहना चाहिए।

प्र. भंते ! एक जीव औदारिक शरीरों की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाला है?

उ. गौतम ! कदाचित् तीन क्रियाओं वाला है **यावत्** कदाचित् अक्रिय है।

प्र. भंते ! नैरयिक जीव औदारिक शरीरों की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाला है?

उ. गौतम ! **जिस प्रकार प्रथम दण्डक में कहा उसी प्रकार यह दण्डक भी सारा का सारा वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए।**

विशेष–मनुष्य का कथन सामान्य जीवों के समान जानना चाहिए।

प्र. भंते ! बहुत से जीव औदारिक शरीर की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाले हैं?

उ. गौतम ! वे कदाचित् तीन क्रियाओं वाले **यावत्** कदाचित् अक्रिय भी हैं।

प्र. भंते ! बहुत से नैरयिक जीव औदारिक शरीर की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाले हैं?

उ. गौतम ! **जिस प्रकार प्रथम दण्डक कहा गया है, उसी प्रकार यह दण्डक भी** सारा का सारा **वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए।**

विशेष–मनुष्यों का कथन सामान्य जीवों की तरह जानना चाहिए।

प्र. भंते ! बहुत से जीव औदारिक शरीरों की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाले हैं?

उ. गौतम ! वे तीन, चार या पांच क्रियाओं वाले हैं और अक्रिय भी हैं।

प्र. भंते ! बहुत से नैरयिक जीव औदारिक शरीरों की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाले हैं?

उ. गौतम ! वे तीन, चार या पांच क्रियाओं वाले हैं।

इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त समझना चाहिए।

विशेष–मनुष्यों का कथन सामान्य जीवों की तरह जानना चाहिए।

प्र. भंते ! एक जीव वैक्रिय शरीर की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाला है?

उ. गौतम ! कदाचित् तीन या चार क्रियाओं वाला है और अक्रिय भी है।

प्र. भंते ! एक नैरयिक जीव वैक्रिय शरीर की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाला है?

उ. गौतम ! वह कदाचित् तीन या चार क्रियाओं वाला है।

इसी प्रकार वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए।

विशेष–मनुष्य का कथन सामान्य जीव की तरह करना चाहिए।

एवं जहा ओरालियसरीरेणं चत्तारि दंडगा भणिया तहा वेउव्वियसरीरेण वि चत्तारि दंडगा भाणियव्वा।

णवरं–पंचमकिरिया ण भण्णइ।

सेसं तं चेव।

एवं जहा वेउव्वियं तहा आहारगं वि, तेयगं वि, कम्मगं वि भाणियव्वं, एक्केक्के चत्तारि दंडगा भाणियव्वा जाव–

प. वेमाणिया णं भंते ! कम्मगसरीरेहिंतो कइ किरिया?

उ. गोयमा ! तिकिरिया वि, चउकिरिया वि।

–विया. स. ८, उ. ६, सु. १४-२१

४०. सेट्ठिखत्तियाईणं अपच्चक्खाणकिरियाया समाणत्त-परूवणं–

'भंते !' त्ति भगवं गोयमे समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी–

प. से नूणं भंते ! सेट्ठिस्स य तणुयस्स य किविणस्स य खत्तियस्स य समा चेव अपच्चक्खाणकिरिया कज्जइ?

उ. हंता, गोयमा ! सेट्ठिस्स य **जाव** खत्तियस्स य समा चेव अपच्चक्खाण किरिया कज्जइ।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

'सेट्ठिस्स य **जाव** खत्तियस्स य समा चेव अपच्चक्खाण किरिया कज्जइ?

उ. गोयमा ! अविरइं पडुच्च।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

'सेट्ठिस्स य **जाव** खत्तियस्स य समा चेव अपच्चक्खाण किरिया कज्जइ।'

–विया. स. १, उ. ९, सु. २५

४१. हत्थिस्स य कुंथुस्स य अपच्चक्खाण किरियाया समाणत्त-परूवणं–

प. से नूणं भंते ! हत्थिस्स य कुंथुस्स य समा चेव अपच्चक्खाण किरिया कज्जइ?

उ. हंता, गोयमा ! हत्थिस्स य कुंथुस्स य समा चेव अपच्चक्खाण किरिया कज्जइ।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

'हत्थिस्स य कुंथुस्स य समा चेव अपच्चक्खाण किरिया कज्जइ?'

उ. गोयमा ! अविरइं पडुच्च।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

'हत्थिस्स य कुंथुस्स य समा चेव अपच्चक्खाण किरिया कज्जइ।'

–विया. स. ७, उ. ८, सु. ८

जिस प्रकार औदारिक शरीर की अपेक्षा चार दण्डक कहे हैं उसी प्रकार वैक्रिय शरीर की अपेक्षा भी चार दण्डक कहने चाहिए।

विशेष–इसमें पांचवीं क्रिया का कथन नहीं करना चाहिए।

शेष सभी कथन पूर्ववत् समझना चाहिए।

जिस प्रकार वैक्रिय शरीर का कथन किया गया है, उसी प्रकार आहारक, तैजस् और कार्मण शरीर का भी कथन करना चाहिए और प्रत्येक के चार-चार दण्डक कहने चाहिए यावत्–

प्र. भंते ! बहुत से वैमानिक देव कार्मण शरीरों की अपेक्षा कितनी क्रियाओं वाले हैं?

उ. गौतम ! तीन या चार क्रियाओं वाले हैं।

४०. श्रेष्ठी और क्षत्रियादि को समान अप्रत्याख्यान क्रिया का प्ररूपण–

'भंते !' ऐसा कहकर भगवान् गौतम ने श्रमण भगवान् महावीर स्वामी को वन्दन-नमस्कार किया और वन्दन- नमस्कार करके इस प्रकार पूछा–

प्र. भंते ! क्या श्रेष्ठी और दरिद्र को, रंक और क्षत्रिय (राजा) को समान रूप से अप्रत्याख्यान क्रिया लगती है?

उ. हाँ, गौतम ! श्रेष्ठी **यावत्** क्षत्रिय राजा को समान रूप से अप्रत्याख्यान क्रिया लगती है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

'श्रेष्ठी **यावत्** क्षत्रिय राजा को समान रूप से अप्रत्याख्यान क्रिया लगती है?'

उ. गौतम ! अविरति की अपेक्षा ऐसा कहा जाता है।

इस कारण से गौतम ऐसा कहा जाता है कि–

'श्रेष्ठी **यावत्** क्षत्रिय राजा को समान रूप से अप्रत्याख्यान क्रिया लगती है।'

४१. हाथी और कुंथुए के जीव को समान अप्रत्याख्यान क्रिया का प्ररूपण–

प्र. भंते ! क्या वास्तव में हाथी और कुंथुए के जीव को अप्रत्याख्यानिकी क्रिया समान लगती है?

उ. हाँ, गौतम ! हाथी और कुंथुए के जीव को अप्रत्याख्यानिकी क्रिया समान लगती है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहते हैं कि–

"हाथी और कुंथुए के जीव को अप्रत्याख्यानिकी क्रिया समान लगती है?"

उ. गौतम ! अविरति की अपेक्षा से (दोनों में समानता होती है।)

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

"हाथी और कुंथुए के जीव को अप्रत्याख्यानिकी क्रिया समान लगती है।"

४२. सरीरेंदिय-जोगणिव्वत्तणकाले किरिया परूवणं–

प. जीवे णं भंते ! ओरालियसरीरं निव्वत्तेमाणे कइ किरिए?

उ. गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए।

एवं पुढविकाइए वि जाव **मणुस्से।**

प. जीवा णं भंते ! ओरालियसरीरं निव्वत्तेमाणा कइ किरिया?

उ. गोयमा ! तिकिरिया वि, चउकिरिया वि, पंचकिरिया वि।

एवं पुढविकाइया वि जाव **मणुस्सा।**

एवं वेउव्वियसरीरेण वि दो दंडगा;

णवरं–जस्स अत्थि वेउव्वियं।

एवं जाव **कम्मगसरीरं।**

एवं सोइंदियं जाव **फासेंदियं।**

एवं मणजोगं, वइजोगं; कायजोगं जस्स जं अत्थि तं भाणियव्वं।

एए एगत्तपुहत्तेणं छव्वीसं दंडगा।

–विया. स. १७, उ. १, सु. १८-२७

४२. शरीर-इन्द्रिय और योगों के रचना काल में क्रियाओं का प्ररूपण–

प्र. भंते ! औदारिक शरीर को निष्पन्न करता (बनाता) हुआ जीव कितनी क्रियाओं वाला है?

उ. गौतम ! कदाचित् तीन, चार या पाँच क्रियाओं वाला है।

इसी प्रकार पृथ्वीकायिक से लेकर मनुष्य पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. भंते ! औदारिक शरीर को निष्पन्न करते हुए अनेक जीव कितनी क्रियाओं वाले हैं?

उ. गौतम ! तीन, चार या पाँच क्रियाओं वाले हैं।

इसी प्रकार अनेक पृथ्वीकायिकों से लेकर अनेक मनुष्यों पर्यन्त कहना चाहिए।

इसी प्रकार वैक्रिय शरीर के भी (एक वचन और बहुवचन की अपेक्षा) दो दण्डक कहने चाहिए।

विशेष–जिन जीवों के वैक्रिय शरीर होता है उनकी अपेक्षा जानना चाहिए।

इसी प्रकार **कार्मणशरीर पर्यन्त कहना चाहिए।**

इसी प्रकार **श्रोत्रेन्द्रिय से लेकर स्पर्शेन्द्रिय पर्यन्त कहना चाहिए।**

इसी प्रकार मनोयोग, वचनयोग और काययोग के विषय में जिसके जो हो उसके लिए कहना चाहिए।

इस प्रकार एकवचन बहुवचन की अपेक्षा कुल छब्बीस दण्डक होते हैं।

४३. जीव-चउवीसदंडएसु किरियाहिं कम्मपयडीबंधा–

प. जीवे णं भंते ! पाणाइवाएणं कइ कम्मपगडीओ बंधइ?

उ. गोयमा ! सत्तविहबंधए वा, अट्ठविहबंधए वा।

दं. १-२४ एवं णेरइए जाव **णिरंतरं वेमाणिए।**

प. जीवा णं भंते ! पाणाइवाएणं कइ कम्मपगडीओ बंधंति?

उ. गोयमा ! सत्तविहबंधगा वि, अट्ठविहबंधगा वि।

प. दं. १. णेरइया णं भंते ! पाणाइवाएणं कइ कम्मपगडीओ बंधंति?

उ. गोयमा ! १. सव्वे वि ताव होज्जा सत्तविहबंधगा,

२. अहवा सत्तविहबंधगा य अट्ठविहबंधगे य,

३. अहवा सत्तविहबंधगा य अट्ठविहबंधगा य।

दं. २-११. एवं असुरकुमारा वि जाव **थणियकुमारा।**

४३. जीव-चौवीस दंडकों में क्रियाओं द्वारा कर्मप्रकृतियों का बंध –

प्र. भंते ! एक जीव प्राणातिपात क्रिया से कितनी कर्मप्रकृतियाँ बाँधता है?

उ. गौतम ! सात या आठ कर्मप्रकृतियाँ बाँधता है।

दं. १-२४ इसी प्रकार नैरयिक से लेकर वैमानिक पर्यन्त कर्म प्रकृतियों का बन्ध कहना चाहिए।

प्र. भंते ! अनेक जीव प्राणातिपात क्रिया से कितनी कर्मप्रकृतियाँ बाँधते हैं?

उ. गौतम ! सात या आठ कर्मप्रकृतियाँ बाँधते हैं।

प्र. दं. १. भंते ! अनेक नारक प्राणातिपात क्रिया से कितनी कर्मप्रकृतियाँ बाँधते हैं?

उ. गौतम ! १. वे सब नारक सात कर्मप्रकृतियाँ बाँधते हैं।

२. अथवा अनेक नारक सात कर्मप्रकृतियों का बन्ध करने वाले होते हैं और एक नारक आठ कर्म प्रकृतियों का बन्ध करने वाला होता है।

३. अथवा अनेक नारक सात कर्मप्रकृतियों का बन्ध करने वाले और अनेक नारक आठ कर्मप्रकृतियों का बन्ध करने वाले होते हैं।

दं. २-११ इसी प्रकार असुरकुमारों से स्तनितकुमारों पर्यन्त कर्मप्रकृतियों के बन्ध कहना चाहिए।

दं. १२-१६. पुढवि-आउ-तेउ-वाउ-वणस्सइकाइया य एए सव्वे वि जहा ओहिया जीवा।

दं. १७-२४ अवसेसा जहा णेरइया।

एवं एए जीवेगिंदियवज्जा तिण्णि भंगा सव्वत्थ भाणियव्व त्ति

एवं मुसावाएणं जाव मिच्छादंसणसल्लेणं।

एवं एगत्त-पोहत्तिया छत्तीसं दंडगा होंति।

—पण्ण. प. २२, सु. १५८१-१५८४

उ. गोयमा ! जम्मणं पडुच्च जहन्नेणं देसूणं पलिओवमं पलिओवमस्स असंखेज्जइभागेणं ऊणगं, उक्कोसेणं पलिओवमं।

उ. गौतम ! जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्योपम तक रह सकती है।

जलचरी जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट पूर्वकोटिपृथक्त्व तक रह सकती है।

चतुष्पद स्थलचर तिर्यञ्चयोनिक स्त्री के सम्बन्ध में औधिक तिर्यञ्चयोनिक स्त्री की तरह जानना चाहिए।

उरपरिसर्पस्त्री और भुजपरिसर्पस्त्री के सम्बन्ध में जलचरी के समान जानना चाहिए।

खेचरस्त्री जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक पल्योपम के असंख्यातवें भाग तक रह सकती है।

प्र. भंते ! मनुष्य स्त्री मनुष्य स्त्री के रूप में कितने काल तक रह सकती है ?

उ. गौतम ! क्षेत्र की अपेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्योपम तक रह सकती है।

धर्माचरण की अपेक्षा जघन्य एक समय और उत्कृष्ट देशोन पूर्वकोटी तक रह सकती है।

कर्मभूमिक और भरत-ऐरवत क्षेत्र की स्त्रियों के सम्बन्ध में भी इसी प्रकार जानना चाहिए।

विशेष– क्षेत्र की अपेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट देशोनपूर्वकोटि अधिक तीन पल्योपम तक रह सकती है।

धर्माचरण की अपेक्षा जघन्य एक समय और उत्कृष्ट देशोनपूर्वकोटि तक रह सकती है।

प्र. भंते ! पूर्वविदेह अपरविदेह की मनुष्य स्त्री पूर्वविदेह, अपरविदेह मनुष्य स्त्री के रूप में कितने काल तक रहती है ?

उ. गौतम ! क्षेत्र की अपेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट पूर्वकोटिपृथक्त्व तक रह सकती है।

धर्माचरण की अपेक्षा जघन्य एक समय और उत्कृष्ट देशोनपूर्वकोटि तक रह सकती है।

प्र. भंते ! अकर्मभूमिक मनुष्यस्त्री अकर्मभूमिक मनुष्य स्त्री के रूप में कितने काल तक रह सकती है ?

उ. गौतम ! जन्म की अपेक्षा जघन्य पल्योपम के असंख्यातवें भाग न्यून देशोन एक पल्योपम और उत्कृष्ट तीन पल्योपम तक रह सकती है।

संहरण की अपेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट देशोनपूर्वकोटि अधिक तीन पल्योपम तक रह सकती है।

प्र. भंते ! हैमवत-हैरण्यवत-अकर्मभूमिक मनुष्य स्त्री हैमवत-हैरण्यवत-अकर्मभूमिक मनुष्य स्त्री के रूप में कितने काल तक रह सकती है ?

उ. गौतम ! जन्म की अपेक्षा जघन्य पल्योपम के असंख्यातवें भाग न्यून देशोन एक पल्योपम और उत्कृष्ट एक पल्योपम तक रह सकती है।

---

१. (क) पण्ण. प. १८, सु. १२६२
(ख) जीवा. पडि. ६, सु २२५
(ग) जीवा. पडि. ९, सु. २५५

२. (क) पण्ण. प. १८, सु. १२६३
(ख) जीवा. पडि. ९, सु. २५५

संहरणं पडुच्च जहन्नेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं पलिओवमं देसूणाए पुव्वकोडीए अब्भहियं।

प. हरिवास-रम्मयवास-अकम्मभूमिग-मणुस्सित्थी णं भंते ! हरिवास - रम्मयवास - अकम्मभूमिग - मणुस्सित्थित्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! जम्मणं पडुच्च जहन्नेणं देसूणाइं दो पलिओवमाइं पलिओवमस्स असंखेज्जइभागेणं ऊणगं, उक्कोसेणं दो पलिओवमाइं।

संहरणं पडुच्च जहन्नेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं दो पलिओवमाइं देसूणपुव्वकोडिमब्भहियाइं,

प. देवकुरूत्तरकुरूणं अकम्मभूमिग मणुस्सित्थीणं भंते ! देवकुरूत्तरकुरूणं अकम्मभूमिग मणुस्सित्थित्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! जम्मणं पडुच्च जहन्नेणं देसूणाइं तिन्नि पलिओवमाइं पलिओवमस्स असंखेज्जइभागेणं ऊणगाइं उक्कोसेणं तिन्नि पलिओवमाइं।

संहरणं पडुच्च जहन्नेणं अंतोमुहुत्तं उक्कोसेणं तिन्नि पलिओवमाइं देसूणाए पुव्वकोडीमब्भहियाइं।

प. अंतरदीवगअकम्मभूमिग-मणुस्सित्थी णं भंते ! अंतर दीवगकम्मभूमिग- मणुस्सित्थित्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! जम्मणं पडुच्च जहन्नेणं देसूणं पलिओवमस्स असंखेज्जइभागं पलिओवमस्स असंखेज्जइभागेणं ऊणं, उक्कोसेणं पलिओवमस्स असंखेज्जइभागं।

संहरणं पडुच्च जहन्नेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं पलिओवमस्स असंखेज्जइभागं देसूणाए पुव्वकोडीए अब्भहियं।

प. देवित्थीणं भंते ! देवित्थित्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! **जच्चेव भवट्ठिई सच्चेव संचिट्ठणा भाणियव्वा।** *–जीवा. पडि. २, सु. ४८ (१-३)*

प. पुरिसे णं भंते ! पुरिसेत्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहन्नेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं सागरोवमसयपुहुत्तं साइरेगं।

प. तिरिक्खजोणियपुरिसे णं भंते ! तिरिक्खजोणिय पुरिसे त्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहन्नेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं तिन्नि पलिओवमाइं पुव्वकोडिपुहुत्तमब्भहियाइं।

एवं तं चेव संचिट्ठणा जहा इत्थीणं जाव खहयर तिरिक्खजोणियपुरिसस्स संचिट्ठणा।

प. मणुस्सपुरिसेणं भंते ! मणुस्स पुरिसे त्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! खेत्तं पडुच्च जहन्नेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं तिन्नि पलिओवमाइं पुव्वकोडिपुहुत्तमब्भहियाइं,[1]

संहरण की अपेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट देशोनपूर्वकोटि अधिक एक पल्योपम तक रह सकती है।

प्र. भंते ! हरिवर्ष-रम्यक्वर्ष-अकर्मभूमिक मनुष्य स्त्री हरिवर्ष-रम्यक्वर्ष-अकर्मभूमिक मनुष्य स्त्री के रूप में कितने काल तक रह सकती है ?

उ. गौतम ! जन्म की अपेक्षा जघन्य पल्योपम के असंख्यातवें भाग न्यून देशोन दो पल्योपम और उत्कृष्ट दो पल्योपम तक रह सकती है।

संहरण की अपेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट देशोनपूर्वकोटि अधिक दो पल्योपम तक रह सकती है।

प्र. भंते ! देवकुरु उत्तरकुरु अकर्मभूमिक मनुष्य स्त्री देवकुरु उत्तरकुरु अकर्मभूमिक मनुष्य स्त्री के रूप में कितने काल तक रह सकती है ?

उ. गौतम ! जन्म की अपेक्षा जघन्य पल्योपम के असंख्यातवें भाग न्यून देशोन तीन पल्योपम और उत्कृष्ट तीन पल्योपम तक रह सकती है।

संहरण की अपेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट देशोनपूर्वकोटि अधिक तीन पल्योपम तक रह सकती है।

प्र. भंते ! अन्तर्द्वीपज अकर्मभूमिक मनुष्य स्त्री अन्तर्द्वीपज अकर्मभूमिक मनुष्य स्त्री के रूप में कितने काल तक रह सकती है ?

उ. गौतम ! जन्म की अपेक्षा जघन्य पल्योपम के असंख्यातवें भाग न्यून देशोन पल्योपम के असंख्यातवें भाग और उत्कृष्ट भी पल्योपम के असंख्यातवें भाग तक रह सकती है।

संहरण की अपेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट देशोनपूर्वकोटि अधिक पल्योपम के असंख्यातवें भाग तक रह सकती है।

प्र. भंते ! देव स्त्री–देव स्त्री के रूप में कितने काल तक रह सकती है ?

उ. गौतम ! **जो उनकी भवस्थिति है वह उनकी कायस्थिति जाननी चाहिए।**

प्र. भंते ! पुरुष, पुरुष के रूप में कितने काल तक रह सकता है ?

उ. गौतम ! जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट कुछ अधिक सागरोपम शतपृथक्त्व तक रह सकता है।

प्र. भंते ! तिर्यञ्चयोनिक-पुरुष तिर्यञ्चयोनिक पुरुष के रूप में कितने काल तक रह सकता है ?

उ. गौतम ! जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्योपम तक रह सकता है।

इस प्रकार जैसे स्त्रियों की कायस्थिति कही, उसी प्रकार खेचर तिर्यञ्चयोनिकपुरुषों तक की कायस्थिति जाननी चाहिए।

प्र. भंते ! मनुष्य पुरुष-मनुष्य पुरुष के रूप में कितने काल तक रह सकता है ?

उ. गौतम ! क्षेत्र की अपेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्योपम तक रह सकता है।

१. (क) जीवा. पडि. ३, सु. २०६ (ख) जीवा. पडि. ९, सु. २५५ (ग) उत्त. अ. ३६, गा. २०१

धम्मचरणं पडुच्च जहन्नेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं देसूणा पुव्वकोडी।

एवं सव्वत्थ जाव पुव्वविदेह-अवरविदेह कम्मभूमिग मणुस्सपुरिसाणं।

अकम्मभूमिग मणुस्सपुरिसाणं जहा अकम्मभूमिग मणुस्सित्थीणं जाव अंतरदीवगाणं।

देवाणं जच्चेव ठिई सच्चेव संचिट्ठणा जाव सव्वत्थसिद्धगाणं। *—जीवा. पडि. २, सु. ५४*

प. नपुंसए णं भंते ! नपुंसए त्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं तरुकालो,

प. णेरइयनपुंसए णं भंते ! णेरइयनपुंसएत्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं दसवाससहस्साइं, उक्कोसेणं तेत्तीसं सागरोवमाइं।

एवं पुढवीए ठिई भाणियव्वा।

प. तिरिक्खजोणियनपुंसए णं भन्ते ! तिरिक्खजोणिय नपुंसएत्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं वणस्सइकालो।

एवं एगिंदियनपुंसगस्स वण्णस्सइकाइयस्स वि एवमेव।

सेसाणं जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं-असंखेज्जाओ उस्सप्पिणी–ओसप्पिणीओ कालओ, खेत्तओ असंखेज्जा लोया।

बेइंदिय-तेइंदिय-चउरिंदियनपुंसगाण य जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं संखेज्जं कालं।

प. पंचिंदिय तिरिक्खजोणिय नपुंसए णं भन्ते ! पंचिंदियतिरिक्खजोणियनपुंसए त्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं पुव्वकोडिपुहुत्तं।

एवं-जलयर-तिरिक्ख-चउप्पय-थलयर-उरपरिसप्प भुयपरिसप्प महोरगाण वि

प. मणुस्सनपुंसगस्स णं भंते ! मणुस्सनपुंसएत्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! खेत्तं पडुच्च जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं पुव्वकोडिपुहुत्तं।

धम्मचरणं पडुच्च जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं देसूणा पुव्वकोडी।

धर्माचरण की अपेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट देशोन पूर्वकोटि तक रह सकता है।

इसी प्रकार पूर्वविदेह, अपरविदेह कर्मभूमिक मनुष्य-पुरुषों तक की सर्वत्र कायस्थिति जाननी चाहिए।

अकर्मभूमिक मनुष्य-पुरुषों यावत् अन्तर्द्वीपक मनुष्य पुरुषों के सम्बन्ध में अकर्मभूमिक मनुष्य स्त्रियों के समान जानना चाहिए।

देवपुरुषों की जो भवस्थिति कही है वही सर्वार्थसिद्ध तक के देव पुरुषों की कायस्थिति जाननी चाहिए।

प्र. भंते ! नपुंसक, नपुंसक के रूप में कितने काल तक रह सकता है ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय और उत्कृष्ट वनस्पतिकाल तक रह सकता है।

प्र. भंते ! नैरयिक नपुंसक जीव नैरयिक नपुंसक के रूप में कितने काल तक रह सकता है ?

उ. गौतम ! जघन्य दस हजार वर्ष और उत्कृष्ट तेतीस सागरोपम तक रह सकता है।

इसी प्रकार रत्नप्रभादि पृथ्वियों में भी काल स्थिति कहनी चाहिए।

प्र. भंते ! तिर्यग्योनिक नपुंसक जीव तिर्यग्योनिक नपुंसक के रूप में कितने काल तक रह सकता है ?

उ. गौतम ! जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट वनस्पतिकाल तक रह सकता है।

इसी प्रकार एकेन्द्रिय नपुंसक तथा वनस्पतिकायिक नपुंसक भी इतने काल तक रह सकता है।

शेष (पृथ्वीकायिक, अपकायिक, तेजस्कायिक, वायुकायिक) नपुंसकों का जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट असंख्यात काल अर्थात् काल से असंख्यात उत्सर्पिणी अवसर्पिणी और क्षेत्र से असंख्यात लोक प्रमाण है।

द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय नपुंसकों का जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट संख्यात काल है।

प्र. भंते ! पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसक–पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसक के रूप में कितने काल तक रह सकता है ?

उ. गौतम ! जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट पूर्वकोटि पृथक्त्व तक रह सकता है।

इसी प्रकार जलचर, चतुष्पद, स्थलचर, उरपरिसर्प-भुजपरिसर्प महोरग पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक नपुंसकों का काल जानना चाहिए।

प्र. भंते ! मनुष्य नपुंसक-मनुष्य नपुंसक के रूप में कितने काल तक रह सकता है ?

उ. गौतम ! क्षेत्र की अपेक्षा-जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट पूर्व कोटि पृथक्त्व तक रह सकता है।

धर्माचरण की अपेक्षा-जघन्य एक समय और उत्कृष्ट देशोन पूर्वकोटि पृथक्त्व तक रह सकता है।

एवं-कम्मभूमग-भरहेरवय-पुव्वविदेह-अवरविदेहेसु वि भाणियव्वं।

प. अकम्मभूमगमणुस्सनपुंसए णं भंते ! अकम्मभूमगमणुस्सनपुंसएत्ति कालओ केवचिरं होइ ?

उ. गोयमा ! जम्मणं पडुच्च जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं मुहुत्तपुहुत्तं।

संहरणं पडुच्च जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं देसूणा पुव्वकोडी,

एवं सव्वेसिं जाव अन्तरदीवगाणं।

–जीवा. पडि. २, सु. ५९ (२)

कर्मभूमिक भरत-ऐरवत, पूर्वविदेह-अपरविदेह के (मनुष्य नपुंसकों के सम्बन्ध में) भी इसी प्रकार कहना चाहिए।

प्र. भंते ! अकर्मभूमिक मनुष्य नपुंसक-अकर्मभूमिक मनुष्य नपुंसक के रूप में कितने काल तक रह सकता है ?

उ. गौतम ! जन्म की अपेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट मुहूर्त पृथक्त्व तक रह सकता है।

संहरण की अपेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट देशोन पूर्वकोटि तक रह सकता है।

इसी प्रकार अन्तर्द्वीपज मनुष्य नपुंसकों पर्यंत का काल कहना चाहिए।

९. सवेयग-अवेयग जीवाणं अंतरकाल परूवणं–

प. सवेयगस्स णं भंते ! केवइयं कालं अंतरं होइ ?

उ. गोयमा ! अणाइयस्स अपज्जवसियस्स णत्थि अंतरं,

अणाइयस्स सपज्जवसियस्स णत्थि अंतरं,

साईयस्स सपज्जवसियस्स जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं अंतोमुहुत्तं। –जीवा. पडि. ९, सु. २३२

प. इत्थीणं भंते ! केवइयं कालं अंतरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं अणंतं कालं-वणस्सइकालो[1]।

एवं सव्वासिं तिरिक्खित्थीणं।

मणुस्सित्थीए खेत्तं पडुच्च जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं वणस्सइकालो।

धम्मचरणं पडुच्च जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं अणंतंकालं जाव अवड्ढपोग्गलपरियट्टं देसूणं।

एवं जाव पुव्वविदेह-अवरविदेहियाओ।

प. अकम्मभूमिगमणुस्सित्थीणं भंते ! केवइयं कालं अंतरं होइ ?

उ. गोयमा ! जम्मणं पडुच्च जहण्णेणं दसवाससहस्साइं अंतोमुहुत्तमब्भहियाइं, उक्कोसेणं वणस्सइकालो।

संहरणं पडुच्च जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं वणस्सइकालो।

एवं जाव अंतरदीवियाओ।

देवित्थियाणं सव्वासिं जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं वणस्सइकालो। –जीवा. पडि. २, सु. ४९

प. पुरिसस्स णं भंते ! केवइयं कालं अंतरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं वणस्सइकालो।[2]

तिरिक्खजोणियपुरिसाणं जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं वणस्सइकालो।

९. सवेदक-अवेदक जीवों के अंतरकाल का परूपण–

प्र. भंते ! सवेदक का अंतर काल कितना है ?

उ. गौतम ! अनादि-अपर्यवसित (सवेदक) का अन्तर नहीं है।

अनादि-सपर्यवसित (सवेदक) का भी अन्तर नहीं है।

किन्तु सादि-सपर्यवसित का अंतर जघन्य एक समय और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त का होता है।

प्र. भंते ! स्त्री का (पुनः स्त्री होने में) कितने काल का अंतर है ?

उ. गौतम ! जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अनन्तकाल अर्थात् वनस्पतिकाल है।

इसी प्रकार सभी तिर्यञ्च स्त्रियों का अंतर है।

मनुष्य स्त्रियों का अंतर काल क्षेत्र की अपेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट वनस्पतिकाल है।

धर्माचरण की अपेक्षा जघन्य एक समय और उत्कृष्ट अनन्तकाल यावत् देशोन अपार्धपुद्गल परावर्तन है।

इसी प्रकार यावत् पूर्वविदेह-अपरविदेह की मनुष्य स्त्रियों का अन्तर काल जानना चाहिए।

प्र. भंते ! अकर्मभूमिक मनुष्य स्त्रियों का अन्तर काल कितना है ?

उ. गौतम ! जन्म की अपेक्षा जघन्य अन्तरकाल साधिक अन्तर्मुहूर्त दस हजार वर्ष है और उत्कृष्ट अन्तर काल वनस्पतिकाल है।

संहरण की अपेक्षा जघन्य अन्तर काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर काल वनस्पतिकाल है।

इसी प्रकार अन्तर्द्वीप पर्यन्त की स्त्रियों का अन्तर काल है।

सभी देवस्त्रियों का अन्तरकाल जघन्य अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट वनस्पतिकाल है।

प्र. भंते ! पुरुष का (पुनः पुरुष होने में) कितने काल का अन्तर है ?

उ. गौतम ! जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अंतरकाल वनस्पतिकाल है।

तिर्यग्योनिक पुरुषों का अन्तरकाल जघन्य अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अंतरकाल वनस्पतिकाल है।

---

१. (क) जीवा. पडि. २, सु. ६३ (ख) जीवा. पडि. ९, सु. २४५

२. (क) जीवा. पडि. २, सु. ६३ (ख) जीवा पडि. ९, सु. २४५

एवं जाव खहयरतिरिक्खजोणियपुरिसाणं।

प. मणुस्सपुरिसाणं भंते ! केवइयं कालं अंतरं होइ ?

उ. गोयमा ! खेत्तं पडुच्च जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं वणस्सइकालो।

धम्मचरणं पडुच्च जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं अणंतं कालं-अणंताओ उस्सप्पिणी-ओसप्पिणीओ जाव अवड्ढपोग्गलपरियट्टं देसूणं।

कम्मभूमगाणं जाव विदेहो जाव धम्मचरणे एक्को समओ सेसं जहित्थीणं जाव अंतरदीवगाणं।

देवपुरिसाणं जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं वणस्सइकालो।

भवणवासिदेवपुरिसाणं ताव जाव सहस्सारो जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं वणस्सइकालो।

प. आणयदेवपुरिसाणं भंते ! केवइयं कालं अंतरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं वासपुहत्तं, उक्कोसेणं वणस्सइकालो।

एवं जाव गेवेज्जदेवपुरिसस्स वि।

अणुत्तरोववाइयदेवपुरिसस्स जहण्णेणं वासपुहत्तं, उक्कोसेणं संखेज्जाइं सागरोवमाइं साइरेगाइं।

–जीवा. पडि. २, सु. ५५

प. नपुंसगस्स णं भन्ते ! केवइयं कालं अंतरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं सागरोवमसयपुहुत्तं साइरेगं[1]।

प. णेरइयनपुंसगस्स णं भंते ! केवइयं कालं अंतरं होइ ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं वणस्सइकालो।

रयणप्पभापुढवीनेरइयनपुंसगस्स जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं वणस्सइकालो,

एवं सव्वेसिं जाव अहेसत्तमा।

तिरिक्खजोणियनपुंसगस्स जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं सागरोवमसयपुहुत्तं साइरेगं।

एगिंदियतिरिक्खजोणियनपुंसगस्स जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं दो सागरोवमसहस्साइं संखेज्जवासमब्भहियाइं।

पुढवि-आउ-तेउ-वाऊणं जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं वणस्सइकालो।

वणस्सइकाइयाणं जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं जाव असंखेज्जा लोया।

इसी प्रकार खेचर तिर्यञ्चयोनिक पर्यन्त के पुरुषों का अन्तर काल है।

प्र. भंते ! मनुष्य पुरुषों का अन्तर काल कितना है ?

उ. गौतम ! क्षेत्र की अपेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट वनस्पतिकाल है।

धर्माचरण की अपेक्षा जघन्य एक समय है और उत्कृष्ट अनन्त काल अर्थात् अनन्त उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी काल यावत् देशोन अपार्ध पुद्गल परावर्तन काल है।

कर्मभूमि के मनुष्यों से विदेह के मनुष्यों पर्यन्त का अन्तर धर्माचरण की अपेक्षा एक समय का है इत्यादि शेष जैसा मनुष्य स्त्रियों के लिए कहा गया है, वैसा अन्तर्द्वीपों के मनुष्यों तक का अन्तर काल कहना चाहिए।

देवपुरुषों का अन्तर काल जघन्य अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट वनस्पतिकाल है।

भवनवासी देवपुरुषों से सहस्रार देवलोक तक के देवपुरुषों का अन्तर काल जघन्य अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट वनस्पतिकाल है।

प्र. भंते ! आनत देवपुरुषों का अन्तर काल कितना है ?

उ. गौतम ! जघन्य अन्तरकाल वर्ष पृथक्त्व है और उत्कृष्ट वनस्पतिकाल है।

इसी प्रकार ग्रैवेयक पर्यन्त के देवपुरुषों का भी अन्तर काल है।

अनुत्तरोपपातिक देव पुरुषों का अन्तर काल जघन्य वर्ष पृथक्त्व है और उत्कृष्ट कुछ अधिक संख्यात सागरोपम है।

प्र. भंते ! नपुंसकों का अन्तर काल कितना है ?

उ. गौतम ! जघन्य अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट कुछ अधिक सागरोपम शत पृथक्त्व है।

प्र. भंते ! नैरयिक नपुंसकों का अन्तर काल कितना है ?

उ. गौतम ! जघन्य अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट वनस्पतिकाल है।

रत्नप्रभापृथ्वी के नैरयिक नपुंसकों का अन्तर काल जघन्य अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट वनस्पतिकाल है।

इसी प्रकार अधःसप्तम पृथ्वी तक के सभी नैरयिक नपुंसको का अन्तर काल जानना चाहिए।

तिर्यग्योनिक नपुंसकों का अन्तरकाल जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट कुछ अधिक सागरोपम शतपृथक्त्व है।

एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसकों का अन्तर काल जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट संख्यात वर्ष अधिक दो हजार सागरोपम है।

पृथ्वी, अप्, तेजस्, वायुकायिकों का अन्तर काल जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट वनस्पतिकाल है।

वनस्पतिकायिकों का अन्तर काल जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट असंख्यात काल यावत् असंख्यात लोक प्रमाण है।

१. (क) जीवा. पडि. २, सु. ६३ (ख) जीवा. पडि. ९, सु.२४५

बेइंदियाईणं जाव खहयराणं जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं वणस्सइकालो।

मणुस्सनपुंसगस्स खेत्तं पडुच्च जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं वणस्सइकालो।

धम्मचरणं पडुच्च जहण्णेणं एगं समयं, उक्कोसेणं अणंतं कालं जाव अवड्ढपोग्गलपरियट्टं देसूणं।

एवं कम्मभूमगस्स वि भरहेरवयस्स पुव्वविदेह-अवरविदेहगस्स वि।

प. अकम्मभूमगमणुस्सनपुंसगस्स णं भंते ! केवइयं कालं अंतरं होइ ?

उ. गोयमा ! जम्मणं पडुच्च जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं वणस्सइकालो।

संहरणं पडुच्च जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं वणस्सइकालो।

एवं जाव अंतरदीवग त्ति। *–जीवा. पडि. २, सु. ५१(३)*

प. अवेयगस्स णं भंते ! केवइयं कालं अंतरं होइ ?

उ. गोयमा ! साइयस्स अपज्जवसियस्स णत्थि अंतरं,

साइयस्स सपज्जवसियस्स जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं अणंतं कालं जाव अवड्ढं–पोग्गलपरियट्टं देसूणं[1]। *–जीवा. पडि.१, सु. २३२*

द्वीन्द्रियादिक जीवों से (पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक) खेचरों पर्यन्त अन्तर काल जघन्य अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट वनस्पति काल है।

मनुष्य नपुंसकों का अन्तर काल क्षेत्र की अपेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट वनस्पतिकाल है।

धर्माचरण की अपेक्षा जघन्य एक समय है और उत्कृष्ट अनन्त काल यावत् कुछ कम अपार्धपुद्गल परावर्तन काल प्रमाण है।

कर्मभूमिक भरत-ऐरवत-पूर्वविदेह-अपरविदेह के मनुष्य नपुंसकों का अन्तर काल भी इसी प्रकार है।

प्र. भंते ! अकर्मभूमि के मनुष्य नपुंसकों का अन्तर काल कितना है ?

उ. गौतम ! जन्म की अपेक्षा अन्तर काल जघन्य अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट वनस्पति काल है।

संहरण की अपेक्षा जघन्य अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट वनस्पतिकाल है।

इसी प्रकार अन्तर्द्वीपक तक के मनुष्य नपुंसकों का अन्तर काल जानना चाहिए।

प्र. भंते ! अवेदक का अन्तर काल कितना है ?

उ. गौतम ! सादि अपर्यवसित का अन्तर काल नहीं है।

सादि-सपर्यवसित का अन्तर काल जघन्य अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अनन्तकाल यावत् देशोन अपार्धपुद्गल परावर्तन काल प्रमाण है।

१०. सवेयग-अवेयग जीवाणं अप्पबहुत्तं–

प. एएसि णं भंते ! जीवाणं १. सवेयगाणं, २. इत्थीवेयगाणं, ३. पुरिसवेयगाणं, ४. नपुंसगवेयगाणं, ५. अवेयगाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा जाव विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा जीवा पुरिसवेयगा,

२. इत्थीवेयगा संखेज्जगुणा,

३. अवेयगा अणंतगुणा,

४. नपुंसगवेयगा अणंतगुणा,[2]

५. सवेयगा विसेसाहिया[3]। *–पण्ण. प. ३, सु. २५३,*

१०. सवेदक-अवेदक जीवों का अल्प बहुत्व–

प्र. भंते ! इन १. सवेदक, २. स्त्रीवेदक, ३. पुरुषवेदक, ४. नपुंसकवेदक और ५. अवेदक जीवों में से कौन किनसे अल्प यावत् विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. पुरुषवेदक जीव सबसे अल्प हैं,

२. (उनसे) स्त्रीवेदक संख्यातगुणे हैं,

३. (उनसे) अवेदक अनन्तगुणे हैं,

४. (उनसे) नपुंसक वेदक अनन्तगुणे हैं,

५. (उनसे) सवेदक विशेषाधिक हैं।

११. (क) इत्थीणं अप्प बहुत्तं–

प. (१) एयासि णं भंते ! १. तिरिक्खजोणित्थियाणं, २. मणुस्सित्थियाणं, ३. देवित्थियाण य कयरा कयराहिंतो अप्पा वा जाव विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवाओ मणुस्सित्थियाओ,

२. तिरिक्खजोणित्थियाओ असंखेज्जगुणाओ,

३. देवित्थियाओ असंखेज्जगुणाओ।

प. (२) एयासि णं भंते ! तिरिक्खजोणित्थियाणं, १. जलयरीणं, २. थलयरीणं, ३. खहयरीण य कयरा कयराहिंतो अप्पा वा जाव विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवाओ खहयरतिरिक्ख-जोणित्थियाओ,

११. (क) स्त्रियों का अल्पबहुत्व–

प्र. १. भंते ! इन १. तिर्यग्योनिक-स्त्रियों में, २. मनुष्य-स्त्रियों में और ३. देवस्त्रियों में कौन किनसे अल्प यावत् विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प मनुष्य-स्त्रियां हैं,

२. (उनसे) तिर्यग्योनिक-स्त्रियां असंख्यातगुणी हैं,

३. (उनसे) देवस्त्रियां असंख्यातगुणी हैं।

प्र. २. भंते ! इन तिर्यग्योनिक १. जलचरी, २. स्थलचरी और ३. खेचरी स्त्रियों में कौन किनसे अल्प यावत् विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. खेचरी तिर्यग्योनिक-स्त्रियां सबसे अल्प हैं,

---

१. जीवा. पडि. १, सु. २४५ २. विया. स. ६, उ. ३, सु. २९ ३. सव्वत्थोवा अवेयगा, सवेयगा अणंतगुणा। *–जीवा. पडि. १, सु. २३२*

२. थलयरतिरिक्खजोणित्थियाओ संखेज्जगुणाओ,

३. जलयरतिरिक्खजोणित्थियाओ संखेज्जगुणाओ।

प. (३) एयासि णं भंते ! मणुस्सित्थियाणं कम्मभूमियाणं, अकम्मभूमियाणं, अंतरदीवियाण य कयरा कयराहिंतो अप्पा वा जाव विसेसाहिया वा?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवाओ अंतरदीवग-अकम्मभूमिग-मणुस्सित्थियाओ,

२-३. देवकुरु-उत्तरकुरुअकम्मभूमिग-मणुस्सित्थियाओ दोवि तुल्लाओ संखेज्जगुणाओ,

४-५. हरिवास-रम्मगवास-अकम्भूमिग-मणुस्सित्थियाओ दोवि तुल्लाओ संखेज्जगुणाओ,

६-७. हेमवए-हेरण्णवए-अकम्मभूमिग- मणुस्सित्थियाओ दोवि तुल्लाओ संखेज्जगुणाओ,

८-९. भरहेरवय-कम्मभूमिग-मणुस्सित्थियाओ दोवि संखेज्जगुणाओ,

१०-११. पुव्वविदेह - अवरविदेह - कम्मभूमिग-मणुस्सित्थियाओ दोवि संखेज्जगुणाओ।

प. (४) एयासि णं भंते ! देवित्थियाणं, १. भवणवासिणीणं, २. वाणमंतरीणं, ३. जोइसिणीणं, ४. वेमाणिणीण य कयरा कयराहिंतो अप्पा वा जाव विसेसाहिया वा?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवाओ वेमाणियदेवित्थियाओ,

२. भवणवासि-देवित्थियाओ असंखेज्जगुणाओ,

३. वाणमंतर-देवित्थियाओ असंखेज्जगुणाओ,

४. जोइसिय-देवित्थियाओ संखेज्जगुणाओ।

प. (५) एयासि णं भंते ! तिरिक्ख-जोणित्थियाणं– १. जलयरीणं, २. थलयरीणं, ३. खहयरीणं मणुस्सित्थियाणं, ४. कम्मभूमियाणं, ५. अकम्मभूमियाणं, ६. अंतरदीवियाणं देवित्थियाणं, ७. भवणवासिणीणं, ८. वाणमंतरीणं, ९. जोइसिणीणं, १०. वेमाणिणीण य कयरा कयराहिंतो अप्पा वा जाव विसेसाहिया वा?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवाओ अंतरदीवग- अकम्मभूमिग-मणुस्सित्थियाओ,

२-३. देवकुरु - उत्तरकुरु - अकम्मभूमिग-मणुस्सित्थियाओ दोवि तुल्लाओ संखेज्जगुणाओ,

४-५. हरिवास - रम्मगवास - अकम्मभूमिग-मणुस्सित्थिया ओदोवि तुल्लाओ संखेज्जगुणाओ,

६-७. हेमवए - हेरण्णवए - अकम्मभूमिग-मणुस्सित्थियाओ दोवि तुल्लाओ संखेज्जगुणाओ,

८-९. भरहेरवए-कम्मभूमिग-मणुस्सित्थियाओ दोवि संखेज्जगुणाओ,

१०-११. पुव्वविदेह - अवरविदेह - कम्मभूमिग-मणुस्सित्थियाओ दोवि संखेज्जगुणाओ,

१२. वेमाणिय-देवित्थियाओ असंखेज्जगुणाओ,

१३. भवणवासि-देवित्थियाओ असंखेज्जगुणाओ,

१४. खहयर-तिरिक्खजोणित्थियाओ असंखेज्जगुणाओ,

२. (उनसे) स्थलचरी तिर्यग्योनिक-स्त्रियां संख्यातगुणी हैं,

३. (उनसे) जलचरी तिर्यग्योनिक-स्त्रियां संख्यातगुणी हैं।

प्र. ३. भंते ! इन कर्मभूमिक, अकर्मभूमिक और अन्तर्द्वीपज मनुष्य-स्त्रियों में कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं?

उ. गौतम ! १. अन्तर्द्वीपज अकर्मभूमिक मनुष्य-स्त्रियां सबसे अल्प हैं,

२-३. (उनसे) देवकुरु-उत्तरकुरु अकर्मभूमिक मनुष्य-स्त्रियां संख्यातगुणी हैं और दोनों परस्पर तुल्य हैं,

४-५. (उनसे) हरिवर्ष रम्यक्वर्ष अकर्मभूमिक मनुष्य-स्त्रियां संख्यातगुणी हैं और दोनों परस्पर तुल्य हैं,

६-७. (उनसे) हैमवत-हैरण्यवत अकर्मभूमिक मनुष्य-स्त्रियां संख्यातगुणी हैं और दोनों परस्पर तुल्य हैं।

८-९. (उनसे) भरत-ऐरवत कर्मभूमिक मनुष्य-स्त्रियां दोनों संख्यातगुणी हैं।

१०-११. (उनसे) पूर्वविदेह-अपरविदेह कर्मभूमिक मनुष्य-स्त्रियां दोनों संख्यातगुणी हैं।

प्र. ४. भंते ! इन १. भवनवासी, २. वाणव्यंतर, ३. ज्योतिष्क और ४. वैमानिक देवस्त्रियों में से कौन किनसे अल्प यावत् विशेषाधिक हैं?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प वैमानिक देव-स्त्रियां हैं,

२. (उनसे) भवनवासी देवस्त्रियां असंख्यातगुणी हैं,

३. (उनसे) वाणव्यंतर देव-स्त्रियां असंख्यातगुणी हैं,

४. (उनसे) ज्योतिष्क देव-स्त्रियां संख्यातगुणी हैं।

प्र. ५. भंते ! इन तिर्यग्योनिक १. जलचरी, २. स्थलचरी, ३. खेचरी स्त्रियों, ४. कर्मभूमिक, ५. अकर्मभूमिक, ६. अन्तर्द्वीपज मनुष्य-स्त्रियों, ७. भवनवासिनी, ८. वाणव्यंतरी, ९. ज्योतिष्की और १०. वैमानिकी देव-स्त्रियों में से कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं?

उ. गौतम ! १. अन्तर्द्वीपज-अकर्मभूमिक मनुष्य-स्त्रियां सबसे अल्प हैं,

२-३. (उनसे) देवकुरु-उत्तरकुरु अकर्मभूमिक मनुष्य-स्त्रियां संख्यातगुणी हैं और दोनों परस्पर तुल्य हैं,

४-५. (उनसे) हरिवर्ष-रम्यक्वर्ष अकर्मभूमिक मनुष्य-स्त्रियां संख्यातगुणी हैं और दोनों परस्पर तुल्य हैं,

६-७. (उनसे) हैमवत-हैरण्यवत अकर्मभूमिक मनुष्य-स्त्रियां संख्यातगुणी हैं और दोनों परस्पर तुल्य हैं,

८-९. (उनसे) भरत-ऐरवत कर्मभूमिक मनुष्य-स्त्रियां दोनों संख्यातगुणी हैं।

१०-११. (उनसे) पूर्वविदेह-अपरविदेह कर्मभूमिक मनुष्य-स्त्रियां दोनों संख्यातगुणी हैं।

१२. (उनसे) वैमानिकी देव-स्त्रियां असंख्यातगुणी हैं,

१३. (उनसे) भवनवासिनी देव-स्त्रियां असंख्यातगुणी हैं,

१४. (उनसे) खेचरी तिर्यग्योनिक-स्त्रियां असंख्यातगुणी हैं,

१५. थलयर - तिरिक्खजोणित्थियाओ संखेज्जगुणाओ,
१६. जलयर - तिरिक्खजोणित्थियाओ संखेज्जगुणाओ,
१७. वाणमंतर-देवित्थियाओ संखेज्जगुणाओ,
१८. जोइसिय-देवित्थियाओ संखेज्जगुणाओ।

–जीवा. प. २, सु. ५० (१-५)

१५. (उनसे) स्थलचरी तिर्यग्योनिक स्त्रियां संख्यातगुणी हैं,
१६. (उनसे) जलचर तिर्यग्योनिक स्त्रियां संख्यातगुणी हैं,
१७. (उनसे) वाणव्यंतरी देव-स्त्रियां संख्यातगुणी हैं,
१८. (उनसे) ज्योतिष्क देवस्त्रियां संख्यातगुणी हैं।

(ख) पुरिसाणं अप्पबहुत्तं–

अप्पाबहुयाणि जहेवित्थीणं जाव

प. १. एएसि णं भंते ! १. देवपुरिसाणं भवणवासीणं, २. वाणमंतराणं, ३. जोइसियाणं, ४. वेमाणियाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा जाव विसेसाहिया वा?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा वेमाणियदेव-पुरिसा,
२. भवणवइदेव-पुरिसा असंखेज्जगुणा,
३. वाणमंतरदेव-पुरिसा असंखेज्जगुणा,
४. जोइसियदेव-पुरिसा संखेज्जगुणा।

प. २. एएसि णं भंते ! तिरिक्खजोणिय-पुरिसाणं १. जलयराणं, २. थलयराणं, ३. खहयराणं, मणुस्स-पुरिसाणं ४. कम्मभूमगाणं, ५. अकम्मभूमगाणं, ६. अंतरदीवगाणं, देवपुरिसाणं, ७. भवणवासीणं, ८. वाणमंतराणं, ९. जोइसियाणं, १०. वेमाणियाणं सोहम्माणं जाव सव्वट्ठसिद्धगाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा जाव विसेसाहिया वा?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा अंतरदीवग-अकम्मभूमग-मणुस्सपुरिसा
२-३. देवकुरु-उत्तरकुरु-अकम्मभूमग- मणुस्सपुरिसा दोवि तुल्ला संखेज्जगुणा,
४-५. हरिवास - रम्मगवास - अकम्मभूमग-मणुस्सपुरिसा दोवि तुल्ला संखेज्जगुणा,
६-७. हेमवए - हेरण्णवए - अकम्मभूमग- मणुस्सपुरिसा दोवि तुल्ला संखेज्जगुणा,
८-९. भरहेरवए - कम्मभूमग - मणुस्सपुरिसा दोवि संखेज्जगुणा,
१०-११. पुव्वविदेह - अवरविदेह - कम्मभूमग-मणुस्सपुरिसा दोवि संखेज्जगुणा,
१२. अणुत्तरोववाइयदेव- पुरिसा असंखेज्जगुणा,
१३. उवरिम-गेविज्जदेव-पुरिसा संखेज्जगुणा,
१४. मज्झिम-गेविज्जदेव-पुरिसा संखेज्जगुणा,
१५. हेट्ठिम-गेविज्जदेव-पुरिसा संखेज्जगुणा,
१६-१९. अच्चुयकप्पे देवपुरिसा संखेज्जगुणा जाव आणयकप्पे देवपुरिसा संखेज्जगुणा,
२०. सहस्सारे कप्पे देवपुरिसा असंखेज्जगुणा,
२१-२४. महासुक्के कप्पे देवपुरिसा असंखेज्जगुणा, जाव माहिंदे कप्पे देवपुरिसा असंखेज्जगुणा,
२५. सणंकुमारकप्पे देवपुरिसा असंखेज्जगुणा,
२६. ईसाणकप्पे देवपुरिसा असंखेज्जगुणा,

(ख) पुरुषों का अल्पबहुत्व–

स्त्रियों के अल्पबहुत्व के समान यावत्–

प्र. १. भंते ! इन १. भवनवासी, २. वाणव्यंतर, ३. ज्योतिष्क और ४. वैमानिक देव-पुरुषों में कौन-किनसे अल्प यावत् विशेषाधिक हैं?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प वैमानिक देव-पुरुष हैं,
२. (उनसे) भवनवासी देव-पुरुष असंख्यातगुणे हैं,
३. (उनसे) वाणव्यंतर देव-पुरुष असंख्यातगुणे हैं,
४. (उनसे) ज्योतिष्क देव-पुरुष संख्यातगुणे है।

प्र. २. भंते ! इन १. जलचर, २. स्थलचर, ३. खेचर तिर्यग्योनिक पुरुषों, ४. कर्मभूमिक, ५. अकर्मभूमिक, ६. अन्तर्द्वीपज मनुष्य पुरुषों, ७. भवनवासी, ८. वाणव्यंतर, ९. ज्योतिष्क, १०. सौधर्म से सवार्थसिद्ध पर्यंत के वैमानिक देव-पुरुषों में कौन किनसे अल्प यावत् विशेषाधिक हैं?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प अन्तर्द्वीपज अकर्मभूमिक मनुष्य-पुरुष हैं,
२-३. (उनसे) देवकुरु-उत्तरकुरु अकर्मभूमिक मनुष्य-पुरुष दोनों तुल्य और संख्यातगुणे हैं,
४-५. (उनसे) हरिवर्ष-रम्यक्वर्ष अकर्मभूमिक मनुष्य-पुरुष दोनों तुल्य और संख्यातगुणे हैं,
६-७. (उनसे) हेमवत-हैरण्यवत अकर्मभूमिक मनुष्य-पुरुष दोनों तुल्य और संख्यातगुणे हैं,
८-९. (उनसे) भरत-ऐरवत कर्मभूमिक मनुष्य-पुरुष दोनों संख्यातगुणे हैं,
१०-११. (उनसे) पूर्वविदेह-अपरविदेह कर्मभूमिक मनुष्य-पुरुष दोनों संख्यातगुणे हैं,
१२. (उनसे) अनुत्तरोपपातिक देव-पुरुष असंख्यातगुणे हैं,
१३. (उनसे) उपरिम ग्रैवेयक देवपुरुष संख्यातगुणे हैं?
१४. (उनसे) मध्यम ग्रैवेयक देवपुरुष संख्यातगुणे हैं,
१५. (उनसे) अधस्तन ग्रैवेयक देव-पुरुष संख्यातगुणे हैं,
१६-१९. (उनसे) अच्युत कल्प देवपुरुष संख्यातगुणे हैं यावत् आनत कल्प के देवपुरुष संख्यातगुणे हैं,
२०. (उनसे) सहस्रारकल्प के देव-पुरुष असंख्यातगुणे हैं,
२१-२४. (उनसे) महाशुक्रकल्प के देव-पुरुष असंख्यातगुणे हैं यावत् माहेन्द्रकल्प के देव-पुरुष असंख्यातगुणे हैं,
२५. (उनसे) सनत्कुमारकल्प के देवपुरुष असंख्यातगुणे हैं,
२६. (उनसे) ईशानकल्प के देवपुरुष असंख्यातगुणे हैं,

२७. सोहम्मे कप्पे देवपुरिसा संखेज्जगुणा,

२८. भवणवासिदेवपुरिसा असंखेज्जगुणा,

२९. खहयरतिरिक्खजोणिय - पुरिसा असंखेज्जगुणा,

३०. थलयरतिरिक्खजोणिय-पुरिसा संखेज्जगुणा,

३१. जलयरतिरिक्खजोणिय-पुरिसा संखेज्जगुणा,

३२. वाणमंतरदेव-पुरिसा संखेज्जगुणा,

३३. जोइसियदेव-पुरिसा संखेज्जगुणा।

–जीवा. प. २, सु. ५६ (१-२)

(ग) नपुंसगाणं अप्पबहुत्तं–

प. (१) एएसि णं भंते ! १. णेरइय-नपुंसगाणं, २. तिरिक्ख-जोणिय-नपुंसगाणं, ३. मणुस्स-नपुंसगाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा मणुस्स-नपुंसगा,

२. नेरइय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,

३. तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा अणंतगुणा।

प. (२) एएसि णं भंते ! नेरइय-नपुंसगाणं रयणप्पहापुढविणेरइय-नपुंसगाणं **जाव** अहेसत्तमपुढविणेरइय-नपुंसगाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा अहेसत्तमपुढविनेरइय- नपुंसगा,

२-६. छट्ठपुढविणेरइय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा **जाव** दोच्चपुढविणेरइय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,

७. इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए णेरइय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा।

प. (३) एएसि णं भंते ! तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं, एगिंदिय- तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं, पुढविकाइय-एगिंदिय- तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं **जाव** वण्णस्सइकाइय- एगिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं, बेइंदिय-तेइंदिय- चउरिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं, पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं-जलयराणं, थलयराणं, खहयराण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा खहयर-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा,

२. थलयर-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा संखेज्जगुणा,

३. जलयर-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा संखेज्जगुणा,

४. चउरिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा विसेसाहिया,

५. तेइंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा विसेसाहिया,

६. बेइंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा विसेसाहिया,

७. तेउक्काइय-एगिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,

८. पुढविक्काइय-एगिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा विसेसाहिया,

२७. (उनसे) सौधर्मकल्प के देव-पुरुष संख्यातगुणे हैं,

२८. (उनसे) भवनवासी देवपुरुष असंख्यातगुणे हैं,

२९. (उनसे) खेचर तिर्यग्योनिक पुरुष असंख्यातगुणे हैं,

३०. (उनसे) स्थलचर तिर्यग्योनिक पुरुष संख्यातगुणे हैं,

३१. (उनसे) जलचर तिर्यग्योनिक पुरुष संख्यातगुणे हैं,

३२. (उनसे) वाणव्यंतर देव-पुरुष संख्यातगुणे हैं,

३३. (उनसे) ज्योतिष्क देवपुरुष संख्यातगुणे हैं,

(ग) नपुंसकों का अल्पबहुत्व–

प्र. (१) भंते ! इन १. नैरयिक नपुंसकों, २. तिर्यग्योनिक नपुंसकों और ३. मनुष्य नपुंसकों में से कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प मनुष्य-नपुंसक हैं,

२. (उनसे) नैरयिक-नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,

३. (उनसे) तिर्यग्योनिक-नपुंसक अनन्तगुणे हैं,

प्र. (२) भंते ! इन नैरयिक-नपुंसकों में से रत्नप्रभा-पृथ्वी के नैरयिक-नपुंसकों **यावत्** अधःसप्तम पृथ्वी के नैरयिक-नपुंसकों में से कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. अधःसप्तम पृथ्वी के नैरयिक-नपुंसक सबसे अल्प हैं,

२.६ (उनसे) छठी पृथ्वी के नैरयिक-नपुंसक असंख्यातगुणे हैं, **यावत्** दूसरी पृथ्वी के नैरयिक-नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,

७. (उनसे) इस रत्नप्रभा-पृथ्वी के नैरयिक-नपुंसक असंख्यातगुणे हैं।

प्र. (३) भंते ! तिर्यग्योनिक नपुंसकों में एकेन्द्रिय तिर्यंचयोनिक-नपुंसक, पृथ्वीकायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसक **यावत्** वनस्पतिकायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसक, द्वीन्द्रिय-त्रीन्द्रिय-चउरिन्द्रिय-तिर्यग्योनिक नपुंसक, पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसकों के जलचर स्थलचर खेचरों में से कौन-किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. खेचर तिर्यग्योनिक-नपुंसक सबसे अल्प हैं,

२. (उनसे) स्थलचर तिर्यग्योनिक-नपुंसक संख्यातगुणे हैं,

३. (उनसे) जलचर तिर्यग्योनिक-नपुंसक संख्यातगुणे हैं,

४. (उनसे) चतुरिन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसक विशेषाधिक हैं,

५. (उनसे) त्रीन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसक विशेषाधिक हैं,

६. (उनसे) द्वीन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसक विशेषाधिक हैं,

७. (उनसे) तेजस्कायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,

८. (उनसे) पृथ्वीकायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसक विशेषाधिक हैं,

९. आउक्काइय-एगिंदिय-तिरिक्ख-जोणिय-नपुंसगा विसेसाहिया

१०. वाउक्काइय-एगिंदिय-तिरिक्ख-जोणिय-नपुंसगा विसेसाहिया,

११. वणस्सइकाइय-एगिंदिय-तिरिक्ख-जोणिय-नपुंसगा अणंतगुणा।

प. (४) एएसि णं भंते ! मणुस्स-नपुंसगाणं, कम्मभूमि-नपुंसगाणं, अकम्मभूमि-नपुंसगाणं, अंतरदीवग-नपुंसगाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा अंतरदीवग-अकम्मभूमग-मणुस्स-नपुंसगा,

२-११. देवकुरु-उत्तरकुरु-अकम्मभूमगा दोवि संखेज्ज-गुणा

एवं **जाव** पुव्वविदेह-अवरविदेहकम्मभूमगा दोवि संखेज्जगुणा।

प. (५) एएसि णं भंते ! णेरइय-नपुंसगाणं, रयणप्पभापुढवि नेरइय-नपुंसगाणं **जाव** अहेसत्तमापुढविणेरइय-नपुंसगाणं,

तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं, एगिंदिय- तिरिक्ख-जोणियाणं, पुढविकाइय-एगिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं **जाव** वणस्सइकाइय-एगिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं,

बेइंदिय-तेइंदिय-चउरिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं,

पचेंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं, जलयराणं, थलयराणं, खहयराणं,

मणुस्स-नपुंसगाणं कम्मभूमिगाणं, अकम्मभूमिगाणं, अंतरदीवगाणय, कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा अहेसत्तमपुढविणेरइय- नपुंसगा,

२-६. छट्ठपुढविनेरइय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा **जाव** दोच्चपुढविनेरइय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,

७. अंतरदीवगमणुस्स-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,

८-१७. देवकुरु - उत्तरकुरु - अकम्मभूमिग- मणुस्स-नपुंसगा दोवि संखेज्जगुणा **जाव** पुव्वविदेह-अवरविदेह-कम्मभूमग- मणुस्स-नपुंसगा दोवि संखेज्जगुणा,

१८. रयणप्पभापुढविणेरइय - नपुंसगा असंखेज्जगुणा,

१९. खहयर-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिय - नपुंसगा असंखेज्जगुणा,

२०. थलयर-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिय - नपुंसगा संखेज्जगुणा,

२१. जलयर-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिय - नपुंसगा संखेज्जगुणा,

९. (उनसे) अप्कायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसक विशेषाधिक हैं,

१०. (उनसे) वायुकायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसक विशेषाधिक हैं,

११. (उनसे) वनस्पतिकायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसक अनन्तगुणे हैं।

प्र. (४) भंते ! इन मनुष्य-नपुंसकों में से कर्मभूमि के नपुंसकों, अकर्मभूमि के नपुंसकों, अन्तर्द्वीपज के नपुंसकों में कौन किनसे अल्प यावत् विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. अन्तर्द्वीपों के अकर्मभूमिक मनुष्य-नपुंसक सबसे अल्प हैं,

२-११. (उनसे) देवकुरु-उत्तरकुरु के अकर्मभूमिक मनुष्य-नपुंसक दोनों संख्यातगुणे हैं,

इसी प्रकार **यावत्** पूर्व-विदेह-अपरविदेह के कर्मभूमिक मनुष्य-नपुंसक दोनों संख्यातगुणे हैं।

प्र. (५) भंते ! इन नैरयिक-नपुंसकों में से रत्नप्रभा-पृथ्वी के नैरयिकों-नपुंसकों यावत् अधःसप्तम पृथ्वी के नैरयिक-नपुंसकों,

तिर्यग्योनिक-नपुंसकों में से एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसकों के पृथ्वीकायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसकों यावत् वनस्पतिकायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसकों,

द्वीन्द्रिय-त्रीन्द्रिय-चतुरिन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसकों,

पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसकों में जलचर स्थलचर खेचर नपुंसकों,

मनुष्य-नपुंसकों में कर्मभूमिकों-अकर्मभूमिकों और अन्तर्द्वीपकों में से कौन-किनसे अल्प यावत् विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. अधःसप्तम पृथ्वी के नैरयिक-नपुंसक सबसे अल्प हैं,

२-६ (उनसे) छठी पृथ्वी के नैरयिक नपुंसक असंख्यातगुणे हैं **यावत्** दूसरी पृथ्वी के नैरयिक नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,

७. (उनसे) अन्तर्द्वीपों के मनुष्य-नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,

८-१७. (उनसे) देवकुरु-उत्तरकुरु के अकर्मभूमिक मनुष्य-नपुंसक दोनों संख्यातगुणे हैं **यावत्** पूर्व-विदेह अपर-विदेह के कर्मभूमिक मनुष्य-नपुंसक दोनों संख्यातगुणे हैं,

१८. (उनसे) रत्नप्रभापृथ्वी के नैरयिक-नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,

१९. (उनसे) खेचर पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसक असंख्यात गुणे हैं,

२०. (उनसे) स्थलचर पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसक संख्यातगुणे हैं,

२१. (उनसे) जलचर पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसक संख्यातगुणे हैं,

२२. चउरिंदिय - तिरिक्खजोणिय - नपुंसगा विसेसाहिया,

२३. तेइंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा विसेसाहिया,

२४. बेइंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा विसेसाहिया,

२५. तेउक्काइय-एगिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,

२६. पुढविकाइय-एगिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा विसेसाहिया,

२७. आउक्काइय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा विसेसाहिया,

२८. वाउकाइय - तिरिक्खजोणिय - नपुंसगा विसेसाहिया,

२९. वणस्सइकाइय-एगिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा अणंतगुणा। –*जीवा. प. २, सु. ६० (१-५)*

२२. (उनसे) चतुरिन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसक विशेषाधिक हैं,

२३. (उनसे) त्रीन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसक विशेषाधिक हैं,

२४. (उनसे) द्वीन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसक विशेषाधिक हैं,

२५. (उनसे) तेजस्कायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,

२६. (उनसे) पृथ्वीकायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसक विशेषाधिक हैं,

२७. (उनसे) अप्कायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसक विशेषाधिक हैं,

२८. (उनसे) वायुकायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसक विशेषाधिक हैं,

२९. (उनसे) वनस्पतिकायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक- नपुंसक अनन्तगुणे हैं।

(घ) इत्थी-पुरिस-नपुंसगाणं अप्पबहुत्तं–

प. (१) एयासि णं भंते ! इत्थीणं पुरिसाणं नपुंसगाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा पुरिसा,

२. इत्थीओ संखेज्जगुणाओ,

३. नपुंसगा अणंतगुणा।

प. (२) एयासि णं भंते ! तिरिक्खजोणिय-इत्थीणं, तिरिक्खजोणिय-पुरिसाणं, तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा तिरिक्खजोणिय-पुरिसा,

२. तिरिक्खजोणिय-इत्थीओ संखेज्जगुणाओ,

३. तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा अणंतगुणा।

प. (३) एयासि णं भंते ! मणुस्सित्थीणं, मणुस्सपुरिसाणं, मणुस्सनपुंसगाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा मणुस्सपुरिसा,

२. मणुस्सित्थीओ संखेज्जगुणाओ,

३. मणुस्सनपुंसगा असंखेज्जगुणा।

प. (४) एयासि णं भंते ! देवित्थीणं, देवपुरिसाणं, णेरइय-नपुंसगाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा णेरइय-नपुंसगा,

२. देवपुरिसा असंखेज्जगुणा,

३. देवित्थीओ संखेज्जगुणाओ।

प. (५) एयासि णं भंते ! तिरिक्खजोणित्थीणं, तिरिक्खजोणिय-पुरिसाणं, तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं, मणुस्सित्थीणं, मणुस्सपुरिसाणं, मणुस्सनपुंसगाणं, देवित्थीणं, देवपुरिसाणं, णेरइयनपुंसगाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा मणुस्सपुरिसा,

२. मणुस्सित्थीओ संखेज्जगुणाओ,

(घ) स्त्री-पुरुष-नपुंसकों का अल्पबहुत्व–

प्र. (१) भंते ! इन स्त्रियों में, पुरुषों में और नपुसंकों में कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. पुरुष सबसे अल्प हैं,

२. (उनसे) स्त्रियाँ संख्यातगुणी हैं,

३. (उनसे) नपुंसक अनन्तगुणे हैं।

प्र. (२) भंते ! इन तिर्यग्योनिक-स्त्रियों में, तिर्यग्योनिक-पुरुषों में और तिर्यग्योनिक नपुंसकों में कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प तिर्यग्योनिक-पुरुष हैं,

२. (उनसे) तिर्यग्योनिक-स्त्रियां संख्यातगुणी हैं,

३. (उनसे) तिर्यग्योनिक-नपुंसक अनन्तगुणे हैं।

प्र. (३) भंते ! इन मनुष्य-स्त्रियों, मनुष्य-पुरुषों और मनुष्य-नपुंसकों में कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प मनुष्य-पुरुष हैं,

२. (उनसे) मनुष्य-स्त्रियाँ संख्यातगुणी हैं,

३. (उनसे) मनुष्य-नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,

प्र. (४) भंते ! इन देवस्त्रियों में, देवपुरुषों में और नैरयिक-नपुंसकों में कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प नैरयिक-नपुंसक हैं,

२. (उनसे) देवपुरुष असंख्यातगुणे हैं,

३. (उनसे) देव स्त्रियां संख्यातगुणी हैं।

प्र. (५) भंते ! इन तिर्यग्योनिक-स्त्रियों, तिर्यग्योनिक-पुरुषों और तिर्यग्योनिक-नपुंसकों में मनुष्य-स्त्रियों, मनुष्य-पुरुषों और मनुष्य-नपुंसकों में, देव-स्त्रियों, देवपुरुषों और नैरयिक-नपुंसकों में कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प मनुष्य-पुरुष हैं,

२. (उनसे) मनुष्य-स्त्रियां संख्यातगुणी हैं,

३. मणुस्सनपुंसगा असंखेज्जगुणा,
४. णेरइय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,
५. तिरिक्खजोणिय-पुरिसा असंखेज्जगुणा,
६. तिरिक्खजोणियत्थियाओ संखेज्जगुणाओ,
७. देवपुरिसा संखेज्जगुणा,
८. देवित्थियाओ संखेज्जगुणाओ,
९. तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा अणंतगुणा।

प. (६) एयासि णं भंते ! तिरिक्खजोणित्थीणं
१. जलयरीणं, २. थलयरीणं, ३. खहयरीणं,
तिरिक्खजोणिय-पुरिसाणं,
४. जलयराणं, ५. थलयराणं, ६. खहयराणं,
तिरिक्खजोणिय- नपुंसगाणं,
७. एगिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं,
८-१२. पुढविकाइय-एगिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं **जाव** वणस्सइकाइय- एगिंदिय- तिरिक्ख-जोणिय-नपुंसगाणं,
१३. बेइंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं,
१४. तेइंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं,
१५. चउरिंदिय - तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं,
पंचेंदिय- तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं,
१६. जलयराणं, १७. थलयराणं,
१८. खहयराण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा ?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा खहयर-तिरिक्खजोणिय-पुरिसा,
२. खहयर-तिरिक्खजोणित्थियाओ संखेज्जगुणाओ,
३. थलयर - पंचेंदिय - तिरिक्खजोणिय - पुरिसा संखेज्जगुणा,
४. थलयर - पंचेंदिय - तिरिक्ख जोणित्थियाओ संखेज्जगुणाओ,
५. जलयर-तिरिक्खजोणिय-पुरिसा संखेज्जगुणा,
६. जलयर-तिरिक्खजोणित्थियाओ संखेज्जगुणाओ,
७. खहयर - पंचेंदिय - तिरिक्खजोणिय - नपुंसगा असंखेज्जगुणा,
८. थलयर - पंचेंदिय - तिरिक्खजोणिय - नपुंसगा संखेज्जगुणा,
९. जलचर-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा संखेज्जगुणा,
१०. चउरिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा विसेसाहिया,
११. तेइंदिय-नपुंसगा विसेसाहिया,

३. (उनसे) मनुष्य-नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,
४. (उनसे) नैरयिक-नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,
५. (उनसे) तिर्यग्योनिक-पुरुष असंख्यातगुणे हैं,
६. (उनसे) तिर्यग्योनिक-स्त्रियां संख्यातगुणी हैं,
७. (उनसे) देव-पुरुष संख्यातगुणे हैं,
८. (उनसे) देवस्त्रियाँ संख्यातगुणी हैं,
९. (उनसे) तिर्यग्योनिक-नपुंसक अनन्तगुणे हैं।

प्र. (६) भंते ! इन तिर्यग्योनिक स्त्रियों में
१. जलचरी, २. स्थलचरी, ३. खेचरी स्त्रियों
तिर्यग्योनिक पुरुषों में
४. जलचर, ५. स्थलचर, ६. खेचर पुरुषों,
तिर्यग्योनिक-नपुंसकों में,
७. एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसकों के,
८-१२ पृथ्वीकायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसकों **यावत्** वनस्पतिकायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसकों,
१३. द्वीन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसकों,
१४. त्रीन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसकों,
१५. चतुरिन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसकों,
पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक,
१६. जलचर, १७. स्थलचर,
१८. खेचर नपुंसकों में कौन-किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं ?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प खेचर तिर्यग्योनिक-पुरुष हैं,
२. (उनसे) खेचर पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक स्त्रियां संख्यातगुणी हैं,
३. (उनसे) स्थलचर पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक पुरुष संख्यातगुणे हैं,
४. (उनसे) स्थलचर पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक-स्त्रियां संख्यातगुणी हैं,
५. (उनसे) जलचर पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक-पुरुष संख्यातगुणे हैं,
६. (उनसे) जलचर पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक-स्त्रियां संख्यातगुणी हैं,
७. (उनसे) खेचर पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,
८. (उनसे) स्थलचर पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसक संख्यातगुणे हैं,
९. (उनसे) जलचर पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसक संख्यातगुणे हैं,
१०. (उनसे) चतुरिन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसक विशेषाधिक हैं,
११. (उनसे) त्रीन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसक विशेषाधिक हैं,

१२. बेइंदिय-नपुंसगा विसेसाहिया,

१३. तेउक्काइय-एगिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,

१४. पुढविकाइय-नपुंसगा विसेसाहिया,

१५. आउक्काइय-नपुंसगा विसेसाहिया,

१६. वाउक्काइय-नपुंसगा विसेसाहिया,

१७. वणस्सइकाइय-एगिंदिय- तिरिक्खजोणिय-नपुंसगा अणंतगुणा।

प. (७) एयासि णं भंते ! मणुस्सित्थीणं-कम्मभूमियाणं, अकम्मभूमियाणं, अंतरदीवियाणं, मणुस्सपुरिसाणं-कम्मभूमगाणं, अकम्मभूमगाणं, अंतरदीवगाणं, मणुस्सनपुंसगाणं, कम्मभूमगाणं, अकम्मभूमगाणं, अंतरदीवगाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा जाव विसेसाहिया वा?

उ. गोयमा ! १-२ अंतरदीवगा मणुस्सित्थियाओ मणुस्सपुरिसा य एए णं दोण्णि वि तुल्ला सव्वत्थोवा,

३-६. देवकुरु-उत्तरकुरु-अकम्मभूमिग-मणुस्सित्थियाओ मणुस्सपुरिसा एए णं दोण्णि वि तुल्ला संखेज्जगुणा,

७-१०. हरिवास-रम्मगवास-अकम्मभूमिग-मणुस्सित्थियाओ मणुस्सपुरिसा य एए णं दोण्णि वि तुल्ला संखेज्जगुणा,

११-१४. हेमवए-हेरण्णवए-अकम्मभूमिग- मणुस्सित्थियाओ मणुस्सपुरिसा य दोण्णि वि तुल्ला संखेज्जगुणा,

१५-१६. भरहेरवय-कम्मभूमग-मणुस्स-पुरिसा दोवि संखेज्जगुणा,

१७-१८. भरहेरवय-कम्मभूमग-मणुस्सित्थियाओ दोवि संखेज्जगुणाओ,

१९-२०. पुव्वविदेह-अवरविदेह-कम्मभूमग-मणुस्स-पुरिसा दोवि संखेज्जगुणा,

२१-२२. पुव्वविदेह-अवरविदेह-कम्मभूमिग-मणुस्सित्थियाओ दोवि संखेज्जगुणाओ,

२३. अंतरदीवग-मणुस्स-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,

२४-२५. देवकुरु-उत्तरकुरु-अकम्मभूमग-मणुस्स-नपुंसगा दोवि संखेज्जगुणा।

२६-२७. हरिवास-रम्मगवास-अकम्मभूमग-मणुस्स-नपुंसगा दोवि संखेज्जगुणा,

२८-२९. हेमवय-हेरण्णवय-अकम्मभूमग-मणुस्स-नपुंसगा दोवि संखेज्जगुणा,

३०-३१. भरहेरवय-कम्मभूमग-मणुस्स-नपुंसगा दोवि संखेज्जगुणा,

१२. (उनसे) द्वीन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसक विशेषाधिक हैं,

१३. (उनसे) तेजस्कायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,

१४. (उनसे) पृथ्वीकायिक (एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक) नपुंसक विशेषाधिक हैं,

१५. (उनसे) अप्कायिक (एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक)- नपुंसक विशेषाधिक हैं,

१६. (उनसे) वायुकायिक (एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक)- नपुंसक विशेषाधिक हैं,

१७. (उनसे) वनस्पतिकायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक-नपुंसक अनन्तगुणे हैं,

प्र. (७) भंते ! कर्मभूमिक-अकर्मभूमिक अन्तर्द्वीपज मनुष्य-स्त्रियाँ कर्मभूमिक-अकर्मभूमिक अन्तर्द्वीपज मनुष्य-पुरुषों, कर्मभूमिक अकर्मभूमिक अन्तर्द्वीपज मनुष्य-नपुंसकों में कौन किनसे अल्प यावत् विशेषाधिक हैं?

उ. गौतम ! १-२. अन्तर्द्वीपज मनुष्य-स्त्रियां और मनुष्य-पुरुष ये दोनों परस्पर तुल्य हैं और सबसे अल्प हैं,

३-६. (उनसे) देवकुरु-उत्तरकुरु अकर्मभूमिक मनुष्य-स्त्रियां और मनुष्य-पुरुष ये दोनों परस्पर तुल्य हैं और संख्यातगुणे हैं,

७-१० (उनसे) हरिवर्ष-रम्यक्वर्ष अकर्मभूमिक मनुष्य-स्त्रियां और मनुष्य-पुरुष ये दोनों परस्पर तुल्य हैं और संख्यातगुणे हैं,

११-१४ (उनसे) हैमवत-हैरण्यवत अकर्मभूमिक मनुष्य-स्त्रियां और मनुष्य-पुरुष ये दोनों परस्पर तुल्य हैं और संख्यातगुणे हैं,

१५-१६ (उनसे) भरत-ऐरवत कर्मभूमिक मनुष्य-पुरुष दोनों संख्यातगुणे हैं,

१७-१८ (उनसे) भरत-ऐरवत कर्मभूमिक मनुष्य-स्त्रियां दोनों संख्यातगुणी हैं,

१९-२० (उनसे) पूर्वविदेह-अपरविदेह कर्मभूमिक मनुष्य-पुरुष दोनों संख्यातगुणे हैं,

२१-२२ (उनसे) पूर्वविदेह-अपरविदेह कर्मभूमिक मनुष्य-स्त्रियां दोनों संख्यातगुणी हैं,

२३. (उनसे) अन्तर्द्वीपज मनुष्य नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,

२४-२५ (उनसे) देवकुरु-उत्तरकुरु अकर्मभूमिक मनुष्य नपुंसक दोनों संख्यातगुणे हैं,

२६-२७ (उनसे) हरिवर्ष-रम्यकवर्ष अकर्मभूमिक मनुष्य-नपुंसक दोनों संख्यातगुणे हैं,

२८-२९ (उनसे) हैमवत-हैरण्यवत अकर्मभूमिक मनुष्य नपुंसक दोनों संख्यातगुणे हैं,

३०-३१ (उनसे) भरत-ऐरवत कर्मभूमिक मनुष्य नपुंसक दोनों संख्यातगुणे हैं,

३२-३३. पुव्वविदेह-अवरविदेह-कम्मभूमग-मणुस्सनपुंसगा दोवि संखेज्जगुणा।

प. (८) एयासि णं भंते ! देवित्थीणं-भवणवासिणीणं, वाणमंतरीणं, जोइसिणीणं, वेमाणिणीणं, देवपुरिसाणं-भवणवासीणं **जाव** वेमाणियाणं, सोहम्मगाणं जाव गेवेज्जगाणं, अणुत्तरोववाइयाणं,

णेरइयनपुंसगाणं-रयणप्पभापुढवि-णेरइय-नपुंसगाणं **जाव** अहेसत्तमपुढवि-नेरइय-नपुंसगाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा?

उ. गोयमा ! १. सव्वत्थोवा अणुत्तरोववाइयदेव-पुरिसा,

२-८. उवरिम-गेवेज्जदेव-पुरिसा संखेज्जगुणा

तहेव जाव आणए कप्पे देवपुरिसा संखेज्जगुणा,

९. अहेसत्तमाए पुढवीए नेरइय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,

१०. छट्ठीए पुढवीए नेरइय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,

११. सहस्सारे कप्पे देवपुरिसा असंखेज्जगुणा,

१२. महासुक्के कप्पे देवपुरिसा असंखेज्जगुणा,

१३. पंचमाए पुढवीए नेरइय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,

१४. लंतए कप्पे देवपुरिसा असंखेज्जगुणा,

१५. चउत्थीए पुढवीए नेरइय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,

१६. बंभलोए कप्पे देवपुरिसा असंखेज्जगुणा,

१७. तच्चाए पुढवीए नेरइय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,

१८. माहिंदे कप्पे देवपुरिसा असंखेज्जगुणा,

१९. सणंकुमारे कप्पे देवपुरिसा असंखेज्जगुणा,

२०. दोच्चाए पुढवीए नेरइय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,

२१. ईसाणे कप्पे देवपुरिसा असंखेज्जगुणा,

२२. ईसाणे कप्पे देवित्थियाओ संखेज्जगुणाओ,

२३. सोहम्मे कप्पे देवपुरिसा संखेज्जगुणा,

२४. सोहम्मे कप्पे देवित्थियाओ संखेज्जगुणाओ,

२५. भवणवासिदेवपुरिसा असंखेज्जगुणा,

२६. भवणवासिदेवित्थियाओ संखेज्जगुणाओ,

२७. इमीसे रयणप्पभापुढवीए नेरइय नपुंसगा असंखेज्जगुणा,

२८. वाणमंतरदेव-पुरिसा असंखेज्जगुणा,

२९. वाणमंतरदेवित्थियाओ संखेज्जगुणाओ,

३०. जोइसियदेवपुरिसा संखेज्जगुणा,

३१. जोइसियदेवित्थियाओ संखेज्जगुणाओ।

प. (९) एयासि णं भंते ! तिरिक्खजोणित्थीणं-जलयरीणं, थलयरीणं, खहयरीणं,

३२-३३ (उनसे) पूर्वविदेह-अपरविदेह कर्मभूमिक मनुष्य नपुंसक दोनों संख्यातगुणे हैं।

प्र. (८) भंते ! इन भवनवासिनी, वाणव्यंतरी, ज्योतिष्की और वैमानिकी देवस्त्रियों में, भवनवासी **यावत्** वैमानिक देवपुरुषों में, सौधर्म कल्प **यावत्** ग्रैवेयक एवं अनुत्तरोपपातिक देवों में,

नैरयिक नपुंसको में–रत्नप्रभा नैरयिक नपुंसकों **यावत्** अधःसप्तम पृथ्वी के नैरयिक नपुंसकों में से कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं?

उ. गौतम ! १. सबसे अल्प अनुत्तरोपपातिक देवपुरुष हैं,

२-८. (उनसे) ग्रैवेयक देवपुरुष संख्यातगुणे हैं,

इसी प्रकार **यावत्** आनत कल्प के देवपुरुष संख्यातगुणे हैं,

९. (उनसे) अधः सप्तम पृथ्वी के नैरयिक नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,

१०. (उनसे) छठी (नरक) पृथ्वी के नैरयिक नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,

११.(उनसे) सहस्रार कल्प के देवपुरुष असंख्यातगुणे हैं,

१२.(उनसे) महाशुक्र कल्प के देवपुरुष असंख्यातगुणे हैं,

१३.(उनसे) पांचवी (नरक) पृथ्वी के नैरयिक नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,

१४.(उनसे) लान्तक कल्प के देवपुरुष असंख्यातगुणे हैं,

१५.(उनसे) चौथी (नरक) पृथ्वी के नैरयिक नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,

१६.(उनसे) ब्रह्म लोक कल्प के देवपुरुष असंख्यातगुणे हैं,

१७.(उनसे) तीसरी (नरक) पृथ्वी के नैरयिक नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,

१८.(उनसे) माहेन्द्र कल्प के देवपुरुष असंख्यातगुणे हैं,

१९.(उनसे) सनत्कुमार कल्प के देवपुरुष असंख्यातगुणे हैं,

२०. (उनसे) दूसरी (नरक) पृथ्वी के नैरयिक नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,

२१.(उनसे) ईशान कल्प के देवपुरुष असंख्यातगुणे हैं,

२२.(उनसे) ईशानकल्प की देवस्त्रियां संख्यातगुणी हैं,

२३.(उनसे) सौधर्म कल्प के देवपुरुष संख्यातगुणे हैं,

२४.(उनसे) सौधर्म कल्प की देवस्त्रियां संख्यातगुणी हैं,

२५.(उनसे) भवनवासी देवपुरुष असंख्यातगुणे हैं,

२६.(उनसे) भवनवासी देवस्त्रियाँ संख्यातगुणी हैं,

२७.(उनसे) इस रत्नप्रभा पृथ्वी के नैरयिक नपुंसक असंख्यातगुणे हैं,

२८.(उनसे) वाणव्यंतर देवपुरुष असंख्यातगुणे हैं,

२९.(उनसे) वाणव्यंतर देवस्त्रियां संख्यातगुणी हैं,

३०. (उनसे) ज्योतिष्क देव पुरुष संख्यातगुणे हैं,

३१. (उनसे) ज्योतिष्क देव स्त्रियां संख्यातगुणी हैं,

प्र. (९) भंते ! इन पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक जलचरी, स्थलचरी, खेचरी स्त्रियों,

तिरिक्खजोणियपुरिसाणं-जलयराणं, थलयराणं, खहयराणं,
तिरिक्खजोणिय नपुंसगाणं-जलयराणं, थलयराणं खहयराणं,
एगिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं-पुढविक्काइय-एगिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं, आउक्काइय-एगिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं **जाव** वणस्सइकाइय-एगिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं,
बेइंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं,
तेइंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं,
चउरिंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं,
पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिय-नपुंसगाणं-जलयराणं, थलयराणं, खहयराणं,
मणुस्सित्थीणं-कम्मभूमियाणं, अकम्मभूमियाणं, अंतरदीवियाणं,
मणुस्सपुरिसाणं-कम्मभूमगाणं, अकम्मभूमगाणं, अंतरदीवगाणं,
मणुस्स-नपुंसगाणं-कम्मभूमगाणं, अकम्मभूमगाणं, अंतरदीवगाणं,
देवित्थीणं-भवणवासिणीणं, वाणमंतरीणं, जोइसिणीणं, वेमाणिणीणं,
देवपुरिसाणं-भवणवासीणं, वाणमंतराणं, जोइसियाणं, वेमाणियाणं, सोहम्मगाणं **जाव** गेवेज्जगाणं, अणुत्तरोववाइयाणं
नेरइय-नपुंसगाणं-रयणप्पभा-पुढवि-नेरइय-नपुंसगाणं **जाव** अहेसत्तमपुढवि-नेरइय-नपुंसगाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा **जाव** विसेसाहिया वा?

उ. गोयमा!

१-२. अंतरदीवग-अकम्मभूमिग-मणुस्सित्थीओ मणुस्स-पुरिसा य एए णं दोवि तुल्ला सव्वत्थोवा,

३-६. देवकुरु-उत्तरकुरु-अकम्मभूमग-मणुस्सित्थीओ पुरिसा य एए णं दोवि तुल्ला संखेज्जगुणा,

७-१०. हरिवास-रम्मगवास-अकम्मभूमग-मणुस्सित्थीओ पुरिसा य एए णं दोवि तुल्ला संखेज्जगुणा,

११-१४. हेमवय-हेरण्णवय, अकम्मभूमग मणुस्सित्थीओ पुरिसा य एए णं दोवि तुल्ला संखेज्जगुणा,

१५-१६. भरहेरवय-कम्मभूमग-मणुस्स-पुरिसा दोवि संखेज्जगुणा,

१७-१८. भरहेरवय-कम्मभूमग-मणुस्सित्थीओ दोवि संखेज्जगुणाओ,

१९-२०. पुव्वविदेह-अवरविदेह-कम्मभूमग-मणुस्स-पुरिसा दोवि संखेज्जगुणा,

पंचेन्द्रिय-तिर्यग्योनिक जलचर, स्थलचर, खेचर पुरुषों,
पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक जलचर, स्थलचर, खेचर नपुंसकों,
एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसकों के पृथ्वीकायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसकों, अप्कायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसकों **यावत्** वनस्पतिकायिक एकेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसकों,
द्वीन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसकों,
त्रीन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसकों,
चतुरिन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसकों,
पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिक नपुंसकों के जलचरों, स्थलचरों, खेचरों,
कर्मभूमिक, अकर्मभूमिक, अन्तर्द्वीपज मनुष्य स्त्रियों,
कर्मभूमिक, अकर्मभूमिक, अन्तर्द्वीपज मनुष्य पुरुषों,
कर्मभूमिक अकर्मभूमिक अन्तर्द्वीपज मनुष्य नपुंसकों,
भवनवासिनी, वाणव्यंतरी, ज्योतिष्की, वैमानिकी देव स्त्रियों,
भवनवासी, वाणव्यंतर, ज्योतिष्क, वैमानिकों के सौधर्म कल्प **यावत्** ग्रैवेयक एवं अनुत्तरोपपातिक देवपुरुषों,
नैरयिक नपुंसकों के रत्नप्रभा पृथ्वी नैरयिक नपुंसकों **यावत्** अधःसप्तम पृथ्वी नैरयिक नपुंसकों में कौन किनसे अल्प **यावत्** विशेषाधिक हैं?

उ. गौतम!

१-२. अन्तर्द्वीपज अकर्मभूमिक मनुष्य स्त्रियां और मनुष्य पुरुष ये दोनों परस्पर तुल्य हैं और सबसे अल्प हैं,

३-६. (उनसे) देवकुरु-उत्तरकुरु अकर्मभूमिक मनुष्य स्त्रियां और मनुष्य पुरुष ये दोनों परस्पर तुल्य हैं और संख्यातगुणे हैं,

७-१०. (उनसे) हरिवर्ष-रम्यक्वर्ष अकर्मभूमिक मनुष्य स्त्रियां और मनुष्य पुरुष दोनों परस्पर तुल्य हैं और संख्यातगुणे हैं,

११-१४. (उनसे) हेमवत-हैरण्यवत अकर्मभूमिक मनुष्य स्त्रियां और मनुष्य पुरुष ये दोनों परस्पर तुल्य हैं और संख्यातगुणा हैं,

१५-१६. (उनसे) भरत-ऐरवत कर्मभूमिक मनुष्य पुरुष ये दोनों संख्यातगुणा हैं,

१७-१८. (उनसे) भरत-ऐरवत कर्मभूमिक मनुष्य स्त्रियां दोनों संख्यातगुणा हैं,

१९-२०. (उनसे) पूर्वविदेह-अपरविदेह कर्मभूमिक मनुष्य पुरुष ये दोनों संख्यातगुणा हैं,

२१-२२. पुव्यविदेह-अवरविदेह-कम्मभूमग-मणुस्सित्थियाओ दोवि संखेज्जगुणाओ,
२३. अणुत्तरोववाइय-देवपुरिसा असंखेज्जगुणा,
२४-३०. उवरिमगेवेज्जा देवपुरिसा संखेज्जगुणा जाव आणएकप्पे देवपुरिसा संखेज्जगुणा,
३१. अहेसत्तमाए पुढवीए नेरइय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,
३२. छट्ठीए पुढवीए नेरइय-नपुंसगा असंखेज्जगुणा,
३३. सहस्सारे कप्पे देवपुरिसा असंखेज्जगुणा,
३४. महासुक्के कप्पे देवपुरिसा असंखेज्जगुणा,
जो पुद्गल का या पुद्गलों का पुद्गल परिणाम का या स्वाभाविक पुद्गलों के परिणाम का वेदन करता है,
अथवा उनके उदय से मोहनीयकर्म का वेदन करता है।
गौतम ! यह मोहनीय कर्म है।
हे गौतम ! जीव के द्वारा बद्ध **यावत्** पुद्गल परिणाम को प्राप्त करके मोहनीय कर्म का यह पांच प्रकार अनुभाव (फल) कहा गया है।

प्र. ५. भंते ! जीव के द्वारा बद्ध **यावत्** पुद्गल परिणाम को प्राप्त करके आयुकर्म का कितने प्रकार का अनुभाव (फल) कहा गया है ?

उ. गौतम ! जीव के द्वारा बद्ध **यावत्** पुद्गल परिणाम को प्राप्त करके आयुकर्म का चार प्रकार का अनुभाव (फल) कहा गया है, यथा–

१. नरकायु, २. तिर्यञ्चायु,
३. मनुष्यायु, ४. देवायु।

जो पुद्गल का या पुद्गलों का, पुद्गल-परिणाम का या स्वाभाविक पुद्गलों के परिणाम का वेदन करता है,
अथवा उनके उदय से आयु कर्म का वेदन करता है,
गौतम ! यह आयु कर्म है।
हे गौतम ! जीव के द्वारा बद्ध **यावत्** पुद्गल परिणाम को प्राप्त करके आयुकर्म का यह चार प्रकार का अनुभाव (फल) कहा गया है।

प्र. ६. (क) भंते ! जीव के द्वारा बद्ध **यावत्** पुद्गल परिणाम को प्राप्त करके शुभ नामकर्म का कितने प्रकार का अनुभाव (फल) कहा गया है ?

---

१. ठाणं. अ. ७, सु. ५८८

उ. गोयमा ! सुभणामस्स णं कम्मस्स जीवेणं बद्धस्स जाव पोग्गल परिणामं पप्प चोद्दसविहे अणुभावे पण्णत्ते, तं जहा–

१. इट्ठा सद्दा, २. इट्ठा रूवा,
३. इट्ठा गंधा, ४. इट्ठा रसा,
५. इट्ठा फासा, ६. इट्ठा गइ,
७. इट्ठा ठिई, ८. इट्ठे लावण्णे,
९. इट्ठा जसोकित्ती,
१०. इट्ठे उट्ठाणं-कम्म-बल-वीरिय-पुरिसक्कारपरक्कमे,
११. इट्ठस्सरया, १२. कंतस्सरया,
१३. पियस्सरया, १४. मणुण्णस्सरया।

जं वेएइ पोग्गलं वा, पोग्गले वा, पोग्गलपरिणामं वा, वीससा वा, पोग्गलाणं परिणामं,
तेसिं वा उदएणं सुभणामं कम्मं वेदेइ।
एस णं गोयमा ! सुभणामं कम्मे।
एस णं गोयमा ! सुभणामस्स कम्मस्स जीवेणं बद्धस्स जाव पोग्गल परिणामं पप्प चोद्दसविहे अणुभावे पण्णत्ते।

प. (ख) दुहणामस्स णं भंते ! कम्मस्स जीवेणं बद्धस्स जाव पोग्गलपरिणामं पप्प कइविहे अणुभावे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! एवं चेव।
णवरं–अणिट्ठा सद्दा जाव हीणस्सरया, दीणस्सरया, अणिट्ठस्सरया, अकंतस्सरया।
जं वेदेइ सेसं तं चेव जाव चोद्दसविहे अणुभावे पण्णत्ते।

प. ७. (क) उच्चागोयस्स णं भंते ! कम्मस्स जीवेणं बद्धस्स जाव पोग्गलपरिणामं पप्प कइविहे अणुभावे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! उच्चागोयस्स णं कम्मस्स जीवेणं बद्धस्स जाव पोग्गलपरिणामं पप्प अट्ठविहे अणुभावे पण्णत्ते, तं जहा–

१. जाइविसिट्ठया, २. कुलविसिट्ठया,
३. बलविसिट्ठया, ४. रूवविसिट्ठया,
५. तवविसिट्ठया, ६. सुयविसिट्ठया,
७. लाभविसिट्ठया, ८. इस्सरियविसिट्ठया।

जं वेएइ पोग्गलं वा, पोग्गले वा, पोग्गल परिणामं वा, वीससा वा, पोग्गलाणं परिणामं,
तेसिं वा उदएणं उच्चागोयं कम्मं वेदेइ,
एस णं गोयमा ! उच्चागोयं कम्मं,
एस णं गोयमा ! उच्चागोयस्स णं कम्मस्स जीवेणं बद्धस्स जाव पोग्गल परिणामं पप्प अट्ठविहे अणुभावे पण्णत्ते।

उ. गौतम ! जीव के द्वारा बद्ध यावत् पुद्गल परिणाम को प्राप्त करके शुभ नामकर्म का चौदह प्रकार का अनुभाव (फल) कहा गया है, यथा–

१. इष्ट शब्द, २. इष्ट रूप,
३. इष्ट गन्ध, ४. इष्ट रस,
५. इष्ट स्पर्श, ६. इष्ट गति,
७. इष्ट स्थिति, ८. इष्ट लावण्य,
९. इष्ट यशोकीर्ति,
१०. इष्ट उत्थान कर्म-बल-वीर्य पुरुषकार-पराक्रम।
११. इष्ट-स्वरता, १२. कान्त-स्वरता,
१३. प्रिय-स्वरता, १४. मनोज्ञ-स्वरता।

जो पुद्गलकाया पुद्गलों का, पुद्गल-परिणाम का या स्वाभाविक पुद्गलों के परिणाम का वेदन करता है,
अथवा उनके उदय से शुभनामकर्म का वेदन करता है,
गौतम ! यह शुभनामकर्म है।
हे गौतम ! जीव के द्वारा बद्ध यावत् पुद्गल परिणाम को प्राप्त करके शुभनामकर्म का यह चौदह प्रकार का अनुभाव (फल) कहा गया है।

प्र. (ख) भंते ! जीव के द्वारा बद्ध यावत् पुद्गल परिणाम को प्राप्त करके अशुभनामकर्म का कितने प्रकार का अनुभाव (फल) कहा गया है ?

उ. गौतम ! पूर्ववत् चौदह प्रकार का है।
विशेष–पूर्व से विपरीत अनिष्ट शब्द यावत् हीन-स्वरता, दीन-स्वरता, अनिष्ट-स्वरता और अकान्त-स्वरता रूप है।
जो पुद्गल आदि का वेदन करता है उसी प्रकार यावत् चौदह प्रकार का अनुभाव फल कहा गया है।

प्र. ७. (क) भंते ! जीव के द्वारा बद्ध यावत् पुद्गल परिणाम को प्राप्त करके उच्चगोत्रकर्म का कितने प्रकार का अनुभाव (फल) कहा गया है ?

उ. गौतम ! जीव के द्वारा बद्ध यावत् पुद्गल परिणाम को प्राप्त करके उच्चगोत्रकर्म का आठ प्रकार का अनुभाव (फल) कहा गया है, यथा–

१. जाति-विशिष्टता, २. कुल-विशिष्टता,
३. बल-विशिष्टता, ४. रूप-विशिष्टता,
५. तप-विशिष्टता, ६. श्रुत-विशिष्टता,
७. लाभ-विशिष्टता, ८. ऐश्वर्य-विशिष्टता।

जो पुद्गल का या पुद्गलों का, पुद्गलपरिणाम का या स्वाभाविक पुद्गलों के परिणाम का वेदन करता है,
अथवा उनके उदय से उच्च गोत्र कर्म का वेदन करता है,
गौतम ! यह उच्चगोत्र कर्म है।
हे गौतम ! जीव के द्वारा बद्ध यावत् पुद्गल परिणाम को प्राप्त करके उच्चगोत्र कर्म का यावत् यह आठ प्रकार का अनुभाव (फल) कहा गया है।

प. (ख) णीयागोयस्स णं भंते ! कम्मस्स जीवेणं बद्धस्स जाव पोग्गलपरिणामं पप्प कइविहे अणुभावे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! **एवं चेव।**
णवरं–जाइविहीणया **जाव** इस्सरियविहीणया।

जं वेदेइ, **सेसं तं चेव जाव** अट्ठविहे अणुभावे पण्णत्ते।

प. ८. अंतराइयस्स णं भंते ! कम्मस्स जीवेणं बद्धस्स **जाव** पोग्गलपरिणामं पप्प कइविहे अणुभावे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! अंतराइयस्स णं कम्मस्स जीवेणं बद्धस्स **जाव** पोग्गल परिणामं पप्प पंचविहे अणुभावे पण्णत्ते, तं जहा–

१. दाणंतराए, २. लाभंतराए,
३. भोगंतराए, ४. उवभोगंतराए,
५. वीरियंतराए।

जं वेदेइ पोग्गलं वा, पोग्गले वा, पोग्गलपरिणामं वा, वीससा वा, पोग्गलाणं परिणामं।
तेसिं वा उदएणं अंतराइयं कम्मं वेदेइ।
एस णं गोयमा ! अंतराइए कम्मे।
एस णं गोयमा ! अंतराइयस्स णं कम्मस्स जीवेणं बद्धस्स **जाव** पोग्गल परिणामं पप्प पंचविहे अणुभावे पण्णत्ते। –*पण्ण. प. २३, उ. १, सु. १६७१-१६८६*

सिद्धाणऽणन्तभागो य, अणुभागा हवन्ति उ।
सव्वेसु वि पएसग्गं, सव्वजीवेसु इच्छियं॥

तम्हा एएसिं कम्माणं अणुभागे वियाणिया।
एएसिं संवरे चेव खवणे य जए बुहे॥
–*उत्त. अ. ३३, गा. २४-२५*

प्र. (ख) भंते ! जीव के द्वारा बद्ध **यावत्** पुद्गल परिणाम को प्राप्त करके नीचगोत्रकर्म का कितने प्रकार का अनुभाव (फल) कहा गया है ?

उ. गौतम ! **पूर्ववत् आठ प्रकार का है।**
विशेष–पूर्व से विपरीत जातिविहीनता **यावत्** ऐश्वर्यविहीनता रूप है।
जो पुद्गल आदि का वेदन करता है **उसी प्रकार यावत्** आठ प्रकार का अनुभाव (फल) कहा गया है।

प्र. ८. भंते ! जीव के द्वारा बद्ध **यावत्** पुद्गल परिणाम को प्राप्त करके अन्तरायकर्म का कितने प्रकार का अनुभाव (फल) कहा गया है ?

उ. गौतम ! जीव के द्वारा बद्ध **यावत्** पुद्गल परिणाम को प्राप्त करके अन्तरायकर्म का पांच प्रकार का अनुभाव (फल) कहा गया है, यथा–

१. दानान्तराय, २. लाभान्तराय,
३. भोगान्तराय, ४. उपभोगान्तराय,
५. वीर्यान्तराय।

जो पुद्गल का या पुद्गलों का, पुद्गल-परिणाम का या स्वाभाविक पुद्गलों के परिणाम का वेदन करता है,
अथवा उनके उदय से जो अन्तरायकर्म का वेदन करता है।
हे गौतम ! यह अन्तराय-कर्म है।
हे गौतम ! जीव के द्वारा बद्ध **यावत्** पुद्गल परिणाम को प्राप्त करके अन्तरायकर्म का यह पाँच प्रकार का अनुभाव (फल) कहा गया है।

कर्मों के अनुभाग सिद्धों के अनन्तवें भाग जितने हैं तथा समस्त अनुभागों का प्रदेश-परिणाम समस्त जीवों से भी अधिक है।
अतः इन कर्मों के अनुभागों को जानकर बुद्धिमान् इनका संवर और क्षय करने का प्रयत्न करें।

१५७. उदिण्ण-उवसंतमोहणिज्जस्स जीवस्स उवट्ठावण अवक्कमणाइ परूवणं–

प. जीवे णं भंते ! मोहणिज्जेणं कडेणं कम्मेणं उदिण्णेणं उवट्ठाएज्जा ?

उ. हंता, गोयमा ! उवट्ठाएज्जा।

प. से भंते ! किं वीरियत्ताए उवट्ठाएज्जा, अवीरियत्ताए उवट्ठाएज्जा ?

उ. गोयमा ! वीरियत्ताए उवट्ठाएज्जा, नो अवीरियत्ताए उवट्ठाएज्जा।

प. जइ वीरियत्ताए उवट्ठाएज्जा किं बालवीरियत्ताए उवट्ठाएज्जा, पंडियवीरियत्ताए उवट्ठाएज्जा, बाल पंडियवीरियत्ताए उवट्ठाएज्जा ?

उ. गोयमा ! बालवीरियत्ताए उवट्ठाएज्जा, णो पंडियवीरियत्ताए उवट्ठाएज्जा, णो बाल-पंडियवीरियत्ताए उवट्ठाएज्जा।

१५७. उदीर्ण-उपशांत मोहनीय कर्म वाले जीव के उपस्थापनादि का प्ररूपण–

प. भंते ! (पूर्व) कृत मोहनीय कर्म जब उदीर्ण (उदय में आया) हुआ हो, तब जीव उपस्थान (परलोक की क्रिया के लिए उद्यम) करता है ?

उ. हाँ, गौतम ! वह उद्यम करता है।

प्र. भंते ! क्या जीव सवीर्य होकर उपस्थान करता है या अवीर्य होकर उपस्थान करता है ?

उ. गौतम ! जीव वीर्यता से उपस्थान करता है, अवीर्यता से उपस्थान नहीं करता है।

प्र. यदि जीव वीर्यता से उपस्थान करता है, तो क्या बालवीर्यता से, पण्डितवीर्यता से या बाल-पण्डितवीर्यता से उपस्थान करता है ?

उ. गौतम ! वह बालवीर्यता से उपस्थान करता है, किन्तु पण्डितवीर्यता से या बालपण्डितवीर्यता से उपस्थान नहीं करता है।

प. जीवे णं भंते ! मोहणिज्जेणं कडेणं कम्मेणं उदिण्णेणं अवक्कमेज्जा ?

उ. हंता, गोयमा ! अवक्कमेज्जा।

प. से भंते ! किं बालवीरियत्ताए अवक्कमेज्जा पंडियवीरियत्ताए अवक्कमेज्जा, बालपंडियवीरियत्ताए अवक्कमेज्जा ?

उ. गोयमा ! बालवीरियत्ताए अवक्कमेज्जा, नो पंडियवीरियत्ताए अवक्कमेज्जा, सिय बाल-पंडियवीरियत्ताए अवक्कमेज्जा।

जहा उदिण्णेणं दो आलावगा तहा उवसंतेण वि दो आलावगा भाणियव्वा।

णवरं-उवट्ठाएज्जा पंडियवीरियत्ताए अवक्कमेज्जा बाल-पंडियवीरियत्ताए।

प. से भंते ! किं आयाए अवक्कमए, अणायाए अवक्कमए ?

उ. गोयमा ! आयाए अवक्कमइ, णो अणायाए अवक्कमइ।

प. मोहणिज्जं कम्मं वेएमाणे से कहमेयं भंते ! एवं ?

उ. गोयमा ! पुव्विंसे एयं एवं रोयइ इदाणिं से एयं एवं नो रोयइ, एवं खलु एयं एवं आयाए अवक्कमइ णो अणायाए अवक्कमइ। *-विया. स. १, उ. ४, सु. २-५*

प्र. भंते ! (पूर्व) कृत (उपार्जित) मोहनीय कर्म जब उदय में आया हो, तब क्या जीव अपक्रमण (पतन) करता है ?

उ. हां, गौतम ! अपक्रमण करता है।

प्र. भंते ! वह बालवीर्य से, पण्डितवीर्य से या बालपण्डितवीर्य से अपक्रमण करता है ?

उ. गौतम ! वह बालवीर्य से अपक्रमण करता है, पण्डितवीर्य से अपक्रमण नहीं करता है, कदाचित् बालपण्डितवीर्य से अपक्रमण करता है।

जैसे उदीर्ण (उदय में आए हुए) पद के साथ दो आलापक कहे गए हैं, वैसे ही "उपशान्त" पद के साथ भी दो आलापक कहने चाहिए।

विशेष-यहां जीव पण्डितवीर्य से उपस्थान करता है और बालपण्डितवीर्य से अपक्रमण करता है।

प्र. भंते ! क्या जीव अपने उद्यम से गिरता है या पर उद्यम से गिरता है ?

उ. गौतम ! अपने उद्यम से गिरता है पर के उद्यम से नहीं गिरता है।

प्र. भंते ! मोहनीय कर्म को वेदता हुआ वह (जीव) क्यों अपक्रमण करता है ?

उ. गौतम ! पहले उसे जिनेन्द्र द्वारा कथित तत्व रुचता था और इस समय उसे इस प्रकार नहीं रुचता है। इस कारण इस समय ऐसा होता है कि अपने उद्यम से गिरता है पर-उद्यम से नहीं गिरता है।

१५८. खीणमोहस्स कम्मपगडीवेयण परूवणं-

खीणमोहे णं भगवं मोहणिज्जवज्जाओ सत्त कम्मपगडीओ वेएई। *-सम. सम. ७, सु. ६*

१५८. क्षीणमोही के कर्मप्रकृतियों के वेदन का प्ररूपण-

क्षीणमोही भगवान् (१२वें गुणस्थानवर्ती) मोहनीय कर्म को छोड़कर शेष सात कर्म प्रकृतियों का वेदन करते हैं।

१५९. खीणमोहस्सकम्मक्खयपरूवणं-

खीणमोहस्स णं अरहओ तओ कम्मंसा जुगवं खिज्जंति, तं जहा-

१. णाणावरणिज्जं, २. दंसणावरणिज्जं,
३. अंतराइयं। *-ठाणं. अ. ३, उ. ४, सु. २२६*

१५९. क्षीणमोही के कर्मक्षय का प्ररूपण-

क्षीणमोही अर्हन्त के तीन कर्मांश (कर्मप्रकृतियां) एक साथ क्षय होते हैं, यथा-

१. ज्ञानावरणीय, २. दर्शनावरणीय,
३. अन्तराय।

१६०. पढम समयजिणस्स कम्मक्खय परूवणं-

पढमसमयजिणस्स णं चत्तारि कम्मंसा खीणा भवंति, तं जहा-

१. णाणावरणिज्जं, २. दंसणावरणिज्जं,
३. मोहणिज्जं, ४. अंतराइयं। *-ठाणं. अ. ४, उ. १, सु. २६८*

१६०. प्रथम समय जिन भगवन्त के कर्म क्षय का प्ररूपण-

प्रथम-समय जिनभगवन्त के चार कर्मांश क्षीण होते हैं, यथा-

१. ज्ञानावरणीय, २. दर्शनावरणीय,
३. मोहनीय, ४. अंतराय।

१६१. पढम समय सिद्धस्स कम्मक्खय परूवणं-

पढमसमयसिद्धस्स णं चत्तारि कम्मंसा जुगवं खिज्जंति, तं जहा-

१. वेयणिज्जं, २. आउयं,
३. णामं, ४. गोयं, *-ठाणं. अ. ४, उ. १, सु. २६८*

१६१. प्रथम समय सिद्ध के कर्म क्षय का प्ररूपण-

प्रथम समय सिद्ध के चार कर्मांश एक साथ क्षीण होते हैं, यथा-

१. वेदनीय, २. आयु,
३. नाम, ४. गोत्र।

१६२. जीव-चउवीसदंडएसु अट्ठण्हं कम्मपगडीणं अविभाग पलिच्छेदा आवेढण परिवेढण य–

प. नाणावरणिज्जस्स णं भंते ! कम्मस्स–
केवइया अविभागपलिच्छेदा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! अणंताअविभागपलिच्छेदा पण्णत्ता।

प. दं. १. नेरइयाणं भंते ! नाणावरणिज्जस्स कम्मस्स केवइया अविभागपलिच्छेदा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! अणंता अविभागपलिच्छेदा पण्णत्ता।
दं. २-२४. एवं सव्वजीवाणं जाव वेमाणियाणं।

जहा नाणावरणिज्जस्स अविभागपलिच्छेदा भणिया तहा अट्ठण्ह वि कम्मपगडीणं भाणियव्वा जाव १-२४ वेमाणियाणं अंतराइयस्स कम्मस्स।

प. एगमेगस्स णं भंते ! जीवस्स एगमेगे जीवपएसे–
नाणावरणिज्जस्स कम्मस्स केवइएहिं अविभागपलिच्छेदेहिं आवेढिय परिवेढिए सिया ?

उ. गोयमा ! सिय आवेढिय परिवेढिए, सिय नो आवेढिय परिवेढिए।
जइ आवेढिए परिवेढिए नियमा अणंतेहिं।

प. दं. १. एगमेगस्स णं भंते ! नेरइयस्स एगमेगे जीवपएसे–
नाणावरणिज्जस्स कम्मस्स केवइएहिं अविभागपलिच्छेदेहिं आवेढिए परिवेढिए ?

उ. गोयमा ! नियमा अणंतेहिं।

दं. २-२४. जहा नेरइयस्स एवं जाव वेमाणियस्स।

दं. २१. णवरं–मणूसस्स जहा जीवस्स।

प. एगमेगस्स णं भंते ! जीवस्स एगमेगे जीवपएसे–
दरिसणावरणिज्जस्स कम्मस्स केवइएहिं अविभागपलिच्छेदेहिं आवेढिय परिवेढिए ?

उ. गोयमा ! जहेव नाणावरणिज्जस्स तहेव दंडगो भाणियव्वो। जाव वेमाणियस्स

एवं जाव अंतराइयस्स भाणियव्वं।

णवरं–वेयणिज्जस्स, आउयस्स, नामस्स, गोयस्स, एएसिं चउण्ह वि कम्माणं मणूसस्स य जहा नेरइयस्स तहा भाणियव्वं।

सेसं तं चेव। *–विया. स. ८, उ. १०, सु. ३३-४१*

१६२. जीव-चौबीस दंडकों में आठ कर्म प्रकृतियों के अविभाग परिच्छेद और आवेष्टन परिवेष्टन–

प्र. भंते ! ज्ञानावरणीय कर्म के कितने अविभाग-परिच्छेद कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! अनन्त अविभाग-परिच्छेद कहे गए हैं।

प्र. दं. १. भंते ! नैरयिकों में ज्ञानावरणीयकर्म के कितने अविभाग-परिच्छेद कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! अनन्त अविभाग-परिच्छेद कहे गए हैं।
दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिक पर्यन्त सभी जीवों में ज्ञानावरणीयकर्म के अविभाग-परिच्छेद जानना चाहिये।

जिस प्रकार सभी जीवों में ज्ञानावरणीय कर्म के अविभाग-परिच्छेद कहे हैं, उसी प्रकार वैमानिक पर्यन्त सभी जीवों के अन्तराय कर्म तक आठों कर्म प्रकृतियों के अनन्त अविभाग-परिच्छेद कहने चाहिए।

प्र. भंते ! प्रत्येक जीव का एक एक जीवप्रदेश-ज्ञानावरणीय कर्म के कितने अविभाग-परिच्छेदों से आवेष्टित-परिवेष्टित होता है ?

उ. गौतम ! वह कदाचित् आवेष्टित-परिवेष्टित होता है कदाचित् आवेष्टित परिवेष्टित नहीं होता है।
यदि आवेष्टित-परिवेष्टित होता है, तो वह नियमतः अनन्त (अविभाग परिच्छेदों) से होता है।

प्र. दं. १. भंते ! प्रत्येक नैरयिक का एक-एक जीवप्रदेश–
ज्ञानावरणीय कर्म के कितने अविभाग-परिच्छेदों से आवेष्टित-परिवेष्टित होता है ?

उ. गौतम ! वह नियमतः अनन्त अविभाग-परिच्छेदों से आवेष्टित परिवेष्टित होता है।
दं. २-२४. जिस प्रकार नैरयिकों के विषय में कहा, उसी प्रकार वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए,
दं. २१. विशेष–मनुष्य का कथन (औधिक) जीव की तरह करना चाहिए।

प्र. भंते ! प्रत्येक जीव का एक-एक-जीव-प्रदेश–
दर्शनावरणीयकर्म के कितने अविभागपरिच्छेदों से आवेष्टित-परिवेष्टित होता है ?

उ. गौतम ! जैसे ज्ञानावरणीय कर्म के विषय में दण्डक कहा है, उसी प्रकार यहां वैमानिक-पर्यन्त सभी दंडक कहन चाहिए।
इसी प्रकार अन्तराय कर्म पर्यन्त कहना चाहिए।
विशेष–वेदनीय, आयु, नाम और गोत्र इन चार कर्मों के लिए जिस प्रकार नैरयिक जीवों में कथन किया है, उसी प्रकार मनुष्यों के लिए भी कहना चाहिए।
शेष सब वर्णन पूर्वानुसार है।

१६३. कम्माणं पएसग्ग परिमाण परूवणं–

पएसग्ग खेत्तकाले य भावं चउत्तरं सुण॥

सव्वेसिं चेव कम्माणं, पएसग्गमणन्तगं।

गण्ठिय-सत्ताईयं अन्तो सिद्धाण आहियं॥

सव्वजीवाणं कम्मं तु संगहे छद्दिसागयं।

सव्वेसु वि पएसेसु सव्वं सव्वेण बद्धगं॥

–उत्त. अ. ३३, गा. १६(२)–१८

१६४. कम्मट्ठगाणं वण्णाइ परूवणं–

णाणावरणिज्जे जाव **अंतराइए पंच वण्णे, दुगंधे, पंच रसे, चउफासे पण्णत्ते।** *–विया. स. १२, उ. ५, सु. २७*

१६५. वत्थेसु पुग्गलोवचय दिट्ठंतेण जीव-चउवीसदंडएस कम्मोवचय परूवणं–

प. वत्थस्स णं भंते ! पोग्गलोवचए किं पयोगसा, वीससा ?

उ. गोयमा ! पयोगसा वि, वीससा वि।

प. जहा णं भंते ! वत्थस्स णं पोग्गलोवचए पयोगसा वि, वीससा वि,

तहा णं जीवाणं कम्मोवचए किं पयोगसा वीससा ?

उ. गोयमा ! जीवाणं कम्मोवचए पयोगसा, नो वीससा।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

'जीवा णं कम्मोवचए पयोगसा, नो वीससा ?'

उ. गोयमा ! जीवाणं तिविहे पयोगे पण्णत्ते, तं जहा–

१. मणप्पयोगे, २. वइप्पयोगे, ३. कायप्पयोगे।

इच्चेएणं तिविहेणं पयोगेणं जीवाणं कम्मोवचए पयोगसा, नो वीससा।

एवं सव्वेसिं पंचेंदियाणं तिविहे पयोगे भाणियव्वे।

पुढविकाइयाणं एगविहेणं पयोगेणं,

एवं जाव **वणस्सइकाइयाणं।**

विगलिंदियाणं दुविहे पयोगे पण्णत्ते, तं जहा–

१. वइप्पयोगे य, २. कायप्पयोगे य।

इच्चेएणं दुविहेणं पयोगेणं कम्मोवचए पयोगसा, नो वीससा।

१६३. कर्मों के प्रदेशाग्र-परिमाण का प्ररूपण–

अब इनके प्रदेशाग्र (द्रव्य परिमाण) क्षेत्र काल और भाव को सुनो।

एक समय में बंधने वाले समस्त कर्मों का प्रदेशाग्र अनन्त होता है।

वह परिमाण ग्रन्थिभेद न करने वाले अभव्य जीवों के अनन्तगुणा अधिक और सिद्धों के अनन्तवें भाग जितना कहा गया है।

सभी जीव छहों दिशाओं में रहे हुए कर्म पुद्‌गलों को सम्यक् प्रकार से ग्रहण करते हैं।

वे सभी कर्म पुद्‌गल आत्मा के समस्त प्रदेशों के साथ सर्व प्रकार से बद्ध हो जाते हैं।

१६४. आठ कर्मों के वर्णादि का प्ररूपण–

ज्ञानावरणीय कर्म से अंतराय कर्म पर्यन्त पांच वर्ण, दो गंध, पांच रस और चार स्पर्श वाले कहे गये हैं।

१६५. वस्त्र में पुद्‌गलोपचय के दृष्टान्त द्वारा जीव-चौबीस दंडकों में कर्मोपचय का प्ररूपण–

प्र. भंते ! वस्त्र में जो पुद्‌गलों का उपचय होता है, वह क्या प्रयोग (प्रयत्न) से होता है, या स्वाभाविक रूप से होता है ?

उ. गौतम ! वह प्रयोग से भी होता है स्वाभाविक रूप से भी होता है।

प्र. भंते ! जिस प्रकार वस्त्र में पुद्‌गलों का उपचय प्रयोग से और स्वाभाविक रूप से होता है,

तो क्या उसी प्रकार जीवों के कर्मपुद्‌गलों का उपचय भी प्रयोग से और स्वाभाविक रूप से होता है ?

उ. गौतम ! जीवों के कर्मपुद्‌गलों का उपचय प्रयोग से होता है, स्वाभाविक रूप से नहीं होता है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

'जीवों के कर्म पुद्‌गलों का उपचय प्रयोग से होता है, स्वाभाविक रूप से नहीं ?'

उ. गौतम ! जीवों के तीन प्रकार के प्रयोग कहे गए हैं, यथा–

१. मनःप्रयोग, २. वचन प्रयोग, ३. काय प्रयोग।

इन तीन प्रकार के प्रयोगों से जीवों के कर्मों का उपचय प्रयोग से होता है किन्तु स्वाभाविक रूप से नहीं।

इस प्रकार समस्त पंचेन्द्रिय जीवों के तीन प्रकार का प्रयोग कहना चाहिए।

पृथ्वीकायिकों के एक प्रकार के (काय) प्रयोग से कर्मोपचय होता है।

इसी प्रकार वनस्पतिकायिक पर्यन्त कहना चाहिए।

विकलेन्द्रिय जीवों के दो प्रकार के प्रयोग हैं, यथा–

१. वचन-प्रयोग, २. काय-प्रयोग।

इस प्रकार के इन दो प्रयोगों से कर्मोपचय प्रयोग से होता है, स्वाभाविक रूप से नहीं।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
'जीवाणं कम्मोवचए पयोगसा, नो वीससा'॥

एवं जस्स जो पयोगो जाव **वेमाणियाणं।**
–विया. स. ६, उ. ३, सु. ४-५

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
'जीवों के कर्मोपचय प्रयोग से होता है, स्वाभाविक रूप से नहीं होता।'
इस प्रकार जिस जीव के जो प्रयोग हों वे वैमानिक तक कहने चाहिए।

१६६. कम्मोवचयस्स साइ सपज्जवसियाइ परूवणं–

प. वत्थस्स णं भंते ! पोग्गलोवचए–
किं साईए सपज्जवसिए, साईए अपज्जवसिए,
अणाईए सपज्जवसिए, अणाईए अपज्जवसिए?
उ. गोयमा ! वत्थस्स णं पोग्गलोवचए–
साईए सपज्जवसिए, नो साईए अपज्जवसिए, नो अणाईए सपज्जवसिए, नो अणाईए अपज्जवसिए।
प. जहा णं भंते ! वत्थस्स पोग्गलोवचए–
साईए सपज्जवसिए, नो साईए अपज्जवसिए, नो अणाईए सपज्जवसिए, नो अणाईए अपज्जवसिए।
तहा जीवाणं भंते ! कम्मोवचए किं साईए सपज्जवसिए जाव णो अणाईए अपज्जवसिए?
उ. गोयमा ! अत्थेगइयाणं जीवाणं कम्मोवचए साईए सपज्जवसिए,
अत्थेगइयाणं अणाईए सपज्जवसिए,
अत्थेगइयाणं अणाईए अपज्जवसिए,
नो चेव णं जीवाणं कम्मोवचए साईए अपज्जवसिए।
प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
'अत्थेगइयाणं जीवाणं कम्मोवचए साईए सपज्जवसिए **जाव** नो चेव णं जीवाणं कम्मोवचए साईए अपज्जवसिए?'
उ. गोयमा ! इरियावहियाबंधयस्स कम्मोवचए साईए सपज्जवसिए,
भवसिद्धियस्स कम्मोवचए अणाईए सपज्जवसिए,
अभवसिद्धियस्स कम्मोवचए अणाईए अपज्जवसिए।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"अत्थेगइयाणं जीवाणं कम्मोवचए साईए सपज्जवसिए **जाव** नो चेव णं जीवाणं कम्मोवचए साईए अपज्जवसिए।" *–विया. स. ६, उ. ३, सु. ६-७*

१६६. कर्मोपचय की सादि सान्तता आदि का प्ररूपण–

प्र. भंते ! वस्त्र में पुद्‌गलों का जो उपचय होता है,
क्या वह सादि सान्त है, सादि अनन्त है, अनादि सान्त है, या अनादि अनन्त है?
उ. गौतम ! वस्त्र में पुद्‌गलों का जो उपचय है, वह सादि सान्त है, किन्तु न तो वह सादि अनन्त है, न अनादि सान्त है और न अनादि अनन्त है।
प्र. भंते ! जिस प्रकार वस्त्र में पुद्‌गलोपचय सादि-सान्त है, किन्तु सादि-अनन्त, अनादि-सान्त और अनादि-अनन्त नहीं है,
भंते ! क्या उसी प्रकार जीवों का कर्मोपचय भी सादि-सान्त है **यावत्** अनादि-अनन्त नहीं है?
उ. गौतम ! कितने ही जीवों का कर्मोपचय सादि-सान्त है,
कितने ही जीवों का कर्मोपचय अनादि-सान्त है,
कितने ही जीवों का कर्मोपचय अनादि-अनन्त है,
किन्तु कोई भी जीवों का कर्मोपचय सादि अनन्त नहीं होता है।
प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
'कितने ही जीवों का कर्मोपचय सादि सान्त है **यावत्** कोई भी जीवों का कर्मोपचय सादि अनन्त नहीं होता है?'
उ. गौतम ! ईर्यापथिक-बन्धक का कर्मोपचय सादि-सान्त है,
भवसिद्धिक जीवों का कर्मोपचय अनादि-सान्त है,
अभवसिद्धिक जीवों का कर्मोपचय अनादि-अनन्त है।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
'कितने ही जीवों का कर्मोपचय सादि सान्त है **यावत्** कोई भी जीवों का कर्मोपचय सादि अनन्त नहीं होता है।'

१६७. चउवीसदंडएसु महाकम्म-अप्पकम्मतराइकारणपरूवणं–

प. दं. १. दो भंते ! नेरइया एगंसि नेरइयावासंसि नेरइयत्ताए उववन्ना,
तत्थ णं एगे नेरइए महाकम्मतराए चेव महाकिरियतराए चेव, महासवतराए चेव, महावेयणतराए चेव,
एगे नेरइए अप्पकम्मतराए चेव, अप्पकिरियतराए चेव, अप्पासवतराए चेव, अप्पवेयणतराए चेव।
से कहमेयं भंते ! एवं?

१६७. चौबीसदंडकों में महाकर्म अल्पकर्मत्व आदि के कारणों का प्ररूपण–

प्र. **दं. १.** भंते ! दो नैरयिक एक ही नरकावास में नैरयिकरूप से उत्पन्न हुए
उनमें से एक नैरयिक महाकर्म वाला, महाक्रियावाला, महाश्रव वाला और महावेदना वाला होता है,
एक नैरयिक अल्पकर्म वाला, अल्पक्रियावाला, अल्पाश्रव वाला और अल्पवेदना वाला होता है।
भंते ! ऐसा क्यों?

उ. गोयमा ! नेरइया दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. मायिमिच्छद्दिट्ठिउववन्नगा य,

२. अमायिसम्मद्दिट्ठिउववन्नगा य।

१. तत्थ णं जे से मायिमिच्छद्दिट्ठिउववन्नए नेरइए से णं महाकम्मतराए चेव **जाव** महावेयणतराए चेव,

२. तत्थ णं जे से अमायिसम्मद्दिट्ठिउववन्नए नेरइए से णं अप्पकम्मतराए चेव **जाव** अप्पवेयणतराए चेव।

दं. २-११. एवं असुरकुमारा वि जाव थणियकुमारा।

एवं एगिंदिय-विगलिंदियवज्जा (२०-२४) जाव वेमाणिया।

(एगिंदिय विगलिंदिया महाकम्मतरागा जाव **महावेयणतरागा)** *–विया. स. १८, उ. ५, सु. ५-७*

उ. गौतम ! नैरयिक दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा–

१. मायी-मिथ्यादृष्टि-उपपन्नक,

२. अमायी-सम्यग्दृष्टि-उपपन्नक।

१. इनमें से जो मायी-मिथ्यादृष्टि-उपपन्नक नैरयिक है वह महाकर्म वाला **यावत्** महावेदना वाला होता है,

२. इनमें से जो अमायी-सम्यग्दृष्टि-उपपन्नक नैरयिक है, वह अल्पकर्म वाला **यावत्** अल्पवेदना वाला होता है।

दं. २-११. इसी प्रकार (पूर्ववत्) असुरकुमारों से स्तनितकुमारों पर्यन्त जानना चाहिए।

इसी प्रकार एकेन्द्रिय और विकलेन्द्रियों को छोड़कर (२०-२४) वैमानिकों तक जानना चाहिए।

(एकेन्द्रिय और विकलेन्द्रिय महाकर्म वाले यावत् महावेदना वाले होते हैं।)

१६८. तुंब दिट्ठंतेण जीवाणं गरुयत्त लहुयत्तं कारण परूवणं–

प. कहं णं भंते ! जीवा गरुयत्तं वा लहुयत्तं वा हव्वमागच्छंति?

उ. गोयमा ! से जहानामए केइ पुरिसे एगं महं तुंबं णिच्छिद्दं निरुवहयं दब्भेहिं कुसेहिं वेढेइ, वेढित्ता मट्टियालेवेणं लिंपइ उण्हे दलयइ दलइत्ता सुक्कं समाणं दोच्चं पि दब्भेहिं य कुसेहिं य वेढेइ वेढित्ता मट्टियालेवेणं लिंपइ, लिंपित्ता उण्हे सुक्कं समाणं तच्चं पि दब्भेहिं य कुसेहिं य वेढेइ वेढित्ता मट्टियालेवेणं लिंपइ।

एवं खलु एएणुवाएणं अंतरा वेढेमाणे, अंतरा लिंपेमाणे, अंतरा सुक्कवेमाणे **जाव** अट्ठहिं मट्टियालेवेहिं आलिंपइ, अत्थाहमतारमपोरिसियंसि उदगंसि पक्खिवेज्जा।

से णूणं गोयमा ! से तुंबे तेसिं अट्ठण्हं मट्टियालेवेणं गरुयत्ताए भारियत्ताए गरुयभारियत्ताए उप्पिं सलिलमइवइत्ता अहे धरणियलपइट्ठाणे भवइ।

एवामेव गोयमा ! जीवा वि पाणाइवाएणं **जाव** मिच्छादंसणसल्लेणं अणुपुव्वेणं अट्ठकम्मपगडीओ समज्जिणंति। तासिं गरुयाए भारिययाए गरुयभारिययाए कालमासे कालं किच्चा धरणियलमइवइत्ता अहे नरगतलपइट्ठाणा भवंति, एवं खलु गोयमा ! जीवा गरुयत्तं हव्वमागच्छंति।

अह णं गोयमा ! से तुंबे तेसिं पढमिल्लुगंसि मट्टियालेवंसि तित्तंसि कुहियंसि परिसाडियंसि ईसिं धरणितलाओ उप्पइत्ता णं चिट्ठइ।

तयाणतरं च णं दोच्चं पि मट्टियालेवे तित्तेकुहिए परिसडिए ईसिं धरणियलाओ उप्पइत्ता णं चिट्ठइ, एवं खलु एएणं उवाएणं तेसु अट्ठसु मट्टियालेवेसु तित्तेसु

१६८. तुम्ब के दृष्टांत से जीवों के गुरुत्व लघुत्व के कारणों का प्ररूपण–

प्र. भंते ! किस कारण से जीव गुरुता और लघुता को प्राप्त करते हैं?

उ. गौतम ! जैसे कोई एक पुरुष एक बड़े सूखे छिद्ररहित और अखंड तुंबे को दर्भ (डाभ) से और कुश (दूब) से लपेटे और लपेटकर मिट्टी के लेप से लीपे फिर धूप में रखे और धूप में रखने से सूख जाने पर दूसरी बार दर्भ और कुश से लपेटे, लपेटकर फिर मिट्टी के लेप से लीपे, लीप कर धूप में सूख जाने पर तीसरी बार दर्भ और कुश लपेटे और लपेट कर मिट्टी का लेप चढ़ा दे।

इस प्रकार इस क्रम से बीच-बीच में दर्भ और कुश लपेटते मिट्टी से लीपते और सुखाते हुए **यावत्** आठ मिट्टी के लेप उस तुंबे पर चढ़ाते हैं। फिर अथाह (जिसे तिरा न जा सके) और अपौरुषिक (जिसे पुरुष की ऊंचाई से नापा न जा सके) जल में डाल दिया जाय तो–

निश्चय ही हे गौतम ! वह तुंबा मिट्टी के आठ लेपों के कारण गुरुता एवं भारीपन को प्राप्त होकर पानी के ऊपरीतल को छोड़कर नीचे धरती के तल भाग में स्थित हो जाता है।

इसी प्रकार हे गौतम ! जीव भी प्राणातिपात **यावत्** मिथ्या-दर्शन शल्य से अर्थात् अठारह पापस्थानकों के सेवन से क्रमशः आठ कर्म प्रकृतियों का उपार्जन करते हैं। उन कर्मप्रकृतियों की गुरु और भारीपन के कारण गुरुता और भारी होकर मृत्यु के समय मृत्यु को प्राप्त कर इस पृथ्वी तल को लांघ कर नीचे नरक तल में स्थित होते हैं, इस प्रकार गौतम ! जीव शीघ्र गुरुत्व को प्राप्त होते हैं।

अब हे गौतम ! उस तुंबे का ऊपर का मिट्टी का लेप गीला हो जाय, गल जाय और परिशिष्ट (नष्ट) हो जाय तो वह तुंबा पृथ्वीतल से कुछ ऊपर आकर ठहरता है।

तदनन्तर दूसरा मृत्तिकालेप गीला हो जाय, गल जाय और हट जाय तो तुंबा पृथ्वीतल से कुछ और ऊपर ठहरता है। इसी प्रकार उन आठों मृत्तिकालेपों के गीले हो जाने पर

जाव विमुक्कबंधणे अहे धरणियलमइवइत्ता उप्पिं सलिलतलपइट्ठाणे भवइ।

एवामेव गोयमा ! जीवा पाणाइवायवेरमणेणं **जाव** मिच्छदंसणसल्लवेरमणेणं अणुपुव्वेणं अट्ठकम्म-पगडीओ खवेत्ता गगणतलमुप्पइत्ता उप्पिं लोयग्गपइट्ठाणा भवंति।

एवं खलु गोयमा ! जीवा लहुयत्तं हव्वमागच्छंति।

–णाया. सु. १, अ. ६, सु. ४-७

यावत् हट जाने पर तुंबा निर्लेप बंधनमुक्त होकर धरणीतल को छोड़कर जल के सतह पर आकर स्थित हो जाता है।

इसी प्रकार हे गौतम ! प्राणातिपातविरमण **यावत्** मिथ्या-दर्शनशल्यविरमण से जीव क्रमशः आठ कर्मप्रकृतियों का क्षय करके ऊपर आकाशतल की ओर उड़कर लोकाग्र भाग में स्थित हो जाते हैं।

इस प्रकार हे गौतम ! जीव शीघ्र लघुत्व को प्राप्त करते हैं।

१६९. चरमाचरमं पडुच्च जीव चउवीसदंडएसु महाकम्मतराइ परूवणं–

प. दं. १. अत्थि णं भंते ! चरमा वि नेरइया, परमा वि नेरइया ?

उ. गोयमा ! हंता, अत्थि।

प. से नूणं भंते ! चरिमेहिंतो नेरइएहिंतो परमा नेरइया महाकम्मतरा चेव, महाकिरियतरा चेव, महास्सवतरा चेव, महावेयणतरा चेव,

परमेहिंतो वा नेरइएहिंतो चरमा नेरइया अप्पकम्मतरा चेव, अप्पकिरियतरा चेव, अप्पास्सवतरा चेव, अप्पवेयणतरा चेव ?

उ. हंता, गोयमा ! चरमेहिंतो नेरइएहिंतो परमा नेरइया महाकम्मतरा चेव **जाव** महावेयणतरा चेव, परमेहिंतो वा नेरइएहिंतो चरमा नेरइया अप्पकम्मतरा चेव **जाव** अप्पवेयणतरा चेव।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

'चरमेहिंतो नेरइएहिंतो परमा नेरइया महाकम्मतरा चेव **जाव** महावेयणतरा चेव, परमेहिंतो वा नेरइएहिंतो चरमा नेरइया अप्पकम्मतरा चेव **जाव** अप्पवेयणतरा चेव ?

उ. गोयमा ! ठिइं पडुच्च।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

'**जाव** अप्पवेयणतरा चेव।'

प. दं. २. अत्थि णं भंते ! चरमा वि असुरकुमारा, परमा वि असुरकुमारा ?

उ. गोयमा ! **एवं चेव।**

णवरं–विवरीयं भाणियव्वं परमा अप्पकम्मतरा चेव, अप्पकिरियतरा चेव, अप्पास्सवतरा चेव अप्पवेयणतरा चेव,

चरमा महाकम्मतरा चेव, महाकिरियतरा चेव, महास्सवतरा चेव, महावेयणतरा चेव।

दं. ३-११. एवं जाव **थणियकुमारा।**

दं. १२-२१. **पुढविकाइया** जाव **मणुस्सा** एए जहा नेरइया।

२२-२४. **वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणिया** जहा असुरकुमारा।

–विया. स. १९, उ. ५, सु. १-५

१६९. चरमाचरम की अपेक्षा जीव-चौबीसदंडकों में महाकर्मत्वादि का प्ररूपण–

प्र. दं. १. भंते ! क्या नैरयिक चरम (अल्प आयु वाले) भी हैं और परम (उत्कृष्ट आयु वाले) भी हैं ?

उ. हां, गौतम ! (वे चरम भी हैं और परम भी) हैं।

प्र. भंते ! क्या चरम नैरयिकों से परम नैरयिक महाकर्म वाले, महाक्रिया वाले, महाश्रव वाले और महावेदना वाले हैं ?

परम नैरयिकों से चरम नैरयिक अल्पकर्म वाले, अल्पक्रिया वाले, अल्पाश्रव वाले और अल्पवेदना वाले हैं ?

उ. हां, गौतम ! चरम नैरयिकों से परम नैरयिक महाकर्म वाले **यावत्** महावेदना वाले हैं, परम नैरयिकों से चरम नैरयिक अल्पकर्म वाले **यावत्** अल्पवेदना वाले हैं।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

'चरम नैरयिकों से परम नैरयिक महाकर्म वाले **यावत्** महावेदना वाले हैं और परम नैरयिकों से चरम नैरयिक अल्पकर्म वाले **यावत्** अल्पवेदना वाले हैं ?

उ. गौतम ! स्थिति (आयु) की अपेक्षा से ऐसा कहा है।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

यावत् "अल्पवेदना वाले हैं।"

प्र. दं. २. भंते ! क्या असुरकुमार चरम भी हैं और परम भी हैं ?

उ. हां, गौतम ! **वे इसी प्रकार (दोनों) हैं।**

विशेष–यहां पूर्वकथन से विपरीत कहना चाहिए कि परम असुरकुमार अल्प कर्म वाले, अल्पक्रिया वाले, अल्पाश्रव वाले और अल्पवेदना वाले हैं,

चरम असुरकुमार महाकर्म वाले, महाक्रिया वाले, महाश्रव वाले और महावेदना वाले हैं।

दं. ३-११. इसी प्रकार स्तनितकुमार पर्यन्त जानना चाहिए।

दं. १२-२१. पृथ्वीकायिकों से मनुष्यों पर्यन्त नैरयिकों के समान समझना चाहिए।

२२-२४. वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिकों का कथन असुरकुमारों के समान करना चाहिए।

१७०. अप्पमहाकम्माइजुत्त जीवस्स बज्झाइ पुग्गलाणं परिणमनं–

प. से नूणं भंते ! महाकम्मस्स महाकिरियस्स महासवस्स महावेयणस्स–
सव्वओ पोग्गला बंज्झंति,
सव्वओ पोग्गला चिज्जंति,
सव्वओ पोग्गला उवचिज्जंति,
सया समितं च णं पोग्गला बज्झंति,
सया समितं पोग्गला चिज्जंति,
सया समितं पोग्गला उवचिज्जंति,
सया समितं च णं तस्स आया दुरूवत्ताए दुवण्णत्ताए दुगंधत्ताए दुरसत्ताए दुफासत्ताए अणिट्ठत्ताए अकंतत्ताए अप्पियत्ताए असुभत्ताए अमणुण्णत्ताए अमणामत्ताए अणिच्छियत्ताए अभिज्झियत्ताए, अहत्ताए, नो उड्ढत्ताए, दुक्खत्ताए, नो सुहत्ताए भुज्जो-भुज्जो परिणमइ ?

उ. गोयमा ! महाकम्मस्स **जाव** सव्वओ पोग्गला उवचिज्जंति **जाव** नो उड्ढत्ताए, दुक्खत्ताए, नो सुहत्ताए भुज्जो-भुज्जो परिणमइ।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"महाकम्मस्स **जाव** सव्वओ पोग्गला उवचिज्जंति **जाव** नो उड्ढत्ताए, दुक्खत्ताए, नो सुहत्ताए भुज्जो-भुज्जो परिणमइ ?"

उ. गोयमा ! से जहानामए वत्थस्स अहतस्स वा, धोतस्स वा, तंतुग्गतस्स वा आणुपुव्वीए परिभुज्जमाणस्स–
सव्वओ पोग्गला बज्झंति **जाव** परिणमंति।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"महाकम्मस्स **जाव** सव्वओ पोग्गला उवचिज्जंति **जाव** नो उड्ढत्ताए, दुक्खत्ताए, नो सुहत्ताए भुज्जो-भुज्जो परिणमंति।"

प. से नूणं भंते ! अप्पकम्मस्स अप्पकिरियस्स अप्पासवस्स अप्पवेयणस्स–
सव्वओ पोग्गला भिज्जंति,
सव्वओ पोग्गला छिज्जंति,
सव्वओ पोग्गला विद्धंसंति,
सव्वओ पोग्गला परिविद्धंसंति,
सया समितं पोग्गला भिज्जंति, छिज्जंति, विद्धंसंति परिविद्धंसंति,
सया समितं च णं तस्स आया सुरूवत्ताए[1] **जाव** सुहत्ताए, नो दुक्खत्ताए भुज्जो-भुज्जो परिणमइ ?

१७०. अल्पमहाकर्मादि युक्त जीव के बंधादि पुद्गलों का परिणमन–

प्र. भंते ! क्या निश्चय ही महाकर्म वाले, महाक्रिया वाले, महाश्रव वाले और महावेदना वाले जीव के
सर्वतः (सब दिशाओं से) पुद्गलों का बन्ध होता है ?
सर्वतः पुद्गलों का चय होता है ?
सर्वतः पुद्गलों का उपचय होता है ?
सदा सतत पुद्गलों का बन्ध होता है ?
सदा सतत पुद्गलों का चय होता है ?
सदा सतत पुद्गलों का उपचय होता है ?
क्या सदा निरन्तर उसकी आत्मा दुरूपता, दुर्वर्णता, दुर्गन्धता, दुःरसता, दुःस्पर्शता, अनिष्टता, अकान्तता, अप्रियता, अशुभता, अमनोज्ञता, अमनामता, अनिच्छयता, अधमता, अनूर्ध्वता, दुःखता, असुखता के रूप में बार-बार परिणत होता है ?

उ. हां, गौतम ! महाकर्मादि वाले जीव के **यावत्** सर्वतः पुद्गलों का उपचय होता है **यावत्** अनूर्ध्वता, दुःखता, असुखता के रूप में बार-बार परिणत होता है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि –
"महाकर्मादि वाले जीव के **यावत्** सर्वतः पुद्गलों का उपचय होता है **यावत्** अनूर्ध्वता, दुःखता और असुखता के रूप में बार-बार परिणत होती है ?

उ. गौतम ! जैसे कोई आहत (जो न पहना गया) (धौत) धोया हुआ, तन्तुगत करधे से बुनकर उतरा हुआ वस्त्र क्रमशः उपयोग में लिया जाता है, तो उसके पुद्गल सब ओर से बंधते हैं **यावत्** परिणत हो जाते हैं अर्थात् कालान्तर में वह वस्त्र मसौते जैसे अत्यन्त मैला और दुर्गन्धित रूप में परिणत हो जाता है।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"महाकर्मादि वाले जीव के **यावत्** सर्वतः पुद्गलों का उपचय होता है **यावत्** अनूर्ध्वता, दुःखता और असुखता के रूप में बार-बार परिणत होता है।

प्र. भंते ! क्या निश्चय ही अल्पकर्म वाले, अल्पक्रिया वाले, अल्प-आश्रव वाले और अल्पवेदना वाले जीव के
सर्वतः पुद्गल भिन्न हो जाते हैं ?
सर्वतः पुद्गल छिन्न होते हैं ?
सर्वतः पुद्गल विध्वस्त होते हैं ?
सर्वतः पुद्गल समग्ररूप से ध्वस्त होते हैं ?
क्या सदा सतत पुद्गल भिन्न, छिन्न, विध्वस्त और परिविध्वस्त होते हैं ?
क्या सदा निरन्तर उसकी आत्मा **यावत्** सुखरूप और अदुःखरूप में बार-बार परिणत होती है ?

---

१. पसत्थं नेयव्व-महाकर्म में दुरूपता **यावत्** दुखतर का कथन किया किन्तु यहां विलोम शब्द सुरूपता **यावत्** सुखरूपता आदि ग्रहण करें।

उ. गोयमा ! अप्पकम्मस्स जाव सव्वओ पोग्गला परिविद्धंसंति जाव नो दुक्खत्ताए भुज्जो-भुज्जो परिणमइ।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

"अप्पकम्मस्स जाव सव्वओ पोग्गला परिविद्धंसंति जाव नो दुक्खत्ताए भुज्जो-भुज्जो परिणमइ ?"

उ. गोयमा ! से जहानामए वत्थस्स जल्लियस्स वा, पंकित्तस्स वा, महलियस्स वा, रइल्लियस्स वा, आणुपुव्वीए परिकम्मिज्जमाणस्स सुद्धेण वारिणा धोव्वमाणस्स सव्वओ पोग्गला भिज्जंति जाव परिणमंति।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

"अप्पकम्मस्स जाव सव्वओ पोग्गला परिविद्धंसंति जाव नो भुज्जो-भुज्जो परिणमइ।

–विया. स. ६, उ. ३, सु. २-३

उ. हां गौतम ! अल्पकर्म वाले जीव के **यावत्** सर्वतः पुद्गल पूर्णरूप से विध्वंस होते हैं **यावत्** (उसकी आत्मा) अदुःखता के रूप में बार-बार परिणत होती है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

"अल्पकर्म वाले जीव के **यावत्** सर्वतः पुद्गल पूर्ण रूप से विध्वंस होते हैं **यावत्** अदुःखता के रूप में बार-बार परिणत होती है ?

उ. गौतम ! जैसे कोई जल्लित (मैला) (पंकित) कीचड़ से सना मैलसहित या धूल से भरे वस्त्र को क्रमशः साफ करने का उपक्रम किया जाए, शुद्ध पानी से धोया जाए तो उस पर लगे हुए मैले–अशुभ पुद्गल सब ओर से भिन्न होने लगते हैं **यावत्** परिणत हो जाते हैं,

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

"अल्पकर्मादि वाले जीव के **यावत्** सर्वतः पुद्गल पूर्णरूप से विध्वंस होते हैं **यावत्** अदुःखता के रूप में बार-बार परिणत होते हैं।

१७१. कम्म पुग्गलाणं कालपक्ख परूवणं–

जमालिस्स अणगारस्स अयमेयारूवे अज्झत्थिए **जाव** संकप्पे समुप्पजित्था–जं णं समणे भगवं महावीरे एवं आइक्खइ **जाव** एवं परूवेइ, "एवं खलु चलमाणे चलिए, उदीरिज्जमाणे उदीरिए **जाव** निज्जरिज्जमाणे णिज्जिण्णे तं णं मिच्छा,

इमं च णं पच्चक्खमेव दीसइ, सेज्जासंथारए कज्जमाणे अकडे, संथरिज्जमाणे असंथरिए, जम्हाणं सेज्जासंथारए कज्जमाणे अकडे, संथरिज्जमाणे असंथरिए तम्हा चलमाणे वि अचलिए **जाव** निज्जरिज्जमाणे वि अणिज्जिण्णे।

–विया. स. ९, उ. ३३, सु. ९६

१७१. कर्म पुद्गलों के काल पक्ष का प्ररूपण–

जमाली अणगार के मन में इस प्रकार का विचार **यावत्** संकल्प उत्पन्न हुआ कि श्रमण भगवान् महावीर जो इस प्रकार कहते हैं **यावत्** प्ररूपण करते हैं "चलमान चलित है, उदीर्यमाण उदीरित है **यावत्** निर्जीर्णमाण निर्जीण है," यह मिथ्या है।

क्योंकि यह प्रत्यक्ष दीख रहा है कि जब तक शय्यासंस्तारक बिछाया जा रहा है, तब तक वह शय्या संस्तारक बिछाया गया नहीं है। इस कारण चलमान चलित नहीं किन्तु अचलित है यावत् निर्जीर्णमान निर्जीण नहीं किन्तु अनिर्जीर्ण है।

प. से नूणं भंते !

१. चलमाणे चलिए ?
२. उदीरिज्जमाणे उदीरिए ?
३. वेइज्जमाणे वेइए ?
४. पहिज्जमाणे पहीणे ?
५. छिज्जमाणे छिन्ने ?
६. भिज्जमाणे भिन्ने ?
७. डज्झमाणे डड्ढे ?
८. मिज्जमाणे मडे ?
९. निज्जरिज्जमाणे निज्जिण्णे ?

उ. हंता गोयमा ! चलमाणे चलिए **जाव** निज्जरिज्जमाणे निज्जिण्णे।[1]

प्र. भंते ! क्या यह निश्चित (कहा जा सकता) है कि–

१. जो चल रहा हो, वह चला ?
२. जो (कर्म) उदीरा जा रहा है, वह उदीर्ण हुआ ?
३. जो (कर्म) वेदा भोगा जा रहा है, वह वेदा गया ?
४. जो गिर रहा है, वह गिरा ?
५. जो (कर्म) छेदा जा रहा है, वह छिन्न हुआ ?
६. जो (कर्म) भेदा जा रहा है, वह भिन्न हुआ ?
७. जो (कर्म) दग्ध हो रहा है, वह दग्ध हुआ ?
८. जो मर रहा है, वह मरा ?
९. जो (कर्म) निर्जरित हो रहा है, वह निर्जीर्ण हुआ ?

उ. हां गौतम ! जो चल रहा हो, उसे चला **यावत्** जो निर्जरित हो रहा है, उसे निर्जीर्ण हुआ (इस प्रकार कहा जा सकता है।)

---

१. अन्नउत्थियाणं भंते ! एवमाइक्खंति **जाव** परूवेंति–"एवं खलु चलमाणे अचलिए **जाव** निज्जरिमाणे अणिजिण्णे
गोयमा ! जे ते एवमाहंसु मिच्छा ते एवमाहंसु अहं पुण एवमाइक्खामि "एवं खलु चलमाणे चलिए **जाव** निज्जरिज्जमाणे निज्जिण्णे"

–विया. स. १, उ. १०, सु. १

प. एए णं भंते ! नव पदा किं एगट्ठा नाणाघोसा नाणावंजणा उदाहु नाणट्ठा नाणाघोसा नाणावंजणा?

उ. गोयमा ! १. चलमाणे चलिए,
२. उदीरिज्जमाणे उदीरिए,
३. वेइज्जमाणे वेइए,
४. पहिज्जमाणे पहीणे।
एए णं चत्तारि पदा एगट्ठा नाणाघोसा नाणावंजणा उप्पन्नपक्खस्स।
१. छिज्जमाणे छिन्ने,
२. भिज्जमाणे भिन्ने,
३. डज्झमाणे डड्ढे,
४. मिज्जमाणे मडे,
५. निज्जरिज्जमाणे निज्जिण्णे,
एए णं पंच पदा नाणट्ठा नाणाघोसा नाणावंजणा विगतपक्खस्स। *–विया. स. १, उ. १, सु. ५*

प्र. भंते ! क्या ये नौ पद, नानाघोष और नाना व्यंजनों वाले एकार्थक हैं? या नाना घोष वाले और नाना व्यंजनों वाले भिन्नार्थक पद हैं?

उ. हे गौतम ! १. जो चल रहा है, वह चला,
२. जो उदीरा जा रहा है, वह उदीर्ण हुआ,
३. जो वेदा जा रहा है वह वेदा गया,
४. जो गिर रहा है, वह गिरा,
ये चारों पद उत्पन्न पक्ष की अपेक्षा से एकार्थक हैं किन्तु नाना-घोष वाले और नाना-व्यंजनों वाले हैं।
१. जो छेदा जा रहा है, वह छिन्न हुआ,
२. जो भेदा जा रहा है, वह भिन्न हुआ,
३. जो दग्ध हो रहा है, वह दग्ध हुआ,
४. जो मर रहा है, वह मरा,
५. जो निर्जीर्ण किया जा रहा है, वह निर्जीर्ण हुआ,
ये पांचों पद विगतपक्ष की अपेक्षा से नाना अर्थ वाले नाना-घोष वाले और नाना-व्यंजनों वाले हैं।

१७२. कम्मरयादाणवमण हेउ परूवणं–

पंचहिं ठाणेहिं जीवा (कम्म) रयं आइज्जंति, तं जहा–
१. पाणाइवाएणं २. मुसावाएणं,
३. अदिण्णादाणेणं, ४. मेहुणेणं,
५. परिग्गहेणं।
पंचहिं ठाणेहिं जीवा (कम्म) रयं वमंति, तं जहा–
१. पाणाइवायवेरमणेणं २. मुसावायवेरमणेणं,
३. अदिण्णादाणवेरमणेणं ४. मेहुणवेरमणेणं,
५. परिग्गहवेरमणेणं। *–ठाणं. अ. ५, उ. १, सु. ४२३*

१७२. कर्म रज के ग्रहण और त्याग के हेतुओं का प्ररूपण–

पांच स्थानों से जीव कर्म रज ग्रहण करते हैं, यथा–
१. प्राणातिपात से, २. मृषावाद से,
३. अदत्तादान से, ४. मैथुन से,
५. परिग्रह से।
पांच स्थानों से जीव कर्म रज का त्याग करते हैं, यथा–
१. प्राणातिपात विरमण से, २. मृषावाद विरमण से,
३. अदत्तादान विरमण से, ४. मैथुन विरमण से,
५. परिग्रह विरमण से।

१७३. देवेहिं अणंतकम्मंस खय काल परूवणं–

प. अत्थि णं भंते ! ते देवा जे अणंते कम्मंसे जहण्णेणं एक्केण वा, दोहिं वा, तीहिं वा, उक्कोसेणं पंचहिं वाससएहिं खवयंति?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. अत्थि णं भंते ! ते देवा जे अणंते कम्मंसे जहण्णे एक्केण वा, दोहिं वा, तीहिं वा, उक्कोसेणं पंचहिं वाससहस्सेहिं खवयंति?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. अत्थि णं भंते ! ते देवा जे अणंते कम्मंसे जहण्णेणं एक्केण वा, दोहिं वा, तीहिं वा, उक्कोसेणं पंचहिं वाससयसहस्सेहिं खवयंति?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. कयरे णं भंते ! ते देवा जे अणंते कम्मंसे जहण्णेणं एक्केण वा जाव पंचहिं वाससएहिं खवयंति?
कयरे णं भंते ! ते देवा जे अणंते कम्मंस्से जहण्णेणं एक्केण वा जाव पंचहिं वाससहस्सेहिं खवयंति?
कयरे णं भंते ! ते देवा जे अणंते कम्मंसे जहण्णेणं एक्केण वा जाव पंचहिं वाससयसहस्सेहिं खवयंति?

१७३. देवों द्वारा अनन्त कर्मांशों के क्षय काल का प्ररूपण–

प्र. भंते ! क्या ऐसे भी देव हैं, जो अनन्त कर्मांशों को जघन्य एक सौ, दो सौ या तीन सौ और उत्कृष्ट पांच सौ वर्षों में क्षय कर देते हैं?

उ. हां, गौतम ! (ऐसे देव) हैं।

प्र. भंते ! क्या ऐसे भी देव हैं, जो अनन्त कर्मांशों को जघन्य एक हजार, दो हजार या तीन हजार और उत्कृष्ट पांच हजार वर्षों में क्षय कर देते हैं।

उ. हां, गौतम ! (ऐसे देव) हैं।

प्र. भंते ! क्या ऐसे भी देव हैं, जो अनन्त कर्मांशों को जघन्य एक लाख, दो लाख या तीन लाख और उत्कृष्ट पांच लाख वर्षों में क्षय कर देते हैं?

उ. हां, गौतम ! (ऐसे देव भी) हैं।

प्र. भंते ! ऐसे कौन-से देव हैं, जो अनन्त कर्मांशों को जघन्य एक सौ वर्ष यावत्–पांच सौ वर्षों में क्षय करते हैं?
भंते ! ऐसे कौन-से देव हैं जो अनन्त कर्मांशों को जघन्य एक हजार वर्ष यावत् पांच हजार वर्षों में क्षय करते हैं?
भंते ! ऐसे कौन-से देव हैं, जो अनन्त कर्मांशों को जघन्य एक लाख वर्ष यावत् पांच लाख वर्षों में क्षय करते हैं?

उ. गोयमा ! वाणमंतरा देवा अणंते कम्मंसे एगेण वाससएणं खवयंति,

असुरिंदवज्जिया भवणवासी देवा अणंते कम्मंसे दोहिं वाससएहिं खवयंति,

असुरकुमारा देवा अणंते कम्मंसे तीहिं वाससएहिं खवयंति,

गह-नक्खत्त-तारारूवा जोइसिया देवा अणंते कम्मंसे चउवाससएहिं खवयंति,

चंदिम-सूरिया जोइसिंदा जोइसरायाणो अणंते कम्मंसे पंचहिं वाससएहिं खवयंति।

सोहम्मीसाणगा देवा अणंते कम्मंसे एगेणं वाससहस्सेणं खवयंति।

सणंकुमार-माहिंदगा देवा अणंते कम्मंसे दोहिं वाससहस्सेहिं खवयंति।

बंभलोग-लंतगा देवा अणंते कम्मंसे तीहिं वाससहस्सेहिं खवयंति।

महासुक्क-सहस्सारगा देवा अणंते कम्मंसे चउहिं वाससहस्सेहिं खवयंति।

आणय-पाणय-आरण-अच्चुयगा देवा अणंते कम्मंसे पंचहिं वाससहस्सेहिं खवयंति।

हेट्ठिमगेवेज्जगा देवा अणंते कम्मंसे एगेणं वाससयसहस्सेणं खवयंति।

मज्झिमगेवेज्जगा देवा अणंते कम्मंसे दोहिं वाससयसहस्सेहिं खवयंति।

उवरिमगेवेज्जगा देवा अणंते कम्मंसे तिहिं वाससयसहस्सेहिं खवयंति।

विजय-वेजयंत-जयंत-अपराजियगा देवा अणंते कम्मंसे चउहिं वाससयसहस्सेहिं खवयंति।

सव्वट्ठसिद्धगा देवा अणंते कम्मंसे पंचहिं वाससयसहस्सेहिं खवयंति।

एए णं गोयमा ! ते देवा जे अणंते कम्मंसे जहण्णेणं एक्केण वा, दोहिं वा, तीहिं वा उक्कोसेणं पंचहिं वाससएहिं खवयंति।

एए णं गोयमा ! ते देवा जे अणंते कम्मंसे जहण्णेणं एक्केण वा **जाव** उक्कोसेणं पंचहिं वाससहस्सेहिं खवयंति।

एए णं गोयमा ! ते देवा जे अणंते कम्मंसे जहण्णेणं एक्केण वा **जाव** उक्कोसेणं पंचहिं जहण्णेणं एक्केण वा **जाव** उक्कोसेणं पंचहिं वाससयसहस्सेहिं खवयंति।

–विया. स. १८, उ. ७, सु. ४८-५१

उ. गौतम ! वाणव्यन्तर देव अनन्त कर्मांशों को एक-सौ वर्षों में क्षय करते हैं।

असुरेन्द्र को छोड़कर शेष सब भवनवासी देव उन्हीं अनन्त कर्मांशों को दो सौ वर्षों में क्षय करते हैं।

असुरकुमार देव अनन्त कर्मांशों को तीन सौ वर्षों में क्षय करते हैं।

ग्रह, नक्षत्र और तारारूप ज्योतिष्क देव अनन्त कर्मांशों को चार सौ वर्षों में क्षय करते हैं।

ज्योतिष्केन्द्र ज्योतिष्कराज चन्द्र और सूर्य अनन्त कर्मांशों को पांच सौ वर्षों में क्षय करते हैं।

सौधर्म और ईशानकल्प के देव अनन्त कर्मांशों को एक हजार वर्षों में क्षय करते हैं।

सनत्कुमार और माहेन्द्रकल्प के देव अनन्त कर्मांशों को दो हजार वर्षों में क्षय करते हैं।

ब्रह्मलोक और लान्तककल्प के देव अनन्त कर्मांशों को तीन हजार वर्षों में क्षय करते हैं।

महाशुक्र और सहस्रार देव अनन्त कर्मांशों को चार हजार वर्षों में क्षय करते हैं।

आनत-प्राणत, आरण और अच्युतकल्प के देव अनन्त कर्मांशों को पांच हजार वर्षों में क्षय करते हैं।

अधस्तन ग्रैवेयक देव अनन्त कर्मांशों को एक लाख वर्ष में क्षय करते हैं।

मध्यम ग्रैवेयक देव अनन्त कर्मांशों को दो लाख वर्षों में क्षय करते हैं।

उपरिम ग्रैवेयक देव अनन्त कर्मांशों को तीन लाख वर्षों में क्षय करते हैं।

विजय, वैजयंत, जयन्त और अपराजित देव अनन्त कर्मांशों को चार लाख वर्षों में क्षय करते हैं।

सर्वार्थसिद्ध देव अनन्त कर्मांशों को पांच लाख वर्षों में क्षय करते हैं।

इसलिए गौतम ! ऐसे देव हैं, जो अनन्त कर्मांशों को जघन्य एक सौ, दो सौ या तीन सौ वर्षों में उत्कृष्ट पांच सौ वर्षों में क्षय करते हैं।

इसलिए गौतम ! ऐसे देव हैं जो अनन्त कर्मांशों को जघन्य एक हजार वर्ष **यावत्** उत्कृष्ट पांच हजार वर्षों में क्षय करते हैं।

इसलिए गौतम ! ऐसे देव हैं जो अनन्त कर्मांशों को जघन्य एक लाख वर्ष **यावत्** उत्कृष्ट पांच लाख वर्षों में क्षय करते हैं।

१७४. कम्मविसोहिं पडुच्च चउद्दस जीवट्ठाणणामाणि–

कम्मविसोहिमग्गणं पडुच्च चउद्दस जीवट्ठाणा पण्णत्ता, तं जहा–

१७४. कर्म विशोधि की अपेक्षा चौदह जीवस्थानों (गुणस्थानों) के नाम–

कर्म विशुद्धि के उपायों की अपेक्षा चौदह जीवस्थान (गुणस्थान) कहे गए हैं, यथा–

१. मिच्छदिट्ठि २. सासायणसम्मदिट्ठि,
३. सम्मामिच्छदिट्ठि, ४. अविरयसम्मदिट्ठि
५. विरयाविरए ६. पमत्तसंजए
७. अप्पमत्तसंजए ८. नियट्टिबायरे
९. अनियट्टिबायरे
१०. सुहुमसंपराए-उवसमए वा, खवए वा,
११. उवसंतमोहे १२. खीणमोहे
१३. सजोगी केवली १४. अजोगी केवली।

–सम. सम. १४, सु. ५

१. मिथ्यादृष्टि, २. सास्वादन सम्यग्दृष्टि,
३. सम्यग्मिथ्यादृष्टि, (मिश्र) ४. अविरतसम्यग्दृष्टि,
५. विरताविरत (देश विरति) ६. प्रमत्तसंयत,
७. अप्रमत्तसंयत, ८. निवृत्तिबादर,
९. अनिवृत्तिबादर,
१०. सूक्ष्मसंपराय, उपशमक या क्षपक,
११. उपशान्त मोह, १२. क्षीण मोह,
१३. सयोगी केवली, १४. अयोगी केवली।

१७५. कम्मे अवेयइत्ता न मोक्खो–

प. से णूणं भंते ! नेरइयस्स वा, तिरिक्खजोणियस्स वा, मणूसस्स वा, देवस्स वा जे कडे पावे कम्मे, नत्थि णं तस्स अवेयइत्ता मोक्खो ?

उ. हंता, गोयमा ! नेरइयस्स वा, तिरिक्खजोणियस्स वा, मणुसस्स वा, देवस्स वा जे कडे पावे कम्मे, नत्थि तस्स अवेयइत्ता मोक्खो।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

"नेरइयस्स वा जाव देवस्स वा जे कडे पावे कम्मे नत्थि णं तस्स अवेयइत्ता मोक्खो ?"

उ. एवं खलु मए गोयमा ! दुविहे कम्मे पण्णत्ते, तं जहा–

१. पदेसकम्मे य, २. अणुभागकम्मे य।

१. तत्थ णं जं तं पदेसकम्मं तं नियमा वेदेइ।

२. तत्थ णं जं तं अणुभागकम्मं तं अत्थेगइयं वेदेइ, अत्थेगइयं नो वेदेइ।

णायमेयं अरहता, सुयमेयं अरहता, विण्णायमेयं अरहता,

इमं कम्मं अयं जीवे अब्भोवगमियाए वेदणाए वेइस्सइ,

इमं कम्मं अयं जीवे उवक्कमियाए वेदणाए वेइस्सइ।

अहाकम्मं अहानिकरणं जहा तहा तं भगवया दिट्ठं तहा तहा तं विप्परिणामिस्सतीति।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

"नेरइयस्स वा जाव देवस्स वा जे कडे पावे कम्मे नत्थि णं तस्स अवेयइत्ता मोक्खो।" –विया. स. १, उ. ४, सु. ६

१७५. कर्म का वेदन किये बिना मोक्ष नहीं–

प्र. भंते ! नैरयिक तिर्यञ्चयोनिक, मनुष्य या देव ने जो पापकर्म किया है, क्या उसका वेदन किये बिना मोक्ष नहीं होता ?

उ. हां, गौतम ! नैरयिक, तिर्यञ्चयोनिक, मनुष्य और देव ने जो पापकर्म किया है, उसका वेदन किये बिना मोक्ष नहीं होता।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

"नैरयिक यावत् देव ने जो पापकर्म किया है उसका वेदन किये बिना मोक्ष नहीं होता ?

उ. गौतम ! मैंने कर्म के दो भेद कहे हैं, यथा–

१. प्रदेशकर्म, २. अनुभाग कर्म।

१. इनमें जो प्रदेश कर्म है, वह अवश्य भोगना पड़ता है,

२. इनमें जो अनुभागकर्म है, उसमें से किसी का वेदन करता है और किसी का नहीं करता है।

यह बात अर्हन्त भगवन्त द्वारा ज्ञात है, स्मृत (प्रतिपादित) है और विज्ञात है कि–

"यह जीव इस कर्म को आभ्युपगमिक (जानते बूझते) वेदना से वेदेगा,

यह जीव इस कर्म को औपक्रमिक (क्रमानुसार) वेदना से वेदेगा।"

बांधे हुए कर्मों के अनुसार, निकरणों परिणामों के अनुसार जो जो भगवन्त ने देखा है, जैसा-वैसा यह विपरिणमित होगा।"

इसलिए गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

"नैरयिक यावत् देव ने जो पाप कर्म किया है उसको कर्म का वेदन किये बिना मोक्ष नहीं होता।"

१७६. बोदाणस्स फल परूवणं–

प. बोदाणे णं भंते ! जीवे किं जणयइ ?

उ. गोयमा ! बोदाणे णं अकिरियं जणयइ, अकिरियाइ भवित्ता तओ पच्छा सिज्झइ जाव सव्वदुक्खाणमंतं करेइ। –उत्त. अ. २९, सु. २९

१७६. व्यवदान के फल का प्ररूपण–

प्र. भंते ! व्यवदान (कर्मों के विनाश) से जीव को क्या प्राप्ति होती है ?

उ. गौतम ! व्यवदान से जीव अक्रिय (क्रिया रहित) हो जाता है और अक्रिय होने पर जीव सिद्ध होता है यावत् समस्त दुःखों का अन्त करता है।

१७७. अकम्म जीवस्स उड्ढगई हेऊण परूवणं–

प. अत्थि णं भन्ते ! अकम्मस्स गई पण्णायइ ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

१७७. अकर्म जीव की ऊर्ध्व गति होने के हेतुओं का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! क्या कर्मरहित जीव की गति होती है ?

उ. हां, गौतम ! (कर्म रहित जीव की गति) होती है।

प. कहं णं भन्ते ! अकम्मस्स गई पण्णायइ ?

उ. गोयमा ! १. निस्संगयाए, २. निरंगणयाए, ३. गइपरिणामेणं, ४. बंधणछेयणयाए, ५. निरिंधणयाए, ६. पुव्वपओगेणं अकम्मस्स गई पण्णायइ।

प. कहं णं भन्ते ! १. निस्संगयाए जाव ६. पुव्वप्पओगेणं अकम्मस्स गई पण्णायइ ?

उ. गोयमा ! से जहानामए केइ पुरिसे सुक्कं तुंबं निच्छिड्डं निरुवहयं आणुपुव्वीए परिकम्मेमाणे-परिकम्मेमाणे दब्भेहिं य कुसेहिं य वेढेइ वेढित्ता, अट्ठहिं मट्टियालेवेहिं लिंपइ लिंपित्ता, उण्हे दलयइ, भूइं-भूइं सुक्कं समाणं अत्थहमयारमपोरिसियंसि उदगंसि पक्खिवेज्जा, से नूणा गोयमा ! से तुंबे तेसिं अट्ठण्हं मट्टियालेवाणं गरुयत्ताए भारियत्ताए सलिलतलम वइत्ता, अहे धरणितलपइट्ठाणे भवइ ?

हंता, भवइ।

अहे णं से तुंबे तेसिं अट्ठण्हं मट्टियालेवाणं परिक्खएणं धरणितलमइवइत्ता उप्पिं सलिलतलपइट्ठाणे भवइ ?

हंता, भवइ !

एवं खलु गोयमा ! निस्संगयाए, निरंगणयाए, गइपरिणामेणं अकम्मस्स गई पण्णायइ।

प. कहं णं भन्ते ! बंधणछेयणत्ताए अकम्मस्स गई पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! से जहानामए कलसिंबलिया इ वा, मुग्गसिंबलिया इ वा, माससिंबलिया इ वा, सिंबलिसिंबलिया इ वा, एरंडमिंजिया इ वा उण्हे दिण्णा सुक्का समाणी फुडित्ताणं एगंतमंतं गच्छइ, एवं खलु गोयमा ! बंधणछेयणत्ताए अकम्मस्स गई पण्णत्ता।

प. कहं णं भन्ते ! निरिंधणयाए अकम्मस्स गई पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! से जहानामए धूमस्स इंधणविप्पमुक्कस्स उड्ढं वीससाए निव्वाघाएणं गई पवत्तइ, एवं खलु गोयमा ! निरिंधणयाए अकम्मस्स गई पण्णत्ता,

प. कहं णं भन्ते ! पुव्वप्पयोगेणं अकम्मस्स गई पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! से जहानामए कंडस्स कोदंडविप्पमुक्कस्स लक्खाभिमुही वि निव्वाघाएणं गई पवत्तइ, एवं खलु गोयमा ! पुव्वप्पयोगेणं अकम्मस्स गई पण्णत्ता।

—विया. स. ७, उ. १, सु. ११-१२ (१-४)

प्र. भन्ते ! कर्म रहित जीव की गति कैसे होती है ?

उ. गौतम ! १. निःसंगता, २. नीरागता, ३. गतिपरिणाम, ४. बन्धच्छेद ५. कर्म-इन्धन रहितता और ६. पूर्वप्रयोग से कर्मरहित जीव की गति होती है।

प्र. भन्ते ! १. निःसंगता यावत् ६. पूर्वप्रयोग से कर्मरहित जीव की गति कैसे होती है ?

उ. गौतम ! जैसे, कोई पुरुष एक छिद्ररहित और निरुपहत (बिना फटे टूटे) सूखे तुम्बे पर क्रमशः परिकर्म (संस्कार) करता-करता उस पर डाभ (एक प्रकार का घास) और कुश लपेटे, उन्हें लपेट कर उस पर आठ बार मिट्टी के लेप लगा दे, मिट्टी के लेप लगाकर उसे (सूखने के लिए) धूप में रख दे, बार-बार (धूप में देने से) अत्यन्त सूखे हुए उस तुम्बे को अथाह अतरणीय (जिस पर तैरा न जा सके) पुरुष प्रमाण से भी अधिक जल में डाल दे तो हे गौतम ! वह तुम्बा मिट्टी के उन आठ लेपों से अधिक भारी हो जाने से क्या पानी के ऊपरितल को छोड़कर नीचे पृथ्वीतल पर (पैंदे) में जा बैठता है ?

(गौतम स्वामी) हां, (भगवन् ! वह तुम्बा नीचे पृथ्वीतल पर) जा बैठता है।

भगवान् ने पुनः पूछा "गौतम ! (पानी में पड़ा रहने के कारण) आठों ही मिट्टी के लेपों के (गलकर) नष्ट हो जाने से क्या वह तुम्बा पृथ्वीतल को छोड़कर पानी के उपरितल पर आ जाता है ?

(गौतम स्वामी) हां, भगवन् ! वह पानी के उपरितल पर आ जाता है।

इसी प्रकार हे गौतम ! निःसंगता, नीरागता और गतिपरिणाम से कर्मरहित जीव की ऊर्ध्वगति होती है।

प्र. भन्ते ! बन्धन का छेद हो जाने से कर्मरहित जीव की गति कैसे होती है ?

उ. गौतम ! जैसे कोई मटर की फली, मूंग की फली, उड़द की फली, शिम्बलि सेम की फली और एरण्ड बीज के गुच्छे को धूप में रख कर सुखाए तो सूख जाने पर वह फटता है और उनके बीज उछल कर दूर जा गिरते हैं, इसी प्रकार हे गौतम! कर्मरूप बन्धन का छेद हो जाने पर कर्म रहित जीव की गति होती है।

प्र. भन्ते ! इन्धनरहित होने से कर्मरहित जीव की गति कैसे होती है ?

उ. गौतम ! जैसे इन्धन से निकले हुए धूएं की गति किसी प्रकार की रुकावट न हो तो स्वाभाविक रूप से ऊपर की ओर होती है, इसी प्रकार हे गौतम ! कर्मरूप इन्धन से रहित होने से कर्मरहित जीव की गति ऊपर की ओर होती है।

प्र. भन्ते ! पूर्वप्रयोग से कर्मरहित जीव की गति कैसे होती है ?

उ. गौतम ! जैसे–धनुष से छूटे हुए बाण की गति बिना रुकावट के लक्ष्याभिमुखी (निशान की ओर) होती है, इसी प्रकार हे गौतम ! पूर्वप्रयोग से कर्मरहित जीव की (ऊर्ध्व) गति होती है।

वेदना अध्ययन

आत्मा को सुख दु:ख आदि का अनुभव होना वेदना है। जिसका वेदन किया जाता है उसे भी उपचार से वेदना कहते हैं। इस दृष्टि से सुख दु:ख आदि वेदना के कई भेद हैं। आगम-ग्रन्थों में वेदना के विविध रूपों का निरूपण है। प्रज्ञापना-सूत्र में शीत, द्रव्य, शरीर आदि सात द्वारों के आधार पर वेदना के भेदों का प्रतिपादन है। वेदनीय कर्म से वेदना का गहरा सम्बन्ध है। वेदनीय कर्म के दो भेद हैं—साता एवं असाता। वेदना का अनुभव प्रायः इन दो ही प्रकारों में विभक्त होता है, तथापि वेदना के विविध पक्षों के आधार पर उसके अनेक भेद निरूपित हैं। स्पर्श के आधार पर वेदना के तीन भेद हैं १. शीत, २. उष्ण एवं ३. शीतोष्ण। वेदना का वेदन १. द्रव्यत: २. क्षेत्रत: ३. कालत: एवं ४. भावत: होने से वेदना के चार प्रकार भी हैं। वेदना शारीरिक, मानसिक या उभयविध होने से तीन प्रकार की भी निरूपित है। वेदना साता, असाता या साता-असाता के रूप में भी वेदित होती है। दुख रूप, सुख रूप एवं अदु:ख-सुख रूप होने से भी वेदना तीन प्रकार की होती है। समस्त वेदनाओं का विभाजन दो भेदों में हो सकता है। कुछ वेदनाएं आभ्युपगमिकी होती हैं अर्थात् उन्हें स्वेच्छा पूर्वक स्वीकार किया जाता है यथा—केशलोच आदि। कुछ वेदनाएं औपक्रमिकी होती हैं जो वेदनीय कर्म के उदीरित होने से प्रकट होती हैं। इन वेदनाओं का वेदन जब संज्ञीभूत जीव करते हैं तब वह वेदना निदा वेदना कहलाती है तथा जब इनका वेदन असंज्ञीभूत जीव करते हैं तो यह वेदना अनिदा वेदना कही जाती है। चौबीस दण्डकों में कौन सा जीव किस वेदना का वेदन करता है इसका प्रस्तुत अध्ययन में विशद विवेचन है।

वेदना का वेदन जिस कारण से होता है वह करण, मन, वचन, काय और कर्म के भेद से चार प्रकार का है। समस्त पंचेन्द्रिय जीवों के चार प्रकार के करण कहे गए हैं। एकेन्द्रिय जीवों में दो प्रकार के करण होते हैं—काय करण और कर्म-करण। विकलेन्द्रिय जीवों में वचन को मिलाकर तीन प्रकार के करण होते हैं। जब वेदना का वेदन कर्म बंध के अनुरूप होता है तो उसे 'एवम्भूत वेदना' कहते हैं तथा जब कर्म बंध से परिवर्तित रूप में वेदना का वेदन होता है तो उसे व्याख्या प्रज्ञप्ति में अनेवम्भूत वेदना कहा गया है। कितने ही प्राणी भूत जीव एवं सत्व 'एवम्भूत वेदना' वेदते हैं तथा कितने ही 'अनेवम्भूत वेदना' का वेदन करते हैं।

एकेन्द्रिय जीवों को भी वेदना होती है। जैसे वृद्ध पुरुष को मुष्टि प्रहार अनिष्ट वेदना के रूप में अनुभव होता है उसी प्रकार पृथ्वीकाय आदि जीवों को आक्रांत किए जाने पर उन्हें अनिष्ट वेदना का अनुभव होता है।

नैरयिक जीव दस प्रकार की वेदना का अनुभव करते हैं—१. शीत, २. उष्ण, ३. क्षुधा, ४. पिपासा, ५. कंडु (खुजली), ६. पराधीनता, ७. ज्वर ८. दाह (जलन), ९. भय और १०. शोक। इनमें शीत, उष्ण आदि शारीरिक वेदनाएं हैं तथा पराधीनता, भय एवं शोक मानसिक वेदनाएं हैं। जो असंज्ञी (मनरहित) प्राणी हैं वे अकाम निकरण रूप में अर्थात् अनिच्छापूर्वक या अज्ञान रूप में वेदना वेदते हैं तथा समर्थ (संज्ञी) जीव अकामनिकरण एवं प्रकामनिकरण (तीव्र इच्छा पूर्वक) दोनों रूपों में वेदना का वेदन करते हैं।

यह आवश्यक नहीं कि जीव स्वयंकृत दु:ख का वेदन करे ही। वह उदीर्ण (उदय में आए हुए) दु:ख का वेदन करता है, अनुदीर्ण दु:ख को नहीं वेदता। जीवों का समस्त दु:ख आत्मकृत है, परकृत एवं उभयकृत नहीं। यही जैनदर्शन के कर्म सिद्धान्त का मुख्य आधार है। इसी कारण सभी जीव आत्मकृत दु:ख का वेदन करते हैं, परकृत एवं उभयकृत का नहीं।

प्र. भन्ते ! उन मनुष्यों को कितने काल के अन्तर से आहार की अभिलाषा होती है ?

उ. गौतम ! उन मनुष्यों को चतुर्थभक्त अर्थात् एक दिन छोड़कर दूसरे दिन आहार की अभिलाषा होती है।

१०२. एगोरुय दीवस्स इत्थियाणं आयारभाव पडोयार परूवणं—

प. एगोरुयमणुई णं भन्ते ! केरिसए आयारभावपडोयारे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! ताओ णं मणुईओ सुजायसव्वंगसुंदरीओ, पहाणमहिलागुणेहिं जुत्ता,

१०२. एकोरुक द्वीप की स्त्रियों के आकार-प्रकारादि का प्ररूपण—

प्र. भन्ते ! इस एकोरुक-द्वीप की स्त्रियों का आकार-प्रकार भाव कैसा कहा गया है ?

उ. गौतम ! वे स्त्रियाँ श्रेष्ठ अवयवों द्वारा सर्वांग सुन्दर हैं, महिलाओं के श्रेष्ठ गुणों से युक्त हैं।

अच्चंत विसप्पमाणा पउम सुमाल कुम्मसंठिय विसिट्ठ **चलणाओ,**

चरण—अत्यन्त विकसित पद्म कमल की तरह सुकोमल और कछुए की तरह उन्नत होने से सुन्दर आकार के हैं।

उज्जुमिउय पीवर निरंतर पुट्ठ **सोहियंगुलीओ,**

पाँवों की अंगुलियाँ—सीधी, कोमल, स्थूल, निरन्तर पुष्ट और मिली हुई हैं।

उन्नयरइय तलिणतंबसुइणिद्ध**णखा,**

नख—उन्नत, रति देने वाले, तलिन (पतले) ताम्र जैसे रक्त, स्वच्छ एवं स्निग्ध हैं।

रोमरहित वट्ट लट्ठ संठियअजहण्ण पसत्थ लक्खण अकोप्प**जंघयुगला,**

पिण्डलियाँ—रोम रहित, गोल, सुन्दर सुस्थित, उत्कृष्ट शुभलक्षणवाली और प्रीतिकर होती हैं।

सुणिम्मिय सुगूढजाणुमंडलसुबद्धसंधी
कयलिक्खभातिरेग संठियणिव्वण सुकुमाल मउयकोमल अविरल समसहितसुजात वट्ट पीवरणिरंतरोरू,
अट्ठावयवी चिपट्टसंठिय पसत्थ विच्छिन्न **पिहुलसोणी,**
वदणायामप्पमाणदुगुणित विसाल मंसल सुबद्ध **जहणवर** धारणीओ,
वज्जविराइय पसत्थलक्खणणिरोदरा,

तिवली वलियतणुणमिय **मज्झिमाओ,**
उज्जुय समसंहित जच्चतणु कसिण णिद्धआदेज्ज लडह सुविभत्त सुजात कंतसोभंत रुइल रमणिज्जरोमराई,

गंगावत्त पदाहिणावत्त तरंग भंगुररविकिरण तरुणबोधित अकोसायंत पउमवणगंभीर वियड**नाभी,**

अणुब्भडपसत्थ पीण**कुच्छी,**
सण्णयपासा, संगयपासा, सुजातपासा, मितमाइयपीण रइयपासा,
अकरंडुय कणगरुयग निम्मल सुजाय णिरुवहय **गायलट्ठी,**

कंचणकलससमपमाण समसंहितसुजात लट्ठ चूचुय आमेलग जमल जुगल वट्टि य अब्भुण्णयरइयसंठिय **पयोधराओ,**

भुयंगणुपुव्वतणुयगोपुच्छ वट्ट समसंहिय णमिय आएज्ज ललिय **बाहाओ,**

तंब**णहा,**
मंसलग्ग**हत्था,**
पीवरकोमल **वरंगुलीओ,**
णिद्ध**पाणिलेहा,**
रवि-ससि-संख-चक्कसोत्थिय-सुविभत्तसुविरइय **पाणिलेहा,**
पीणुण्णय **कक्खवत्थिदेसा,**
पडिपुण्णगल्ल**कवोला,**
चउरंगुलप्पमाणा कंबुवर सरिस**गीवा,**

मंसलसंठिय पसत्थ **हणुया,**
दाडिमपुप्फप्पगास पीवरकुंचियवराधरा सुंदरोत्तरो**ट्ठा,**

दधिदगरय चंदकुंद वासंतिमउल अच्छिद्द-विमल**दसणा,**

घुटने—सुनिर्मित सुगूढ और सुबद्धसंधि वाले हैं।

जंघाएं—कदली के स्तम्भ से भी अधिक सुन्दर व्रणादि रहित, सुकोमल, मृदु, कोमल, समीप समान प्रमाणवाली, सुजात, गोल, मोटी एवं अन्तरहित हैं।

नितम्बभाग—अष्टापद द्यूत के पट्ट के आकार का शुभ विस्तीर्ण और मोटा है।

जघन प्रदेश—(बारह अंगुल) मुख प्रमाण से दूना चौवीस अंगुलप्रमाण विशाल, मांसल एवं सुबद्ध है।

पेट—वज्र की तरह सुशोभित शुभ लक्षणों वाला और पतला होता है।

कमर—त्रिवली से युक्त, पतली और लचीली होती है।

रोमराजि—सरल मिली हुई जन्मजात पतली, काली, स्निग्ध, सुहावनी सुन्दर सुविभक्त सुजात (जन्मदोषरहित) कांत, शोभायुक्त रुचिकर और रमणीय होती हैं।

नाभि—गंगा के आवर्त की तरह दक्षिणावर्त, तरंग भंगुर सूर्य की किरणों से ताजे विकसित हुए कमल की तरह गंभीर और विशाल है।

कुक्षि—उग्रता रहित प्रशस्त और स्थूल हैं।

पार्श्व—कुछ झुके हुए हैं, प्रमाणोपेत हैं, सुन्दर हैं, अति सुन्दर हैं, परिमितमाप युक्त स्थूल और आनन्द देने वाले हैं।

रीढ की हड्डी—अनुपलक्षित हैं, उनका शरीर सोने जैसी कान्तिवाला, निर्मल, सुन्दर और ज्वरादि उपद्रवों से रहित है।

पयोधर (स्तन)—सोने के कलश के समान प्रमाणोपेत समान आकार वाले सहोत्पन्न चिकने चूचुक रूपी मुकुट से युक्त सहजात गोल उन्नत (उठे हुए) और आकार-प्रकार से प्रीतिकर हैं।

दोनों बाहें—भुजंग की तरह क्रमशः नीचे की ओर पतली, गोपुच्छ की तरह गोल, आपस में समान, अपनी-अपनी संधियों से सटी हुई, नम्र और अतिआदेय तथा सुन्दर होती हैं।

नख—ताम्रवर्ण के होते हैं।

हाथ—मांसल होता है।

अंगुलियां—पुष्ट, कोमल और श्रेष्ठ होती हैं।

हाथ की रेखायें—स्निग्ध होती हैं।

रेखाएँ—सूर्य-चन्द्र-, शंख-, चक्र-, स्वस्तिक की अलग-अलग और सुविरचित हैं।

कक्ष और बस्ति—पीन और उन्नत होता है।

गाल—कपोल भरे-भरे होते हैं।

गर्दन—चार अंगुल प्रमाण ऊँची और श्रेष्ठ शंख की तरह होती है।

ठुड्ढी—मांसल, सुन्दर आकार की तथा शुभ होती है।

दोनों होठ—दाड़िम के फूल की तरह लाल आभा वाले पुष्ट और कुछ-कुछ वलित होने से अच्छे लगते हैं।

दांत—दही, जलकण, चन्द्रकुंद वासंतीकली के समान सफेद और छेद विहीन होते हैं।

रत्तुप्पल पत्तमउल सुकुमाल **तालुजीहा**,

तालु और जीभ–लाल कमल के पत्ते के समान लाल, मृदु और कोमल होते हैं।

कणयवरमुउलअकुडिल अब्भुग्गय उज्जुतुंग**नासा**,

नासिका–कनेर की कली की तरह सीधी, उन्नति, ऋजु और तीखी होती हैं।

सारदनवकमलकुमुदकुवलय विमुक्कदलणिगर सरिस लक्खण अंकियकंत**णयणा**,

नेत्र–शरदऋतु के कमल कुमुद और नीलकमल से विमुक्त पत्र दल के समान कुछ श्वेत कुछ लाल और कुछ कालिमा लिये हुए और बीच में काली पुतलियों से अंकित होने से सुन्दर लगते हैं।

पत्तल चवलायंततंब**लोयणाओ**,

लोचन–पश्मपुटयुक्त, चंचल, कान तक लम्बे और ईषत् रक्त (ताम्रवत्) होते हैं।

आणामिय चावरुइलकिण्हब्भराइसंठिय संगत आयय सुजाय कसिण णिद्ध**भमुया**,

भौहें–कुछ नमे हुए धनुष की तरह टेढ़ी, सुन्दर, काली और मेघराजि के समान प्रमाणोपेत, लम्बी, सुजात, काली और स्निग्ध होती हैं।

अल्लीणपमाणजुत्त**सवणा**,

कान–मस्तक से सटे हुए और प्रमाणयुक्त होते हैं।

पीणमट्ठरमणिज्ज **गंडलेहा**,

गंडलेखा–(गाल और कान के बीच का भाग) मांसल चिकनी और रमणीय होती हैं।

चउरंस पसत्थसम**णिडाला**,

ललाट–चौरस प्रशस्त और समतल होता है।

कोमुइरयणिकरविमल पडिपुन्नसोम**वयणा**,

मुख–शरद् पूर्णिमा के चन्द्रमा की तरह निर्मल और परिपूर्ण होता है।

छत्तुन्नय**उत्तमंगा**,

मस्तक–छत्र के समान उन्नत होता है।

कुडिलसुसिणिद्धदीह**सिरया**,

बाल–घुंघराले, चिकने और लम्बे होते हैं।

वे निम्नांकित बत्तीस लक्षणों को धारण करने वाली हैं–

१. छत्त, २-३. ज्झय-जुग, ४. थूभ, ५. दामिणि, ६. कमंडलु, ७. कलस ८. वावि, ९. सोत्थिए, १०. पडाग, ११. जव, १२. मच्छु, १३. कुम्भ, १४. रहवर, १५. मकर, १६. सुकथाल, १७. अंकुस, १८. अट्ठावइवीइ, १९. सुपइट्ठक, २०. मयूर, २१. सिरिदाम, २२. अभिसेय, २३. तोरण, २४. मेइणि, २५. उदधि, २६. वरभवण, २७. गिरिवर, २८. आयंस, २९. ललियगय, ३०. उसभ, ३१. सीह, ३२. चमरउत्तमपसत्थ-बत्तीसलक्खण धराओ,

१. छत्र, २. ध्वजा, ३. युग, (जुआ), ४. स्तूप, ५. दामिनी (पुष्पमाला) ६. कमण्डलु, ७. कलश, ८. वापी (बावड़ी), ९. स्वस्तिक, १०. पताका, ११. यव, १२. मत्स्य, १३. कुम्भ, १४. श्रेष्ठरथ, १५. मकर, १६. शुकस्थाल, (तोते को चुगाने का पात्र) १७. अंकुश, १८. अष्टापदवीचि (धूतफलक) १९. सुप्रतिष्ठक, २०. मयूर, २१. श्रीदाम, २२. अभिषेक की जाती हुई लक्ष्मी, २३. तोरण, २४. मेदिनी, २५. समुद्र, २६. श्रेष्ठ भवन, २७. श्रेष्ठ पर्वत, २८. दर्पण, २९. मनोज्ञ हाथी, ३०. बैल, ३१. सिंह और ३२. चमर।

हंससरिसगईओ,

वे एकोरूक द्वीप की स्त्रियाँ हंस के समान चाल वाली हैं।

कोइलमधुरगिरसस्सराओ कंता सव्वस्स अणुनयाओ,

कोयल के समान मधुर वाणी और स्वर वाली, कमनीय और सबको प्रिय लगने वाली हैं।

ववगतवलिपलिया,

उनके शरीर में झुर्रियाँ नहीं पड़तीं और बाल सफेद नहीं होते।

वंगदुव्वण्णवाहिदोभग्गसोगमुक्काओ,

वे व्यंग (विकृति वर्ण विकार) व्याधि, दौर्भाग्य और शोक से मुक्त होती हैं।

उच्चत्तेण य नराण थोवूणमूसियाओ,

वे ऊँचाई में मनुष्यों की अपेक्षा कुछ कम ऊँची होती हैं।

सभावसिंगारागारचारुवेसा,

वे स्वाभाविक शृंगार और श्रेष्ठ वेश वाली होती हैं।

संगयगतहसितभाणिय-चेट्ठियविलाससंलावणिउण जुत्तोवयारकुसला,

वे सुन्दर चाल, हास, बोलचाल, चेष्टा, विलास, संलाप में चतुर तथा योग्य उपचार व्यवहार में कुशल होती हैं।

सुंदरथणजहणवदण करचलणनयणमाला,

उनके स्तन, जघन, मुख, हाथ, पांव और नेत्र बहुत सुन्दर होते हैं।

वण्णलावण्णजोवणविलासकलिया,
नंदणवण विवरचारिणीउव्व अच्छराओ अच्छेरगपेच्छणिज्जा, पासाईयाओ,
दरिसणिज्जाओ अभिरूवाओ पडिरूवाओ।

प. तासिं णं भन्ते ! मणुईणि केवइकालस्स आहारट्ठे समुप्पज्जइ?

उ. गोयमा ! चउत्थभत्तस्स आहारट्ठे समुप्पज्जइ।

–जीवा. पडि. ३, सु. १११/१४

वे सुन्दर वर्ण, लावण्य यौवन और विलास से युक्त होती हैं।
नंदनवन में विचरण करने वाली अप्सराओं की तरह वे उत्सुकता से दर्शनीय हैं।
वे स्त्रियाँ मन को प्रसन्न करने वाली दर्शनीय अभिरूप और प्रतिरूप हैं।

प्र. भन्ते ! उन स्त्रियों को कितने काल के अन्तर से आहार की अभिलाषा होती है?

उ. गौतम ! चतुर्थभक्त अर्थात् एक दिन छोड़कर दूसरे दिन आहार की इच्छा होती है।

१०३. एगोरुय दीवस्स मणुस्साणं आहारमावासाई परूवणं–

प. ते णं भन्ते ! मणुया किमाहारमाहारेंति?

उ. गोयमा ! पुढविपुप्फफलाहारा ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

प. तीसे णं भन्ते ! पुढवीए केरिसए आसाए पण्णत्ते?

उ. गोयमा ! से जहाणामए गुलेइ वा, खंडेइ वा, सक्कराइ वा, मच्छंडियाइ वा, भिसकंदेइ वा, पप्पडमोयएइ वा, पुप्फउत्तराइ वा, पउमउत्तराइ वा, अकोसियाइ वा, विजयाइ वा, महाविजयाइ वा, आयंसोवमाइ वा, अणोवमाइ वा, चाउरक्के गोखीरे चउठाण परिणए गुडखंडमच्छंडि उवणीए मंदग्गिकडीए वण्णेणं उववेए **जाव** फासेणं, भवेयारूवे सिया?

गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, तीसे णं पुढवीए एत्तो इट्ठतराए चेव **जाव** मणामतराए चेव आसाए णं पण्णत्ते।

प. तेसि णं भन्ते ! पुप्फफलाणं केरिसए आसाए पण्णत्ते?

उ. गोयमा ! से जहानामए चाउरंतचक्कवट्टिस्स कल्लाणे पवरभोयणे सयसहस्सनिप्फन्ने वण्णेणं उववेए **जाव** फासेणं उववेए आसाइणिज्जे, वीसाइणिज्जे, दीवणिज्जे, विंहणिज्जे, दप्पणिज्जे, मयणिज्जे सव्विंदियगायपल्हायणिज्जे भवेयारूवे सिया?

गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, तेसि णं पुप्फफलाणं एत्तो इट्ठतराए चेव **जाव** मणामतराए चेव आसाएणं पण्णत्ते।

प. ते णं भन्ते ! मणुया तमाहारमाहारित्ता कहिं वसहिं उवेंति?

उ. गोयमा ! रुक्खगेहालया णं ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

प. ते णं भन्ते ! रुक्खा किं संठिया पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! कूडागारसंठिया, पेच्छाघरसंठिया, छत्तागारसंठिया, झयसंठिया, थूभसंठिया,

१०३. एकोरुक द्वीप के मनुष्यों के आहार-आवास आदि का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! वे मनुष्य किसका आहार करते हैं?

उ. हे आयुष्मन् श्रमण ! वे मनुष्य पृथ्वी, पुष्प और फलों का आहार करने वाले कहे गए हैं।

प्र. भन्ते ! उस पृथ्वी का स्वाद कैसा है?

उ. गौतम ! जैसे गुड़, खांड, शक्कर, मिश्री, मृणाल कन्द, पर्पटमोदक, पुष्पोत्तर, शक्कर, कमलोत्तर शक्कर अकोशिता, विजया, महाविजया, आदर्शोपमा, अनोपमा अथवा चार बार परिणत एवं चतुःस्थान परिणत गाय का दूध, जौ, गुड, शक्कर, मिश्री मिलाया हुआ मंदाग्नि पर पकाया हुआ तथा शुभवर्ण **यावत्** शुभस्पर्श से युक्त गोक्षीर जैसा क्या उस पृथ्वी का स्वाद होता है?

गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है। उस पृथ्वी का स्वाद इससे भी अधिक इष्टतर **यावत्** मनोज्ञतर कहा गया है।

प्र. भन्ते ! उन पुष्पों और फलों का स्वाद कैसा कहा गया है?

उ. गौतम ! जैसे चातुरंतचक्रवर्ती का भोजन जो कल्याणभोजन के नाम से प्रसिद्ध है और जो लाख गायों के दूध से निष्पन्न है, जो श्रेष्ठ वर्ण से **यावत्** स्पर्श से युक्त है, आस्वादन के योग्य है, विशेष रूप से आस्वादन योग्य है, जो दीपनीय (जठराग्नि वर्धक) है, वृंहणीय (धातुवृद्धिकारक) है, दर्पणीय (उत्साह आदि बढ़ाने वाला) है, मदनीय (मस्ती पैदा करने वाला) है और जो समस्त इन्द्रियों को और शरीर को आनन्ददायक होता है क्या ऐसा उन पुष्पों और फलों का स्वाद है?

गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है। उन पुष्प फलों का स्वाद उससे भी अधिक इष्टतर **यावत्** आस्वादनीय कहा गया है।

प्र. भन्ते ! उस आहार का उपभोग करके वे मनुष्य कहाँ निवास करते हैं?

उ. हे आयुष्मन् गौतम ! वे मनुष्य गेहाकार परिणत वृक्षों में निवास करने वाले कहे गए हैं।

प्र. भन्ते ! उन वृक्षों का आकार कैसा कहा गया है?

उ. हे आयुष्मन् श्रमण ! गौतम ! वे पर्वत के शिखर के आकार के, नाट्यशाला के आकार के, छत्र के आकार के, ध्वजा

तोरणसंठिया, गोपुरवेइयचोपालसगसंठिया, अट्टालकसंठिया, पासादसंठिया, हम्मतलसंठिया, गवक्खसंठिया, वाल्लगपोइयसंठिया, वलभिसंठिया, अण्णे तत्थ बहवे वरभवणसयणासणविसिट्ठ-संठाणसंठिया, सुहसीयलच्छाया णं ते दुमगणा पण्णत्ता समणाउसो!

के आकार के, स्तूप के आकार के, तोरण के आकार के, गोपुर और वेदिका से युक्त चौपाल के आकार के, अट्टालिका के आकार के, प्रासादाकार के, अगासी के आकार के, राजमहल हवेली जैसे गवाक्ष के आकार के, जल-प्रासाद के आकार के, वल्लभी के आकार के तथा और भी दूसरे श्रेष्ठ, विविध भवनों, शयनों, आसनों आदि के विशिष्ट आकार वाले और सुखरूप शीतल छाया वाले, वे वृक्ष समूह कहे गए हैं।

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे गेहाणि वा, गेहावणाणि वा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, रुक्खगेहालयाणं ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे गामाइ वा, नगराइ वा जाव सन्निवेसाइ वा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, जहिच्छिय कामगामिणो ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे असीइ वा, मसीइ वा, कसीइ वा, पणीइ वा, वणिज्जाइ वा?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे, ववगयअसि-मसि- किसि-पणिय-वाणिज्जा णं ते मणुयगणा पण्णत्ता समणाउसो!

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे हिरण्णेइ वा, सुवण्णेइ वा, कंसेइ वा, दूसेइ वा, मणीइ वा, मुत्तिएइ वा विपुल-धण-कणग-रयण-मणि-मोत्तिय-संख-सिल-प्पवाल- संतसार-सावएज्जेइ वा?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि, णो चेव णं तेसिं मणुयाणं तिव्वे ममत्तभावे समुप्पज्जइ।

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे राया इ वा, जुवराया इ वा, ईसरे इ वा, तलवरे इ वा, माडंबिया इ वा, कोडुंबिया इ वा, इब्भा इ वा, सेट्ठी इ वा, सेणावई इ वा, सत्थवाहा इ वा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, ववगय-इड्ढि-सक्कारका णं ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे दासाइ वा, पेसाइ वा, सिस्साइ वा, भयगाइ वा, भाइल्लगाइ वा, कम्मगरपुरिसा इ वा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, ववगयआभिओगिया णं ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे माया इ वा, पिया इ वा, भाया इ वा, भइणी इ वा, भज्जाइ वा, पुत्ताइ वा, धूयाइ वा, सुण्हाइ वा?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि, णो चेव णं तेसिं मणुयाणं तिव्वे पेमबंधे समुप्पज्जइ, पयणुपेज्जबंधणा णं ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे अरी इ वा, वेरिए इ वा, घायका इ वा, वहका इ वा, पडिणीया इ वा, पच्चमित्ता इ वा?

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में घर और दुकानें हैं?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है। हे आयुष्मन् श्रमण ! वे मनुष्यगण वृक्षों के बने हुए घर वाले कहे गये हैं।

प्र. भन्ते ! एकोरुक द्वीप में ग्राम नगर यावत् सन्निवेश हैं?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है। हे आयुष्मन् श्रमण ! वे मनुष्य इच्छानुसार गमन करने वाले कहे गए हैं।

प्र. भन्ते ! एकोरुक द्वीप में असि-शस्त्र, मषि (लेखनादि) कृषि, पण्य (किराना आदि) और वाणिज्य (व्यापार) हैं?

उ. हे आयुष्मन् श्रमण ! गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, वे मनुष्य असि-मषि कृषि-पण्य और वाणिज्य से रहित हैं।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में हिरण्य (चांदी) स्वर्ण, कांसी, वस्त्र, मणि, मोती तथा विपुल धन सोना रत्न, मणि, मोती शंख, शिलाप्रवाल आदि बहुमूल्य द्रव्य हैं?

उ. हाँ, गौतम ! हैं परन्तु उन मनुष्यों को उन वस्तुओं में तीव्र ममत्वभाव नहीं होता है।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में राजा, युवराज, ईश्वर, (प्रभावक), तलवर, माडंविक, कौटुम्बिक, इभ्य (धनिक) सेठ, सेनापति, सार्थवाह आदि हैं?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, हे आयुष्मन् श्रमण! वे मनुष्य ऋद्धि और सत्कार के व्यवहार से रहित कहे गए हैं।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में दास, प्रेष्य, (नौकर) शिष्य, वेतनभोगी, भृत्य, भागीदार, कर्मचारी हैं?

उ. गौतम ! ये सब वहाँ नहीं है! हे आयुष्मन् श्रमण ! वहाँ नौकर, कर्मचारी आदि नहीं हैं।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में माता, पिता, भाई, बहिन, भार्या, पुत्र, पुत्री और पुत्रवधू हैं?

उ. हाँ, गौतम ! हैं, परन्तु उनका माता-पितादि में तीव्र प्रेमबन्धन नहीं होता है। हे आयुष्मन् श्रमण! वे मनुष्य अल्परागबन्धन वाले कहे गए हैं।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में अरि, वैरी, घातक, वधक, प्रत्यनीक (विरोधी) प्रत्यमित्र (शत्रु-मित्र) हैं?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, ववगतवेराणुबंधा णं ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुय दीवे मित्ताइ वा, वयंसाइ वा, घडियाइ वा, सहीइ वा, सुहियाइ वा, महाभागाइ वा, संगइयाइ वा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, ववगयपेम्मा ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो !

प. अत्थि णं भंते ! एगोरुयदीवे आबाहाइ वा, विवाहाइ वा, जण्णाइ वा, सड्ढाइ वा, थालिपाकाइ वा,चोलीवणयणाइ वा, सीमंतुण्णयणाइं वा, पिइपिंडनिवेयणाइ वा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, ववगय-आबाह-विवाह-जण्ण-सड्ढ-थालिपाग-चोलीवणयण-सीमंतुण्णयण पिइपिंडनिवेदणा णं ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे इंदमहाइ वा, खंदमहाइ वा, रुद्दमहाइ वा, सिवमहाइ वा, वेसमणमहाइ वा, मुगुंदमहाइ वा, णागमहाइ वा, जक्खमहाइ वा, भूयमहाइ वा, कूवमहाइ वा, तलाय-णईमहा इ वा, दहमहाइ वा, पव्वयमहाइ वा, रुक्खरोवणमहाइ वा, चेइयमहाइ वा, थूभमहा इ वा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, ववगय महमहिमा णं ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे णडपेच्छाइ वा, णट्टपेच्छाइ वा, जल्लपेच्छाइ वा, मल्लपेच्छाइ वा, मुट्ठियपेच्छाइ वा, विडंवगपेच्छाइ वा, कहगपेच्छाइ वा, पवगपेच्छाइ वा, अक्खायगपेच्छाइ वा, लासगपेच्छाइ वा, लंखपेच्छाइ वा, मंखपेच्छाइ वा, तूणइल्लपेच्छाइ वा, तुंबवीणापेच्छाइ वा, कावडपेच्छाइ वा, मागहपेच्छाइ वा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, ववगयकोउहल्ला णं ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुय दीवे सगडाइ वा, रहाइ वा, जाणाइ वा, जुग्गा इ वा, गिल्ली इ वा, थिल्लीइ वा, पिल्लीइ वा, पवहणाणि वा, सिवियाइ वा, संदमाणियाइं वा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, पादचारविहारिणो णं ते मणुयगणा पण्णत्ता समणाउसो!

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे आसा इ वा, हत्थी इ वा, उट्टा इ वा, गोणा इ वा, महिसाइ वा, खराइ वा, घोडा इ वा, अजा इ वा, एला इ वा?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि, नो चेव णं तेसिं मणुयाणं परिभोगत्ताए हव्वमागच्छंति।

उ. गौतम ! ये सब वहाँ नहीं हैं। हे आयुष्मन् श्रमण ! वे मनुष्य वैरभाव से रहित कहे गए हैं।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में मित्र, वयस, प्रेमी, सखा, सुहृदय, महाभाग और सांगतिक (साथी) हैं?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं हैं ! हे आयुष्मन् श्रमण ! वे मनुष्य प्रेमबन्धन रहित कहे गए हैं।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में आबाह (सगाई) विवाह (परिणय) यज्ञ (श्राद्ध) स्थालीपाक (वर-वधू भोज) चोलोपनयन (मुंडन संस्कार) सीमन्तोन्नयन (उपनयन संस्कार) पितरों को पिण्डदान आदि के संस्कार हैं?

उ. गौतम ! ये संस्कार वहाँ नहीं हैं। हे आयुष्मन् श्रमण ! वे मनुष्य आबाह, विवाह, यज्ञ, श्राद्ध, भोज, चोलोपनयन, सीमन्तोन्नयन, पितृ-पिण्डदान आदि व्यवहार से रहित कहे गए हैं।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में इन्द्रमहोत्सव, स्कंद (कार्तिकेय) महोत्सव, रुद्र (यक्षाधिपति) महोत्सव, शिवमहोत्सव, वैश्रमण (कुबेर) महोत्सव, मुकुन्द (कृष्ण) महोत्सव, नाग, यक्ष, भूत, कूप, तालाब, नदी, द्रह (कुण्ड) पर्वत, वृक्षारोपण, चैत्य और स्तूप महोत्सव होते हैं?

उ. गौतम ! वहाँ ये महोत्सव नहीं होते हैं। हे आयुष्मन् श्रमण ! वे मनुष्य महोत्सव की महिमा से रहित होते हैं।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में नटों का खेल होता है, नृत्यों का आयोजन होता है, डोरी पर खेलने वालों का खेल होता है, कुश्तियाँ होती हैं, मुष्टिप्रहारादि का प्रदर्शन होता है, विदूषकों कथाकारों, उछलकूद करने वालों, शुभाशुभ फल कहने वालों, रास गाने वालों, बांस पर चढकर नाचने वालों, चित्रफलक हाथ में लेकर माँगने वालों, तूण (वाद्य) बजाने वालों, वीणावादकों कावड लेकर घूमने वालों, स्तुति पाठकों का मेला लगता है?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है। हे आयुष्मन् श्रमण! वे मनुष्य कौतूहल से रहित कहे गए हैं।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में गाड़ी, रथ, यान (वाहन) युग्य (चतुष्कोण वेदिका वाली और दो पुरुषों द्वारा उठाई जाने वाली पालकी) गिल्ली, थिल्ली, पिल्ली, प्रवहण (नौका-जहाज) शिबिका (पालखी) स्यन्दमानिका (छोटी पालखी) आदि वाहन हैं?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं हैं। हे आयुष्मन् श्रमण! वे मनुष्य पैदल चलने वाले होते हैं।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में घोड़े, हाथी, ऊँट, बैल, भैसें, गधे, टट्टू, बकरे और भेड़े होती हैं?

उ. हाँ, गौतम ! होते हैं, परन्तु उन मनुष्यों के उपभोग के लिए नहीं होते।

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे सीहाइ वा, वग्घाइ वा, विगाइ वा, दीवियाइ वा, अच्छाइ वा, परस्साइ वा, तरच्छाइ वा, विडालाइ वा, सियालाइ वा, सुणगाइ वा, कोलसुणगाइ वा, कोकंतियाइ वा, ससगाइ वा, चित्तला इ वा, चिल्ललगाइ वा ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि, नो चेव णं ते अण्णमण्णस्स तेसिं वा मणुयाणं किंचि आबाहं वा, पबाहं वा, उप्पायंति वा, छविच्छेदं वा करेंति, पगइभद्दगा णं ते सावयगणा पण्णत्ता समणाउसो!

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे सालीइ वा, वीहीइ वा, गोधूमाइ वा, जवाइ वा, तिलाइ वा, इक्खुत्ति वा ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि, नो चेव णं तेसिं मणुयाणं परिभोगत्ताए हव्वमागच्छंति।

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे गत्ताइ वा, दरीइ वा, घंसाइ वा, भिगू इ वा, उवाए इ वा, विसमे इ वा, विज्जले इ वा, धूली इ वा, रेणू इ वा, पके इ वा, चलणी इ वा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, एगोरुय दीवे णं दीवे बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते, समणाउसो!

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे खाणूइ वा, कंटएइ वा, हीरएइ वा, सक्कराइ वा, तणकयवराइ वा, पत्तकयवरा इ वा, असुई इ वा, पूतियाइ वा, दुब्भिगंधाइ वा, अचोक्खाइ वा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, ववगय-खाणु-कंटक-हीर-सक्कर-तणकय-वर-पत्तकय वर-असुइ-पूइ-दुब्भिगंधमचोक्खे णं एगोरुयदीवे पण्णत्ते, समणाउसो !

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे दंसाइ वा, मसगाइ वा, पिसुयाइ वा, जूयाइ वा, लिक्खाइ वा, ढंकुणाइ वा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, ववगय-दंस-मसग-पिसुय-जूय-लिक्ख-ढंकुणे णं एगोरुयदीवे पण्णत्ते, समणाउसो !

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे अहीइ वा, अयगराइ वा, महोरगाइ वा ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि, णो चेव णं ते अन्नमन्नस्स तेसिं वा मणुयाणं किंचि आबाहं वा, पबाहं वा, छविच्छेयं वा करेंति। पगइभद्दगा णं ते बियालगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे गहदंडाइ वा, गहमुसलाइ वा, गहगज्जियाइ वा, गहजुद्धाइ वा, गहसंघाडगाइ वा, गहअवसव्वाइ वा, अब्भाइ वा, अब्भरुक्खाइ वा,

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में सिंह, व्याघ्र, भेड़िया, चीता, रींछ, गेंडा, तरक्ष (तेंदुआ), बिल्ली, सियाल, कुत्ता, सूअर, लोमड़ी, खरगोश, चित्तल, मृग और चिल्लक (पशु विशेष) हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! वे हैं, परन्तु वे परस्पर या वहाँ के मनुष्यों को पीड़ा या बाधा नहीं देते हैं और उनके अवयवों का छेदन नहीं करते हैं। हे आयुष्मन् श्रमण! वे जंगली पशु स्वभाव से भद्र प्रकृति वाले कहे गए हैं।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में शालि, व्रीहि, गेहूँ, जौ, तिल और इक्षु होते हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! होते हैं, किन्तु उन पुरुषों के उपभोग में नहीं आते।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में गड्ढे, बिल, दरारें, भृगु (पर्वतशिखर) आदि ऊँचे स्थान, अवपात (गिरने की संभावना वाले स्थान) विषमस्थान, दलदल, धूल, रज, पंक-कीचड़ कादव और चलनी (पांव में चिपकने वाला कीचड़) आदि हैं ?

उ. गौतम ! वहाँ ये गड्ढे आदि नहीं हैं, हे आष्युमन् श्रमण एकोरुक द्वीप का भू-भाग बहुत समतल और रमणीय कहा गया है।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में स्थाणू (ठूंठ) काँटे, हीरक (तीखी लकड़ी का टुकड़ा) कंकर तृण का कचरा, पत्तों का कचरा, अशुचि, सडांध, दुर्गन्ध और अपवित्र पदार्थ हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है। हे आयुष्मन् श्रमण एकोरुक द्वीप स्थाणू, कंटक, हीरक, कंकर तृणकचरा, पत्र कचरा, अशुचि सडांध दुर्गन्ध और अपवित्र पदार्थ से रहित कहा गया है।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में डांस, मच्छर, पिस्सू, जूं, लीख, माकण (खटमल) आदि हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, हे आयुष्मन् श्रमण एकोरुक द्वीप डांस, मच्छर, पिस्सू, जूं, लीख, खटमल से रहित कहा गया है।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में सर्प, अजगर और महोरग हैं ?

उ. हे आयुष्मन् श्रमण गौतम ! होते हैं, परन्तु परस्पर या वहाँ के लोगों को बाधा-पीड़ा नहीं पहुँचाते हैं और काटते भी नहीं हैं, वे सर्पादि स्वभाव से ही भद्रिक कहे गए हैं।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में (अनिष्टसूचक) दण्डाकार ग्रहसमुदाय, मूसलाकार ग्रहसमुदाय, ग्रहों के संचार की ध्वनि, ग्रहयुद्ध (दो ग्रहों का एक स्थान पर होना) ग्रहसंघाटक (त्रिकोणाकार ग्रह-समुदाय ग्रहापसव ग्रहों का वक्री होना), मेघों का उत्पन्न होना, वृक्षकार मेघों का होना,

संझाइ वा, गंधव्वणगराइ वा, गज्जियाइ वा, विज्जुयाइ वा, उक्कापाताइ वा, दिसादाहाइ वा, निग्घायाइ वा, पंसुवुट्ठीइ वा, जुवगाइ वा, जक्खलित्ताइ वा, धूमियाइ वा, महियाइ वा, रउग्घायाइ वा, चंदोवरागाइ वा, सूरोवरागाइ वा, चंदपरिवेसाइ वा, सूरपरिवेसाइ वा, पडिचंदाइ वा, पडिसूराइ वा, इंदधणूइ वा, उदगमच्छाइ वा, अमोहाइ वा, कविहसियाइ वा, पाईणवायाइ वा, पडीणवायाइ वा **जाव** सुद्धवायाइ वा, गामदाहाइ वा, नगरदाहाइ वा **जाव** सण्णिवेसदाहाइ वा, पाणक्खय-जणक्खय-कुलक्खय-धणक्खय-वसण-भूयमणारियाइ वा?

सन्ध्या (लाल-नीले बादलों का परिणमन), गन्धर्व नगर, (बादलों का नगरादि रूप में परिणमन) गर्जना, बिजली चमकना, उल्कापात (बिजली गिरना), दिग्दाह (किसी एक दिशा का एकदम अग्निज्वाला जैसा भयानक दिखना) निर्घात बिजली का कड़कना, धूलि बरसना, यूपक (सन्ध्या, प्रभा और चन्द्रप्रभा का मिश्रण होने पर सन्ध्या का पता न चलना) यक्षदीप्त (आकाश में अग्निसहित पिशाच का रूप दिखना) धूमिका (धूमर) महिका (जलकणयुक्त धूवर) रज-उद्घात (दिशाओं में धूल भर जाना) चन्द्रग्रहण-सूर्यग्रहण, चन्द्र के आसपास मण्डल का होना, सूर्य के आसपास मण्डल का होना, दो चन्द्रों का दिखना, दो सूर्यों का दिखना, इन्द्रधनुष उदकमत्स्य (इन्द्रधनुष का टुकड़ा) अमोघ सूर्यास्त के बाद सूर्यबिम्ब से निकलने वाली श्यामादि वर्ण वाली रेखा, कपिहसित (आकाश में होने वाला भयंकर शब्द) पूर्ववात्, पश्चिमवात् **यावत्** शुद्धवात्, ग्रामदाह, नगरदाह **यावत्** सन्निवेशदाह (इनसे होने वाले) प्राणियों का क्षय, जनक्षय, कुलक्षय, धनक्षय आदि दुख और अनार्य-उत्पात आदि वहाँ होते हैं?

उ. गोयमा! णो इणट्ठे समट्ठे।

उ. गौतम! ये सब उपद्रव वहां नहीं होते हैं।

प. अत्थि णं भन्ते! एगोरुय दीवे दीवे डिंबाइ वा, डमराइ वा, कलहाइ वा, बोलाइ वा, खाराइ वा, वेराइ वा, विरुद्धरज्जाइ वा?

प्र. भन्ते! क्या एकोरुक द्वीप में डिंब (शत्रु भय), डमर (अन्य देश द्वारा किया गया उपद्रव), कलह (वाग्युद्ध), आर्तनाद, मात्सर्य, वैर, विरोधी राज्य आदि हैं?

उ. गोयमा! णो इणट्ठे समट्ठे। ववगय-डिंब-डमर-कलह-बोल-खार-वेर-विरुद्धरज्जा णं ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

उ. गौतम! यह अर्थ समर्थ नहीं है, हे आयुष्मन् श्रमण! वहाँ के मनुष्य डिंब-डमर-कलह-बोल-क्षार-वैर और विरुद्ध-राज्य के उपद्रवों से रहित कहे गए हैं।

प. अत्थि णं भन्ते! एगोरुयदीवे दीवे महाजुद्धाइ वा, महासंगामाइ वा, महासत्थनिवयणाइ वा, महापुरिसबाणा इ वा, महारुधिरबाणा इ वा, नागबाणा इ वा, खेणबाणा इ वा, तामसबाणाइ वा?

प्र. भन्ते! क्या एकोरुक द्वीप में महायुद्ध, महासंग्राम, महाशस्त्रों का निपात, महापुरुषों (चक्रवर्ती-बलदेव-वासुदेव) के बाण, महारुधिरबाण, नागबाण, आकाशबाण, तामस (अंधकार कर देने वाला) बाण आदि हैं?

उ. गोयमा! णो इणट्ठे समट्ठे। ववगय-वेराणुबंधा णं ते मणुया पण्णत्ता, समणाउसो!

उ. गौतम! ये सब वहाँ नहीं है। हे आयुष्मन् श्रमण! वहाँ के मनुष्य वैरानुबन्ध से रहित कहे गए हैं अतः वहाँ महायुद्धादि नहीं होते हैं।

प. अत्थि णं भन्ते! एगोरुय दीवे दीवे दुब्भूइयाइ वा, कुलरोगाइ वा, गामरोगाइ वा, णगररोगाइ वा, मंडलरोगाइ वा, सिरोवेयणाइ वा, अच्छिवेयणाइ वा, कण्णवेयणाइ वा, णक्कवेयणाइ वा, दंतवेयणाइ वा, नखवेयणाइ वा, कासाइ वा, सासाइ वा, जराइ वा, दाहाइ वा, कच्छूइ वा, खसराइ वा, कुट्ठाइ वा, कुडाइ वा, दगोयराइ वा, अरिसाइ वा, अजीरगाइ वा, भगंदराइ वा, इंदग्गहाइ वा, खंदग्गहाइ वा, कुमारग्गहाइ वा, णागग्गहाइ वा, जक्खग्गहाइ वा, भूयग्गहाइ वा, उव्वेयग्गहाइ वा, धणुग्गहाइ वा, एगाहियगाहाइ वा, वेयाहियगहियाइ वा, तेयाहियगहियाइ वा, चाउत्थगहियाइ वा, हिययसूलाइ वा, मत्थगसूलाइ वा, पाससूलाइ वा, कुच्छिसूलाइ वा, जोणिसूलाइ वा, गाममारीइ वा **जाव** सन्निवेसमारीइ वा, पाणक्खय जाव वसणभूयमणारिया इ वा?

प्र. भन्ते! क्या एकोरुक द्वीप में दुर्भूतिक (दुर्भाग) कुलक्रमागतरोग, ग्रामरोग, नगररोग, मंडल (जिला) रोग, शिरोवेदना, आंखवेदना, कानवेदना, नाकवेदना, दांतवेदना, नखवेदना, खांसी, श्वास, ज्वर, दाह, खुजली, दाद, कोढ, कुड (डमरुवाल), जलोदर, अर्श (बवासीर) अजीर्ण, भगंदर, इन्द्र ग्रह (इन्द्र के आवेश से होने वाला रोग) स्कन्दग्रह (कार्तिकेय के आवेश से होने वाला रोग) कुमारग्रह, नागग्रह, यक्षग्रह, भूतग्रह, उद्वेग ग्रह, धनुग्रह (धनुर्वात) एकान्तर ज्वर, दो दिन छोड़कर आने वाला ज्वर, तीन दिन छोड़कर आने वाला ज्वर, चार दिन छोड़कर आने वाला ज्वर, हृदयशूल, मस्तकशूल, पार्श्वशूल, (पसलियों का दर्द) कुक्षिशूल, योनिशूल, ग्राममारी **यावत्** सन्निवेशमारी और इनसे होने वाला प्राणों का क्षय **यावत्** दुःखरूप उपद्रवादि हैं?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे। ववगयरोगायंका णं ते मणुयगणा पण्णत्ता समणाउसो!

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुयदीवे दीवे अइवासाइ वा, मंदवासाइ वा, सुवुट्ठीइ वा, मंदवुट्ठीइ वा, उद्दावाहाइ वा, पवाहाइ वा, दगुब्भेयाइ वा, वगुप्पीलाइ वा, गामवाहाइ वा **जाव** सन्निवेसवाहाइ वा पाणक्खय **जाव** वसणभूयमणारियाइं वा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, ववगयदगोवद्दवा णं ते मणुयगणा पण्णत्ता, समणाउसो!

प. अत्थि णं भन्ते ! एगोरुय दीवे दीवे अयागराइ वा, तंबागराइ वा, सीसागराइ वा, सुवण्णागराइ वा, रयणागराइ वा, वइरागराइ वा, वसुहाराइ वा, हिरण्णवासाइ वा, सुवण्णवासाइ वा, रयणवासाइ वा, वइरवासाइ वा, आभरणवासाइ वा, पत्तवासाइ वा, पुप्फवासाइ वा, फलवासाइ वा, बीयवासाइ वा, मल्लवासाइ वा, गंधवासाइ वा, वण्णवासाइ वा, चुण्णवासाइ वा, खीरवुट्ठीइ वा, रयणवुट्ठीइ वा, हिरणवुट्ठीइ वा, सुवण्णवुट्ठीइ वा, तहेव **जाव** चुण्णवुट्ठीइ वा, सुकालाइ वा, दुकालाइ वा, सुभिक्खाइ वा, दुब्भिक्खाइ वा, अप्पग्घाइ वा, महग्घाइ वा, कयाइ वा, विक्कयाइ वा, सण्णिहीइ वा, संचयाइ वा, निधीइ वा, निहाणाइ वा, चिरपोराणाइ वा, पहीण सामियाइ वा, पहीणसेउयाइ वा, पहीणगोत्तागाराइं वा जाइं इमाइं गामागर-णगर-खेड कब्बड-मडंब-दोणमुह-पट्टणासमसंवाह-सन्निवेसेसु सिंघाडग-तिग-चउक्क-चच्चर-चउमुह-महापहपहेसु णगरणिद्धमणसुसाण गिरिकंदर संति सेलोवट्ठाण भवणगिहेसु सन्निक्खित्ताइं चिट्ठंति?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

–जीवा. पडि.३ सु. १११/९५-९६

उ. गौतम ! ये सब उपद्रव-रोगादि वहाँ नहीं हैं। हे आयुष्मन् श्रमण ! वे मनुष्य सब प्रकार के रोग और आतंकों मुक्त कहे गए हैं।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में अतिवृष्टि, सुवृष्टि, अल्प-वृष्टि, दुर्वृष्टि, उद्‌वाह (तीव्रता से जल का बहना), प्रवाह, उदकभेद (ऊँचाई से जल गिरने से खड्डे पड़ जाना), उदक-पीड़ा (जल का ऊपर उछलना) गांव को बहा ले जाने वाली वर्षा **यावत्** सन्निवेश को बहा ले जाने वाली वर्षा और उससे होने वाला प्राणक्षय **यावत्** दुःखरूप उपद्रवादि होते हैं?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, हे आयुष्मन् श्रमण ! वे मनुष्य जल से होने वाले उपद्रवों से रहित कहे गए हैं।

प्र. भन्ते ! क्या एकोरुक द्वीप में लोहे की खान, तांबे की खान, सीसे की खान, सोने की खान, रत्नों की खान, वज्र-हीरों की खान, वसुधारा (धन की धारा), सोने की वृष्टि, चांदी की वृष्टि, रत्नों की वृष्टि, वज्रों-हीरों की वृष्टि, आभरणों की वृष्टि, पत्र-पुष्प-फल बीज-माल्य-गन्ध-वर्ण-चूर्ण की वृष्टि, दूध की वृष्टि, रत्नों की वर्षा, हिरण्य-सुवर्ण उसी प्रकार **यावत्** चूर्णों की वर्षा, सुकाल, दुष्काल, सुभिक्ष, दुर्भिक्ष, सस्तापन, मंहगापन, क्रय-विक्रय-सन्निधि, सन्निचय, निधि, निधान, बहुत पुराने जिनके स्वामी नष्ट हो गये, जिनमें नया धन डालने वाला कोई न हो, जिनके गोत्रीजन सब मर चुके हों ऐसे जो गांवों में, नगर में, आकर-खेट-कर्बट-मडंब-द्रोणुमख-पट्टन आश्रम, संबाह और सन्निवेशों में रखा हुआ, शृंगाटक, त्रिक, चतुष्क, चत्वर, चतुर्मुख महामार्गों पर, नगर की गटरों में, श्मशान में, पहाड़ की गुफाओं में ऊँचे पर्वतों के उपस्थान और भवनगृहों में रखा हुआ (गड़ा हुआ) धन है?

उ. गौतम ! यह सब वहाँ नहीं हैं।

१०४. एगोरुयदीवस्स मणुयाणं ठिई परूवणं–

प. एगोरुयदीवे णं भन्ते ! दीवे मणुयाणं केवइयं कालं ठिई पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! जहन्नेणं पलिओवमस्स असंखेज्जइभागं असंखेज्जइभागेणं ऊणगं, उक्कोसेणं पलिओवमस्स असंखेज्जइ भागं। *–जीवा. पडि. ३, सु. १११/९७(क)*

१०४. एकोरुक द्वीप में मनुष्यों की स्थिति का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! एकोरुक द्वीप के मनुष्यों की स्थिति कितनी कही गई है?

उ. गौतम ! जघन्य असंख्यातवां भाग कम पल्योपम का असंख्यातवां भाग और उत्कृष्ट पल्योपम का असंख्यातवां भाग प्रमाण है।

१०५. एगोरुयदीवस्स मणूसेहिं मिहुणगस्स संगोपणं देवलोएसु उप्पत्ति य परूवणं–

प. ते णं मणुसस्स कालमासे कालं किच्चा कहिं गच्छंति? कहिं उववज्जंति?

उ. गोयमा ! ते णं मणुया छम्मासावसेसाउया मिहुणाइं पसवंति, अउणासीइं राइंदियाइं मिहुणाइं सारक्खंति संगोविंति य सारक्खित्ता संगोवित्ता उस्ससित्ता निस्ससित्ता कासित्ता छीइत्ता अक्किट्ठा अव्वहिया,

१०५. एकोरुक द्वीप के मनुष्यों द्वारा मिथुनक का पालन और देवलोकों में उत्पत्ति का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! वे मनुष्य कालमास में काल करके-मरकर कहाँ जाते हैं और कहाँ उत्पन्न होते हैं?

उ. गौतम ! वे मनुष्य छह मास की आयु शेष रहने पर एक मिथुनक (युगलिक) को जन्म देते हैं। उन्यासी (७९) रात्रिदिन तक उसका पालन-पोषण करते हैं और पालन-पोषण करके ऊर्ध्वश्वास लेकर निश्वास लेकर

अपरियाविया (पलिओवमस्स असंखेज्जइभागं परियावियं) सुहंसुहेणं कालमासे कालं किच्चा अन्नयरेसु देवलोएसु देवत्ताए उववत्तारो भवंति।

देवलोयपरिग्गहा णं ते मणुयगणा पण्णत्ता समणाउसो!

–जीवा. पडि. ३, सु १११/१७(ख)

खांसकर या छींककर बिना किसी कष्ट के, बिना किसी दुःख के, बिना किसी परिताप के (पल्योपम का असंख्यातवां भाग आयुष्य भोगकर) सुखपूर्वक मृत्यु के अवसर पर मरकर किसी भी देवलोक में देव के रूप में उत्पन्न होते हैं।

हे आयुष्मन् श्रमण! वे मनुष्य देवलोक में ही उत्पन्न होने वाले कहे गए हैं।

१०६. हरिवास-रम्मयवासेसु मणुयाणं संपत्तजोव्वणासमय परूवणं–

हरिवासरम्मयवासेसु मणुसस्स तेवट्ठिए राइंदिएहिं संपत्तजोव्वणा भवंति। *–सम. ६३, सु. २*

१०६. हरिवर्ष-रम्यक्वर्ष में मनुष्यों के यौवन प्राप्ति समय का प्ररूपण–

हरिवर्ष और रम्यक्वर्ष के मनुष्य तिरेसठ (६३) दिन-रात में यौवन अवस्था को प्राप्त हो जाते हैं।

१०७. खेत्तं कालं च पडुच्च मणुयाणं ओगाहणा आउं च परूवणं–

जंबुद्दीवे दीवे भरहेरवएसु वासेसु तीताए उस्सप्पिणीए सुसमाए समाए मणुया दो गाउयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं होत्था, दोण्णि य पलिओवमाइं परमाउं पालइत्था।

एवं इमीसे ओसप्पिणीए वि।

एवमागमेस्साए उस्सप्पणीए वि। *–ठाणं. अ. २, सु. ९२*

जंबुद्दीवे दीवे भरहेरवएसु वासेसु तीताए उस्सप्पिणीए सुसमसुसमाए समाए मणुया तिण्णि गाउयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं होत्था, तिण्णि पलिओवमाइं परमाउं पालइत्था।

एवं इमीसे ओसप्पिणीए, आगमेस्साए उस्सप्पिणीए।

जंबुद्दीवे दीवे देवकुरुउत्तरकुरासु मणुया तिण्णि गाउयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ता, तिण्णि पलिओवमाइं परमाउं पालयंति।

एवं जाव **पुक्खरवरदीवड्ढपच्चत्थिमद्धे वि।**

–ठाणं. अ. ३, उ. १, सु. १५१/२

१. जंबुद्दीवे दीवे भरहेरवएसु वासेसु तीताए उस्सप्पिणीए सुसमसुसमाए समाए मणुया छ धणुसहस्साइं उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ता छच्च अद्धपलिओवमाइं परमाउं पालयित्था।

२. जंबुद्दीवे दीवे भरहेरवएसु वासेसु इमीसे ओसप्पिणीए सुसमसुसमाए समाए मणुया छ धणुसहस्साइं उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ता, छच्च अद्धपलिओवमाइं परमाउं पालयंति।

३. जंबुद्दीवे दीवे भरहेरवएसु वासेसु आगमेस्साए उस्सप्पिणी सुसमसुसमाए समाए मणुया छ धणुसहस्साइं उड्ढं उच्चत्तेणं भविस्संति, छच्च अद्धपलिओवमाइं परमाउं पालइस्संति।

४. जंबुद्दीवे दीवे देवकुरुउत्तरकुरासु मणुया छद्धणुसहस्साइं उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ता, छच्च अद्धपलिओवमाइं परमाउं पालेंति।

एवं धायइसंडदीवपुरत्थिमद्धे चत्तारि आलावगा जाव **पुक्खरवरदीवड्ढपच्चत्थिमद्धे वि चत्तारि आलावगा।**

–ठाणं. अ. ६, सु. ४९३

१०७. क्षेत्रकाल की अपेक्षा मनुष्यों की अवगाहना और आयु का प्ररूपण–

जम्बूद्वीप द्वीप के भरत और ऐरवत क्षेत्र में अतीत उत्सर्पिणी सुषमा नामक काल (आरे) में मनुष्यों की ऊँचाई दो गाउ की और उत्कृष्ट आयु दो पल्योपम की थी।

इसी प्रकार इस अवसर्पिणी के सुषमा काल के लिए जानना चाहिए।

इसी प्रकार आगामी उत्सर्पिणी के सुषमा काल के लिए भी जानना चाहिए।

जम्बूद्वीप द्वीप के भरत और ऐरवत क्षेत्र में अतीत उत्सर्पिणी के सुषमसुषमा नाम के आरे में मनुष्यों की ऊँचाई तीन गाउ की थी तथा उनकी उत्कृष्ट आयु तीन पल्योपम की थी।

इसी प्रकार वर्तमान अवसर्पिणी तथा आगामी उत्सर्पिणी में भी जानना चाहिए।

जम्बूद्वीप द्वीप में देवकुरु और उत्तरकुरु में मनुष्यों की ऊँचाई तीन गाउ की है और उत्कृष्ट आयु तीन पल्योपम की कही गई है।

इसी प्रकार धातकीखण्ड तथा अर्धपुष्करवर द्वीप के पूर्वार्द्ध और पश्चिमार्द्ध में जानना चाहिए।

१. जम्बूद्वीप के भरत-ऐरवत क्षेत्र की अतीत उत्सर्पिणी के सुषमसुषमा काल में मनुष्यों की ऊँचाई छह हजार धनुष्य की थी तथा उनकी उत्कृष्ट आयु तीन पल्योपम की थी।

२. जम्बूद्वीप के भरत-ऐरवत क्षेत्र में वर्तमान अवसर्पिणी के सुषमसुषमा काल में मनुष्यों की ऊँचाई छह हजार धनुष्य की है और उत्कृष्ट आयु तीन पल्योपम की है।

३. जम्बूद्वीप के भरत-ऐरवत क्षेत्र की आगामी उत्सर्पिणी के सुषमसुषमाकाल में मनुष्यों की ऊँचाई छह हजार धनुष्य की होगी और उत्कृष्ट आयु तीन पल्योपम की होगी।

४. जम्बूद्वीप में देवकुरु तथा उत्तरकुरु में मनुष्यों की ऊँचाई छह हजार धनुष्य की है तथा उत्कृष्ट आयु तीन पल्योपम की है।

इसी प्रकार धातकीखण्ड द्वीप के पूर्वार्द्ध और पश्चिमार्द्ध में चार-चार आलापक यावत् अर्धपुष्करवरद्वीप के पश्चिमार्द्ध में चार आलापक कहने चाहिए।

देवगति अध्ययन

*देवगति में प्राप्त देव प्रमुखरूपेण चार प्रकार के होते हैं–१. भवनपति, २. वाणव्यन्तर, ३. ज्योतिष्क एवं ४. वैमानिक। किन्तु देव शब्द का प्रयोग भिन्न अर्थ में भी हुआ है। इसीलिए स्थानांग एवं व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र में देव पाँच प्रकार के कहे गए हैं–१. भव्यद्रव्यदेव, २. नरदेव, ३. धर्मदेव, ४. देवाधिदेव एवं ५. भावदेव। इनमें भावदेव ही एक ऐसा भेद है जो देवगति को प्राप्त देवों के लिए प्रयुक्त हुआ है। भव्यद्रव्यदेव उन तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय एवं मनुष्यों को कहा गया है जो देवगति में उत्पन्न होने योग्य हैं। नरदेव शब्द का प्रयोग चातुरन्त चक्रवर्ती राजाओं के लिए प्रयुक्त हुआ है। पाँच समिति एवं तीन गुप्तियों का पालन करने वाले अनगारों को धर्मदेव कहा गया है। देवाधिदेव शब्द का प्रयोग केवलज्ञान एवं केवलदर्शन के धारक अरिहन्त भगवन्तों के लिए हुआ है। क्योंकि ये देवों के भी देव हैं। इस प्रकार देव शब्द विभिन्न अर्थों में प्रयुक्त हुआ है। वेदों में दान देने, द्योतित (प्रकाशित) होने एवं प्रकाशित करने वाले को देव कहा गया है–**देवो दानाद् वा द्योतनाद् वा दीपनाद् वा**। इस प्रकार विभिन्न अर्थों में उपर्युक्त पाँचों देव हैं। इन पाँचों में सबसे अल्प नरदेव हैं। देवाधिदेव उनसे संख्यातगुणे हैं। धर्मदेव उनसे संख्यातगुणे, भव्यद्रव्यदेव उनसे भी असंख्यातगुणे एवं भावदेव उनसे भी असंख्यातगुणे हैं। इन पाँचों देवों की कायस्थिति एवं अन्तरकाल का भी इस अध्ययन में संकेत है। कायस्थिति के लिए इसी अनुयोग का स्थिति अध्ययन द्रष्टव्य है।*

भावदेव अर्थात् देवगति को प्राप्त चतुर्विध देवों में वैमानिक देव सबसे अल्प हैं। उनसे भवनवासी एवं वाणव्यन्तर देव उत्तरोत्तर असंख्यातगुणे हैं। सबसे अधिक ज्योतिष्क देव हैं जो वाणव्यन्तरों से संख्यातगुणे हैं। वैमानिकों में सबसे अल्प अनुत्तरौपपातिक देव हैं। उनसे नवग्रैवेयक संख्यातगुणे हैं। अच्युत से आनत तक (१२वें से ९वें देवलोक तक) उत्तरोत्तर संख्यातगुणे हैं। उसके पश्चात् आठवें से पहले देवलोक तक उत्तरोत्तर असंख्यातगुणे हैं। भवनपति देव अधोलोक में, वाणव्यन्तर वनों के अन्तरों में (मध्य में), ज्योतिष्क तिर्यक् लोक में एवं वैमानिक देव ऊर्ध्व लोक में रहते हैं।

भवनपति देव प्रमुखतः १० प्रकार के हैं–१. असुरकुमार, २. नागकुमार, ३. स्वर्णकुमार, ४. विद्युत्कुमार, ५. अग्निकुमार, ६. द्वीपकुमार, ७. उदधिकुमार, ८. दिशाकुमार, ९. पवनकुमार एवं १०. स्तनितकुमार। वाणव्यन्तर देव के प्रमुखतः ८ प्रकार हैं–१. किन्नर, २. किंपुरुष, ३. महोरग, ४. गन्धर्व, ५. यक्ष, ६. राक्षस, ७. भूत एवं ८. पिशाच। ज्योतिष्क देव पाँच प्रकार के हैं–१. चन्द्र, २. सूर्य, ३. ग्रह, ४. नक्षत्र और ५. तारा। वैमानिक देवों में १२ देवलोक ९ नवग्रैवेयक एवं ५ अनुत्तर विमान कहे गए हैं। १२ देवलोक इस प्रकार हैं–१. सौधर्म, २. ईशान, ३. सनत्कुमार, ४. माहेन्द्र, ५. ब्रह्मलोक, ६. लांतक, ७. महाशुक्र, ८. सहस्रार, ९. आनत, १०. प्राणत, ११. आरण एवं १२. अच्युत।

इनके अतिरिक्त देवों के और भी प्रकार हैं। असुरकुमार भवनपति की जाति के १५ परमाधार्मिक देव कहे गए हैं–१. अम्ब, २. अम्बरिष, ३. श्याम, ४. शबल, ५. रौद्र, ६. उपरौद्र, ७. काल, ८. महाकाल, ९. असिपत्र, १०. धनु, ११. कुम्भ, १२. बालुका, १३. वैतरणी, १४. खरस्वर एवं १५. महाघोष। तीन किल्विषक देव कहे गए हैं जो विभिन्न वैमानिक कल्पों की नीचे की प्रतर में रहते हैं–१. तीन पल्योपम की स्थिति वाले, २. तीन सागरोपम की स्थिति वाले एवं ३. तेरह सागरोपम की स्थिति वाले। आठ लोकान्तिक देव हैं जो आठ कृष्णराजियों के आठ अवकाशान्तरों में रहते हैं–१. सारस्वत, २. आदित्य, ३. वह्नि, ४. वरुण, ५. गर्दतोय, ६. तुषित, ७. अव्याबाध, ८. अग्न्यर्च। एक मरुत् भेद का उल्लेख मिलने से नौ लोकान्तिक देव माने गए हैं। इनके अलावा जृम्भक आदि दस विशिष्ट व्यन्तर देव होते हैं।

देवों की विभिन्न श्रेणियाँ हैं। कोई इन्द्र होता है, कोई सामान्य देव होता है, कोई लोकपाल होता है, कोई आधिपत्य करने वाले देव होते हैं। इस प्रकार देव विभिन्न स्तर के हैं। कुल ३२ देवेन्द्र (इन्द्र) कहे गए हैं–१. चमर, २. बली, ३. धारण, ४. भूतानन्द, ५. वेणुदेव, ६. वेणुदाली, ७. हरिकान्त, ८. हरिस्सह, ९. अग्निशिख, १०. अग्निमाणव, ११. पूर्ण, १२. वशिष्ठ, १३. जलकान्त, १४. जलप्रभ, १५. अमितगति, १६. अमितवाहन, १७. वेलम्ब, १८. प्रभञ्जन, १९. घोष, २०. महाघोष, २१. चन्द्र, २२. सूर्य, २३. शक्र, २४. ईशान, २५. सनत्कुमार, २६. माहेन्द्र, २७. ब्रह्म, २८. लान्तक, २९. महाशुक्र, ३०. सहस्रार, ३१. प्राणत एवं ३२. अच्युत। इनमें से चमर से लेकर महाघोष पर्यन्त भवनपति इन्द्र हैं। शक्र आदि दस वैमानिक कल्पों के इन्द्र हैं। नवग्रैवेयक एवं ५ अनुत्तर विमान के देव अहमिन्द्र कहे गए हैं अर्थात् वे इन्द्र एवं पुरोहित रहित होते हैं। इन ३२ इन्द्रों में वाणव्यन्तरेन्द्रों की गणना नहीं हुई है। चन्द्र एवं सूर्य ये दोनों ज्योतिष्क इन्द्र हैं।

असुरेन्द्र असुरकुमारराज चमर से लेकर महाघोष इन्द्र पर्यन्त समस्त इन्द्रों के तथा देवेन्द्र देवराज शक्र से लेकर अच्युतेन्द्र पर्यन्त इन्द्रों के त्रायस्त्रिंशक देव कहे गए हैं। ये तैंतीस विशिष्ट प्रकार के देव हैं। विभिन्न इन्द्रों के सामानिक (सामान्य) देवों की संख्या भिन्न-भिन्न होती है, यथा देवेन्द्र शक्र के सामानिक देवों की संख्या ८४ हजार है जबकि देवेन्द्र माहेन्द्र के सामानिक देवों की संख्या ७० हजार है। चमरेन्द्र के सामानिक देवों की संख्या ६४ हजार एवं वैरोचनेन्द्र बली के इन देवों की संख्या ६० हजार ही है।

असुरकुमार देवों पर १० देव आधिपत्य करते हुए विचरण करते हैं, यथा–१. असुरेन्द्र असुरराज चमर, २. सोम, ३. यम, ४. वरुण, ५. वैश्रमण, ६. वैरोचनेन्द्र वैरोचनराज बली, ७. सोम, ८. यम, ९. वरुण एवं १०. वैश्रमण। इनमें प्रारम्भ के पाँच दक्षिण दिशा के देव हैं तथा अन्तिम पाँच उत्तर दिशा के हैं। चमर एवं बली इन्द्र हैं तथा दोनों के चार-चार लोकपाल हैं। इसी प्रकार नागकुमार देवों पर भी १० देव आधिपत्य करते हैं जिनमें धरण एवं भूतानन्द दो इन्द्र एवं शेष लोकपाल हैं। सुवर्णकुमार, विद्युत्कुमार, अग्निकुमार, द्वीपकुमार, उदधिकुमार, दिशाकुमार, वायुकुमार एवं स्तनितकुमार देवों पर उनसे सम्बद्ध दो-दो इन्द्र एवं चार-चार लोकपाल आधिपत्य करते हैं। व्यन्तर देवों के पिशाच आदि आठ प्रकार के देवों पर उनसे सम्बद्ध

काल, महाकाल, भीम, महाभीम आदि दो-दो इन्द्र आधिपत्य करते हैं। ज्योतिष्क देवों पर चन्द्र एवं सूर्य ये दो देव (इन्द्र) आधिपत्य करते हुए विचरण करते हैं। व्यन्तर एवं ज्योतिष्क के लोकपाल नहीं हैं। वैमानिकों के सौधर्म एवं ईशान कल्प में शक्र एवं ईशान इन्द्रों के सहित सोम, यम आदि १० देव आधिपत्य करते हुए विचरण करते हैं जिनमें दो इन्द्र एवं शेष चार-चार लोकपाल हैं। अन्य कल्पों में भी उन-उन कल्पों के इन्द्रों सहित सोम, यम, वरुण एवं वैश्रमण देव आधिपत्य करते हुए विचरण करते हैं।

ऐसा प्रतीत होता है कि सोम, यम, वरुण एवं वैश्रमण देवों का कार्य भिन्न-भिन्न है। इनके पास भिन्न-भिन्न मन्त्रालय हैं जिनकी देख-रेख ये देव करते हैं तथा इन्द्र इन पर नियन्त्रण रखता है एवं अन्य कार्य भी करता है। ये सोम, यम, वरुण एवं वैश्रमण लोकपाल कहे गए हैं। व्यन्तर एवं ज्योतिष्क देवों के लोकपाल नहीं होते हैं, भवनपतियों एवं वैमानिकों के ही लोकपाल कहे गए हैं।

इन्द्रों एवं लोकपालों की अग्रमहिषियों एवं देवियों का प्रस्तुत अध्ययन में विस्तार से वर्णन उपलब्ध है। भवनपति में असुरेन्द्र चमर की पाँच अग्रमहिषियाँ कही गई हैं–१. काली, २. राजी, ३. रजनी, ४. विद्युत एवं ५. मेघा। इनमें प्रत्येक अग्रमहिषी का आठ-आठ हजार देवियों का परिवार कहा गया है। चमर के लोकपाल सोम की चार अग्रमहिषियाँ कही गई हैं–१. कनका, २. कनकलता, ३. चित्रगुप्ता एवं ४. वसुन्धरा। इनमें प्रत्येक देवी का एक-एक हजार देवियों का परिवार है। इसी प्रकार चमर के लोकपाल यम, वरुण एवं वैश्रमण की कनकादि चार अग्रमहिषियाँ एवं उनका देवी-परिवार कहा गया है। वैरोचनेन्द्र वैरोचनराज बली की पाँच अग्रमहिषियाँ हैं–१. शुम्भा, २. निशुम्भा, ३. रम्भा, ४. निरम्भा एवं ५. मदना। इनका प्रत्येक का आठ-आठ हजार देवियों का परिवार है। बलीन्द्र के लोकपाल सोम, यम, वरुण एवं वैश्रमण में प्रत्येक की चार-चार अग्रमहिषियाँ हैं–१. मेनका, २. सुभद्रा, ३. विजया एवं ४. अशनी। इनमें प्रत्येक का एक-एक हजार देवियों का परिवार है। नागकुमारेन्द्र धरण की अला, मक्का आदि छह अग्रमहिषियाँ हैं। इनमें से प्रत्येक का छह-छह हजार देवियों का परिवार है। धरणेन्द्र के कालवाल आदि चारों लोकपालों में प्रत्येक की अशोका आदि चार-चार अग्रमहिषियाँ हैं। प्रत्येक अग्रमहिषी का एक-एक हजार देवियों का परिवार है। भूतानन्द इन्द्र की रूपा, रूपांशा आदि छह अग्रमहिषियाँ हैं तथा प्रत्येक छह-छह हजार देवियों का परिवार है। भूतानन्द के लोकपालों की सुनन्दा आदि चार-चार अग्रमहिषियाँ हैं तथा प्रत्येक का एक-एक हजार देवियों का परिवार है। भवनपति के सुवर्णकुमार आदि अन्य प्रकारों में भी दो-दो इन्द्र हैं। एक दक्षिण दिशा का तथा दूसरा उत्तर दिशा का है। दक्षिण दिशावर्ती इन इन्द्रों की अग्रमहिषियों, लोकपालों एवं देवियों का वर्णन धरणेन्द्र के समान तथा उत्तर दिशावर्ती इन्द्रों के लोकपालों, अग्रमहिषियों एवं देवियों का वर्णन भूतानन्द इन्द्र के समान है। इनके लोकपालों के परिवार का वर्णन चमरेन्द्र के लोकपालों के समान है।

व्यन्तदेवों में भी पिशाचादि भेदों में प्रत्येक के दो-दो इन्द्र हैं। काल एवं महाकाल ये दो पिशाचेन्द्र पिशाचराज हैं। सुरूप एवं प्रतिरूप ये दो भूतेन्द्र भूतराज हैं। यक्षेन्द्र यक्षराज के दो प्रकार हैं–१. पूर्णभद्र एवं २. माणिभद्र। दो राक्षसेन्द्र हैं–१. भीम एवं २. महाभीम। इसी प्रकार किन्नरेन्द्र एवं किम्पुरुषेन्द्र, सत्पुरुषेन्द्र एवं महापुरुषेन्द्र, अतिकायेन्द्र एवं महाकायेन्द्र तथा गीतरतीन्द्र एवं गीतयश इन्द्र शेष व्यन्तर देवों के दो-दो इन्द्र हैं। इस अध्ययन में इन इन्द्रों की अग्रमहिषियों, उनके परिवार, लोकपालों एवं उनके परिवार का भी वर्णन हुआ है तथा जहाँ चमरेन्द्र के परिवार से सादृश्य है उसका संकेत कर दिया गया है।

ज्योतिष्क देवों में दो इन्द्र हैं–सूर्य एवं चन्द्र। इन दोनों की चार-चार अग्रमहिषियाँ हैं। अंगारक (मंगल) नामक महाग्रह, व्यालक ग्रह एवं ८८ महाग्रहों में भी प्रत्येक की चार-चार अग्रमहिषियाँ कही गई हैं। जिवाभिगम सूत्र में इनके परिवार के सम्बन्ध में विस्तृत उल्लेख है।

वैमानिकों में पहले एवं दूसरे देवलोक तक ही देवियाँ होती हैं, उसके आगे नहीं। पहले देवलोक के इन्द्र देवराज शक्र एवं दूसरे देवलोक के इन्द्र देवराज ईशान की आठ-आठ अग्रमहिषियाँ कही गई हैं। इनमें प्रत्येक अग्रमहिषी के सोलह-सोलह हजार देवियों का परिवार कहा गया है। शक्र एवं ईशान के सोम, यम आदि लोकपालों की चार-चार अग्रमहिषियाँ एवं उनका एक-एक हजार का देवी-परिवार कहा गया है। स्थानांग सूत्र के अनुसार इनकी अग्रमहिषियों की संख्या भिन्न है, जिसका उल्लेख इस अध्ययन में हुआ है।

देवियाँ विकुर्वणा करने में समर्थ होती हैं, अतः वे अपनी पृथक्-पृथक् योग्यता के अनुसार विकुर्वणा करके देवियों की संख्या में अभिवृद्धि कर देती हैं, यथा शक्र की अग्रमहिषियों की सोलह हजार देवियों में से प्रत्येक सोलह-सोलह हजार देवियों के परिवार की विकुर्वणा कर सकती हैं जबकि भवनपति देवों की देवियाँ इतनी विकुर्वणा नहीं कर पातीं। समस्त देवेन्द्र एवं लोकपाल दिव्य भोगों को मैथुनिक निमित्त से भोगने में समर्थ नहीं हैं, किन्तु दिव्य भोग्य भोगों का मात्र परिवार की ऋद्धि से उपभोग करने में समर्थ हैं। देवेन्द्रों एवं लोकपालों की देवियों के अन्तःपुर को त्रुटित कहते हैं।

इन्द्रों एवं लोकपालों की राजधानियों का नामकरण उनके अपने नामों के अनुसार हुआ है। तदनुसार चमरेन्द्र की राजधानी चमरचंचा, बलीन्द्र की बलिचंचा, धरणेन्द्र की धरणा आदि हैं। लोकपालों में सोम की राजधानी सोमा, यम की यमा आदि हैं। इसी प्रकार अन्य इन्द्रों एवं लोकपालों की राजधानियों का नाम भी उनके नामों के अनुसार है। सिंहासनों के नाम भी प्रायः उनके नामों से साम्य रखते हैं। चमरेन्द्र के सिंहासन का नाम चमर सिंहासन एवं धरणेन्द्र के सिंहासन का नाम धरण सिंहासन इस तथ्य की पुष्टि करते हैं। इन्द्रों की सभा को सुधर्मा सभा कहा गया है। प्रत्येक इन्द्र अपनी सुधर्मा सभा में अपने सिंहासन पर बैठकर दिव्य भोगों को मैथुनिक निमित्त से भोगने में समर्थ नहीं होता किन्तु वाद्य-घोष आदि पूर्वक दिव्य भोगों का अनुभव करता है। ऐसा माना गया है कि सुधर्मा सभा में माणवक चैत्यस्तम्भ में जिनेश्वर का पूजा स्थान है, जिसकी देव-देवियाँ अर्चना, वन्दना आदि करते हैं।

वैमानिक देवेन्द्रों की तीन-तीन परिषदाएँ होती हैं-१. समिता, २. चण्डा एवं ३. जाया। इन्हें क्रमशः १. आभ्यन्तर परिषद्, २. मध्यम परिषद् एवं ३. बाह्य परिषद् के नाम से भी निरूपित किया जाता है। इन परिषदों में विभिन्न इन्द्रों के देवों एवं देवियों की भिन्न-भिन्न संख्या होती है। देवियाँ दूसरे देवलोक के इन्द्र तक हैं फिर देवेन्द्र अच्युत तक तीनों परिषदाओं में देव ही रहते हैं, देवियाँ नहीं। ग्रैवेयक एवं अनुत्तरौपपातिक देवों के इन्द्र नहीं होते। ये सभी वैमानिक देव मनोज्ञ शब्द, रूप, गंध, रस एवं स्पर्श द्वारा सुख का अनुभव करते हैं। अनुत्तरौपपातिक देव अनुत्तर अर्थात् श्रेष्ठ शब्द यावत् स्पर्शजन्य सुखों का अनुभव करते हैं। सभी वैमानिक देव महान् ऋद्धि, महान् द्युति यावत् महाप्रभावशाली ऋद्धि वाले हैं। इन्हें भूख-प्यास का अनुभव नहीं होता है।

वैमानिक देवों के वर्ण, गन्ध एवं स्पर्श तथा उनकी विभूषा एवं कामभोगों का भी इस अध्ययन में प्ररूपण है। सौधर्म एवं ईशानकल्प के देवों के शरीर का वर्ण तपे हुए स्वर्ण जैसा लाल, सनत्कुमार एवं माहेन्द्र कल्प के देवों के शरीर का वर्ण पद्म जैसा गौर, ब्रह्मलोक के देवों का शरीर गीले महुए के फूल के समान श्वेत होता है। लान्तक कल्प से लेकर अनुत्तरौपपातिक देवों का शरीर शुक्ल वर्ण का होता है। सभी वैमानिक देवों के शरीर की गन्ध अत्यन्त मनमोहक एवं स्पर्श स्थिर, मृदु, स्निग्ध रूप में सुकुमार होता है। पहले से बारहवें देवलोक के देवों के दो प्रकार हैं-१. विक्रिया करने वाले, २. विक्रिया नहीं करने वाले। इनमें जो देव विक्रिया (उत्तरवैक्रिय) करते हैं वे हारादि आभूषणों से सुशोभित एवं दसों दिशाओं को प्रकाशित करते हैं, किन्तु जो देव विक्रिया नहीं करते, स्वाभाविक भवधारणीय शरीर वाले हैं वे आभूषणादि से रहित होते हैं तथा वे स्वाभाविक विभूषा वाले होते हैं। पहले दूसरे देवलोक की देवियाँ भी इसी प्रकार दो प्रकार की हैं। इनमें उत्तरवैक्रिय वाली देवियाँ विभिन्न आभूषण एवं परिधानों से युक्त होने के कारण दर्शनीय एवं सौन्दर्य सम्पन्न होती हैं जबकि अविकुर्वित शरीर वाली देवियाँ आभूषणादि रहित स्वाभाविक सौन्दर्य वाली कही गई हैं। नवग्रैवेयक एवं अनुत्तरविमानवासी देव विक्रिया नहीं करते, अतः उनमें स्वाभाविक विभूषा होती है, आभरण एवं वस्त्रादि से जन्य नहीं। सौधर्म देवलोक से लेकर नवग्रैवेयक तक के देव इष्ट शब्द, इष्ट रूप, इष्ट गंध, इष्ट रस एवं इष्ट स्पर्श जन्य कामभोगों का अनुभव करते हैं। अनुत्तरौपपातिक देव अनुत्तर (श्रेष्ठ) शब्द यावत् स्पर्शजन्य कामभोगों का अनुभव करते हैं।

भवनपति, वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क एवं वैमानिक ये चारों ही प्रकार के देव जब विक्रिया करते हैं तब प्रासादीय यावत् मनोहर लगते हैं, क्योंकि विक्रिया के समय में वे अलंकृत-विभूषित होते हैं। देव शरीर के एक भाग से भी शब्द सुनते हैं तथा सम्पूर्ण शरीर से भी शब्द सुनते हैं। इसी प्रकार वे दो स्थानों से रूप को देखते हैं, गंध को सूँघते हैं, रस का आस्वादन करते हैं, स्पर्श का प्रतिसंवेदन करते हैं, अवभासित-प्रभासित होते हैं, विक्रिया करते हैं, मैथुन सेवन करते हैं, भाषा बोलते हैं, आहार करते हैं, परिणमन करते हैं, अनुभव करते हैं एवं निर्जरा करते हैं।

देवों की यह स्पृहा रहती है कि वे १. मनुष्य भव प्राप्त करें, २. आर्य क्षेत्र में जन्म लें तथा ३. श्रेष्ठ कुल में कुल उत्पन्न हों। तीन कारणों से वे परितप्त होते हैं अर्थात् उन्हें पश्चात्ताप करते हुए दुःख होता है कि उन्होंने समस्त अनुकूलताओं के होते हुए भी श्रुत का पर्याप्त अध्ययन नहीं किया, श्रामण्य पर्याय का पालन नहीं किया तथा विशुद्ध चारित्र का पालन नहीं किया।

देवों को तीन कारणों से अपने च्यवन का ज्ञान हो जाता है-१. विमान एवं आभरणों को निष्प्रभ देखकर, २. कल्पवृक्ष को मुरझाया हुआ देखकर एवं ३. अपनी तेजोलेश्या (कान्ति) को क्षीण देखकर। तीन कारणों से वे उद्विग्न होते हैं-१. देव सम्पदा को छोड़ने, २. माता-पिता के ओज-शुक्र का आहार ग्रहण करने एवं ३. गर्भाशय में रहने का विचार करने पर।

चार कारणों से देव अपने सिंहासन से अभ्युत्थित होते हैं-१. अरहंतों का जन्म होने पर, २. अरहन्तों के प्रव्रजित होने पर, ३. अरहन्तों को केवलज्ञान होने पर तथा ४. अरहंतों का परिनिर्वाण होने पर। इन्हीं चार कारणों से देवों के आसन एवं चैत्यवृक्ष चलित होते हैं तथा वे सिंहनाद एवं चेलोत्क्षेप (वर्षा) करते हैं। इन्हीं चार कारणों से देवों का मनुष्य लोक में आगमन भी होता है तथा वे कलकल ध्वनि एवं वर्षा करते हैं।

देवेन्द्र, सामानिक, त्रायस्त्रिंशक, लोकपाल, लोकान्तिक, अग्रमहिषी देवियाँ, परिषद् के देव, सेनापति, आत्मरक्षक आदि इन्हीं चार कारणों से शीघ्र ही मनुष्य लोक में आते हैं। इन चार कारणों से देवलोक में उद्योत भी होता है। चार कारणों से देवलोक में अन्धकार होता है-१. अरहंतों के व्युच्छिन्न होने पर, २. अरहंत प्रज्ञप्तधर्म के व्युच्छिन्न होने पर, ३. पूर्वगत के व्युच्छिन्न होने पर एवं ४. जाततेज के व्युच्छिन्न होने पर। चार कारण ऐसे निर्दिष्ट हैं जिनसे देवलोक में तत्काल उत्पन्न देव शीघ्र ही मनुष्य लोक में आना चाहते हुए भी नहीं आ पाता है तथा कुछ ऐसे भी देव हैं जो तत्काल उत्पन्न होकर भी चार कारणों से मनुष्य लोक में आ जाते हैं। जो मनुष्य लोक में आते हैं वे तब तक वहाँ के काम भोगों में आसक्त नहीं होते हैं।

तीन कारणों से देव विद्युत्प्रकाश एवं मेघगर्जना जैसी ध्वनि करते हैं-१. वैक्रिय रूप करते हुए, २. परिचारणा करते हुए एवं ३. श्रमण-माहण के समक्ष अपनी ऋद्धि, द्युति, यश, बल, वीर्य, पुरुषकार एवं पराक्रम का प्रदर्शन करने के लिए। देवेन्द्र देवराज शक्र वृष्टिकायिक देवों के माध्यम से वर्षा करने का कार्य भी करता है।

इस अध्ययन में शक्र एवं ईशानेन्द्र के पारस्परिक व्यवहार, उनकी सुधर्मा सभा एवं ऋद्धि तथा उनके लोकपालों एवं विमानादि का भी विस्तार से निरूपण हुआ है। शक्र जब ईशानेन्द्र के पास कार्यवश जाता है तो आदर करता हुआ जाता है, किन्तु ईशानेन्द्र जब शक्र के पास जाता है तो आदर एवं अनादरपूर्वक जा सकता है, क्योंकि शक्र पहले देवलोक का इन्द्र है तथा ईशानेन्द्र दूसरे देवलोक का इन्द्र है। इन दोनों इन्द्रों में कार्यवश आलाप-संलाप

भी होता है तथा कदाचित् विवाद भी हो जाता है। इनका विवाद देवेन्द्र देवराज सनत्कुमार दूर करते हैं। इसका यह तात्पर्य है कि ऊपर के देवेन्द्रों का नीचे के देवेन्द्र आदर सम्मान करते हैं। शक्र का सौधर्मावतंसक महाविमान एवं ईशान का ईशानावतंसक महाविमान साढ़े बारह लाख योजन लम्बा-चौड़ा है। शक्र की सुधर्मा सभा सौधर्मावतंसक महाविमान में तथा ईशानेन्द्र की सुधर्मा सभा ईशानावतंसक महाविमान में कही गई है। ये दोनों इन्द्र महा ऋद्धिशाली यावत् महासुख वाले हैं। शक्र के जो चार लोकपाल सोम, यम, वरुण एवं वैश्रमण हैं उनके विमानों के नाम क्रमशः सन्ध्याप्रभ, वरशिष्ट, स्वयंज्वल एवं वल्गु हैं तथा ईशानेन्द्र के जो चार लोकपाल सोम, यम, वैश्रमण एवं वरुण हैं उनके विमानों के नाम क्रमशः सुमन, सर्वतोभद्र, वल्गु एवं सुवल्गु हैं। इन लोकपालों के ये विमान कहाँ हैं, कितने बड़े हैं, इनके अधीनस्थ कौन-से देव हैं आदि तथ्यों का भीतर अध्ययन में विस्तार से वर्णन है। इन लोकपालों के विभिन्न देव अपत्य रूप से भी अभीष्ट माने गए हैं। इनकी स्थिति का भी अध्ययन में निर्देश हुआ है।

१. शुम्भा, २. निशुम्भा, ३. रम्भा, ४. निरम्भा, ५. मदना।

इनमें से प्रत्येक देवी के आठ-आठ हजार देवियों का परिवार है।

इत्यादि शेष समग्र वर्णन चमरेन्द्र के समान जानना चाहिए।

विशेष–बलीन्द्र की राजधानी बलिचंचा है और परिवार का वर्णन **मौक उद्देशक के समान है।**

शेष सब वर्णन मैथुननिमित्तक भोग भोगने **में समर्थ नहीं है पर्यन्त पूर्ववत्** जानना **चाहिए।**

प. बलिस्स णं भंते ! वइरोयणिंदस्स वइरोयणरण्णो सोमस्स महारण्णो कइ अग्गमहिसीओ पन्नत्ताओ ?

उ. अज्जो ! चत्तारि अग्गमहिसीओ पन्नत्ताओ, तं जहा–

१. मीणगा, २. सुभद्दा, ३. विजया, ४. असणी।

तत्थ णं एगमेगाए देवीए एगमेगं देवीसहस्सं परियारो। सेसं जहा चमरसोमस्स एवं जाव **वेसमणस्स।**

प्र. भन्ते ! वैरोचनेन्द्र वैरोचनराज बलि के लोकपाल सोम महाराज की कितनी अग्रमहिषियाँ आदि कही गई हैं ?

उ. हे आर्यो ! चार अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा–

१. मेनका, २. सुभद्रा, ३. विजया, ४. अशनी।

इनका एक-एक देवी का परिवार एक हजार देवियों का है आदि का समग्र वर्णन चमरेन्द्र के लोकपाल सोम के समान जानना चाहिए और लोकपाल वैश्रमण पर्यन्त का भी सारा वर्णन उसी प्रकार कहना चाहिए।

प. धरण्णस्स णं भंते ! नागकुमारिंदस्स नागकुमाररण्णो कइ अग्गमहिसीओ **जाव** पन्नत्ताओ ?

उ. अज्जो ! छ अग्गमहिसीओ पन्नत्ताओ, तं जहा–

१. अंला, २. मक्का, ३. सतेरा, ४. सोयामणी, ५. इंदा, ६. घणविज्जुया।

प्र. भन्ते ! नागकुमारेन्द्र नागकुमारराज धरण की कितनी अग्रमहिषियाँ **यावत्** कही गई हैं ?

उ. हे आर्यो ! धरणेन्द्र की छह अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा–

१. अला, २. मक्का, ३. सतारा, ४. सौदामिनी, ५. इन्द्रा, ६. घनविद्युत्।

तत्थ णं एगमेगाए देवीए छ-छ देविसहस्सा परिवारो पन्नत्ताओ। पभू णं ताओ एगमेगा देवी अन्नाइं छ-छ देविसहस्साइं परियारं विउव्वित्तए। एवामेव सपुव्वावरेणं छत्तीसं देविसहस्सा, से त्तं तुडिए।

प. पभू णं भंते ! धरणे धरणाए रायहाणीए सभाए सुहम्माए धरणंसि सीहासणंसि तुडिएण सद्धिं दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणे विहरित्तए ?

उ. अज्जो ! णो इणट्ठे समट्ठे, **सेसं तं चेव** जाव **नो चेव णं मेहुणवत्तियं।**

प. धरणस्स णं भन्ते ! नागकुमारिंदस्स कालवालस्स लोगपालस्स महारण्णो कइ अग्गमहिसीओ पन्नत्ताओ ?

उ. अज्जो ! चत्तारि अग्गमहिसीओ पन्नत्ताओ, तं जहा—

१. असोगा, २. विमला, ३. सुप्पभा, ४. सुदंसणा।

तत्थ णं एगमेगाए देवीए एगमेगं देवी सहस्सं परिवारो पण्णत्तो अवसेसं जहा चमरलोगपालाणं।

एवं सेसाणं तिण्ह वि लोगपालाणं।

प. भूयाणंदस्स णं भन्ते ! कइ अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ ?

उ. अज्जो ! छ अग्गमहिसीओ पन्नत्ताओ, तं जहा—

१. रूया, २. रूयंसा, ३. सुरूया, ४. रूयणावई, ५. रूयकंता, ६. रूयप्पभा।

अवसेसं जहा धरणस्स।

प. भूयाणंदस्स णं भन्ते ! नागकुमारिंदस्स नागकुमाररण्णो नागचित्तस्स लोगपालस्स महारण्णो कइ अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ ?

उ. अज्जो चत्तारि अग्गमहिसीओ पन्नत्ताओ, तं जहा—

१. सुणंदा, २. सुभद्दा, ३. सुजाया, ४. सुमणा।

अवसेसं जहा चमर लोगपालाणं।

एवं सेसाणं तिण्ह वि लोगपालाणं।

जे दाहिणिल्ला इंदा तेसिं जहा धरणस्स। लोगपालाण वि तेसिं जहा धरणलोगपालाणं।

उत्तरिल्लाणं इंदाणं जहा भूयाणंदस्स, लोगपालाण वि तेसिं जहा भूयाणंदस्स लोगपालाणं।

णवरं—इंदाणं सव्वेसिं रायहाणीओ सीहासणाणि य सरिसणामगाणि।

परियारो जहा मोउद्देसए।

लोगपालाणं सव्वेसिं रायहाणीओ सीहासणाणि य सरिसनामगाणि परियारो जहा चमरलोगपालाणं।

—विया. स. १०, उ. ५, सु. १-१८

उनमें से प्रत्येक अग्रमहिषी का छः हजार देवियों का परिवार कहा गया है और वे प्रत्येक देवियां अन्य छह-छह हजार देवियों के परिवार की विकुर्वणा करने में समर्थ हैं। इस प्रकार पूर्वा-पर सब मिलाकर छत्तीस हजार देवियों का यह त्रुटिक (अन्तःपुर) कहा गया है।

प्र. भन्ते ! धरणेन्द्र धरणा नामक राजधानी की सुधर्मा सभा में धरण सिंहासन पर बैठकर अंतःपुर के साथ दिव्य भोगोपभोगों को भोगने में समर्थ है ?

उ. हे आर्यो ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, **शेष सब कथन मैथुनवृत्ति से भोगने में समर्थ नहीं है पर्यन्त पूर्ववत् कहना चाहिए।**

प्र. भन्ते ! नागकुमारेन्द्र धरण के लोकपाल कालवाल नामक महाराज की कितनी अग्रमहिषियाँ कही गई हैं ?

उ. हे आर्यो ! चार अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा—

१. अशोका, २. विमला, ३. सुप्रभा, ४. सुदर्शना।

इनमें से एक-एक देवी का एक हजार देवियों परिवार कहा गया है। शेष वर्णन चमरेन्द्र के लोकपाल के समान समझना चाहिए।

इसी प्रकार (धरणेन्द्र के) शेष तीन लोकपालों के विषय में भी कहना चाहिए।

प्र. भन्ते ! भूतानन्द की कितनी अग्रमहिषियाँ कही गई हैं ?

उ. हे आर्यो ! छह अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा—

१. रूपा, २. रूपांशा, ३. सुरूपा, ४. रूपकावली, ५. रूपकान्ता, ६. रूपप्रभा।

शेष समस्त वर्णन धरणेन्द्र के समान जानना चाहिए।

प्र. भन्ते ! भूतानंद के लोकपाल नागकुमारेन्द्र नागकुमारराज नागचित्त महाराज के कितनी अग्रमहषियां कही गई हैं ?

उ. हे आर्यो ! चार अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा—

१. सुनन्दा, २. सुभद्रा, ३. सुजाता, ४. सुमना।

शेष वर्णन चमरेन्द्र के लोकपालों के समान जानना चाहिए।

इसी प्रकार शेष तीन लोकपालों का वर्णन भी (चमरेन्द्र के शेष तीन लोकपालों के समान) जानना चाहिए।

जो दक्षिणदिशावर्ती इन्द्र हैं, उनका कथन धरणेन्द्र के समान तथा उनके लोकपालों का कथन धरणेन्द्र के लोकपालों के समान जानना चाहिए।

उत्तरदिशावर्ती इन्द्रों का कथन भूतानन्द के समान तथा उनके लोकपालों का कथन भी भूतानन्द के लोकपालों के समान जानना चाहिए।

विशेष—सब इन्द्रों की राजधानियों और उनके सिंहासनों का नाम इन्द्र के नाम के समान जानना चाहिए।

उनके परिवार का वर्णन मोक उद्देशक में कहे अनुसार जानना चाहिए।

सभी लोकपालों की राजधानियों और उनके सिंहासनों का नाम लोकपालों के नाम के सदृश जानना चाहिए तथा उनके परिवार का वर्णन चमरेन्द्र के लोकपालों के परिवार के वर्णन के समान जानना चाहिए।

२१. वंतरिंदाणं अग्गमहिसी संखा परूवणं–

प. कालस्स णं भंते ! पिसाइंदस्स पिसायरण्णो कइ अग्गमहिसीओ पन्नत्ताओ ?

उ. अज्जो ! चत्तारि अग्गमहिसीओ पन्नत्ताओ, तं जहा–

१. कमला, २. कमलप्पभा, ३. उप्पला, ४. सुदंसणा।

तत्थ णं एगमेगाए देवीए एगमेगं देविसहस्सं

सेसं जहा चमरलोगपालाणं परियारो तहेव।

णवरं–कालाए रायहाणीए कालंसि सीहासणंसि।

सेसं तं चेव एवं महाकालस्स वि।

प. सुरूवस्स णं भन्ते ! भूइंदस्स भूयरन्नो कइ अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ ?

उ. अज्जो ! चत्तारि अग्गमहिसीओ पन्नत्ताओ, तं जहा–

१. रूपवती, २. बहुरूपा, ३. सुरूपा, ४. सुभगा।

सेसं जहा कालस्स,

एवं पडिरूवगस्स वि।

प. पुण्णभद्दस्स णं भन्ते ! जक्खिंदस्स कइ अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ ?

उ. अज्जो ! चत्तारि अग्गमहिसीओ पन्नत्ताओ, तं जहा–

१. पुण्णा, २. बहुपुत्तिया, ३. उत्तमा, ४. तारया।

सेसं जहा कालस्स।

एवं माणिभद्दस्स वि।

प. भीमस्स णं भन्ते ! रक्खसिंदस्स कइ अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ ?

उ. अज्जो ! चत्तारि अग्गमहिसीओ पन्नत्ताओ, तं जहा–

१. पउमा, २. पउमावती, ३. कणगा, ४. रयणप्पभा।

सेसं जहा कालस्स।

एवं महाभीमस्स वि।

प. किन्नरस्स णं भंते ! कइ अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ ?

उ. अज्जो ! चत्तारि अग्गमहिसीओ पन्नत्ताओ, तं जहा–

१. वडेंसा, २. केतुमती, ३. रतिसेणा, ४. रतिप्पिया।

सेसं तं चेव।

एवं किंपुरिसस्स वि।

प. सप्पुरिसस्स णं भंते ! कइ अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ ?

उ. अज्जो ! चत्तारि अग्गमहिसीओ पन्नत्ताओ, तं जहा–

१. रोहिणी, २. नवमिया, ३. हिरी, ४. पुप्फवती।

सेसं तं चेव।

एवं महापुरिसस्स वि।

प. अतिकायस्स णं भंते ! कइ अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ ?

उ. अज्जो ! चत्तारि अग्गमहिसीओ पन्नत्ताओ, तं जहा–

१. भुयगा, २. भुयगवती, ३. महाकच्छा, ४. फुडा।

२१. व्यंतरेन्द्रों की अग्रमहिषियों की संख्या का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! पिशाचेन्द्र पिशाचराज काल की कितनी अग्रमहिषियाँ कही गई हैं ?

उ. हे आर्यो ! चार अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा–

१. कमला, २. कमलप्रभा, ३. उत्पला, ४. सुदर्शना।

इनमें से प्रत्येक देवी के एक-एक हजार देवियों का परिवार है।

शेष समग्र वर्णन चमरेन्द्र के लोकपालों के समान परिवार सहित कहना चाहिए।

विशेष–इनके काला नाम की राजधानी और काल नामक सिंहासन है, शेष सब वर्णन पूर्ववत् जानना चाहिए।

इसी प्रकार पिशाचेन्द्र महाकाल का कथन भी करना चाहिए।

प्र. भन्ते ! भूतेन्द्र भूतराज सुरूप की कितनी अग्रमहिषियाँ कही गई हैं ?

उ. हे आर्यो ! चार अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा–

१. रूपवती, २. बहुरूपा, ३. सुरूपा, ४. सुभगा।

शेष सब कथन काल के समान जानना चाहिए।

इसी प्रकार प्रतिरूपेन्द्र के विषय में भी जानना चाहिए।

प्र. भन्ते ! यक्षेन्द्र यक्षराज पूर्णभद्र की कितनी अग्रमहिषियाँ कही गई हैं ?

उ. हे आर्यो ! चार अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा–

१. पूर्णा, २. बहुपुत्रिका, ३. उत्तमा, ४. तारका।

शेष समग्र वर्णन कालेन्द्र के समान जानना चाहिए।

इसी प्रकार माणिभद्र (यक्षेन्द्र) के विषय में भी जान लेना चाहिए।

प्र. भन्ते ! राक्षसेन्द्र भीम के कितनी अग्रमहिषियाँ कही गई हैं ?

उ. हे आर्यो ! चार अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा–

१. पद्मा, २. पद्मावती, ३. कनका, ४. रत्नप्रभा।

शेष सब वर्णन कालेन्द्र के समान जानना चाहिए।

इसी प्रकार महाभीम (राक्षसेन्द्र) के विषय में भी जान लेना चाहिए।

प्र. भन्ते ! किन्नरेन्द्र की कितनी अग्रमहिषियाँ कही गई हैं ?

उ. हे आर्यो ! चार अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा–

१. अवतंसा, २. केतुमती, ३. रतिसेना, ४. रतिप्रिया।

शेष वर्णन पूर्ववत् जानना चाहिए।

इसी प्रकार किम्पुरुषेन्द्र के विषय में कहना चाहिए।

प्र. भन्ते ! सत्पुरुषेन्द्र की कितनी अग्रमहिषियाँ कही गई हैं ?

उ. हे आर्यो ! चार अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा–

१. रोहिणी, २. नवमिका, ३. ही, ४. पुष्पवती।

शेष वर्णन काल के समान जानना चाहिए।

इसी प्रकार महापुरुषेन्द्र के विषय में भी समझ लेना चाहिए।

प्र. भन्ते ! अतिकायेन्द्र की कितनी अग्रमहिषियाँ कही गई हैं ?

उ. हे आर्यो ! चार अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा–

१. भुजगा, २. भुजगवती, ३. महाकच्छा, ४. स्फुटा।

सेसं तं चेव,

एवं महाकायस्स वि।

प. गीतरतिस्स णं भंते ! कइ अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ ?

उ. अज्जो ! चत्तारि अग्गमहिसीओ पन्नत्ताओ, तं जहा–

१. सुघोसा, २. विमला, ३. सुस्सरा, ४. सरस्सती।

सेसं तं चेव।

एवं गीयजसस्स वि।

सव्वेसिं एएसिं जहा कालस्स,

णवरं–सरिसनामियाओ रायहाणीओ सीहासणाणि य।

सेसं तं चेव। *–विया. स. १०, उ. ५, सु. ११-२६*

शेष वर्णन काल के समान जानना चाहिए।

इसी प्रकार महाकायेन्द्र के विषय में भी समझ लेना चाहिए।

प्र. भन्ते ! गीतरतीन्द्र की कितनी अग्रमहिषियाँ कही गई हैं?

उ. हे आर्यो ! चार अग्रमहिषियाँ कही कई हैं, यथा–

१. सुघोषा २. विमला, ४. सुस्सरा, ४. सरस्वती।

शेष वर्णन पूर्ववत् जानना चाहिए।

इसी प्रकार गीतयश इन्द्र के विषय में भी जान लेना चाहिए।

इन सभी इन्द्रों का शेष सम्पूर्ण वर्णन कालेन्द्र के समान जानना चाहिए।

विशेष–राजधानियों और सिंहासनों के नाम इन्द्रों के नाम के समान है।

शेष सभी वर्णन पूर्ववत् है।

२२. जोइसिंदाणं अग्गमहिसी संखा परूवणं–

प. चंदस्स णं भंते ! जोइसिंदस्स जोइसरण्णो कइ अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ ?

उ. अज्जो ! चत्तारि अग्गमहिसीओ पन्नत्ताओ, तं जहा–

१. चंदप्पभा, २. दोसिणाभा,
३. अच्चिमाली, ४. पभंकरा।

एवं जहा जीवाभिगमे जोइसियउद्देसए तहेव।

सूरस्स वि–

१. सुरप्पभा, २. आयवाभा, ३. अच्चिमाली, ४. पभंकरा, **सेसं तं चेव।**

प. इंगालस्स णं भंते ! महग्गहस्स कइ अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ ?

उ. अज्जो ! चत्तारि अग्गमहिसीओ पन्नत्ताओ, तं जहा–

१. विजया, २. वेजयंती, ३. जयंति, ४. अपराजिया।

सेसं जहा चंदस्स।

णवरं–इंगालवडेंसए विमाणं इंगालगंसि सीहासणंसि।

सेसं तं चेव।

एवं वियालगस्स वि।

एवं अट्ठासीतीए वि महागहाणं भाणियव्वं जाव भावकेउस्स।

णवरं–वडेंसगा सीहासणाणि य सरिसनामगाणि।

सेसं तं चेव। *–विया. स. १०, उ. ५, सु. २७-२९*

२२. ज्योतिष्केन्द्रों की अग्रमहिषियों का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! ज्योतिष्केन्द्र ज्योतिष्कराज चन्द्र की कितनी अग्रमहिषियाँ कही गई हैं?

उ. हे आर्यो ! ज्योतिष्केन्द्र चन्द्र की चार अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा–

१. चन्द्रप्रभा, २. ज्योत्स्नाभा,
३. अर्चिमाली, ४. प्रभंकरा।

शेष समस्त वर्णन जीवाभिगम सूत्र के ज्योतिष्क उद्देशक में कहे अनुसार जानना चाहिए।

इसी प्रकार सूर्य के विषय में भी जानना चाहिए (सूर्येन्द्र की चार अग्रमहिषियाँ हैं)

१. सूर्यप्रभा, २. आतप्रभा, ३. अर्चिमाली, ४. प्रभंकरा, **शेष सब वर्णन पूर्ववत् कहना चाहिए।**

प्र. भन्ते ! अंगारक (मंगल) नामक महाग्रह की कितनी अग्रमहिषियाँ कही गई हैं?

उ. हे आर्यो ! चार अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा–

१. विजया, २. वैजयन्ती, ३. जयन्ती, ४. अपराजिता।

शेष समग्र वर्णन चन्द्र के समान जानना चाहिए।

विशेष–इसके विमान का नाम अंगारावतंसक और सिंहासन का नाम अंगारक कहना चाहिए।

शेष समग्र वर्णन पूर्ववत् जानना चाहिए।

इसी प्रकार व्यालक नामक ग्रह के विषय में भी जानना चाहिए।

इसी प्रकार अठ्यासी (८८) महाग्रहों के विषय में भावकेतु ग्रह पर्यन्त जानना चाहिए।

विशेष–अवतंसकों और सिंहासनों का नाम इन्द्र के नाम के अनुरूप है।

शेष सब वर्णन पूर्ववत् जानना चाहिए।

२३. वेमाणियींदाणं लोकपालाण य अग्गमहिसी संखा परूवणं–

प. सक्कस्स णं भंते ! देविंदस्स देवरण्णो कइ अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ ?

२३. वैमानिकेन्द्रों की और लोकपालों की अग्रमहिषियों की संख्या का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! देवेन्द्र देवराज शक्र की कितनी अग्रमहिषियाँ कही गई हैं?

उ. अज्जो ! अट्ठ अग्गमहिसीओ पन्नत्ताओ, तं जहा–
१. पउमा, २. सिवा, ३. सुयो, ४. अंजू, ५. अमला, ६. अच्छरा, ७. नवमिया, ८. रोहिणी।
तत्थं णं एगमेगाए देवीए सोलस-सोलस देविसहस्सा परियारो पन्नत्तो।
पभू णं ताओ एगमेगा देवी अन्नाइं सोलस-सोलस देविसहस्सा परियारं विउव्वित्तए।
एवामेव सपुव्वावरेणं अट्ठावीसुत्तरं देविसयसहस्सं,
से तं तुडिए।

प. पभू णं भंते ! सक्के देविंदे देवराया सोहम्मे कप्पे सोहम्मवडेंसए विमाणे सभाए सुहम्माए सक्कंसि सीहासंणसि तुडिएणं सद्धिं दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणे विहरित्तए?

उ. अज्जो ! **सेसं जहा चमरस्स।**

प. सक्कस्स णं भंते ! देविंदस्स देवरण्णो सोमस्स महारण्णो कइ अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ?

उ. अज्जो ! चत्तारि अग्गमहिसीओ पन्नत्ताओ, तं जहा–
१. रोहिणी, २. मदणा, ३. चित्ता, ४. सोमा।
तत्थ णं एगमेगा सेसं जहा चमरलोगपालाणं।

णवरं–सयंपभे विमाणे सभाए सुहम्माए सोमंसि सीहासणंसि,
सेसं तं चेव,
एवं जाव **वेसमणस्स जहा तइयसए।**

प. ईसाणस्स णं भंते ! देविंदस्स देवरण्णो कइ अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ?

उ. अज्जो ! अट्ठ अग्गमहिसीओ पन्नत्ताओ, तं जहा–
१. कण्हा, २. कण्हराई, ३. रामा, ४. रामरक्खिया, ५. वसू, ६. वसुगुप्ता, ७. वसुमित्ता, ८. वसुंधरा।
तत्थ णं एगमेगाए, सेसं जहा सक्कस्स।

प. ईसाणस्स णं भंते ! देविंदस्स देवरण्णो सोमस्स महारण्णो कइ अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ?

उ. अज्जो ! चत्तारि अग्गमहिसीओ पन्नत्ताओ, तं जहा–
१. पुढवी, २. राई, ३. रयणी, ४. विज्जू।
तत्थ णं सेसं जहा सक्कस्स लोगपालाणं।

एवं जाव **वरुणस्स।** –*विया. स. १०, उ. ५, सु. ३०-३५*

उ. हे आर्यो ! आठ अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा–
१. पद्मा, २. शिवा, ३. श्रेया, ४. अंजू, ५. अमला, ६. अप्सरा, ७. नवमिका, ८. रोहिणी।
इनमें से प्रत्येक देवी का सोलह-सोलह हजार देवियों का परिवार कहा गया है।
इनमें से प्रत्येक देवी सोलह-सोलह हजार देवियों के परिवार की विकुर्वणा कर सकती हैं।
इस प्रकार पूर्वापर सब मिलाकर एक लाख अट्ठाईस हजार देवियों का परिवार होता है।
यह शक्र का अन्तःपुर है। यह एक त्रुटिक (देवियों का वर्ग) कहलाता है।

प्र. भन्ते ! क्या देवेन्द्र देवराज शक्र, सौधर्मकल्प (देवलोक) में सौधर्मावतंसक विमान में सुधर्मासभा में शक्र नामक सिंहासन पर बैठकर अपने (उक्त) त्रुटिक के साथ भोग भोगने में समर्थ हैं?

उ. हे आर्यो ! **इसका समग्र वर्णन चमरेन्द्र के समान जानना चाहिए।**

प्र. भन्ते ! देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल सोम महाराजा की कितनी अग्रमहिषियाँ कही गई हैं?

उ. हे आर्यो ! चार अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा–
१. रोहिणी, २. मदना, ३. चित्रा, ४. सोमा।
इनमें से प्रत्येक अग्रमहिषी के देवी परिवार का वर्णन चमरेन्द्र के लोकपालों के समान जानना चाहिए।

विशेष–स्वयम्प्रभ नामक विमान में सुधर्मासभा में सोम नामक सिंहासन पर बैठकर यावत् **मैथुननिमित्तक भोग भोगने में समर्थ नहीं है इत्यादि पूर्ववत् जानना चाहिए।**

इसी प्रकार वैश्रमण लोकपाल पर्यन्त तृतीय शतक के अनुसार कथन करना चाहिए।

प्र. भन्ते ! देवेन्द्र देवराज ईशान की कितनी अग्रमहिषियाँ कही गई हैं?

उ. हे आर्यो ! आठ अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा–
१. कृष्णा, २. कृष्णराजि, ३. रामा, ४. रामरक्षिता, ५. वसु, ६. वसुगुप्ता, ७. वसुमित्रा, ८. वसुन्धरा।
इनमें से प्रत्येक अग्रमहिषियों के परिवार आदि का समस्त वर्णन शक्रेन्द्र के समान जानना चाहिए।

प्र. भन्ते ! देवेन्द्र देवराज ईशान के लोकपाल सोम महाराज की कितनी अग्रमहिषियाँ कही गई हैं?

उ. हे आर्यो ! चार अग्रमहिषियाँ कही गई हैं, यथा–
१. पृथ्वी, २. रात्रि, ३. रजनी, ४. विद्युत।
इनमें से प्रत्येक अग्रमहिषी की देविओं के परिवार आदि का समग्र वर्णन शक्रेन्द्र के लोकपालों के समान है।
इसी प्रकार वरुण लोकपाल पर्यन्त जानना चाहिए।

२४. देविंदसक्कईसाणाणं लोगपालाण य अग्गमहिसीओ–

सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो सोमस्स महारण्णो अट्ठ अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ।[1] –*ठाणं अ. ८, सु. ६१२*

२४. देवेन्द्र शक्र और ईशान के लोकपालों की अग्रमहिषियाँ–

देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल सोम महाराज की आठ अग्रमहिषियाँ कही गई हैं।

अन्तर–१. क. ठाणं. अ. ६, सु. ५०५ (छ अग्रमहिषियाँ)
ख. विया. स. १०, उ. ५, सु. ३४ (चार अग्रमहिषियां)

सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो जमस्स महारण्णो छ अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ। -ठाणं. अ. ६, सु. ५०५

सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो वरुणस्स महारण्णो सत्त अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ। -ठाणं अ. ७, सु. ५७४

ईसाणस्स णं देविंदस्स देवरण्णो सोमस्स महारण्णो सत्त अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ।

जमस्स महारण्णो एवं चेव। -ठाणं अ. ७, सु. ५७४

ईसाणस्स णं देविंदस्स देवरण्णो वेसमणस्स महारण्णो अट्ठ अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ। -ठाणं अ. ८, सु. ६१२

देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल यम महाराज की छ अग्रमहिषियाँ कही गई हैं।

देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल वरुण महाराज की सात अग्रमहिषियाँ कही गई हैं।

देवेन्द्र देवराज ईशान के लोकपाल सोम महाराज की सात अग्रमहिषियाँ कही गई हैं।

इसी प्रकार लोकपाल यम महाराज की भी सात अग्रमहिषियाँ कही गई हैं।

देवेन्द्र देवराज ईशान के लोकपाल वैश्रमण महाराज की आठ अग्रमहिषियाँ कही गई हैं।

२५. कप्पविमाणेसु देविंदेहिं दिव्वाइं भोगाइं भुंजण परूषणं-

प. जाहे णं भंते ! सक्के देविंदे देवराया दिव्वाइं भोग भोगाइं भुंजिउकामे भवइ से कहमिदाणिं पकरेइ ?

उ. गोयमा ! ताहे चेव णं से सक्के देविंदे देवराया एगं महं नेमिपडिरूवगं विउव्वइ, एगं जोयणसयसहस्सं आयामविक्खंभेणं, तिण्णि जोयणसयसहस्साइं सोलस य जोयणसहस्साइं दो य सयाइं सत्तावीसाहियाइं कोस तियं अट्ठावीसाहियं धणुसयं तेरस य अंगुलाइं अद्धंगुलं च किंचि विसेसाहियं परक्खिवेणं,

तस्स णं नेमिपडिरूवगस्स उवरिं बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पन्नत्ते **जाव मणीणं फासो।**

तस्स णं नेमिपडिरूवगस्स बहुमज्झदेसभागे, तत्थ णं महं एगं पासायवडेंसगं विउव्वइ, पंच जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं अड्ढाइज्जाइं जोयणसयाइं विक्खंभेणं।

अब्भुग्गयमूसिय **वण्णओ जाव** पडिरूवे।

तस्स णं पासायवडेंसगस्स उल्लोए पउमलया भित्तिचित्ते **जाव** पडिरूवे।

तस्स णं पासायवडेंसगस्स अंतो बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे **जाव** मणीणं फासो।

मणिपेढिया अट्ठजोयणिया **जहा वेमाणियाणं।**

तीसे णं मणिपेढियाए उवरिं महं एगे देवसयणिज्जे विउव्वइ। **सयणिज्ज वण्णओ** जाव **पडिरूवे।**

तत्थ णं से सक्के देविंदे देवराया अट्ठहिं अग्गमहिसीहिं सपरिवाराहिं दोहि य अणिएहिं-१. नट्टाणिएण य २. गंधव्वाणिएण य सद्धिं महयाहयनट्ट **जाव** दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणे विहरइ।

प. जाहे णं भंते ! ईसाणे देविंदे देवराया दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजिउकामे भवइ, ते कहमियाणि पकरेइ ?

उ. गोयमा ! **जहा सक्के तहा ईसाणे वि निरवसेसं**

२५. कल्प विमानों में देवेन्द्रों द्वारा दिव्य भोगों के भोगने का प्ररूपण-

प्र. भंते ! जब देवेन्द्र देवराज शक्र दिव्य भोगोपभोगों के भोगने का इच्छुक होता है, तब उस समय वह क्या करता है ?

उ. गौतम ! उस समय देवेन्द्र देवराज शक्र एक महान् नेमिप्रतिरूपक (चक्र के सदृश गोलाकार स्थान) की विकुर्वणा करता है, जो लम्बाई-चौड़ाई में एक लाख योजन होता है, उसकी परिधि तीन लाख सोलह हजार, दो सौ सत्तावीस योजन, तीन कोस एक सौ अट्ठाईस धनुष और कुछ अधिक साढे तेरह अंगुल होती है।

उस नेमिप्रतिरूपक (चक्र के समान गोलाकार उस स्थान) के ऊपर अत्यन्त समतल एवं रमणीय भूभाग कहा गया है, **उसका वर्णन मणियों के स्पर्श पर्यन्त करना चाहिए।**

उस नेमिप्रतिरूपक के ठीक मध्यभाग में एक महान् प्रासादावतंसक की विकुर्वणा करता है, जिसकी ऊँचाई पाँच योजन की और लम्बाई-चौड़ाई ढ़ाई सौ योजन की है।

वह प्रासाद अभ्युद्गत अत्यन्त ऊँचा है इत्यादि वर्णन दर्शनीय एवं प्रतिरूप पर्यन्त करना चाहिए।

उस प्रासादावतंसक का उपरितल भाग पद्मलता आदि के चित्रों से चित्रित **यावत्** प्रतिरूप है।

उस प्रासादावतंसक के भीतर का भूभाग अत्यन्त सम और रमणीय कहा गया है, **इत्यादि वर्णन मणियों के स्पर्श पर्यन्त करना चाहिए।**

वहाँ पर वैमानिकों की मणिपीठिका के समान आठ योजन लम्बी-चौड़ी मणिपीठिका है,

उस मणिपीठिका के ऊपर एक बड़ी देवशैय्या की विकुर्वणा करता है। **उस देवशैय्या का वर्णन प्रतिरूप है पर्यन्त करना चाहिए।**

वहाँ देवेन्द्र देवराज शक्र सपरिवार आठ अग्रमहिषियों तथा नाट्यानीक और गंधर्वानीक इन दो अनीकों (सैन्यों) मंडलियों के साथ, जोर-जोर से बजाए जा रहे वाद्यों आदि के साथ दिव्य भोगोपभोगों का उपभोग करता हुआ रहता है।

प्र. भंते ! जब देवेन्द्र देवराज ईशान दिव्य भोगोपभोगों के उपभोग करने का इच्छुक होता है तब उस समय वह क्या करता है ?

उ. गौतम ! **जिस प्रकार शक्र के लिए कहा है उसी प्रकार समग्र कथन ईशानेन्द्र के लिए भी करना चाहिए।**

एवं सणंकुमारे वि,

नवरं–पासायवडेंसओ छज्जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, तिण्णि जोयणसयाइं विक्खंभेणं।

मणिपेढिया तहेव अट्ठजोयणिया।

तीसे णं मणिपेढियाए उवरिं एत्थ णं महेगं सीहासणं विउव्वइ, सपरिवारं भाणियव्वं।

तत्थ णं सणंकुमारे देविंदे देवराया बावत्तरीए सामाणियसाहस्सीहिं **जाव** चउहिं य बावत्तरीहिं आयरक्ख देवसाहस्सीहिं बहूहिं सणंकुमार कप्पवासीहिं वेमाणिएहिं देवेहि य सद्धिं संपरिवुडे महया हय-नट्ट जाव दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणे विहरइ।

एवं जहा सणंकुमारे तहा जाव पाणओ अच्चुओ

नवरं–जो जस्स परिवारो सो तस्स भाणियव्वो।

पासाय उच्चत्तं जं सएसु-सएसु कप्पेसु विमाणाणं उच्चत्तं अद्धद्धं वित्थारो **जाव** अच्चुयस्स नव जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं अद्ध पंचमाइं जोयणसयाइं विक्खंभेणं।

तत्थ णं गोयमा ! अच्चुए देविंदे देवराया दसहिं सामाणियसाहस्सीहिं **जाव** विहरइ।

सेसं तं चेव। *–विया. स. १४, उ. ६, सु. ६-९*

इसी प्रकार सनत्कुमारेन्द्र के लिए भी कहना चाहिए।

विशेष–उनके प्रासादावतंसकों की ऊँचाई छह सौ योजन की है और लम्बाई-चौड़ाई तीन योजन की है।

आठ योजन की मणिपीठिका का वर्णन उसी प्रकार कहना चाहिए।

उस मणिपीठिका के ऊपर एक विशाल सिंहासन की विकुर्वणा करता है। **जो परिवार (आसनादि) सहित कहना चाहिए।**

वहाँ देवेन्द्र देवराज सनत्कुमार बहत्तर हजार सामानिक देवों **यावत्** चतुर्गुणित बहत्तर हजार (दो लाख अठ्यासी हजार) आत्मरक्षक देवों और बहुत से सनत्कुमार कल्पवासी वैमानिक देवों से परिवृत्त होकर जोर-जोर बजाए जा रहे वाद्यों आदि के साथ दिव्य भोगोपभोगों का उपभोग करता हुआ रहता है।

इसी प्रकार जैसे सनत्कुमार (देवेन्द्र) का कथन किया वैसे ही प्राणत और अच्युत कल्प पर्यन्त के इन्द्रों का कथन करना चाहिए।

विशेष–जिसका जितना परिवार हो उतना कहना चाहिए।

प्रासाद की ऊँचाई अपने कल्प के विमानों की ऊँचाई के बराबर और लम्बाई-चौड़ाई उससे आधी **यावत्** अच्युत कल्प का प्रासादावतंसक नौ सौ योजन ऊँचा और चार सौ पचास योजन लम्बा-चौड़ा है।

हे गौतम ! उसमें देवेन्द्र देवराज अच्युत दस हजार सामानिक देवों के साथ भोगोपभोगों का उपभोग करता हुआ **यावत्** विचरता है।

शेष सब कथन पूर्ववत् जानना चाहिए।

२६. वेमाणिय देविंदाणं परिसाओ–

प. (१) सक्कस्स णं भंते ! देविंदस्स देवरन्नो कइ परिसाओ पण्णत्ताओ?

उ. गोयमा ! तओ परिसाओ पण्णत्ताओ, तं जहा–

१. समिया, २. चंडा, ३. जाया,

१. अब्भिंतरिया समिया, २. मज्झिमिया चंडा, ३. बाहिरिया जाया।

प. सक्कस्स णं भंते ! देविंदस्स देवरन्नो–

१. अब्भिंतरियाए परिसाए कइ देवसाहस्सीओ पण्णत्ताओ?

२. मज्झिमियाए परिसाए कइ देवसाहस्सीओ पण्णत्ताओ,

३. बाहिरियाए परिसाए कइ देवसाहस्सीओ पण्णत्ताओ?

उ. गोयमा ! सक्कस्स णं देविंदस्स देवरन्नो–

१. अब्भिंतरियाए परिसाए बारस देवसाहस्सीओ पण्णत्ताओ,

२. मज्झिमियाए परिसाए चउद्दस देवसाहस्सीओ पण्णत्ताओ,

३. बाहिरियाए परिसाए सोलस देवसाहस्सीओ पण्णत्ताओ, तहा–

२६. वैमानिक देवेन्द्रों की परिषदाएँ–

प्र. (१) भंते ! देवेन्द्र देवराज शक्र की कितनी परिषदाएँ कही गई हैं?

उ. गौतम ! तीन परिषदाएँ कही गई हैं, यथा–

१. समिता, २. चण्डा, ३. जाया,

१. आभ्यंतर परिषदा को समिता २. मध्यम परिषदा को चण्डा और ३. बाह्य परिषदा को जाता कहते हैं।

प्र. भंते ! देवेन्द्र देवराज शक्र की–

१. आभ्यंतर परिषद् में कितने हजार देव हैं?

२. मध्यम परिषद् में कितने हजार देव हैं?

३. बाह्य परिषद् में कितने हजार देव हैं?

उ. गौतम ! देवेन्द्र देवराज शक्र की–

१. आभ्यन्तर परिषद् में बारह हजार देव हैं,

२. मध्यम परिषद् में चौदह हजार देव हैं,

३. बाह्य परिषद् में सोलह हजार देव हैं, तथा–

१. अब्भिंतरियाए परिसाए सत्त देवीसयाणि पण्णत्ताइं,
२. मज्झिमियाए छच्च देवीसयाणि पण्णत्ताइं,
३. बाहिरियाए पंच देवीसयाणि पण्णत्ताइं।

प. (२) ईसाणस्स णं भंते ! देविंदस्स देवरन्नो कइ परिसाओ पण्णत्ताओ?

उ. गोयमा ! तओ परिसाओ पण्णत्ताओ, तं जहा-
१. समिया, २. चंडा, ३. जाया।

तहेव सव्वं

णवरं-१. अब्भिंतरियाए परिसाए दस देवसाहस्सीओ पण्णत्ताओ,
२. मज्झिमियाए परिसाए बारस देवसाहस्सीओ पण्णत्ताओ,
३. बाहिरियाए परिसाए चउद्दस देवसाहस्सीओ पण्णत्ताओ, तहा
१. अब्भिंतरियाए परिसाए नव देवीसयाणि पण्णत्ता,
२. मज्झिमियाए परिसाए अट्ठ देवीसयाणि पण्णत्ता,
३. बाहिरियाए परिसाए सत्त देवीसयाणि पण्णत्ता।

(३) सणंकुमारस्स तओ परिसाओ समियाइ तहेव-

णवरं-१. अब्भिंतरियाए परिसाए अट्ठ देवसाहस्सीओ पण्णत्ताओ,
२. मज्झिमियाए परिसाए दस देवसाहस्सीओ पण्णत्ताओ,
३. बाहिरियाए परिसाए बारस देवसाहस्सीओ पण्णत्ताओ।

(४) एवं माहिंदस्स वि तओ परिसाओ,

णवरं-१. अब्भिंतरियाए परिसाए छ देवसाहस्सीओ पण्णत्ताओ,
२. मज्झिमियाए परिसाए अट्ठ देवसाहस्सीओ पण्णत्ताओ,
३. बाहिरियाए परिसाए दस देवसाहस्सीओ पण्णत्ताओ।

(५) बंभस्स वि तओ परिसाओ पण्णत्ताओ,
१. अब्भिंतरियाए चत्तारि देवसाहस्सीओ पण्णत्ताओ,
२. मज्झिमियाए छ देवसाहस्सीओ पण्णत्ताओ,
३. बाहिरियाए अट्ठ देवसाहस्सीओ पण्णत्ताओ।

(६) लंतगस्स वि तओ परिसाओ पण्णत्ताओ,
१. अब्भिंतरियाए परिसाए दो देवसाहस्सीओ पण्णत्ताओ
२. मज्झिमियाए परिसाए चत्तारि देवसाहस्सीओ पण्णत्ताओ,
३. बाहिरियाए छ देवसाहस्सीओ पण्णत्ताओ।

(७) महासुक्कस्स वि तओ परिसाओ पण्णत्ताओ-
१. अब्भिंतरियाए एगं देवसहस्सं पण्णत्तं,

१. आभ्यन्तर परिषद् में सात सौ देवियाँ हैं।
२. मध्यम परिषद् में छह सौ देवियाँ हैं।
३. बाह्य परिषद् में पाँच सौ देवियाँ हैं।

प्र. (२) भंते ! देवेन्द्र देवराज ईशान की कितनी परिषदाएँ कही गई हैं?

उ. गौतम ! तीन परिषदाएँ कही गई हैं, यथा-
१. समिता, २. चण्डा, ३. जाया।

शेष कथन शकेन्द्र के समान पूर्ववत् कहना चाहिए।

विशेष-१. आभ्यन्तर परिषद् में दस हजार देव हैं,
२. मध्यम परिषद् में बारह हजार देव हैं,
३. बाह्य परिषद् में चौदह हजार देव हैं। तथा-
१. आभ्यंन्तर परिषद् में नौ सौ देवियाँ हैं,
२. मध्यम परिषद् में आठ सौ देवियाँ हैं,
३. बाह्य परिषद् में सात सौ देवियाँ हैं।

(३) सनत्कुमारेन्द्र की पूर्ववत् समितादि तीन परिषदाएँ कही गई हैं,

विशेष-१. आभ्यंतर परिषद् में आठ हजार देव हैं,
२. मध्यम परिषद् में दस हजार देव हैं,
३. बाह्य परिषद् में बारह हजार देव हैं,

(४) इसी प्रकार माहेन्द्र देवराज की भी तीन परिषदाएँ कही गई हैं,

विशेष-१. आभ्यंतर परिषद् में छह हजार देव हैं,
२. मध्यम परिषद् में आठ हजार देव हैं,
३. बाह्य परिषद् में दस हजार देव हैं।

(५) ब्रह्मलोकेन्द्र की भी तीन परिषदाएँ कही गई हैं,
१. आभ्यंतर परिषद् में चार हजार देव हैं,
२. मध्यम परिषद् में छह हजार देव हैं,
३. बाह्य परिषद् में आठ हजार देव हैं।

(६) लन्तकेन्द्र की भी तीन परिषदाएँ कही गई हैं,
१. आभ्यंतर परिषद् में दो हजार देव हैं,
२. मध्यम परिषद् में चार हजार देव हैं,
३. बाह्य परिषद् में छह हजार देव हैं।

(७) महाशकेन्द्र की भी तीन परिषदाएँ कही गई हैं,
१. आभ्यन्तर परिषद् में एक हजार देव हैं,

२. मज्झिमियाए दो देवसाहस्सीओ पण्णत्ताओ,
३. बाहिरियाए चत्तारि देवसाहस्सीओ पण्णत्ताओ।
(८) सहस्सारे वि तओ परिसाओ पण्णत्ताओ–
१. अब्भिंतरियाए परिसाए पंच देवसया पण्णत्ता,
२. मज्झिमियाए परिसाए एगा देवसाहस्सी पण्णत्ता,
३. बाहिरियाए परिसाए दो देवसाहस्सीओ पण्णत्ताओ।
(९) आणयपाणयस्स वि तओ परिसाओ पण्णत्ताओ–
णवरं–१. अब्भिंतरियाए अड्ढाइज्जा देवसया पण्णत्ता,
२. मज्झिमियाए पंच देवसया पण्णत्ता,
३. बाहिरियाए एगा देवसाहस्सी पण्णत्ता।
(१०) अच्चुयस्स णं देविंदस्स तओ परिसाओ पण्णत्ताओ–
१. अब्भिंतरियाए देवाणं पणवीसं सयं पण्णत्तं,
२. मज्झिमियाए अड्ढाइज्जासया पण्णत्ता,
३. बाहिरियाए पंचसया पण्णत्ता।
–जीवा. पडि. ३, सु. ११९

२. मध्यम परिषद् में दो हजार देव हैं,
३. बाह्य परिषद् में चार हजार देव हैं।
(८) सहस्रारेन्द्र की भी तीन परिषदाएँ कही गई हैं,
१. आभ्यन्तर परिषद् में पाँच सौ देव हैं,
२. मध्यम परिषद् में एक हजार देव हैं,
३. बाह्य परिषद् में दो हजार देव हैं।
(९) आनत-प्राणतेन्द्र की तीन परिषदाएँ कही गई हैं,
विशेष–१. आभ्यन्तर परीषद् में अढ़ाई सौ देव हैं,
२. मध्यम परिषद् में पाँच सौ देव हैं,
३. बाह्य परिषद् में एक हजार देव हैं।
(१०) देवेन्द्र देवराज अच्युत की तीन परिषदाएँ कही गई हैं,
१. आभ्यन्तर परिषद् में एक सौ पच्चीस देव हैं,
२. मध्यम परिषद् में दो सौ पचास देव हैं,
३. बाह्य परिषद् में पाँच सौ देव हैं।

२७. वेमाणिय देवाणं सायासोक्खं इड्ढिआई परूवणं–

प. भंते ! सोहम्मीसाणदेवा केरिसयं सायासोक्खं पच्चणुब्भवमाणा विहरंति?

उ. गोयमा ! मणुण्णा सद्दा **जाव** मणुण्णा फासा **जाव** गेविज्जा।
अणुत्तरोववाइया अणुत्तरा सद्दा **जाव** फासा।

प. सोहम्मीसाणेसु देवाणं केरिसया इड्ढी पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! महिड्ढिया महिज्जुइया **जाव** महाणुभागा इड्ढीए पण्णत्ता **जाव** अच्चुओ।
गेविज्जणुत्तरा य सव्वे महिड्ढिया **जाव** सव्वे महाणुभागा अणिंदा **जाव** अहमिंदा णामं ते देवगणा पण्णत्ता, समणाउसो! –जीवा. पडि. ३, सु. २०३

प. सोहम्मीसाणेसु णं भंते ! कप्पेसु देवा केरिसयं खुहं पिवासं पच्चणुब्भवमाणा विहरंति?

उ. गोयमा ! तेसि णं देवाणं णत्थि खुहं पिवासा।
एवं जाव **अणुत्तरोववाइया।** –जीवा. पडि. ३, सु. २०३

२७. वैमानिक देवों के साता सौख्य और ऋद्धि आदि का प्ररूपण–

प्र. भंते ! सौधर्म ईशानकल्प के देव किस प्रकार का साता-सौख्य अनुभव करते हुए विचरते हैं?

उ. गौतम ! ग्रैवेयक पर्यन्त वे मनोज्ञ शब्द यावत् मनोज्ञ स्पर्शों द्वारा सुख का अनुभव करते हुए विचरते हैं।
अनुत्तरोपपातिकदेव अनुत्तर (सर्वश्रेष्ठ) शब्दजन्य यावत् अनुत्तर स्पर्शजन्य सुखों का अनुभव करते हैं।

प्र. भंते ! सौधर्म-ईशान देवों की ऋद्धि कैसी है?

उ. गौतम ! अच्युत देवों पर्यन्त वे महान् ऋद्धि वाले, महाद्युति वाले यावत् महाप्रभावशाली ऋद्धि से युक्त कहे गए हैं।
ग्रैवेयक और अनुत्तर देव जो महान् ऋद्धि वाले यावत् महाप्रभावशाली हैं उनके इन्द्र नहीं हैं वे सब "अहमिन्द्र" हैं। हे आयुष्मन् श्रमण! वे देव अहमिन्द्र कहलाते हैं।

प्र. भंते ! सौधर्म ईशान कल्प के देव कैसी भूख प्यास का अनुभव करते हैं?

उ. गौतम ! उन देवों को भूख प्यास का अनुभव नहीं होता है।
इसी प्रकार अनुत्तरोपपातिक पर्यन्त के देवों के लिए जानना चाहिए।

२८. वेमाणिय देवाणं सरीराणं वण्ण-गंध-फास परूवणं–

प. सोहम्मीसाणेसु णं भंते ! कप्पेसु देवाणं सरीरगा केरिसया वण्णेणं पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! कणगत्तयरत्ताभा वण्णेणं पण्णत्ता।
सणंकुमार माहिंदेसु णं पउम-पम्हगोरा वण्णेणं पण्णत्ता।

प. बंभलोए णं भंते ! कप्पेसु देवाणं सरीरगा केरिसया वण्णेणं पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! अल्लमहुगपुप्फवण्णाभा पण्णत्ता।

२८. वैमानिक देवों के शरीरों के वर्ण, गन्ध और स्पर्श का प्ररूपण–

प्र. भंते ! सौधर्म ईशान कल्पों में देवों के शरीर कैसे वर्ण के कहे गए हैं?

उ. गौतम ! तपे हुए स्वर्ण जैसे लाल वर्ण वाले कहे गए हैं।
सनत्कुमार और माहेन्द्र कल्प में देवों के शरीर पद्म जैसे गौरवर्ण वाले कहे गए हैं।

प्र. भंते ! ब्रह्मलोक कल्प के देवों के शरीर कैसे वर्ण के कहे गए हैं?

उ. गौतम ! गीले महुए के फूल जैसे (श्वेत) वर्ण वाले कहे गए हैं।

प. लंतए णं भंते ! कप्पेसु देवाणं सरीरगा केरिसया वण्णेणं पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! सुक्किला वण्णेणं पण्णत्ता?
एवं जाव गेवेज्जा।
अणुत्तरोववाइया परमसुक्किल्ला वण्णेणं पण्णत्ता।

प. सोहम्मीसाणेसु णं भंते ! कप्पेसु देवाणं सरीरगा केरिसया गंधेणं पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! से जहाणामए कोट्ठपुडाण वा **तहेव सव्वं जाव** मणामतरगा चेव गंधेणं पण्णत्ता।
एवं जाव **अणुत्तरोववाइया।**

प. सोहम्मीसाणेसु णं भंते ! कप्पेसु देवाणं सरीरगा केरिसया फासेणं पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! थिर-मउय-णिद्धसुकुमाल छवि फासेणं पण्णत्ता।

एवं जाव अणुत्तरोववाइया। *-जीवा. प. ३, सु. २०१ (ई)*

प्र. भंते ! लान्तक कल्प में देवों के शरीर कैसे वर्ण के कहे गए हैं?

उ. गौतम ! शुक्ल वर्ण वाले कहे गए हैं?
ग्रैवेयक देवों के शरीर भी ऐसे ही वर्ण वाले हैं।
अनुत्तरोपपातिक देवों के शरीर अत्यन्त शुक्ल वर्ण वाले कहे गए हैं।

प्र. भंते ! सौधर्म-ईशान कल्पों में देवों के शरीर कैसी गन्ध वाले कहे गए हैं?

उ. गौतम ! कोष्ठपुट आदि जैसे **पहले के समान ही यावत्** अत्यन्त मनमोहक गंध वाले कहे गए हैं।
इसी प्रकार अनुत्तरोपपातिक देवों पर्यन्त के शरीर की गंध जाननी चाहिए।

प्र. भंते ! सौधर्म-ईशान कल्पों में देवों के शरीर कैसे स्पर्श वाले कहे गए हैं?

उ. गौतम ! स्थिर मृदु स्निग्ध जैसे सुकुमाल स्पर्श वाले कहे गए हैं।
इसी प्रकार अनुत्तरोपपातिक देवों पर्यन्त के शरीरों का स्पर्श कहा गया है।

२९. वेमाणिय देवाणं विभूसा कामभोगाण य परूवणं-

प. सोहम्मीसाणा देवा केरिसया विभूसाए पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! दुविहा पण्णत्ता, तं जहा-
१. वेउव्वियसरीरा य, २. अवेउव्वियसरीरा य।
१. तत्थ णं जे से वेउव्वियसरीरा ते हारविराइयवच्छा **जाव** दस दिसाओ उज्जोवेमाणा पभासेमाणा **जाव** पडिरूवा।
२. तत्थ णं जे से अवेउव्वियसरीरा ते णं आभरणवसणरहिया पगइत्था विभूसाए पण्णत्ता।

प. सोहम्मीसाणेसु णं भंते ! कप्पेसु देवीओ केरिसयाओ विभूसाए पण्णत्ताओ?

उ. गोयमा ! दुविहाओ पण्णत्ताओ, तं जहा-
१. वेउव्वियसरीराओ य,
२. अवेउव्वियसरीराओ य।
१. तत्थ णं जाओ वेउव्वियसरीराओ ताओ सुवण्णसद्दालाओ सुवण्णसद्दालाइं वत्थाइं पवर परिहियाओ चंदाणणाओ चंदविलासिणीओ चंदद्ध-समणिडालाओ सिंगारागारचारुवेसाओ संगय **जाव** पासाइओ **जाव** पडिरूवाओ।
२. तत्थ णं जाओ अवेउव्वियसरीराओ ताओ णं आभरणवसणरहियाओ पगइत्थाओ विभूसाए पण्णत्ताओ, **सेसेसु देवीओ णत्थि** जाव **अच्चुओ।**

२९. वैमानिक देवों की विभूषा और कामभोगों का प्ररूपण-

प्र. भंते ! सौधर्म ईशानकल्प के देव कैसी विभूषा वाले कहे गए हैं?

उ. गौतम ! वे देव दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा-
१. वैक्रियशरीर वाले, २. अवैक्रियशरीर वाले।
१. उनमें जो वैक्रियशरीर (उत्तरवैक्रिय) वाले हैं वे हारादि से सुशोभित वक्षस्थल वाले **यावत्** दसों दिशाओं को उद्योतित करने वाले प्रभासित करने वाले **यावत्** प्रतिरूप हैं।
२. जो अवैक्रियशरीर (भवधारणीयशरीर) वाले हैं वे आभरण और वस्त्रों से रहित और स्वाभाविक विभूषा से सम्पन्न कहे गए हैं।

प्र. भंते ! सौधर्म ईशान कल्पों की देवियां कैसी विभूषा वाली कही गई हैं?

उ. गौतम ! वे दो प्रकार की कही गई हैं, यथा-
१. वैक्रियशरीर वाली,
२. अवैक्रियशरीर (भवधारणीयशरीर) वाली,
१. इनमें जो वैक्रियशरीर वाली हैं वे स्वर्ण के नूपुरादि आभूषणों की ध्वनि से युक्त हैं तथा स्वर्ण की बजती किंकिणियों वाले वस्त्रों को तथा उद्‌भट वेश को पहनी हुई हैं, चन्द्र के समान उनका मुखमण्डल है, चन्द्र के समान विलास वाली हैं, अर्धचन्द्र के समान भाल वाली हैं, वे शृंगार की साक्षात् मूर्ति हैं और सुन्दर परिधान वाली हैं, वे अनुकूल **यावत्** दर्शनीय (प्रसन्नता पैदा करने वाली) और सौन्दर्य की प्रतीक हैं।
२. उनमें जो अविकुर्वित शरीर वाली हैं वे आभूषणों और वस्त्रों से रहित स्वाभाविक सौन्दर्य वाली कही गई हैं। **अच्युतकल्प पर्यन्त शेष कल्पों में देवियां नहीं हैं।**

प. गेवेज्जगदेवा केरिसया विभूसाए पण्णत्ता?

उ. गोयमा! आभरणवसणरहिया एवं देवी णत्थि भाणियव्वं। पगइत्था विभूसाए पण्णत्ता,

एवं अणुत्तरा वि।

प. सोहम्मीसाणेसु देवा केरिसए कामभोगे पच्चणुब्भवमाणा विहरंति?

उ. गोयमा! इट्ठा सद्दा, इट्ठा रूवा, इट्ठा गंधा, इट्ठा रसा, इट्ठा फासा।

एवं जाव **गेवेज्जा।**

अणुत्तरोववाइयाणं अणुत्तरा सद्दा जाव अणुत्तरा फासा।

—जीवा. पडि. ३ सु. २०४

प्र. भंते! ग्रैवेयक देव कैसी विभूषा वाले कहे गए हैं?

उ. गौतम! वे देव आभरण और वस्त्रों की विभूषा से रहित स्वाभाविक विभूषा से सम्पन्न कहे गए हैं वहां देवियां नहीं कहनी चाहिए।

इसी प्रकार अनुत्तरविमान के देवों की विभूषा का कथन भी कर लेना चाहिए।

प्र. भंते! सौधर्म-ईशान कल्प में देव कैसे कामभोगों का अनुभव करते हुए विचरते हैं?

उ. गौतम! इष्ट शब्द, इष्ट रूप, इष्ट गंध, इष्ट रस और इष्ट स्पर्शजन्य कामभोगों का अनुभव करते हैं।

इसी प्रकार ग्रैवेयक देवों पर्यन्त कहना चाहिए।

अनुत्तरोपपातिक देव अनुत्तर शब्द **यावत्** अनुत्तर स्पर्शजन्य कामभोगों का अनुभव करते हैं।

३०. चउव्विह देवनिकाएसु अभिरूव अणभिरूवाइ कारण परूवणं—

प. दो भंते! असुरकुमारा एगंसि असुरकुमारावासंसि असुरकुमार देवत्ताए उववन्ना, तत्थ णं एगे असुरकुमारे देवे पासाईए दरिसणिज्जे अभिरूवे पडिरूवे, एगे असुरकुमारे देवे से णं नो पासाईए, नो दरिसणिज्जे, नो-अभिरूवे, नो पडिरूवे।

से कहमेयं भंते! एवं?

उ. गोयमा! असुरकुमारा देवा दुविहा पन्नत्ताओ, तं जहा—

१. वेउव्वियसरीरा य, २. अवेउव्वियसरीरा य।

१. तत्थ णं जे से वेउव्वियसरीरे असुरकुमारे देवे से णं पासाईए **जाव** पडिरूवे।

२. तत्थ णं जे से अवेउव्वियसरीरे असुरकुमारे देवे से णं नो पासाईए **जाव** नो पडिरूवे।

प. से केणट्ठेणं भंते! एवं वुच्चइ—

'तत्थ णं जे से वेउव्वियसरीरे **तं चेव जाव** नो पडिरूवे'

उ. गोयमा! से जहानामए इहं मणुयलोगंसि दुवे पुरिसा भवंति-एगं पुरिसे अलंकियविभूसिए, एगे पुरिसे अणलंकियविभूसिए,

एएसि णं गोयमा! दोण्हं पुरिसाणं कयरे पुरिसे पासाईए **जाव** पडिरूवे?

कयरे पुरिसे नो पासाईए **जाव** नो पडिरूवे?

जे वा से पुरिसे अलंकियविभूसिए?

जे वा से पुरिसे अणलंकियविभूसिए?

भगवं! तत्थ णं जे से पुरिसे अलंकिय विभूसिए से णं पुरिसे पासाईए **जाव** पडिरूवे।

तत्थ णं जे से पुरिसे अणलंकिय विभूसिए से णं पुरिसे नो पासाईए **जाव** नो पडिरूवे।

से तेणट्ठेणं गोयमा! एवं वुच्चइ—

'तत्थ णं जे से वेउव्विय सरीरे **तं चेव जाव** नो पडिरूवे।'

३०. चतुर्विध देवनिकायों में मनोहर-अमनोहरता के कारणों का प्ररूपण—

प्र. भन्ते! एक असुरकुमारावास में दो असुरकुमार देव उत्पन्न हुए, उनमें से एक असुरकुमार देव प्रासादीय, दर्शनीय, सुन्दर एवं मनोहर होता है और एक असुरकुमार देव प्रासादीय दर्शनीय सुन्दर और मनोहर नहीं होता है।

भन्ते! ऐसा क्यों होता है?

उ. गौतम! असुरकुमार देव दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा—

१. विकुर्वितशरीर वाले, २. अविकुर्वितशरीर वाले,

१. उनमें से जो विकुर्वित शरीर वाला असुरकुमार देव है वह प्रासादीय **यावत्** मनोहर होता है।

२. उनमें से जो अविकुर्वित शरीर वाला असुरकुमार देव है वह प्रासादीय **यावत्** मनोहर नहीं होता है।

प्र. भन्ते! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि—

'उनमें जो विकुर्वित शरीर वाला है उसी **प्रकार यावत्** मनोहर नहीं होता है?'

उ. गौतम! जिस प्रकार इस मनुष्य लोक में दो पुरुष होते हैं, उनमें एक पुरुष अलंकृत विभूषित होता है और एक अलंकृत विभूषित नहीं होता है।

गौतम! इन दो पुरुषों में कौनसा पुरुष प्रासादीय **यावत्** मनोहर होता है?

कौनसा पुरुष प्रासादीय **यावत्** मनोहर नहीं होता है?

जो पुरुष अलंकृत विभूषित होता है वह?

या जो पुरुष अलंकृत विभूषित नहीं होता है वह?

भन्ते! उनमें जो पुरुष अलंकृत विभूषित होता है वह प्रासादीय **यावत्** मनोहर होता है।

उनमें जो पुरुष अलंकृत विभूषित नहीं होता है वह प्रासादीय **यावत्** मनोहर नहीं होता है।

इस कारण से गौतम! ऐसा कहा जाता है कि—

'उनमें जो विकुर्वित शरीर वाला नहीं है **उसी प्रकार यावत्** मनोहर नहीं होता है।'

प. दो भंते ! नागकुमारा देवा एगंसि नागकुमारावासंसि नागकुमारदेवत्ताए उववन्ना जाव से कहमेय भंते ! एवं ?

उ. गोयमा ! **एवं चेव।**

एवं जाव थणियकुमारा।

वाणमंतर जोइसिय वेमाणिया एवं चेव।

-विया. स. १८, उ. ५, सु. १-४

प्र. भन्ते ! एक नागकुमारावास में दो नागकुमार देव उत्पन्न होते हैं यावत् भन्ते ! किस कारण से इस प्रकार कहा जाता है ?

उ. गौतम ! **पूर्ववत् समझना चाहिए।**

इसी प्रकार स्तनितकुमार पर्यन्त जानना चाहिए।

वाणव्यन्तर ज्योतिष्क और वैमानिक देवों के विषय में भी इसी प्रकार समझना चाहिए।

३१. देवाणं पीहा परूवणं–

तओ ठाणाइं देवे पीहेज्जा, तं जहा–

१. माणुस्सगं भवं, २. आरिए खेत्ते जम्मं,

३. सुकुलपच्चायाइ। *-ठाणं. अ. ३, उ. ३, सु. १८४/१*

३१. देवों की स्पृहा का प्ररूपण–

देव तीन स्थानों की स्पृहा (आकांक्षा) करता है, यथा–

१. मनुष्य भव की २. आर्य क्षेत्र में जन्म की,

३. सुकुल (श्रेष्ठ कुल) में उत्पन्न होने की।

३२. देवाणं परितावण कारणतिगं परूवणं–

तिहिं ठाणेहिं देवे परितप्पेज्जा, तं जहा–

१. अहो णं मए संते बले, संते वीरिए, संते पुरिसक्कारपरक्कमे खेमंसि सुभिक्खंसि आयरिय उव्वज्झाएहिं विज्जमाणएहिं कल्लसरीरेणं नो बहुए सुए अहीए,

२. अहो णं मए इहलोय पडिबुद्धेणं परलोय परंमुहेणं विसयतिसिएणं नो दीहे सामण्णपरियाए आणुपालिए,

३. अहो णं मए इड्ढि रस सायगरूएणं भोगासंसगिद्धेणं नो विसुद्धे चरित्ते फासिए।

इच्चेएहिं तिहिं ठाणेहिं देवे परितप्पेज्जा।

-ठाणं. अ. ३, उ. ३, सु. १८४/२

३२. देवों के परितप्त होने के कारणों का प्ररूपण–

तीन कारणों से देव परितप्त (पश्चात्ताप करते हुए दुःखी) होते हैं, यथा–

१. अहो मैंने बल-वीर्य-पुरुषाकार-पराक्रम, क्षेम, सुभिक्ष, आचार्य, उपाध्याय की उपस्थिति तथा नीरोग शरीर के होते हुए भी श्रुत का पर्याप्त अध्ययन नहीं किया।

२. अहो ! मैंने विषयाभिलाषी होने से इहलोक में प्रतिबद्ध और परलोक से विमुख होकर दीर्घ काल तक श्रामण्य पर्याय का पालन नहीं किया।

३. अहो ! मैंने ऋद्धि, रस और शाता के मद में ग्रस्त होकर भोगासक्त होकर विशुद्ध चारित्र का पालन नहीं किया।

इन तीन कारणों से देव परितप्त होते हैं।

३३. देवस्स चवणणाणोव्वेग कारणाणि परूवणं–

तिहिं ठाणेहिं देवे चइस्सामित्ति जाणइ, तं जहा–

१. विमाणाभरणाइं णिप्पभाइं पासित्ता,

२. कप्परुक्खगं मिलायमाणं पासित्ता,

३. अप्पणो तेयलेस्सं परिहायमाणिं जाणित्ता,

इच्चेएहिं तिहिं ठाणेहिं देवे चइस्सामित्ति जाणइ।

तिहिं ठाणेहिं देवे उव्वेगमागच्छेज्जा, तं जहा–

१. अहो ! णं मए इमाओ एयारूवाओ दिव्वाओ देविड्ढीओ, दिव्वाओ देवजुईओ, दिव्वाओ देवाणुभावाओ, लुद्धाओ, पत्ताओ, अभिसमण्णागयाओ चइयव्वं भविस्सइ,

२. अहो ! णं मए माउओयं पिउसुक्कं तं तदुभयसंसट्ठं तप्पढमयाए आहारो आहारेयव्वो भविस्सइ,

३. अहो ! णं मए कलमलजंबालाए असुईए उव्वेयणियाए भीमाए गब्भवसहीए वसियव्वं भविस्सइ,

इच्चेएहिं तिहिं ठाणेहिं देवे उव्वेगमागच्छेज्जा।

-ठाणं. अ. ३, उ. ३, सु. १८५

३३. देव के च्यवनज्ञान और उद्वेग के कारणों का प्ररूपण–

तीन हेतुओं से देव यह जान लेता है कि मैं च्युत होऊँगा, यथा–

१. विमान और आभरणों को निष्प्रभ देखकर।

२. कल्पवृक्ष को मुर्झाया हुआ देखकर।

३. अपनी तेजोलेश्या (क्रान्ति) को क्षीण होती हुई जानकर।

इन तीन हेतुओं से देव यह जान लेता है कि मैं च्युत होऊँगा।

तीन कारणों से देव उद्वेग हो प्राप्त होता है, यथा–

१. अहो ! मुझे यह और इस प्रकार की उपार्जित, प्राप्त तथा अभिसमन्वागत दिव्य देवऋद्धि, दिव्य देव द्युति और दिव्य प्रभाव को छोड़ना पड़ेगा।

२. अहो ! मुझे सर्वप्रथम माता के ओज तथा पिता के शुक्र से युक्त आहार को लेना होगा।

३. अहो ! मुझे असुरभि पंक वाले, अपवित्र उद्वेग पैदा करने वाले भयानक गर्भाशय में रहना होगा।

इन तीन कारणों से देव उद्वेग को प्राप्त होता है।

३४. देवाणं अब्भुट्ठिज्जाइ कारण परूवणं–

चउहिं ठाणेहिं देवा अब्भुट्ठिज्जा, तं जहा–

१. अरहंतेहिं जायमाणेहिं,

२. अरहंतेहिं पव्वयमाणेहिं,

३४. देवों के अब्भ्युत्थानादि के कारणों का प्ररूपण–

चार कारणों से देव अपने सिंहासन से (सम्मानार्थ) अभ्युत्थित (उठते) होते हैं–

१. अर्हन्तों का जन्म होने पर,

२. अर्हन्तों के प्रव्रजित होने के अवसर पर,

३. अरहंताणं णाणुप्पायमहिमासु,
४. अरहंताणं परिणिव्वाणमहिमासु
चउहिं ठाणेहिं देवाणं आसणाइं चलेज्जा, तं जहा–
१. अरहंतेहिं जायमाणेहिं **जाव**
४. अरहंताणं परिणिव्वाणमहिमासु,
चउहिं ठाणेहिं देवा सीहणायं करेज्जा, तं जहा–
१. अरहंतेहिं जायमाणेहिं **जाव**
४. अरहंताणं परिणिव्वाणमहिमासु,
चउहिं ठाणेहिं देवा चेलुक्खेवं करेज्जा, तं जहा–
१. अरहंतेहिं जायमाणेहिं **जाव**
४. अरहंताणं परिणिव्वाणमहिमासु,
चउहिं ठाणेहिं देवाणं चेइयरुक्खा चलेज्जा, तं जहा–
१. अरहंतेहिं जायमाणेहिं **जाव**
४. अरहंताणं परिणिव्वाणमहिमासु[1]।
–ठाणं. अ. ४, उ.३, सु. ३२४

३. अर्हन्तों के केवलज्ञानोत्पत्ति महोत्सव पर,
४. अर्हन्तों के परिनिर्वाण महोत्सव पर।
चार कारणों से देवों के आसन चलित होते हैं, यथा–
१. अर्हन्तों का जन्म होने पर **यावत्**
४. अर्हन्तों के परिनिर्वाण महोत्सव पर।
चार कारणों से देव सिंहनाद करते हैं, यथा–
१. अर्हन्तों का जन्म होने पर **यावत्**
४. अर्हन्तों के परिनिर्वाण महोत्सव पर।
चार कारणों से देव चेलोत्क्षेप (वर्षा) करते हैं, यथा–
१. अर्हन्तों का जन्म होने पर **यावत्**
४. अर्हन्तों के परिनिर्वाण महोत्सव पर।
चार कारणों से देवताओं के चैत्यवृक्ष चलित होते हैं, यथा–
१. अर्हन्तों का जन्म होने पर **यावत्**
४. अर्हन्तों के परिनिर्वाण महोत्सव पर।

३५. देवसन्निवायाइ कारण परूवणं–

चउहिं ठाणेहिं देवसन्निवाए सिया, तं जहा–
१. अरहंतेहिं जायमाणेहिं **जाव**
४. अरहंताणं परिणिव्वाणमहिमासु।
एवं देवुक्कलिया देवकहकहए वि[2]। *–ठाणं. अ. ४, उ. ३, सु. ३२४*

३५. देव सन्निपातादि के कारणों का प्ररूपण–

चार कारणों से देव सन्निपात (देवों का आगमन) होता है, यथा–
१. अर्हन्तों का जन्म होने पर **यावत्**
४. अर्हन्तों के परिनिर्वाण महोत्सव पर।
इसी प्रकार देवोत्कलिका (देव समुदाय एकत्रित होने) देवों की कलकल ध्वनि होने के कारण भी जानना चाहिए।

३६. देवेहिं विज्जुयारं थणियसद्द य करण हेउ परूवणं–

तिहिं ठाणेहिं देवे विज्जुयारं करेज्जा, तं जहा–
१. विकुव्वमाणे वा, २. परियारेमाणे वा,
३. तहारूवस्स समणस्स वा माहणस्स वा इड्ढिं जुइं जसं बलं वीरियं पुरिसक्कारपरक्कमं उवदंसेमाणे।
तिहिं ठाणेहिं देवे थणियसद्दं करेज्जा, तं जहा–
१. विकुव्वमाणे वा, २. परियारेमाणे वा,
३. तहारूवस्स वा, समणस्स वा, माहणस्स वा इड्ढिं **जाव** उवदंसेमाणे। *–ठाणं अ. ३, उ. १, सु. १४१ (२-३)*

३६. देवों द्वारा विद्युत् प्रकाश और स्तनित शब्द के करने के हेतु का प्ररूपण–

तीन कारणों से देव विद्युत्कार (विद्युत प्रकाश) करते हैं, यथा–
१. वैक्रिय रूप करते हुए, २. परिचारणा करते हुए,
३. तथारूप श्रमण माहन के सामने अपनी ऋद्धि, द्युति, यश, बल, वीर्य, पुरुषाकार और पराक्रम प्रदर्शन करते हुए।
तीन कारणों से देव मेघ गर्जना जैसी ध्वनि करते हैं, यथा–
१. वैक्रिय रूप करते हुए, २. परिचारणा करते हुए,
३. तथारूप श्रमण माहन के सामने अपनी ऋद्धि आदि का प्रदर्शन करते हुए।

३७. देवेहिं वुट्ठिकाय पकरणविहि कारणाणि य परूवणं–

प. अत्थि णं भंते ! पज्जण्णे कालवासी वुट्ठिकायं पकरेइ ?
उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।
प. जाहे णं भंते ! सक्के देविंदे देवराया वुट्ठिकायं काउकामे भवइ से कहमियाणिं पकरेइ ?
उ. गोयमा ! ताहे चेव णं से सक्के देविंदे देवराया अब्भंतरपरिसाए देवे सद्दावेइ,
तए णं अब्भंतरपरिसगा देवा सद्दाविया समाणा मज्झिमपरिसाए देवे सद्दावेंति,

३७. देवों द्वारा वृष्टि करने की विधि और कारणों का प्ररूपण–

प्र. भंते ! कालवर्षी (समय पर बरसने वाला) मेघ वृष्टिकाय (जलसमूह) बरसाता है ?
उ. हाँ, गौतम ! वह बरसाता है।
प्र. भंते ! जब देवेन्द्र देवराज शक्र वृष्टि करने की इच्छा करता है तब वह किस प्रकार वृष्टि करता है ?
उ. गौतम ! जब देवेन्द्र देवराज शक्र वृष्टि करना चाहता है तब आभ्यन्तर परिषद् के देवों को बुलाता है।
बुलाए हुए वे आभ्यन्तर परिषद् के देव मध्यम परिषद् के देवों को बुलाते हैं।

१. ठाणं अ. ३, उ. १, सु. १४२
२. ठाणं. अ. ३, उ. १, सु. १४२

तए णं ते मज्झिमपरिसगा देवा सद्दाविया समाणा बाहिरपरिसाए देवे सद्दावेंति,

तए णं ते बाहिरपरिसगा देवा सद्दाविया समाणा बाहिर बाहिरगे देवे सद्दावेंति,

तए णं ते बाहिर-बाहिरगा देवा सद्दाविया समाणा आभियोगिए देवे सद्दावेंति,

तए णं ते आभियोगिए देवे सद्दाविया समाणा वुट्ठिकाइए देवे सद्दावेंति,

तए णं ते वुट्ठिकाइया देवा सद्दाविया समाणा वुट्ठिकायं पकरेंति।

एवं खलु गोयमा ! सक्के देविंदे देवराया वुट्ठिकायं पकरेइ।

प. अत्थि णं भंते ! असुरकुमारा वि देवा वुट्ठिकायं पकरेंति ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. किं पत्तियं णं भंते ! असुरकुमारा देवा वुट्ठिकायं पकरेंति ?

उ. गोयमा ! जे इमे अरहंता भगवंतो एएसि णं

१. जम्मणमहिमासु वा,

२. निक्खमणमहिमासु वा,

३. नाणुप्पायमहिमासु वा,

४. परिनिव्वाणमहिमासु वा,

एवं खलु गोयमा ! असुरकुमारा देवा वुट्ठिकायं पकरेंति।

एवं नागकुमारा वि।

एवं जाव **थणियकुमारा।**

वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणिया एवं चेव।

-विया. स. १४, उ. २, सु. ७-१३

वे मध्यम परिषद् के देव बाह्य परिषद् के देवों को बुलाते हैं।

बाह्य परिषद् के देव बाह्य परिषद् से बाहर के देवों को बुलाते हैं।

बाह्य परिषद् के बाहर के देव आभियोगिक देवों को बुलाते हैं।

आभियोगिक देव वृष्टिकायिक देवों को बुलाते हैं।

तब वे बुलाये हुए वृष्टिकायिक देव वृष्टि करते हैं।

इस प्रकार हे गौतम ! देवेन्द्र देवराज शक्र वृष्टि करता है।

प्र. भंते ! क्या असुरकुमार देव भी वृष्टि करते हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! वे भी वृष्टि करते हैं।

प्र. भंते ! असुरकुमार देव किस प्रयोजन से वृष्टि करते हैं ?

उ. गौतम ! अरिहन्त भगवंतों के-

१. जन्म महोत्सवों पर,

२. निष्क्रमण महोत्सवों पर,

३. केवलज्ञानोत्पत्ति महोत्सवों पर,

४. परिनिर्वाण महोत्सवों पर,

इस प्रकार हे गौतम ! असुरकुमार देव वृष्टि करते हैं।

इसी प्रकार नागकुमार देव भी वृष्टि करते हैं।

स्तनितकुमारों पर्यन्त भी वृष्टि के लिए इसी प्रकार कहना चाहिए।

वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक देवों के लिए भी इसी प्रकार कहना चाहिए।

३८. अव्वाबाहदेवाणं अव्वाबाहत्तकारण परूवणं-

प. अत्थि णं भंते ! अव्वाबाहा देवा, अव्वाबाहा देवा ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ-

"अव्वाबाहा देवा, अव्वाबाहा देवा ?"

उ. गोयमा ! पभू णं एगमेगे अव्वाबाहे देवे एगमेगस्स पुरिसस्स एगमेगंसि अच्छिपत्तंसि दिव्वं देविड्ढिं, दिव्वं देवजुइं, दिव्वं देवाणुभागं, दिव्वं बत्तीसइविहिं नट्टविहिं उवदंसेत्तए णो चेव णं तस्स पुरिसस्स किंचि आबाहं वा, वाबाहं वा उप्पाएइ छविच्छेयं वा करेइ, एसुहुमं च णं उवदंसेज्जा,

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ-

"अव्वाबाहा देवा, अव्वाबाहा देवा।"

-विया. स. १४, उ. ८, सु. २३

३८. अव्याबाध देवों के अव्याबाधत्व के कारणों का प्ररूपण-

प्र. भंते ! क्या किसी को बाधापीड़ा नहीं पहुँचाने वाले अव्याबाध देव हैं ?

उ. हाँ, गौतम हैं।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि-

'अव्याबाध देव, अव्याबाधदेव हैं।'

उ. गौतम ! प्रत्येक अव्याबाधदेव, प्रत्येक पुरुष की प्रत्येक आंख की पलक पर दिव्य देवर्द्धि, दिव्य देवद्युति, दिव्य देवानुभाव और बत्तीस प्रकार की दिव्य नाट्यविधि दिखाने में समर्थ हैं और ऐसा करके भी वह देव उस पुरुष को किंचित् मात्र भी आबाधा या व्याबाधा (थोड़ी या अधिक पीड़ा) नहीं पहुँचाता है और न उसके अवयव का छेदन करता है। इतनी सूक्ष्मता से वह (अव्याबाध) देव नाट्यविधि दिखला सकता है।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि-

'अव्याबाधदेव, अव्याबाधदेव' है।

३९. देवेहिं सद्दाइं सवणाइं ठाण परूवणं–

दोहिं ठाणेहिं देवे सद्दाइं सुणेइ, तं जहा–

१. देसेण वि देवे सद्दाइं सुणेइ,

२. सव्वेण वि देवे सद्दाइं सुणेइ,

एवं–१. रूवाइं पासइ,

२. गंधाइं अग्घाइ,

३. रसाइं आसाएइ,

४. फासाइं पडिसंवेदेइ,

५. ओभासइ, ६. पभासइ,

७. विकुव्वइ, ८. परियारेइ,

९. भासं भासइ, १०. आहारेइ,

११. परिणामेइ, १२. वेदेइ,

१३. निज्जरेइ,

–ठाणं. अ. २, उ.२, सु. ७१/१२

४०. लोगंतिय देवाणं मणुस्सलोगे आगमण कारण परूवणं–

चउहिं ठाणेहिं लोगंतिया देवा माणुसं लोगं हव्वमागच्छेज्जा, तं जहा–

१. अरहंतेहिं जायमाणेहिं,

२. अरहंतेहिं पव्वयमाणेहिं,

३. अरहंताणं णाणुप्पायमहिमासु,

४. अरहंताणं परिणिव्वाणमहिमासु[1]।

–ठाणं. अ. ४, उ. ३, सु. ३२४

४१. अहुणोववण्णगदेवस्स माणुसलोगेअणागमण-आगमण कारण परूवणं–

(क) चउहिं ठाणेहिं अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु इच्छेज्ज माणुसं लोगं हव्वमागच्छित्तए, नो चेव णं संचाएइ हव्वमागच्छित्तए, तं जहा–

१. अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु दिव्वेसु कामभोगेसु मुच्छिए गिद्धे गढिए अज्झोववण्णे से णं माणुस्सए कामभोगे नो आढाइ,

नो परियाणाइ, नो अट्ठं बंधइ,

नो नियाणं पगरेइ,

नो ठिइपगप्पं पगरेइ,

२. अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु दिव्वेसु कामभोगेसु मुच्छिए गिद्धे, गढिए अज्झोववण्णे तस्स णं माणुस्सए पेमे वोच्छिन्ने दिव्वे संकंते भवइ।

३. अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु दिव्वेसु कामभोगेसु मुच्छिए, गिद्धे, गढिए अज्झोववण्णे तस्स णं एवं भवइ 'इण्हिं गच्छं, मुहुत्तेणं गच्छं'' तेणं कालेणं अप्पाउया मणुस्सा कालधम्मुणा संजुत्ता भवंति[2]।

४. अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु दिव्वेसु, कामभोगेसु,

३९. देवों द्वारा शब्दादि के श्रवणादि के स्थानों का प्ररूपण–

दो स्थानों से देव शब्द सुनता है, यथा–

१. शरीर के एक भाग से भी देव शब्द सुनता है,

२. सम्पूर्ण शरीर से भी देव शब्द सुनता है।

इसी प्रकार–१. दो स्थानों से रूप को देखता है,

२. गंधों को सूंघता है,

३. रसों का आस्वादन करता है,

४. स्पर्शों का प्रतिसंवेदन करता है,

५. अवभाषित होता है, ६. प्रभासित होता है,

७. विक्रिया करता है, ८. मैथुन सेवन करता है,

९. भाषा बोलता है, १०. आहार करता है,

११. परिणमन करता है, १२. अनुभव करता है,

१३. निर्जरा करता है।

४०. लोकान्तिक देवों के मनुष्य लोक में आगमन के कारणों का प्ररूपण–

चार कारणों से तत्क्षण लोकांतिक देव मनुष्य लोक में आते हैं, यथा–

१. अर्हन्तों के जन्म होने पर,

२. अर्हन्तों के प्रव्रजित होने के अवसर पर,

३. अर्हन्तों के केवलज्ञानोत्पत्ति महोत्सव पर,

४. अर्हन्तों के परिनिर्वाण महोत्सव पर।

४१. तत्काल उत्पन्न देव के मनुष्य लोक में अनागमन-आगमन के कारणों का प्ररूपण–

(क) चार कारणों से देवलोक में तत्काल उत्पन्न देव शीघ्र ही मनुष्य लोक में आना चाहता है किन्तु आ नहीं सकता, यथा–

१. देवलोक में तत्काल उत्पन्न देव दिव्य काम भोगों में, मूर्च्छित, गृद्ध, बद्ध तथा आसक्त होकर मानवीय काम भोगों को न आदर देता है,

न अच्छा जानता है, न उनसे प्रयोजन रखता है,

न निदान (उन्हें पाने का संकल्प) करता है,

न स्थिति प्रकल्प (उनके बीच रहने की इच्छा) करता है।

२. देवलोक में तत्काल उत्पन्न, दिव्यकामभोगों में मूर्च्छित, गृद्ध, बद्ध तथा आसक्त देव का मनुष्य संबंधी प्रेम व्युच्छिन्न हो जाता है तथा उनमें दिव्य प्रेम संक्रान्त हो जाता है।

३. देवलोक में तत्काल उत्पन्न, दिव्य कामभोगों में मूर्च्छित, गृद्ध, बद्ध तथा आसक्त देव सोचता है कि मैं अभी (मनुष्य लोक में) जाऊँ, मुहूर्त भर में जाऊँ इतने से समय में अल्पायुष्क मनुष्य काल धर्म को प्राप्त हो जाते हैं।

४. देवलोक में तत्काल उत्पन्न दिव्य कामभोगों में–

---

१. ठाणं. अ. ३, उ. १, सु. १४२

२. ठाणं. अ. ३, उ. ३, सु. १८३/१

मुच्छिए, गिद्धे, गढिए, अज्झोववण्णे तस्स णं माणुस्सए गंधे पडिकूले पडिलोमे या वि भवइ,

उड्ढंपि य णं माणुस्सए गंधे **जाव** चत्तारि पंच जोयणसयाइं हव्वमागच्छइ।

इच्चेएहिं चउहिं ठाणेहिं अहुणोववण्णे देवे देवलोएसु इच्छेज्ज माणुसं लोगं हव्वमागच्छित्तए, नो चेव णं संचाएइ हव्वमागच्छित्तए।

(ख) चउहिं ठाणेहिं अहुणोववण्णे देवे देवलोएसु इच्छेज्जा माणुसं लोगं हव्वमागच्छित्तए संचाएइ हव्वमागच्छित्तए, तं जहा–

१. अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु दिव्वेसु कामभोगेसु अमुच्छिए अगिद्धे अगढिए अणज्झोववण्णे, तस्स णं एवं भवइ, अत्थि खलु मम माणुस्सए भवे आयरिएइ वा, उवज्झाएइ वा, पवत्तेइ वा, थेरेइ वा, गणीइ वा, गणधरेइ वा, गणवच्छेएइ वा जेसिं पभावेणं मए इमा एयारूवा दिव्वा देविड्ढी, दिव्वा देवजुइ, लद्धा पत्ता अभिसमण्णागया तं गच्छामि णं ते भगवंते वंदामि **जाव** पज्जुवासामि।

२. अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु दिव्वेसु कामभोगेसु अमुच्छिए, अगिद्धे, अगढिए, अणज्झोववण्णे तस्स णं एवं भवइ–'एस णं माणुस्सए भवे नाणीइ वा, तवस्सीइ वा, अइदुक्कर दुक्कर कारए'' तं गच्छामि णं ते भगवं ते वंदामि **जाव** पज्जुवासामि।

३. अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु कामभोगेसु अमुच्छिए, अगिद्धे, अगढिए, अणज्झोववण्णे तस्स णं एवं भवइ–''अत्थि णं मम माणुस्सए भवे मायाइ वा **जाव** सुण्हाइ वा, तं गच्छामि णं तेसिमंतियं पाउब्भवामि,

पासंतु ता मे इममेयारूवं दिव्वं देवड्ढिं दिव्वं देवजुइं लद्धं पत्तं अभिसमण्णागयं[१]।

४. अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु कामभोगेसु अमुच्छिए, अगिद्धे, अगढिए अणज्झोववण्णे तस्स णं एवं भवइ ''अत्थि णं मम माणुस्सए भवे मित्तेइ वा, सहाइ वा, सुहीइ वा, सहाएइ वा, संगएइ वा तेसिं च णं अम्हे अण्णमण्णस्स संगारं पडिसुए भवइ'' जो मे पुव्विं चयइ से संबोहेयव्वे।

इच्चेएहिं चउहिं ठाणेहिं अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु माणुसं लोगं हव्वमागच्छित्तए संचाएइ हव्वमागच्छित्तए।

–ठाणं. अ.४, उ. ३, सु. ३२३

मूर्च्छित, गृद्ध, बद्ध तथा आसक्त देव को इस मनुष्य लोक की गन्ध प्रतिकूल और प्रतिलोम लगने लग जाती है।

मनुष्य लोक की गन्ध चार पांच सौ योजन ऊँचाई पर्यन्त आती रहती है।

तत्काल उत्पन्न देव देवलोक से मनुष्य लोक में आना चाहता है किन्तु उक्त चार कारणों से आ नहीं पाता है।

(ख) चार कारणों से देवलोक में तत्काल उत्पन्न देव शीघ्र ही मनुष्यलोक में आना चाहता है और आ भी सकता है, यथा–

प्र. भंते ! महर्द्धिक वैमानिक देवी अल्पऋद्धिक वैमानिक देव के बीचों-बीच में से होकर जा सकती है?

उ. हाँ, गौतम ! जा सकती है।

प्र. भंते ! अल्पऋद्धिक देवी महर्द्धिक देवी के मध्य में से होकर जा सकती है?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

इसी प्रकार समान ऋद्धिक देवी का समऋद्धिक देवी के बीच में से निकलने का आलापक कहना चाहिए।

महर्द्धिक देवी का अल्प ऋद्धिक देवी के बीच में निकलने का आलापक कहना चाहिए।

इसी प्रकार प्रत्येक के तीन-तीन आलापक कहने चाहिए। यावत्–

प. महिड्ढिया णं भंते ! वेमाणिणी अप्पिड्ढियाए वेमाणिणीए मज्झंमज्झेणं वीईवएज्जा?

उ. हंता, गोयमा ! वीईवएज्जा।

प. सा भंते ! किं विमोहित्ता पभू, अविमोहित्ता पभू?

उ. गोयमा ! विमोहित्ता वि पभू, अविमोहित्ता वि पभू।

तहेव जाव पुव्विं वा वीईवइत्ता पच्छा विमोहेज्जा, एए चत्तारि दंडगा। *-विया. स. १०, उ. ३, सु. ६-१७*

प्र. भंते ! वैमानिक महर्द्धिक देवी, अल्पऋद्धिक वैमानिक देवी के मध्य मे से होकर जा सकती है?

उ. हाँ, गौतम ! जा सकती है।

प्र. भंते ! क्या महर्द्धिक देवी उसे विमोहित करके जा सकती है या विमोहित किए बिना भी जा सकती है?

उ. गौतम ! उसे विमोहित करके भी जा सकती है और विमोहित किए बिना भी जा सकती है।

उसी प्रकार यावत् पूर्व में निकल करके तत्पश्चात् विमोहित कर सकती है इस प्रकार ये चार दंडक हुए।

५९. इड्ढिं पडुच्च देव-देवीणं परोप्परं मज्झंमज्झेणं विइक्कमण सामत्थ परूवणं–

प. अप्पिड्ढिए णं भंते ! देवे महिड्ढियस्स देवस्स मज्झंमज्झेणं वीईवएज्जा?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

प. समिड्ढिए णं भंते ! देवे समिड्ढियस्स देवस्स मज्झंमज्झेणं वीईवएज्जा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, पमत्तं पुण वीईवएज्जा।

प. से णं भंते ! किं सत्थेणं अक्कमित्ता पभू, अणक्कमित्ता पभू?

उ. गोयमा ! अक्कमित्ता पभू, नो अणक्कमित्ता पभू।

प. से णं भंते ! किं पुव्विं सत्थेणं अक्कमित्ता पच्छा वीईवएज्जा?
पुव्विं वीईवएत्ता पच्छा सत्थेणं अक्कमेज्जा?

उ. गोयमा ! पुव्विं अक्कमित्ता पच्छा वीईवएज्जा,
णो पुव्विं वीईवएत्ता पच्छा अक्कमेज्जा।
एवं एएणं अभिलावेणं जहा दसमसए आइड्ढि उद्देसए तहेव निरवसेसं चत्तारि दंडगा भाणियव्वा जाव **महिड्ढिया वेमाणिणी अप्पिड्ढियाए वेमाणिणीए।**[1]

-विया. स. १४, उ. ३, सु. १०-१३

५९. ऋद्धि की अपेक्षा देव-देवियों का परस्पर मध्य में से व्यतिक्रमण सामर्थ्य का प्ररूपण–

प्र. भंते ! क्या अल्पऋद्धिक देव महाऋद्धि वाले देव के मध्य में से होकर जा सकता है?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है। (अर्थात् वह नहीं जा सकता)

प्र. भंते ! क्या समान ऋद्धि वाला देव समान ऋद्धि वाले देव के मध्य में से होकर जा सकता है?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है। (समान ऋद्धि वाले देव के प्रमत्त (असावधान) होने पर जा सकता है।

प्र. भंते ! वह (मध्य में होकर जाने वाला) देव शस्त्र का प्रहार करके जा सकता है या बिना प्रहार किये ही जा सकता है?

उ. गौतम ! वह शस्त्र का प्रहार करके जा सकता है, बिना शस्त्र प्रहार के नहीं जा सकता है।

प्र. भंते ! वह देव पहले शस्त्र का प्रहार करके तत्पश्चात् जाता है या
पहले जाकर तत्पश्चात् शस्त्र से प्रहार करता है?

उ. गौतम ! पहले शस्त्र का प्रहार करके फिर जाता है।
किन्तु पहले जाकर फिर शस्त्र का प्रहार नहीं करता है।
इस प्रकार इस अभिलाप द्वारा दशवें शतक के तीसरे उद्देशक के अनुसार (पूर्ववत्) समग्र रूप से चारों दण्डक महाऋद्धि वाली वैमानिक देवी अल्पऋद्धि वाली वैमानिक देवी के मध्य में से होकर जा सकती है पर्यन्त कहना चाहिए।

६०. देवस्स भावियप्पणो अणगारस्स मज्झंमज्झेणं वीयीवएण सामत्थासामत्थ परूवणं–

प. देवे णं भंते ! महाकाए महासरीरे अणगारस्स भावियप्पणो मज्झंमज्झेणं वीयीवएज्जा?

उ. गोयमा ! अत्थेगइए वीयीवएज्जा, अत्थेगइए नो वीयीवएज्जा।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
'अत्थेगइए वीयीवएज्जा, अत्थेगइए नो वीयीवएज्जा?'

उ. गोयमा ! देवा दुविहा पन्नत्ता, तं जहा–
१. मायीमिच्छादिट्ठी उववन्नगा य,
२. अमायीसम्मदिट्ठी उववन्नगा य।

६०. देव का भावितात्मा अणगार के मध्य में से निकलने के सामर्थ्य-असामर्थ्य का प्ररूपण–

प्र. भंते ! क्या महाकाय और महाशरीर वाला देव भावितात्मा अणगार के बीच में से होकर निकल जाता है?

उ. गौतम ! कोई निकल जाता है और कोई नहीं निकलता है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"कोई बीच में से होकर निकल जाता है और कोई नहीं निकलता है?"

उ. गौतम ! देव दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. मायी मिथ्यादृष्टि उपपन्नक,
२. अमायी सम्यग्दृष्टि उपपन्नक।

१. विया. स. १०, उ. ३, सु. ८-१७

१. तत्थ णं जे से मायीमिच्छद्दिट्ठी उववन्नए देवे से णं अणगारं भावियप्पाणं पासइ पासित्ता नो वंदइ, नो नमंसइ, नो सक्कारेइ, नो सम्माणेइ, नो कल्लाणं मंगलं देवयं चेइयं पज्जुवासइ।

से णं अणगारस्स भावियप्पणो मज्झंमज्झेणं वीयीवएज्जा।

२. तत्थ णं जे से अमायी सम्मद्दिट्ठि उववन्नए देवे से णं अणगारं भावियप्पाणं पासइ पासित्ता वंदइ नमंसइ **जाव** पज्जुवासइ,

से णं अणगारस्स भावियप्पणो मज्झंमज्झेणं नो वीयीवएज्जा।

से णं तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

'अत्थेगइए वीयीवएज्जा, अत्थेगइए नो वीयीवएज्जा।'

प. असुरकुमारे णं भंते ! महाकाये महासरीरे अणगारस्स भावियप्पणो मज्झंमज्झेणं वीयीवएज्जा?

उ. गोयमा ! **एवं चेव।**

एवं देवदंडओ भाणियव्वो जाव **वेमाणिए।**

–विया. स. १४, उ. ३, सु. १-३

१. उनमें जो मायी मिथ्यादृष्टि उपपन्नक देव है वह भावितात्मा अनगार को देखता है और देखकर भी न उनको वंदन नमस्कार करता है, न उनका सत्कार सम्मान करता है और न उनको कल्याणरूप, मंगलरूप, देवरूप, ज्ञानरूप, मानकर पर्युपासना करता है।

ऐसा वह देव भावितात्मा अनगार के बीच में से होकर चला जाता है।

२. उनमें जो अमायी सम्यग्दृष्टि उपपन्नक देव है वह भावितात्मा अनगार को देखता है और देखकर वंदन नमस्कार करता है **यावत्** पर्युपासना करता है।

ऐसा वह देव भावितात्मा अनगार के बीच में से होकर नहीं निकलता है।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

"कोई बीच में से होकर निकल जाता है और कोई नहीं निकलता है।"

प्र. भंते ! क्या महाकाय और महाशरीर वाला असुरकुमार देव भावितात्मा अनगार के मध्य में से होकर निकल जाता है?

उ. गौतम ! **पूर्ववत् कथन करना चाहिए।**

इसी प्रकार देव दण्डक (चतुर्विध देवों के लिए) वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए।

६१. देवाणं देवावासांतराणं वीईक्कमण इड्ढि परूवणं–

रायगिहे **जाव** एवं वयासी–

प. आइड्ढीए णं भंते ! देवे **जाव** चत्तारि पंच देवावासंतराइं वीईक्कंते तेण परं परिड्ढीए विइक्कंते?

उ. हंता, गोयमा ! आइड्ढीए णं देवे **जाव** चत्तारि पंच देवावासंतराइं वीईक्कंते, तेण परं परिड्ढीए।

एवं असुरकुमारे वि,

णवरं–असुरकुमारावासंतराइं, **सेसं तं चेव,**

एवं एएणं कमेणं जाव **थणियकुमारे।**

एवं वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणिए वि।

–विया. स. १०, उ. ३, सु. १-५

६१. देवों का देवावासांतरों की व्यतिक्रमण ऋद्धि का प्ररूपण–

राजगृह नगर में **यावत्** गौतमस्वामी ने इस प्रकार पूछा–

प्र. भंते ! देव क्या आत्मऋद्धि (अपनी शक्ति) द्वारा **यावत्** चार पाँच देवावासों के अन्तरों का उल्लंघन करता है और इसके पश्चात् पर-शक्ति द्वारा उल्लंघन करता है?

उ. हाँ, गौतम ! देव आत्मशक्ति से **यावत्** चार पाँच देवावासों के अन्तरों का उल्लंघन करता है और उसके पश्चात् पर-शक्ति द्वारा उल्लंघन करता है।

इसी प्रकार असुरकुमारों के लिए भी कहना चाहिए।

विशेष–वे असुरकुमारों के आवासों के अंतरों का उल्लंघन करते हैं, **शेष कथन पूर्ववत् है।**

इसी प्रकार इसी अनुक्रम से स्तनितकुमार पर्यन्त जानना चाहिए।

इसी प्रकार वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक देव पर्यन्त जानना चाहिए।

६२. वाणमंतराणं देवलोगस्ससरूवं–

प. केरिसा णं भंते ! तेसिं वाणमंतराणं देवाणं देवलोगा पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! से जहानामए इहं असोगवणे इ वा, सत्तवण्णवणे इ वा, चंपगवणे इ वा, चूयवणे इ वा, तिलगवणे इ वा, लउयवणे इ वा, णिग्गोहवणे इ वा, छत्तोववणे इ वा, असणवणे इ वा, सणवणे इ वा, अयसिवणे इ वा, कुसुंभवणे इ वा, सिद्धत्थवणे इ वा, बंधुजीवगवणे इ वा, णिच्चं कुसुमिय माइय लवइय थवइय गुलुइय गुच्छिय

६२. वाणव्यंतरों के देवलोकों का स्वरूप–

प्र. भंते ! उन वाणव्यन्तर देवों के देवलोक किस प्रकार के कहे गए हैं?

उ. गौतम ! जैसे इस मनुष्य लोक में जो नित्य कुसुमित, नित्य विकसित, मौर युक्त, कोंपल युक्त, पुष्प, गुच्छों से युक्त, लताओं से आच्छादित, पत्तों के गुच्छों से युक्त, सम श्रेणी में उत्पन्न, वृक्षों से युक्त, युगल वृक्षों से युक्त, फल फूल के भार से नमे हुए, फल फूल के भार से झुके हुए विभिन्न प्रकार की बालों और मंजरियों रूपी मुकुटों को धारण किये हुए

जमलिय जुवलिय विणमिय पणमिय सुविभत्त पिंडिमंजरिवडेंसगधरे सिरीए अईव-अईव उवसोभेमाणे-उवसोभेमाणे चिट्ठइ।

अशोकवन, सप्तवर्ण वन, चम्पकवन, आम्रवन, तिलकवृक्षों के वन, लौकी की लताओं के वन, वटवृक्षों के वन, छत्रौघवन, अशनवृक्षों के वन, सन वृक्षों के वन, अलसी के वन, कुसुम्ब वृक्षों के वन, सरसव वन, बन्धुजीवक वृक्षों के वन शोभा से अतीव-अतीव उपशोभित होते हैं।

एवामेव तेसिं वाणमंतराणं देवाणं देवलोगा जहन्नेणं दसवाससहस्सट्ठिईएहिं, उक्कोसेणं पलिओवमट्ठिई-एहिं बहूहिं वाणमंतरेहिं देवेहि य देवीहिं य आइण्णा विइकिण्णा उवत्थडा संथडा फुडा अवगाढगाढा सिरीए अईव उवसोभेमाणा चिट्ठंति।

इसी प्रकार वाणव्यन्तर देवों के देवलोक जघन्य दस हजार वर्ष की तथा उत्कृष्ट एक पल्योपम की स्थिति वाले एवं बहुत से वाणव्यन्तर देवों से और उनकी देवियों से आकीर्ण (व्याप्त) व्याकीर्ण (विशेष व्याप्त) एक दूसरे पर आच्छादित, परस्पर मिले हुए स्फुट प्रकाश वाले, अत्यन्त अवगाढ़ श्री शोभा से अतीव उपसुशोभित रहते हैं।

एरिसगा णं गोयमा ! तेसिं वाणमंतराणं देवाणं देवलोगा पण्णत्ता। *–विया. स. १, उ. १, सु. १२ (२)*

हे गौतम ! उन वाणव्यन्तर देवों के (स्थान) देवलोक इसी प्रकार के कहे गये हैं।

वुक्कंति (व्युत्क्रान्ति) अध्ययन

वुक्कंति का संस्कृत शब्द व्युत्क्रान्ति है जो व्युत्क्रमण अर्थात् पादविक्षेप या गमन का द्योतक है। अतः जीव एक स्थान से उद्वर्तन (मरण) करके दूसरे स्थान पर जन्म ग्रहण करता है उसे व्युत्क्रान्ति कहा जा सकता है। मनुस्मृति (६/६३) में उत्क्रमण शब्द का प्रयोग मृत्यु (शरीर से आत्मा के पलायन) के लिए हुआ है। यहाँ व्युत्क्रमण (वि + उत्क्रमण) या व्युत्क्रान्ति शब्द है जो ऐसी विशिष्ट मृत्यु के लिए प्रयुक्त है जिसके अनन्तर जीव जन्म ग्रहण करता है। इस प्रकार व्युत्क्रान्ति के अन्तर्गत उपपात, जन्म, उद्वर्तन, च्यवन, मरण का तो समावेश होता ही है किन्तु इससे सम्बद्ध विग्रहगति, सान्तर निरन्तर उपपात, सान्तर निरन्तर उद्वर्तन, उपपात विरह, उद्वर्तन विरह आदि अनेक तथ्यों का भी अन्तर्भाव हो जाता है। गति-आगति का चिन्तन भी इस प्रकार व्युत्क्रान्ति का ही अंग है। साधारण शब्दों में कहें तो मरण से लेकर उत्पन्न होने (जन्म ग्रहण करने) तक का समस्त क्रियाकलाप व्युत्क्रान्ति अध्ययन का क्षेत्र है।

जन्म-मरण के लिए आगमों में कुछ विशेष शब्दों का प्रयोग हुआ है। देवों एवं नैरयिकों के जन्म को उपपात (उववाए) कहा गया है क्योंकि इनका जन्म गर्भ से नहीं होता तथा सम्मूर्च्छिम भी नहीं होता है। नैरयिकों एवं भवनवासी देवों के मरण को उद्वर्तना (उव्वट्टणा) कहा गया है तथा ज्योतिषी एवं वैमानिक देवों के मरण को च्यवन कहा गया है। शेष जीवों के जन्म-मरण के लिए विशेष शब्द नहीं है।

गति-आगति का निरूपण व्याख्या प्रज्ञप्ति, जीवाजीवाभिगम, प्रज्ञापना और स्थानांग आदि में हुआ है। उद्वर्तन (मरण, च्यवन) करके जीवन के गमन करने को गति तथा आगमन को आगति कहते हैं। ये दोनों शब्द सापेक्ष हैं। गति है जाना और आगति है आना। थोकड़ों में भी गति-आगति का वर्णन है। संक्षेप में २४ दण्डकों में गति-आगति को इस प्रकार समझा जा सकता है—नैरयिक एवं देव गति के जीव दो गतियों से आते हैं तथा दो ही गतियों में जाते हैं। वे गतियाँ हैं—तिर्यञ्च और मनुष्य। पृथ्वी, अप् एवं वनस्पतिकाय के जीव तिर्यञ्च, मनुष्य और देव इन तीन गतियों से आते हैं तथा तिर्यञ्च और मनुष्य इन दो गतियों में जाते हैं। तेजस्काय एवं वायुकाय के जीव तिर्यञ्च गति में ही जाते हैं। विकलेन्द्रिय जीव तिर्यञ्च एवं मनुष्य इन दो गतियों से आते हैं तथा इन्हीं दो गतियों में जाते हैं। सम्मूर्च्छिम तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय की आगति भी इन्हीं दो गतियों से है किन्तु इनकी गति चारों गतियों में संभव है। सम्मूर्च्छिम मनुष्य का आगमन एवं गमन दो ही गतियों में होता है—तिर्यञ्च एवं मनुष्य में। गर्भज तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय एवं गर्भज मनुष्य चारों गतियों से आते हैं तथा चारों गतियों में जाते हैं। विशेषता यह है कि मनुष्य सिद्धगति में भी जा सकते हैं।

स्थानांग-सूत्र में गति-आगति का निरूपण छह काया के आधार पर भी किया गया है तथा पृथ्वीकाय का जीव पृथ्वीकाय, अप्काय, तेजस्काय, वायुकाय, वनस्पतिकाय और त्रसकाय इन छह स्थानों से आकर उत्पन्न हो सकता है तथा इन छह ही स्थानों में जा सकता है। इसी प्रकार अप्कायिक से त्रसकायिक पर्यन्त सभी जीवों की छह गति और छह आगति होती है। इन जीवों की नौ गति एवं नौ आगति भी कही गई है जिसके अनुसार नौ स्थान हैं—पृथ्वी, अप्, तेज, वायु, वनस्पति, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय। अण्डज, पोतज आदि योनि शरीरों के आधार पर इन जीवों की आठ गति एवं आठ आगति भी कही गई है।

प्रज्ञापना-सूत्र में आगति का बहुत ही सूक्ष्म एवं सुन्दर विवेचन हुआ है। प्रश्नोत्तर शैली में हुए इन विवेचन के प्रमुख तथ्य हैं—(१) नैरयिक जीव तिर्यञ्च जीव, तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय एवं मनुष्य से उत्पन्न होते हैं। तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय तीन प्रकार के हैं—जलचर, स्थलचर एवं खेचर। इनमें स्थलचर तिर्यञ्च तीन प्रकार के होते हैं—चतुष्पद, उरपरिसर्प और भुजपरिसर्प। ये जलचर आदि सभी तिर्यञ्च दो प्रकार के हैं—सम्मूर्च्छिम और गर्भज। ये दोनों भी दो-दो प्रकार के हैं—पर्याप्त एवं अपर्याप्त। इनमें कुछ संख्यात वर्षायुष्क होते हैं तथा कुछ असंख्यात वर्षायुष्क। तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय के इन सब भेदों में से जो जीव संख्यातवर्षायुष्क एवं पर्याप्तक होते हैं वे ही नरक में जा सकते हैं। चाहे वे सम्मूर्च्छिम हो या गर्भज, जलचर हो, स्थलचर हो या खेचर इसका अन्तर नहीं पड़ता। (२) मनुष्यों में गर्भज मनुष्यों से नैरयिक जीव उत्पन्न होते हैं, सम्मूर्च्छिम मनुष्यों से नहीं। गर्भज मनुष्यों में भी कर्मभूमिज गर्भज मनुष्यों में से उत्पन्न होते हैं, अकर्मभूमिज एवं अन्तर्द्वीपज गर्भज मनुष्यों में से उत्पन्न नहीं होते। कर्मभूमिज गर्भज मनुष्यों में भी संख्यात वर्षायुष्क एवं पर्याप्तक मनुष्यों में से उत्पन्न होते हैं, असंख्यात-वर्षायुष्क एवं अपर्याप्तकों में से नहीं। (३) नैरयिकों के उपपात के विषय में जो सामान्य कथन है वह रत्नप्रभा पृथ्वी के नैरयिकों के उपपात पर लागू होता है। शर्कराप्रभापृथ्वी के नैरयिक सम्मूर्च्छिम तिर्यञ्च में से उत्पन्न नहीं होते। बालुका प्रभा पृथ्वी के नैरयिक भुजपरिसर्पों में से भी उत्पन्न नहीं होते हैं। पंकप्रभापृथ्वी के नैरयिक खेचरों में से भी उत्पन्न नहीं होते। इस प्रकार उत्तरोत्तर निषेध समझना चाहिए। धूमप्रभा के नैरयिकों की उत्पत्ति सम्मूर्च्छिम आदि के साथ चतुष्पदों से भी नहीं होती और तमस्तम पृथ्वी के नैरयिक मनुष्य-स्त्रियों से भी उत्पन्न नहीं होते हैं। इस प्रकार सातवीं नरक में जलचर एवं कर्मभूमिज मनुष्य (पुरुष व नपुंसक) ही उत्पन्न होते हैं। वे भी पर्याप्त एवं संख्यात वर्षायुष्क। (४) देव भी तिर्यञ्च और मनुष्यों में से उत्पन्न होते हैं। असुरकुमार आदि १० भवनपति देवों का उपपात सामान्य नैरयिकों के उपपात की भाँति है किन्तु वैशिष्ट्य यह है कि ये असंख्यात वर्ष आयु वाले अकर्मभूमिज एवं अन्तर्द्वीपज मनुष्यों तथा असंख्यातवर्ष आयु वाले तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय से भी उत्पन्न होते हैं। (५) पृथ्वीकाय, अप्काय एवं वनस्पति काय के जीव एकेन्द्रिय से पंचेन्द्रिय तक के तिर्यञ्चों, सम्मूर्च्छिम और गर्भज मनुष्यों तथा भवनवासी से लेकर वैमानिक तक के देवों में से उत्पन्न होते हैं। एकेन्द्रिय जीवों में वे पृथ्वीकाय से लेकर वनस्पतिकाय तक के सूक्ष्म एवं बादर, पर्याप्त एवं अपर्याप्त सभी जीवों में से उत्पन्न होते हैं। विकलेन्द्रियों में भी वे पर्याप्तकों एवं अपर्याप्तकों दोनों में से उत्पन्न होते हैं। पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चों में जलचर

आदि के पर्याप्तक एवं अपर्याप्तक सभी जीवों में से उत्पन्न होते हैं। मनुष्यों में कर्मभूमिज गर्भज मनुष्यों के पर्याप्तक एवं अपर्याप्तक दोनों भेदों में से उत्पन्न होते हैं तथा सम्मूर्च्छिम मनुष्यों में सबमें से उत्पन्न होते हैं। भवनपति देवों में असुरकुमार से लेकर स्तनितकुमार तक सभी देवों में से, वाणव्यन्तर देवों में पिशाचों से लेकर गन्धर्वों में से, ज्योतिष्क देवों में चन्द्रविमान के देवों से लेकर ताराविमान के देवों में से उत्पन्न होते हैं। वैमानिक देव दो प्रकार के होते हैं–कल्पोपन्नक और कल्पातीत। इनमें से कल्पोपन्नक देवों में से उत्पन्न होते हैं तथा कल्पोपन्नक देवों में से भी सौधर्म और ईशान कल्प के देवों में से ही उत्पन्न होते हैं। उल्लेखनीय यह है कि सूक्ष्म पृथ्वीकाय, सूक्ष्म अप्काय एवं सूक्ष्म वनस्पतिकाय के जीव देवों में से उत्पन्न नहीं होते हैं। वे मात्र तिर्यञ्च एवं मनुष्यों में से ही उत्पन्न होते हैं। (६) तेजस्काय एवं वायुकाय के जीव देवों में उत्पन्न नहीं होते। ये केवल तिर्यञ्च और मनुष्यों में से उत्पन्न होते हैं। शेष वर्णन पृथ्वीकायिक के समान है। (७) द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीवों की उत्पत्ति भी तेजस्काय एवं वायुकाय की भांति मनुष्य और तिर्यञ्चों में से होती है। (८) पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक जीव चारों गतियों के जीवों में से उत्पन्न होते हैं। सातों पृथ्वियों के नैरयिकों, एकेन्द्रिय से लेकर पंचेन्द्रिय तक के तिर्यञ्चों, पर्याप्त-अपर्याप्त (कर्मभूमि) गर्भज एवं सम्मूर्च्छिम मनुष्यों में से तथा सहस्रार कल्प के वैमानिक देवों पर्यन्त देवों में से उत्पन्न होते हैं। सम्मूर्च्छिम जलचर आदि जीव तिर्यञ्च और मनुष्यों में से ही उत्पन्न होते हैं नारकी और देवों में से नहीं। (९) मनुष्य चारों गतियों के जीवों में से उत्पन्न होते हैं किन्तु नैरयिकों में छठी नरक तक के नैरयिकों में से उत्पन्न होते हैं सातवीं नरक के नैरयिकों में से नहीं। तिर्यञ्चों में तेजस्कायिक एवं वायुकायिकों में से उत्पन्न नहीं होते हैं। देवों में सर्वार्थसिद्ध पर्यन्त समस्त देवों में से मनुष्य उत्पन्न होते हैं। मनुष्य भी दो प्रकार के हैं–सम्मूर्च्छिम और गर्भज। इनमें सम्मूर्च्छिम मनुष्य नैरयिक, देव एवं असंख्यात वर्ष आयु वाले मनुष्य एवं तिर्यञ्चों से भी उत्पन्न नहीं होते हैं। गर्भज मनुष्य का कथन सामान्य मनुष्य के समान है। (१०) वाणव्यन्तर एवं ज्योतिष्क देवों का उपपात १० भवनपतियों के समान है। विशेषता यह है कि ज्योतिष्कों की उत्पत्ति सम्मूर्च्छिम-असंख्यात वर्षायुष्क-खेचर पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिकों तथा अन्तर्द्वीपज मनुष्यों को छोड़कर होती है। (११) वैमानिक देवों में दूसरे देवलोक तक के जीव पंचेन्द्रियतिर्यञ्चों तथा मनुष्यों में से उत्पन्न होते हैं। सनत्कुमार से सहस्रार कल्प तक के वैमानिक देव असंख्यात वर्षायुष्क अकर्मभूमिकों को छोड़कर उत्पन्न होते हैं। आनत से अच्युत तक के देव केवल मनुष्यों में से उत्पन्न होते हैं। मनुष्यों में भी कर्मभूमिक गर्भज मनुष्यों में से उत्पन्न होते हैं। उनमें भी संख्यात वर्ष आयु वाले पर्याप्तकों में से उत्पन्न होते हैं। उनमें भी सम्यग्दृष्टि एवं मिथ्यादृष्टि पर्याप्तकों में से उत्पन्न होते हैं, सम्यग्मिथ्यादृष्टि में से नहीं। सम्यग्दृष्टि पर्याप्तक तीन प्रकार के हैं–संयत, असंयत और संयतासंयत। ये इन तीनों प्रकार के सम्यग्दृष्टि पर्याप्तक मनुष्यों में से उत्पन्न होते हैं। अच्युतकल्प के देवों के उपपात की भांति नवग्रैवेयकों का उपपात है किन्तु ये असंयत एवं संयतासंयत सम्यग्दृष्टियों में से उत्पन्न नहीं होते हैं। अनुत्तरोपपातिक देवों में संयत सम्यग्दृष्टि पर्याप्तक संख्यात वर्षायुष्क कर्मभूमिज मनुष्य ही उत्पन्न हो सकते हैं अन्य कोई जीव नहीं। संयत सम्यग्दृष्टियों में भी अप्रमत्त संयतों में से ही अनुत्तरोपपातिक देव उत्पन्न होते हैं, प्रमत्तसंयतों में से नहीं। वे अप्रमत्तसंयत ऋद्धि प्राप्त या अऋद्धि प्राप्त हो सकते हैं।

चारों गतियों में जीवों के उत्पन्न होने का क्रम निरन्तर भी रहता है तथा सान्तर (व्यवधानयुक्त) भी रहता है। चारों गतियाँ जघन्य एक समय से लेकर उत्कृष्ट बारह मुहूर्त्त तक उपपात (जन्म) से विरहित रहती हैं। सिद्धगति जघन्य एक समय और उत्कृष्ट छह माह तक सिद्धि से रहित रहती है। चारों गतियाँ जघन्य एक समय एवं उत्कृष्ट बारह मुहूर्त तक उद्वर्तना (मरण) से विरहित कही गई हैं।

एक समय में जघन्य एक, दो या तीन और उत्कृष्ट संख्यात या असंख्यात नैरयिक उत्पन्न होते हैं। असुरकुमार से लेकर स्तनितकुमार तक के सभी १० भवनपति देव भी इसी प्रकार उत्पन्न होते हैं। पृथ्वीकाय, अप्काय, तेजस्काय एवं वायुकाय के जीव प्रति समय बिना विरह के असंख्यात उत्पन्न होते हैं। वनस्पतिकाय के जीव प्रतिसमय स्वस्थान में बिना विरह के अनन्त तथा परस्थान में बिना विरह के असंख्यात उत्पन्न होते हैं। विकलेन्द्रिय, सम्मूर्च्छिम पंचेन्द्रिय तिर्यञ्च, गर्भज पंचेन्द्रिय तिर्यञ्च, सम्मूर्च्छिम मनुष्य, वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क तथा आठवें वैमानिक देवलोक तक के देवों की उत्पत्ति नैरयिकों के समान एक समय में जघन्य एक, दो या तीन और उत्कृष्ट संख्यात या असंख्यात होती है। गर्भज मनुष्य, आनत, प्राणत, आरण और अच्युत देवलोक के देव, नव ग्रैवेयक तथा पांच अनुत्तरोपपातिक देव एक समय में जघन्य एक, दो या तीन तथा उत्कृष्ट संख्यात उत्पन्न होते हैं। सिद्ध एक समय में जघन्य एक, दो या तीन तथा उत्कृष्ट एक सौ आठ सिद्ध होते हैं। उत्पत्ति के समान ही समस्त जीवों का एक समय में उद्वर्तन होता है। ज्योतिष्क एवं वैमानिक देवों के लिए उद्वर्तन के स्थान पर च्यवन शब्द प्रयुक्त होता है। सिद्धों का उद्वर्तन नहीं होता है।

नैरयिक से लेकर वैमानिक पर्यन्त सभी जीव अनन्तरोपपन्नक हैं, परम्परोपपन्नक हैं और अनन्तर परम्परानुपपन्नक भी हैं। जिन्हें उत्पन्न हुए प्रथम समय हुआ है वे अनन्तरोपपन्नक हैं, जिन्हें उत्पन्न हुए दो, तीन आदि समय व्यतीत हो गए हैं वे परम्परोपपन्नक हैं तथा जो जीव विग्रहगति में चल रहे हैं वे अनन्तर परम्परानुपपन्नक हैं। उत्पत्ति के समय सभी जीव सर्वभागों से सर्वभागों को आश्रित करके उत्पन्न होते हैं एवं उत्पन्न हुए हैं। इसी प्रकार वे सर्वभागों से सर्वभागों को आश्रित करके निकलते हैं अर्थात् उद्वर्तन करते हैं।

चौबीस दण्डकों में सान्तर एवं निरन्तर उत्पत्ति का विचार करने पर ज्ञात होता है कि सभी एकेन्द्रिय जीवों की उत्पत्ति निरन्तर होती रहती है, उनकी उत्पत्ति में विरह या व्यवधान नहीं आता है अतः उनकी उत्पत्ति सान्तर नहीं होती है। शेष सभी जीवों की उत्पत्ति सान्तर भी होती है एवं निरन्तर भी होती है। यही नहीं सिद्ध भी सान्तर एवं निरन्तर दोनों प्रकार से होते रहते हैं। उत्पत्ति की भांति ही उद्वर्तन है। इसमें भी एकेन्द्रिय जीवों का उद्वर्तन निरन्तर होता रहता है जबकि शेष सभी दण्डकों में जीवों का उद्वर्तन सान्तर (विरहयुक्त) एवं निरन्तर होता है। सिद्धों का उद्वर्तन नहीं होता है।

भिन्न-भिन्न जीवों के उपपात (उत्पत्ति) के विरहकाल एवं उद्वर्तन या च्यवन के विरहकाल का भी इस अध्ययन में प्रत्येक दण्डक के अनुसार उल्लेख हुआ है। पृथ्वीकाय से लेकर वनस्पतिकाय तक के एकेन्द्रिय जीवों में एक समय के लिए भी उपपात एवं उद्वर्तन का विरह नहीं होता है। उपपात एवं च्यवन का विरहकाल सबसे अधिक सर्वार्थसिद्ध देवों में होता है। वे जघन्य एक समय और उत्कृष्ट पल्योपम के संख्यातवें भाग तक उपपात एवं च्यवन से विरहित कहे गए हैं।

आयुक्षय, भवक्षय और स्थितिक्षय होने से जीवों में एक स्थान से उद्वर्तन करके दूसरे स्थान पर जन्म ग्रहण करने की गति प्रवृत्त होती है। इस गति को विग्रह गति कहा जाता है। यह विग्रह गति एकेन्द्रियों को छोड़कर सभी जीवों में एक समय, दो समय या तीन समय की होती है। एकेन्द्रियों में चार समय की भी होती है। ये सभी जीव आत्मऋद्धि से, स्वकृत कर्मों से तथा अपने व्यापार से उत्पन्न होते हैं, ईश्वरादि पर ऋद्धि, कर्म एवं व्यापार की इन्हें अपेक्षा नहीं होती।

जिस प्रकार आगम में अनन्तरोपपन्नक, परम्परोपपन्नक एवं अनन्तरपरम्परानुपपन्नक की चर्चा है उसी प्रकार अनन्तर निर्गत, परम्पर निर्गत एवं अनन्तरपरम्पर अनिर्गत की भी चर्चा है। निर्गत शब्द यहाँ उद्वर्तित के स्थान पर प्रयुक्त हुआ है। जिन जीवों को औदारिक या वैक्रिय शरीर छोड़कर निकले प्रथम समय हुआ है वे अनन्तरनिर्गत हैं, जिन्हें दो, तीन आदि समय व्यतीत हो गया है वे परम्पर निर्गत हैं तथा जो विग्रह गति प्राप्त हैं वे अनन्तर परम्पर अनिर्गत हैं।

भगवान् से प्रश्न किया गया-भंते ! नारक नारकों में उत्पन्न होता है या अनारक नारकों में उत्पन्न होता है ? भगवान् ने उत्तर दिया-गौतम ! नारक नारकों में उत्पन्न होता है, अनारक नारकों में उत्पन्न नहीं होता। इसका आशय यह है कि जीव जन्म ग्रहण करने के पूर्व ही उस गति से युक्त हो जाता है जिसमें उसे जन्म लेना है तथा इसी प्रकार उद्वर्तन के समय वह उस गति का नहीं रहता जिस गति से वह जीव उद्वर्तन करता है। यह तथ्य जीवों पर लागू होता है।

रत्नप्रभापृथ्वी पर ३० लाख नरकावास हैं। शर्कराप्रभापृथ्वी पर २५ लाख नरकावास हैं। बालुकाप्रभापृथ्वी पर १५ लाख, पंकप्रभा पृथ्वी पर १० लाख, धूमप्रभापृथ्वी पर ३ लाख तथा तमःप्रभापृथ्वी पर ९५ हजार नरकावास हैं। तमस्तमप्रभा पृथ्वी पर पाँच अनुत्तर नरकावास हैं-काल, महाकाल, रौरव, महारौरव और अप्रतिष्ठान। ये सातों पृथ्वियों के नरकावास संख्यात योजन विस्तार वाले भी हैं तथा असंख्यात योजन विस्तार वाले भी हैं। रत्नप्रभापृथ्वी के संख्यात योजन विस्तृत नरकावासों में उत्पन्न होने वाले नारकों के सम्बन्ध में इस अध्ययन में ३९ प्रश्नों का समाधान किया गया है। इसी प्रकार असंख्यात योजन विस्तृत नरकावासों में उत्पन्न होने वाले नैरयिकों के सम्बन्ध में भी उतने ही प्रश्नोत्तर हैं। संख्यात योजन विस्तृत नरकावासों में एक समय में जघन्य एक, दो या तीन और उत्कृष्ट संख्यात नैरयिक उत्पन्न होते हैं जबकि असंख्यात योजन विस्तृत नरकावासों में उत्कृष्ट असंख्यात नैरयिक उत्पन्न होते हैं। रत्नप्रभा पृथ्वी के नैरयिकों की विविध आधारों पर संख्या के सम्बन्ध में ३९ प्रश्नों का समाधान भी हुआ है। इसके अन्तर्गत कापोतलेश्यी, संज्ञी, मतिज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, अनन्तरोपपन्नक, परम्परोपपन्नक, अनन्तरावगाढ़, परम्परावगाढ़ आदि नैरयिकों की संख्या के विषय में चर्चा है। इन प्रश्नोत्तरों के आधार पर कुछ विशेष ज्ञातव्य बातें उभरकर आती हैं।

रत्नप्रभापृथ्वी के संख्यात योजन विस्तृत नरकावासों में उद्वर्तन करने वाले नारकों के सम्बन्ध में भी उत्पत्ति की भाँति ही ३९ प्रश्नों का समाधान किया गया है। रत्नप्रभापृथ्वी के नैरयिकों की भांति ही शर्कराप्रभा आदि छहों नरकपृथ्वियों के नैरयिकों का उपपात एवं उद्वर्तन होता है, अतः इनके प्रश्नोत्तरों में विशेष भेद नहीं है। नरकावासों की संख्या में अन्तर है जिसका निर्देश पहले कर दिया है। वैशिष्ट्य यह है कि इन छहों पृथ्वियों के नैरयिक असंज्ञी नहीं होते हैं। लेश्याओं की अपेक्षा पहली, दूसरी नरक में कापोथलेश्या है, तीसरी में कापोत और नील, चौथी में नील, पाँचवीं में नील और कृष्ण, छठी में कृष्ण और सातवीं नरक में परमकृष्ण लेश्या है। पंकप्रभापृथ्वी से लेकर अधःसप्तमी पृथ्वी तक अवधिज्ञानी और अवधिदर्शनी नैरयिक उद्वर्तन नहीं करते हैं। सातवीं नरक में तीन ज्ञानयुक्त जीव उत्पन्न नहीं होते हैं तथा उद्वर्तन भी नहीं करते हैं किन्तु सत्ता में तीन ज्ञान वाले नैरयिक पाये जाते हैं।

भवनवासी, वाणव्यन्तर, ज्योतिषी और वैमानिक देवों के उत्पाद, उद्वर्तन या च्यवन के सम्बन्ध में भी नैरयिकों की भांति ४९-४९ प्रश्नों के समाधान दिए गए हैं। असुरकुमारों के ६४ लाख आवास कहे गए हैं। नागकुमार आदि सभी भवनपतियों के भी इसी प्रकार चौंसठ-चौंसठ लाख आवास हैं। ये आवास भी संख्यात योजन विस्तार वाले एवं असंख्यात योजन विस्तार वाले होते हैं। ये देव स्त्रीवेद या पुरुषवेद सहित उत्पन्न होते हैं, नपुंसकवेदी नहीं होते। ये असंज्ञी भी उद्वर्तना करते हैं। अवधिज्ञानी और अवधिदर्शनी उद्वर्तना नहीं करते हैं। संख्यात योजन विस्तार वाले आवासों में उत्कृष्ट संख्यात भवनपति देव उत्पन्न होते हैं एवं असंख्यात योजन विस्तार वाले आवासों में असंख्यात उत्पन्न होते हैं। वाणव्यन्तर देवों के असंख्यात लाख आवास हैं। ज्योतिष्क देवों के असंख्यात लाख विमानावास हैं। ज्योतिष्क देवों में एक तेजोलेश्या होती है अन्य नहीं, जबकि भवनपति देवों में प्रथम चार लेश्याएँ होती हैं। सौधर्म एवं ईशान देवलोक में बत्तीस-बत्तीस लाख विमानावास हैं। सनत्कुमार से सहस्रार तक विमानावासों में थोड़ा अन्तर है। आनत और प्राणत देवलोकों में चार सौ विमानावास हैं। आरण और अच्युत के विमानावासों में थोड़ा अन्तर है। अनुत्तर वैमानिकों के पाँच विमान हैं उनमें एक संख्यात योजन विस्तार वाला तथा चार असंख्यात योजन विस्तार वाले हैं। इन देवों एवं नैरयिकों के सम्बन्ध में जो वर्णन मिलता है उसे तीन आलापकों में प्रस्तुत किया गया है। वे आलापक हैं-उपपात, उद्वर्तन और सत्ता।

सभी दण्डकों के जीव आत्मोपक्रम से भी उत्पन्न होते हैं, परोपक्रम से भी उत्पन्न होते हैं और निरुपक्रम से भी उत्पन्न होते हैं किन्तु उद्वर्तन में ऐसा नहीं है। नैरयिक एवं देव निरुपक्रम से उद्वर्तन करते हैं, आत्मोपक्रम एवं परोपक्रम से नहीं। पृथ्वीकायिक जीवों से लेकर मनुष्य पर्यन्त के दण्डकों में तीनों उपक्रमों से उद्वर्तन होता है। ज्योतिष्क एवं वैमानिक देवों का च्यवन होता है, उद्वर्तन नहीं। यह बात पहले कही जा चुकी है कि सभी जीव आत्मऋद्धि से उत्पन्न होते हैं तथा आत्मऋद्धि से ही उद्वर्तन करते हैं, अपने कर्म से ही उत्पन्न होते हैं तथा अपने कर्म से ही उद्वर्तन करते हैं। इसी प्रकार वे आत्मप्रयोग या आत्मव्यापार से उत्पन्न होते हैं तथा उद्वर्तन करते हैं। जो जीव जहाँ उत्पन्न होने योग्य है वह उस गतिनाम से योजित कर भव्यद्रव्य नैरयिक, भव्यद्रव्य देव, भव्यद्रव्य पृथ्वीकायिक, भव्यद्रव्य तिर्यञ्च, भव्यद्रव्य मनुष्य आदि कहा जाता है।

एक गति में एक साथ कितने जीव उत्पन्न होने के लिए प्रवेश करते हैं उसे आगम में कति संचित, अकतिसंचित और अवक्तव्यसंचित इन तीन प्रकारों में विभक्त किया गया है। जो एक साथ संख्यात प्रवेश करते हैं वे कतिसंचित हैं, जो असंख्यात प्रवेश करते हैं वे अकतिसंचित हैं तथा जो एक-एक करके प्रवेश करते हैं वे अवक्तव्यसंचित हैं। एकेन्द्रिय जीव एक साथ असंख्यात प्रवेश करते हैं इसलिए वे मात्र अकतिसंचित होते हैं जबकि शेष सभी जीव तीनों प्रकार के हैं वे कतिसंचित भी हैं, अकतिसंचित भी हैं और अवक्तव्य संचित भी हैं। सिद्ध सिद्धगति में एक-एक या संख्यात जाते हैं अतः वे कतिसंचित एवं अवक्तव्यसंचित होते हैं।

जो जीव (उत्पन्न होने के लिए) एक समय में एक साथ छह की संख्या में प्रवेश करते हैं वे षट्समर्जित कहलाते हैं। जो एक साथ जघन्य एक, दो या तीन और उत्कृष्ट पाँच की संख्या में प्रवेश करते हैं, वे नोषट्क समर्जित होते हैं। जो अनेक षट्क की संख्या में प्रवेश करते हैं वे अनेक षट्क समर्जित कहलाते हैं। षट्क, नोषट्क एवं अनेक षट्क समर्जित के पाँच विकल्प बनते हैं–१. षट्क समर्जित २. नोषट्क समर्जित ३. एकषट्क और नोषट्क समर्जित ४. अनेक षट्क समर्जित ५. अनेक षट्क समर्जित एवं नोषट्क समर्जित। पृथ्वीकायिक आदि एकेन्द्रिय जीवों में चौथा एवं पांचवां विकल्प ही है शेष सब जीवों में पाँचों विकल्प पाए जाते हैं। इस अध्ययन में षट्क समर्जितादि से विशिष्ट दण्डकों का अल्प-बहुत्व भी निरूपित है। षट्क समर्जित की भांति बारह की संख्या में प्रवेश करने वाले जीव द्वादश समर्जित कहलाते हैं। जो जघन्य एक, दो, तीन और उत्कृष्ट ग्यारह तक प्रवेश करते हैं वे नो द्वादश समर्जित कहलाते हैं। अनेक द्वादशों की संख्या में प्रवेश करने वाले अनेक द्वादश समर्जित कहलाते हैं। षट्क समर्जित की भांति इनके भी पांच विकल्प हैं। इनका भी अल्प-बहुत्व प्रस्तुत अध्ययन में द्रष्टव्य है। षट्क समर्जित एवं द्वादश समर्जित के समान चतुरशीति समर्जित का वर्णन भी मिलता है। जब एक साथ चौरासी जीव प्रवेश करते हैं तो वे चतुरशीति समर्जित कहलाते हैं, जो उत्कृष्ट ८३ तक प्रवेश करते हैं वे नो चतुरशीति समर्जित कहलाते हैं तथा अनेक चौरासियों की संख्या में प्रवेश करते हैं वे अनेक चतुरशीति समर्जित कहे जाते हैं। इनका अल्पबहुत्व भी अध्ययन-पाठ में द्रष्टव्य है।

रत्नप्रभा आदि छह पृथ्वियों में सम्यग्दृष्टि एवं मिथ्यादृष्टि नैरयिक उत्पन्न होते हैं किन्तु सम्यग्मिथ्यादृष्टि नैरयिक उत्पन्न नहीं होते। उद्वर्तन भी सम्यग्दृष्टि एवं मिथ्यादृष्टि नैरयिकों का ही होता है। सातवीं नरक में मात्र मिथ्यादृष्टि जीव उत्पन्न होते हैं और वे ही उद्वर्तन करते हैं। नरकगति सम्यग्मिथ्यादृष्टि नैरयिकों से कदाचित् अविरहित है और कदाचित् विरहित भी होती है। रत्नप्रभा आदि पृथ्वियों के नैरयिकों का यदि प्रत्येक समय में एक-एक को अपहरण किया जाय तो वे असंख्यात उत्सर्पिणियों, अवसर्पिणियों में अपहृत होंगे किन्तु उनका अपहरण नहीं हुआ है। वैमानिक देवों में प्रत्येक समय में एक का अपहरण किया जाय तो असंख्यात उत्सर्पिणियाँ एवं असर्पिणियाँ लगेंगी किन्तु उनका अपहरण हुआ नहीं है। ग्रैवेयक और अनुत्तर विमानों में से अपहरण किए जाने पर वे पल्योपम के असंख्यातवें भाग में अपहृत होंगे किन्तु उनका अपहरण होता नहीं है। नैरयिकों की भांति देवों में भी सम्यग्दृष्टि एवं मिथ्यादृष्टि जीव उत्पन्न होते हैं किन्तु पाँच अनुत्तर विमानों में मात्र सम्यग्दृष्टि देव उत्पन्न होते हैं।

व्युत्क्रान्ति अध्ययन में भव्यद्रव्य देव, नरदेव, धर्मदेव, देवाधिदेव और भावदेवों के उपपात और उद्वर्तन का भी वर्णन है। भव्यद्रव्य देव उद्वर्तन करके देवों में उत्पन्न होते हैं। नरदेव उद्वर्तन करके नैरयिकों में उत्पन्न होते हैं। धर्मदेव वैमानिक देवों में उत्पन्न होते हैं। देवाधिदेव सिद्ध होते हैं यावत् सर्वदुःखों का अन्त करते हैं। भावदेवों की उद्वर्तना असुरकुमारों की भांति है। असंयत भव्यद्रव्य देव, अविराधित संयमी यावत् श्रद्धा भ्रष्ट वेषधारी जीव यदि देवलोक में उत्पन्न हों तो कहाँ-कहाँ उत्पन्न होंगे इसका भी अध्ययन में निर्देश है। जो जीव आचार्य, उपाध्याय, कुल, गण और संघ के प्रत्यनीक होते हैं तथा उनका अवर्णवाद करते हैं, मिथ्यात्व के अभिनिवेश युक्त होते हैं, बहुत वर्षों तक श्रमण पर्याय का पालन करके भी पापालोचन नहीं करते हैं वे अकाल में काल करके किल्विषिक देव रूप में उत्पन्न होते हैं। कुछ किल्विषिक देव नैरयिक, तिर्यञ्च, मनुष्य और देव के चार-पाँच भव करके संसार-मुक्त हो जाते हैं और कुछ संसार-कान्तार में परिभ्रमण करते रहते हैं। महर्द्धिक देव महाद्युति, महाबल, महायश और महासुख वाले होते हैं।

पृथ्वीकाय, अपकाय एवं वायुकाय के जीव रत्नप्रभा आदि पृथ्वियों में मारणांतिक समुद्घात से समवहत होकर सौधर्मकल्प आदि देवलोकों में पृथ्वीकायिक आदि रूप में उत्पन्न होते हैं तब दो विकल्प संभव हैं–(१) वे जीव पहले उत्पन्न होते हैं और बाद में पुद्गल ग्रहण करते हैं। (२) पहले वे पुद्गल ग्रहण करते हैं और पीछे उत्पन्न होते हैं।

□

३८. वुक्कंति-अज्झयणं

सूत्र

१. उप्पायाई विवक्खया एगत्त परूवणं-

एगा उप्पा, एगा वियई। -ठाणं. अ. १, सु. १४-१५

एगा गइ, एगा आगइ,

एगे चयणे, एगे उववाए। -ठाणं. अ. १, सु. १७-१८

२. उववायाई पदाणं सामित्त परूवणं-

दोण्हं उववाए पण्णत्ते, तं जहा-

१. देवाणं चेव, २. नेरइयाणं चेव।

दोण्हं उव्वट्टणं पण्णत्ता, तं जहा-

१. णेरइयाणं चेव, २. भवणवासीणं चेव।

दोण्हं चयणे पण्णत्ते, तं जहा-

१. जोइसियाणं चेव, २. वेमाणियाणं चेव।

-ठाणं. अ. २, उ. ३, सु. ७९

३. संसार समावन्नगजीवाणं गइ-आगइ परूवणं-

(१) णिरयगइ-

प. णेरइयाणं भंते ! जीवा कइ गइया, कइ आगइया?

उ. गोयमा ! दुगइया, दुआगइया। -जीवा पडि. १, सु. ३२

(२) तिरियगइ-

प. सुहुमपुढविकाइया णं भंते ! जीवा कइ गइया, कइ आगइया?

उ. गोयमा ! दुगइया, दुआगइया,

-जीवा. पडि. १, सु. १३, (२३)

प. बायर पुढविकाइया णं भंते ! जीवा कइ गइया, कइ आगइया?

उ. गोयमा ! दुगइया, तिआगइया। -जीवा. पडि. १, सु. १५

सुहुम आउकाइया दुगइया, दुआगइया जहा सुहुमपुढविकाइया।

बायर आउकाइया दुगइया, तिआगइया जहा बायर पुढविकाइया।

सुहुमवणस्सइकाइया दुगइया, दुआगइया जहा सुहुमपुढविकाइया। -जीवा. पडि. १, सु. १६-१८

पत्तेय-सरीर-बायर-वणस्सइकाइया दुगइया, ति आगइया, जहा बायरपुढविकाइया,

साहारणसरीर-बायर- वणस्सइकाइया वि एवं चेव। णवरं- दुआगइया।

-जीवा. पडि. १, सु. २०-२१

सुहुमतेउकाइया एगगइया, दुआगइया।

३८. व्युत्क्रान्ति-अध्ययन

सूत्र

१. उत्पाद आदि की विवक्षा से एकत्व का प्ररूपण-

उत्पत्ति एक है, विगति (विनाश) एक है।

गति एक है, आगति एक है,

च्यवन एक है, उपपात एक है।

२. उत्पाद आदि पदों के स्वामित्व का प्ररूपण-

दो का उपपात कहा गया है, यथा-

१. देवताओं का, २. नैरयिकों का,

दो का उद्‌वर्तन कहा गया है, यथा-

१. नैरयिकों का, २. भवनवासी देवताओं का,

दो का च्यवन कहा गया है, यथा-

१. ज्योतिष्क देवों का, २. वैमानिक देवों का,

३. संसार समापन्नक जीवों की गति आगति का प्ररूपण-

(१) नरकगति-

प्र. भंते ! नैरयिक जीव कितनी गति से आते हैं और कितनी गति में जाते हैं?

उ. गौतम ! दो गति (मनुष्य-तिर्यञ्च) से आते हैं और दो गति (मनुष्य-तिर्यञ्च) में जाते हैं।

(२) तिर्यञ्चगति-

प्र. भंते ! सूक्ष्म-पृथ्वीकायिक जीव कितनी गति से आते हैं और कितनी गति में जाते हैं?

उ. गौतम ! दो गति (मनुष्य-तिर्यञ्च) से आते हैं, और दो गति (मनुष्य-तिर्यञ्च) में जाते हैं।

प्र. भंते ! बादर पृथ्वीकायिक जीव कितनी गति से आते हैं और कितनी गति में जाते हैं?

उ. गौतम ! तीन गति (मनुष्य-तिर्यञ्च व देव) से आते हैं और दो गति (मनुष्य-तिर्यञ्च) में जाते हैं।

सूक्ष्म अप्कायिक जीव सूक्ष्म पृथ्वीकायिकों के समान दो गति से आते हैं और दो गति में जाते हैं।

बादर अप्कायिक जीव बादर पृथ्वीकायिकों के समान तीन गति से आते हैं और दो गति में जाते हैं।

सूक्ष्म वनस्पतिकायकि जीव सूक्ष्म पृथ्वीकायिकों के समान दो गति से आते हैं और दो गति में जाते हैं।

प्रत्येक शरीर बादर वनस्पतिकायिक जीव बादर पृथ्वीकायिक के समान तीन गति से आते हैं और दो गति में जाते हैं।

साधारण शरीर बादर वनस्पतिकायिक की गति आगति भी इसी प्रकार है। विशेष यह है कि ये दो गति से आते हैं।

सूक्ष्म तेजस्कायिक जीव दो गति से आते हैं और एक गति में जाते हैं

बायर-तेउक्काइया वि एवं चेव। –*जीवा. पडि. १, सु. २४-२५*

सुहुम-वाउक्काइया, बायर-वाउक्काइया वि एवं चेव। –*जीवा. पडि. १, सु. २६*

बेइंदिया-दुगइया, दुआगइया,
तेइंदिया चउरिंदिया वि एवं चेव। –*जीवा. पडि. १, सु. २८-३०*

संमुच्छिम-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिया जलयरा चउगइया दुआगइया।

संमुच्छिम थलयरा चउप्पया उरगपरिसप्पा, भुयग-परिसप्पा खहयरा एवं चेव। –*जीवा. पडि. १, सु. ३५-३६*

गब्भवक्कंतिय-पंचेंदियतिरिक्खजोणिया जलयरा चउगइया चउआगइया,
गब्भवक्कंतिय-थलयरा, चउप्पया उरगपरिसप्पा, भुजगपरिसप्पा, खहयरा एवं चेव। –*जीवा. पडि. १, सु. ३८-४०*

(३) **मणुयगइ–**
संमुच्छिम मणुस्सा दुगइया, दुआगइया,
गब्भवक्कंतिय-मणुस्सा पंचगइया, चउआगइया –*जीवा. पडि. १, सु. ४१*

(४) **देवगइ–**
देवा-दुगइया, दुआगइया। –*जीवा. पडि. १, सु. ४२*

४. ठाणंगानुसारेण चउगइसु जीवेसु गइ-आगइ परूवणं–

नेरइया दुगइया दुआगइया पण्णत्ता, तं जहा–

१. नेरइए नेरइएसु उववज्जमाणे मणुस्सेहिंतो वा पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो वा उववज्जेज्जा,

से चेव णं से नेरइए णेरइयत्तं विप्पज्जहमाणे मणुस्सत्ताए वा पंचेंदिय-तिरिक्खजोणियत्ताए वा गच्छेजा।

एवं असुरकुमारा वि,

णवरं–से चेव असुरकुमारे असुरकुमारत्तं विप्पजहमाणे मणुस्सत्ताए वा तिरिक्खजोणियत्ताए वा गच्छेज्जा।

एवं सव्वदेवा। –*ठाणं. अ. २, उ. २, सु. ६८*

पुढविकाइया दुगइया दुआगइया पण्णत्ता, तं जहा–

पुढविकाइए पुढविकाइएसु उववज्जमाणे पुढविकाइएहिंतो वा णो पुढविकाइएहिंतो वा उववज्जेज्जा,

से चेव णं से पुढविकाइए पुढविकाइयत्तं विप्पजहमाणे पुढविकाइयत्ताए वा णो पुढविकाइयत्ताए वा गच्छेज्जा।

एवं जाव मणुस्सा। –*ठाणं. अ. २, उ. २, सु. ६८*

पंचेंदिय तिरिक्खजोणिया चउगइया चउआगइया पण्णत्ता, तं जहा–

पंचेंदियतिरिक्खजोणिए पंचेंदियतिरिक्खजोणिएसु उववज्जमाणे

बादर तेजस्कायिक जीवों की गति आगति इसी प्रकार है।

सूक्ष्म वायुकायिक एवं बादर वायुकायिक की गति आगति भी इसी प्रकार है।

द्वीन्द्रिय जीव दो गति से आते हैं और दो गति में जाते हैं।
त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रियों की गति आगति भी इसी प्रकार है।

सम्मूर्च्छिम पंचेंद्रिय तिर्यञ्चयोनिक जलचर दो गति (मनुष्य-तिर्यञ्च) से आते हैं और चार गति (नरक, तिर्यञ्च, मनुष्य एवं देव) में जाते हैं।

सम्मूर्च्छिम स्थलचर चतुष्पद उरपरिसर्प, भुजग परिसर्प और खेचरों की गति आगति भी इसी प्रकार है।

गर्भज पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक जलचर चार गति से आते हैं और चार गति में जाते हैं।
गर्भज स्थलचर चतुष्पद उरपरिसर्प भुजगपरिसर्प और खेचरों की गति आगति भी इसी प्रकार है।

(३) **मनुष्यगति–**
सम्मूर्च्छिम मनुष्य दो गति से आते हैं दो गतियों में जाते हैं।
गर्भज मनुष्य चार गति से आते हैं पांच गतियों में जाते हैं।

(४) **देवगति–**
देव दो गति से आते हैं और दो गति में जाते हैं।

४. स्थानांग के अनुसार चार्तुगतिक जीवों की गति आगति का प्ररूपण–

नैरयिक जीवों की दो गति और दो आगति कही गई है, यथा–

१. नरक में उत्पन्न होने वाले नैरयिक, मनुष्य या पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनि से आकर उत्पन्न होते हैं।

वे ही नैरयिक नारक अवस्था को छोड़कर-मनुष्य या पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनि में जाते हैं।

इसी प्रकार असुरकुमारों के लिए भी जानना चाहिए।

विशेष–वे ही असुरकुमारदेव असुरकुमारत्व को छोड़कर मनुष्य या पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनि में आकर उत्पन्न होते हैं।

इसी प्रकार सब देवों के लिए समझना चाहिए।

पृथ्वीकायिक जीवों की दो गति और दो आगति कही गई है, यथा–

पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने वाले जीव पृथ्वीकायिक से या पृथ्वीकायिक से भिन्न जीवों से उत्पन्न नहीं होते हैं।

वे ही पृथ्वीकायिक जीव पृथ्वीकायिकत्व को छोड़कर पृथ्वीकायिक या नो पृथ्वीकायिक में जाते हैं।

इसी प्रकार मनुष्य पर्यन्त दो गति और दो आगति कही गई है।

पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिकों की चार स्थानों में गति और चार स्थानों में आगति कही गई है, यथा–

पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिकजीव पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनि में उत्पन्न होता हुआ

णेरइएहिंतो वा, तिरिक्खजोणिएहिंतो वा, मणुस्सेहिंतो वा, देवेहिंतो वा उववज्जेज्जा,

से चेव णं से पंचेंदियतिरिक्खजोणिए पंचेंदियतिरिक्खजोणियत्तं विप्पजहमाणे णेरइयत्ताए वा तिरिक्खजोणियत्ताए वा, मणुस्सयत्ताए वा देवत्ताए वा गच्छेज्जा।

–ठाणं अ. ४, उ. ४, सु. ३६७

मणुस्सा चउगइआ चउआगइआ पण्णत्ता, तं जहा–

मणुस्से मणुस्सेसु उववज्जमाणे णेरइएहिंतो वा, तिरिक्खजोणिएहिंतो वा, मणुस्सेहिंतो वा, देवेहिंतो वा उववज्जेज्जा,

से चेव णं से मणुस्से मणुसत्तं विप्पजहमाणे णेरइयत्ताए वा, तिरिक्खजोणियत्ताए वा, मणुस्सत्ताए वा, देवत्ताए वा गच्छेज्जा। *–ठाणं. अ. ४, उ. ४, सु. ३६७*

एगिंदिया पंचगइया पंचआगइया पण्णत्ता, तं जहा–

१. एगिंदिए एगिंदिएसु उववज्जमाणे, एगिंदिएहिंतो वा, बेइंदिएहिंतो वा, तेइंदिएहिंतो वा, चउरिंदिएहिंतो वा, पंचिंदिएहिंतो वा उववज्जेज्जा।

से चेव णं से एगिंदिए एगिंदियत्तं विप्पजहमाणे एगिंदियत्ताए वा, बेइंदियत्ताए वा, तेइंदियत्ताए वा, चउरिंदियत्ताए वा, पंचिंदियत्ताए वा गच्छेज्जा।

बेइंदिया पंच गइया पंच आगइया एवं चेव।

एवं तेइंदिया-चउरिंदिया-पंचिंदिया पंच गइया पंचआगइया पण्णत्ता, *–ठाणं. अ. ५, सु. ४५८*

पुढविकाइया छ गइया छ आगइया पण्णत्ता, तं जहा–

पुढविकाइए पुढविकाइएसु उववज्जमाणे–

१. पुढविकाइएहिंतो वा,
२. आउकाइएहिंतो वा,
३. तेउकाइएहिंतो वा,
४. वाउकाइएहिंतो वा,
५. वणस्सइकाइएहिंतो वा,
६. तसकाइएहिंतो वा उववज्जेज्जा।

से चेव णं से पुढविकाइए पुढविकाइयत्तं विप्पजहमाणे पुढविकाइयत्ताए वा **जाव** तसकाइयत्ताए वा गच्छेज्जा।

आउकाइया वि छ गइया छ आगइया एवं जाव **तसकाइया।**

–ठाणं. अ. ६, सु. ४८२

पुढविकाइया नवगइया नवआगइया पण्णत्ता, तं जहा–

पुढविकाइए पुढविकाइएसु उववज्जमाणे पुढविकाइएहिंतो वा **जाव** पंचेंदियहिंतो वा उववज्जेज्जा,

से चेव णं से पुढविकाइए पुढविकाइयत्तं विप्पजहमाणे पुढविकाइयत्ताए वा **जाव** पंचेंदियत्ताए वा गच्छेज्जा।

एवमाउकाइया वि जाव **पंचेंदिय त्ति।**

–ठाणं अ. ९, सु. ६६६/२-१०

नैरयिकों, तिर्यञ्चयोनिकों, मनुष्यों तथा देवों में से आकर उत्पन्न होता है।

वही पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक जीव पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक को छोड़ता हुआ नैरयिकों, तिर्यञ्चयोनिकों, मनुष्यों तथा देवों में जाता है।

मनुष्यों की चार स्थानों में गति और चार स्थानों में आगति कही गई है, यथा–

मनुष्य-मनुष्य में उत्पन्न होता हुआ नैरयिकों, तिर्यञ्चयोनिकों, मनुष्यों तथा देवों में से आकर उत्पन्न होता है।

वही मनुष्य, मनुष्यत्व को छोड़ता हुआ नैरयिकों, तिर्यञ्चयोनिकों मनुष्यों तथा देवों में जाता है।

एकेन्द्रिय जीव पांच गति तथा पांच आगति वाले कहे गए हैं, यथा–

१. एकेन्द्रिय एकेन्द्रियों में उत्पन्न होता हुआ एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय से उत्पन्न होता है।

एकेन्द्रिय एकेन्द्रियत्व को छोड़ता हुआ एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय में जाता है।

इसी प्रकार द्वीन्द्रिय जीव भी पांच गति और पांच आगति वाले होते हैं।

इसी प्रकार त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय पांच गति और पांच **आगति वाले कहे गए हैं।**

पृथ्वीकायिक जीव छः स्थानों में गति और छः स्थानों से आगति करने वाले कहे गए हैं, यथा–

पृथ्वीकायिक जीव पृथ्वीकायिक में उत्पन्न होता हुआ–

१. पृथ्वीकायिकों,
२. अप्कायिकों,
३. तेजस्कायिकों,
४. वायुकायिकों,
५. वनस्पतिकायिकों और
६. त्रसकायिकों से आकर उत्पन्न होता है।

वही पृथ्वीकायिक पृथ्वीकायिकपने को छोड़ता हुआ पृथ्वीकायिकों **यावत्** त्रसकायिकों के रूप में उत्पन्न होता है।

इसी प्रकार अप्कायिक से त्रसकायिक पर्यन्त छ गति और छ आगति वाले हैं।

पृथ्वीकायिक जीवों की नौ गति और नौ आगति कही गई है, यथा–

पृथ्वीकाय में उत्पन्न होने वाला पृथ्वीकायिक जीव पृथ्वीकायिक **यावत्** पंचेन्द्रियों से उत्पन्न होता है।

वही जीव पृथ्वीकायिक पृथ्वीकायिकत्व को छोड़कर पृथ्वीकाय के रूप में **यावत्** पंचेन्द्रिय के रूप में जाता है।

इसी प्रकार अप्कायिक से पंचेन्द्रिय पर्यन्त जीवों की नौ गति और नौ आगति जाननी चाहिए।

५. **अंडजाइ जीवाणं गइ-आगइ परूवणं–**

अंडजा अट्ठगइया अट्ठआगइया पण्णत्ता,[1] तं जहा–

१. अंडजे-अंडजेसु उववज्जमाणे अंडजेहिंतो वा,

२. पोतजेहिंतो वा, ३. जराउजेहिंतो वा,

४. रसजेहिंतो वा, ५. संसेयगेहिंतो वा,

६. सम्मुच्छिमेहिंतो वा, ७. उब्भिएहिंतो वा,

८. उववाइएहिंतो वा उववज्जेज्जा,

१. से चेव णं से अंडगे अंडगत्तं विप्पजहमाणे अंडगत्ताए वा,

२. पोतगत्ताए वा, ३. जराउजत्ताए वा,

४. रसजत्ताए वा, ५. संसेयगत्ताए वा,

६. सम्मुच्छिमत्ताए वा, ७. उब्भियत्ताए वा,

८. उववाइयत्ताए वा गच्छेज्जा।

एवं पोतजा वि, जराउया वि,

सेसाणं गईरागई णत्थि। –*ठाणं अ. ८, सु. ५९५/२*

६. **चउगईय जीवाणं संतरं निरंतरं उववज्जण परूवणं–**

प. नेरइयाणं भंते ! किं संतरं उववज्जंति, निरंतरं उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! संतरं पि उववज्जंति, निरंतरं पि उववज्जंति।[2]

प. तिरिक्खजोणियाणं भंते ! किं संतरं उववज्जंति, निरंतरं उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! संतरं पि उववज्जंति, निरंतरं पि उववज्जंति।

प. मणुस्साणं भंते ! किं संतरं उववज्जंति, निरंतरं उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! संतरं पि उववज्जंति, निरंतरं पि उववज्जंति।

प. देवाणं भंते ! किं संतरं उववज्जंति, निरंतरं उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! संतरं पि उववज्जंति, निरंतरं पि उववज्जंति। –*पण्ण प. ६, सु. ६०९-६१२*

७. **चउगईणं उववाय-विरहकाल परूवणं–**

प. निरयगईणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं बारस मुहुत्ता।

प. तिरियगईणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं बारस मुहुत्ता।

५. **अण्डज आदि जीवों की गति-आगति का प्ररूपण–**

अण्डज आठ गति और आठ आगति वाले कहे गए हैं, यथा–

१. जो जीव अण्डज योनि में उत्पन्न होता है वह अण्डज,

२. पोतज, ३. जरायुज,

४. रसज, ५. संस्वेदज

६. सम्मूर्च्छिम, ७. उद्भिज्ज और

८. औपपातिक इन आठों योनियों से आता है।

१. जो जीव अण्डज अण्जत्व योनि को छोड़कर दूसरी योनि में जाता है वह अण्डज,

२. पोतज, ३. जरायुज,

४. रसज, ५. संस्वेदज,

६. सम्मूर्च्छिम, ७. उद्भिज्ज और

८. औपपातिक-इन आठों योनियों मेंजाता है।

इसी प्रकार पोतज और जरायुज जीवों की भी गति और आगति आठ प्रकार की कहनी चाहिए।

शेष जीवों की गति और आगति (आठ प्रकार की) नहीं होती है।

६. **चातुर्गतिक जीवों की सान्तर निरन्तर उत्पत्ति का प्ररूपण–**

प्र. भन्ते ! क्या नैरयिक सान्तर उत्पन्न होते हैं या निरन्तर (लगातार) उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! (वे) सान्तर भी उत्पन्न होते हैं और निरन्तर भी उत्पन्न होते हैं।

प्र. भन्ते ! क्या तिर्यञ्चयोनिक जीव सान्तर उत्पन्न होते हैं या निरन्तर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! (वे) सान्तर भी उत्पन्न होते हैं और निरन्तर भी उत्पन्न होते हैं।

प्र. भन्ते ! क्या मनुष्य सान्तर उत्पन्न होते हैं या निरन्तर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! (वे) सान्तर भी उत्पन्न होते हैं और निरन्तर भी उत्पन्न होते हैं।

प्र. भन्ते ! क्या देव सान्तर उत्पन्न होते हैं या निरन्तर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! (वे) सान्तर भी उत्पन्न होते हैं और निरन्तर भी उत्पन्न होते हैं।

७. **चार गतियों के उपपात का विरहकाल प्ररूपण–**

प्र. भन्ते ! नरकगति कितने काल तक उपपात से विरहित कही गई है ?

उ. गौतम ! (वह) जघन्य (कम से कम) एक समय,
उत्कृष्ट बारह मुहूर्त तक।

प्र. भन्ते ! तिर्यञ्चगति कितने काल तक उपपात से विरहित कही गई है ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट बारह मुहूर्त तक।

---

१. ठाणं अ. ७, सु. ५४३/२

२. विया. स. ९, उ. ३२, सु. ३

प. मणुयगईणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं बारस मुहुत्ता।

प. देवगईणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं बारस मुहुत्ता।[1] –पण्ण. प. ६, सु. ५६०-५६३

प्र. भन्ते ! मनुष्यगति कितने काल तक उपपात से विरहित कही गई है?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट बारह मुहूर्त तक।

प्र. भन्ते! देवगति कितने काल तक उपपात से विरहित कही गई है?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट बारह मुहूर्त तक उपपात से विरहित रहती है।

८. चमरचंचाईसु उप्पायविरहकाल परूवणं–

चरमचंचा णं रायहाणी उक्कोसेणं छम्मासा विरहिया उववाएणं।

एगमेगे णं इंदट्ठाणं उक्कोसेणं छम्मासा विरहिया उववाएणं।

अहेसत्तमा णं पुढवी उक्कोसेणं छम्मासा विरहिया उववाएणं।

सिद्धिगई णं उक्कोसेणं छम्मासा विरहिया उववाएणं।
–ठाणं. अ. ६, सु. ५३५

८. चमरचंचा आदि में उपपात विरह काल का प्ररूपण–

चमरचंचा राजधानी उत्कृष्ट रूप से छह महीनों तक उपपात से विरहित रह सकती है।

प्रत्येक इन्द्र स्थान उत्कृष्ट रूप से छह महीनों तक उपपात से विरहित रह सकता है।

अधःसप्तम पृथ्वी उत्कृष्ट रूप से छह महीनों तक उपपात से विरहित रह सकती है।

सिद्धगति उत्कृष्ट रूप से छह महीनों तक उपपात से विरहित रह सकती है।

९. सिद्धगईस्स सिज्झणा विरहकाल परूवणं–

प. सिद्धगईणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया सिज्झणयाए पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं, उक्कोसेणं छम्मासा।[2]
–पण्ण. प. ६, सु. ५६४

९. सिद्धगति के सिद्ध विरह काल का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! सिद्धगति कितने काल तक सिद्धि से रहित कही गई है?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय और उत्कृष्ट छह महीनों तक विरहित रहती है।

१०. चउगईणं उव्वट्टण-विरहकाल परूवणं–

प. निरयगईणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उव्वट्टणयाए पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं बारस मुहुत्ता।

प. तिरियगईणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उव्वट्टणयाए पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं बारस मुहुत्ता।

प. मणुयगईणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उव्वट्टणयाए पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं बारस मुहुत्ता।

प. देवगईणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उव्वट्टणयाए पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं बारस महुत्ता।[3] –पण्ण. प. ६, सु. ५६५-५६८

१०. चार गतियों के उद्वर्तन विरहकाल का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! नरकगति कितने काल तक उद्वर्तना से विरहित कही गई है?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट बारह मुहूर्त तक।

प्र. भन्ते ! तिर्यञ्चगति कितने काल तक उद्वर्तना से विरहित कही गई है?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट बारह मुहूर्त तक।

प्र. भन्ते ! मनुष्यगति कितने काल तक उद्वर्तना से विरहित कही गई है?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट बारह मुहूर्त तक।

प्र. भन्ते ! देवगति कितने काल तक उद्वर्तना से विरहित कही गई है?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट बारह मुहूर्त तक।

---

१. विया. स. १, उ. १०, सु. ३
२. (क) सम. सु. १५४/६ (ख) पण्ण. प. ६, सु. ६०६ (ग) सम. सु. १५५/६
३. सम. सु. १५४(८)

११. चउवीसदंडगा जीवा कओहिंतो उववज्जंतीति परूवणं–

प. नेरइया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?
किं नेरइएहिंतो उववज्जंति ?
तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति ?
मणुस्सेहिंतो उववज्जंति ?
देवेहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! नेरइया नो नेरइएहिंतो उववज्जंति,
तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति,
मणुस्सेहिंतो उववज्जंति,
नो देवेहिंतो उववज्जंति।[1]

प. जइ तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति,
किं एगिंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति ?
बेइंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति ?
तेइंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति ?
चउरिंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति ?
पंचिंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! नो एगिंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति,
नो बेइंदिय तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति,
नो तेइंदिय तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति,
नो चउरिंदिय तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति,
पंचिंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति।

प. जइ पंचिंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति,
किं जलयर-पंचिंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति ?
थलचर-पंचिंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति ?
खहयर-पंचिंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! जलयर-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो वि उववज्जंति।
थलयर-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो वि उववज्जंति।
खहयर-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो वि उववज्जंति।

प. जइ जलयर-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति,
किं सम्मुच्छिम-जलयर-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति ?
गब्भवक्कंतिय-जलयर-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति ?

११. **चौबीस दंडकों के जीव कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं इसका प्ररूपण–**

प्र. भन्ते ! नैरयिक कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?
क्या (वे) नैरयिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं ?
तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं ?
मनुष्यों में से आकर उत्पन्न होते हैं ?
देवों में से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! नैरयिक, नैरयिकों में से आकर उत्पन्न नहीं होते,
(वे) तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं,
मनुष्यों में से आकर उत्पन्न होते हैं,
किन्तु देवों में से आकर उत्पन्न नहीं होते हैं।

प्र. यदि (नैरयिक) तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं तो क्या (वे)
एकेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं ?
द्वीन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं ?
त्रीन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं ?
चतुरिन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं ?
पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! (वे) एकेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न नहीं होते हैं।
द्वीन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न नहीं होते हैं।
त्रीन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न नहीं होते हैं।
चतुरिन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर भी उत्पन्न नहीं होते हैं।
किन्तु पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं।

प्र. यदि (नैरयिक) पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं
तो क्या जलचर पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं ?
स्थलचर पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं ?
खेचर पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे जलचर पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं।
वे स्थलचर पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं।
वे खेचर पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं।

प्र. यदि जलचर पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं,
तो क्या सम्मूर्च्छिम जलचर पंचेन्द्रिय-तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं ?
या गर्भज जलचर पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं ?

१. (क) जीवा. पडि. १, सु. ३२ (ख) जीवा. पडि. १, सु. १३ (१९)

उ. गोयमा ! सम्मूच्छिम-जलयर-पंचेंदिय- तिरिक्खजोणि-एहिंतो वि उववज्जंति।
गब्भवक्कंतिय-जलयर-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो वि उववज्जंति।

उ. गौतम ! (वे) सम्मूर्च्छिम जलचर पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर भी उत्पन्न होते हैं,
गर्भज जलचर पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों मे से आकर भी उत्पन्न होते हैं।

प. जइ सम्मुच्छिम-जलयर-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति,
किं पज्जत्तय-सम्मुच्छिम-जलयर-पंचेंदिय-तिरिक्ख-जोणिएहिंतो उववज्जंति ?
अपज्जत्तय-सम्मुच्छिम-जलयर-पंचेंदिय-तिरिक्ख-जोणिएहिंतो उववज्जंति ?

प्र. यदि सम्मूर्च्छिम जलचर पंचेन्द्रिय-तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं,
तो क्या-पर्याप्तक सम्मूर्च्छिम जलचर पंचेन्द्रिय-तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं
या अपर्याप्त सम्मूर्च्छिम जलचर पंचेन्द्रिय-तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गोयमा ! पज्जत्तय-सम्मुच्छिम-जलयर-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति,
नो अपज्जत्तय-सम्मुच्छिम-जलयर-पंचेंदिय-तिरिक्ख-जोणिएहिंतो उववज्जंति।

उ. गौतम ! पर्याप्तक सम्मूर्च्छिम जलचर पंचेन्द्रिय-तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं,
(किन्तु) अपर्याप्तक सम्मूर्च्छिम जलचर पंचेन्द्रिय-तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न नहीं होते हैं।

उ. गौतम ! वे जघन्य एक, दो या तीन,

उत्कृष्ट संख्यात या असंख्यात उत्पन्न होते हैं।

इसी प्रकार अधःसप्तम पृथ्वी पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. दं. २. भंते ! असुरकुमार एक समय में कितने उत्पन्न होते हैं ?

१. जीवा. पडि. ३, सु. ८६ (२)

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एक्को वा, दो वा, तिण्णि वा,
उक्कोसेणं संखेज्जा वा, असंखेज्जा वा उववज्जंति।

दं. ३-११. एवं जाव थणियकुमारा वि भाणियव्वा।

प. दं. १२. पुढविकाइया णं भंते ! एगसमएणं केवइया उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! अणुसमयं अविरहियं असंखेज्जा उववज्जंति।

दं. १३-१५. एवं आउ, तेऊ, वाउकाइया।

प. दं. १६. वणस्सइकाइया णं भंते ! एगसमए णं केवइया उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! सट्ठाणुववायं पडुच्च अणुसमयं अविरहिया अणंता उववज्जंति।

परट्ठाणुववायं पडुच्च अणुसमयं अविरहिया असंखेज्जा उववज्जंति[1]।

प. दं. १७. बेइंदिया णं भंते ! केवइया एगसमए णं उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगो वा, दो वा, तिण्णि वा,
उक्कोसेणं संखेज्जा वा, असंखेज्जा वा उववज्जंति[2]।

दं. १८-२४. एवं तेइंदिया, चउरिंदिया, सम्मुच्छिम-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिया,

गब्भवक्कंतिय-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिया, सम्मुच्छिम-मणूसा, वाणमंतर, जोइसिय, सोहम्मीसाण-सणंकुमार-माहिंद-बंभलोए-लंतग-सुक्क-सहस्सारकप्पदेवाय एए जहा नेरइया।

गब्भवक्कंतियमणूस-आणय-पाणय-आरण-अच्चुय-गेवेज्जग-अणुत्तरोववाइया य,

एए जहण्णेणं एक्को वा, दो वा, तिण्णि वा,
उक्कोसेणं संखेज्जा उववज्जंति[3]।

—पण्ण. प. ६, सु. ६२६-६३५

उ. गौतम ! (वे) जघन्य एक, दो या तीन,
उत्कृष्ट संख्यात या असंख्यात उत्पन्न होते हैं।

दं. ३-११. इसी प्रकार स्तनितकुमार पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. दं. १२. भंते ! पृथ्वीकायिक जीव एक समय में कितने उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! (वे) प्रति समय बिना विरह (अन्तर) के असंख्यात उत्पन्न होते हैं।

दं. १३-१५. इसी प्रकार अप्कायिक, तेजस्कायिक और वायुकायिक जीवों के विषय में कहना चाहिए।

प्र. दं. १६. भंते ! वनस्पतिकायिक जीव एक समय में कितने उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! स्वस्थान (वनस्पतिकाय) में उत्पत्ति की अपेक्षा प्रतिसमय बिना विरह के अनन्त (वनस्पति जीव) उत्पन्न होते हैं।

परस्थान में उत्पत्ति की अपेक्षा प्रति समय बिना विरह के असंख्यात (वनस्पतिजीव) उत्पन्न होते हैं।

प्र. दं. १७. भंते ! द्वीन्द्रिय जीव एक समय में कितने उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे जघन्य एक, दो या तीन,
उत्कृष्ट संख्यात या असंख्यात उत्पन्न होते हैं।

दं. १८-२४. इसी प्रकार त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, सम्मूर्च्छिम पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक,

गर्भज पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक, सम्मूर्च्छिम मनुष्य, वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क, सौधर्म, ईशान, सनत्कुमार, माहेन्द्र, ब्रह्मलोक, लान्तक, शुक्र एवं सहस्रारकल्प के देवों की उत्पत्ति की प्ररूपणा नैरयिकों के समान करनी चाहिए।

गर्भज मनुष्य आनत, प्राणत, आरण, अच्युत, (नौ) ग्रैवेयक, (पांच) अनुत्तरोपपातिक देव,

जघन्य एक, दो या तीन,
उत्कृष्ट संख्यात उत्पन्न होते हैं।

१४. एगसमए सिद्धाणं सिज्झणा संखा परूवणं–

प. सिद्धाणं भंते ! एगसमएणं केवइया सिज्झंति ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एक्को वा, दो वा, तिण्णि वा,
उक्कोसेणं अट्ठसयं। *—पण्ण. प. ६, सु. ६३६*

१४. एक समय में सिद्धों के सिद्ध होने की संख्या का प्ररूपण–

प्र. भंते ! एक समय में कितने सिद्ध होते हैं ?

उ. गौतम ! (वे) जघन्य एक, दो या तीन,
उत्कृष्ट एक सौ आठ सिद्ध होते हैं।

१५. चउवीसदंडएसु अणंतरोववण्णगत्ताइ परूवणं–

प. दं. १. नेरइया णं भंते ! किं अणंतरोववण्णगा परंपरोववण्णगा, अणंतरपरपंर अणुववण्णगा ?

१५. चौबीस दंडकों में अनंतरोपपन्नकादि का प्ररूपण–

प्र. दं. १. भंते ! क्या नैरयिक अनन्तरोपपन्नक हैं, परम्परोपपन्नक हैं या अनन्तरपरम्परानुपपन्नक हैं ?

---

१. (क) प. उप्पलपत्ते णं भंते ! जीवा एगसमएणं केवइया उववज्जंति ?
उ. गोयमा ! जहण्णेणं एक्को वा, दो वा, तिण्णि वा,
उक्कोसेणं संखेज्जा वा, असंखेज्जा वा उववज्जंति।
—विया. स. ११, उ. १, सु. ६

(ख) प. अह णं भंते ! साली-वीही-गोधूम- जव-जवजवाणं भंते ! जीवा एगसमएणं केवइया उववज्जंति ?
उ. गोयमा ! जहण्णेणं एक्को वा, दो वा, तिण्णि वा,
उक्कोसेणं संखेज्जा वा, असंखेज्जा वा उववज्जंति।
—विया. स. २१, उ. १, सु. ४

(ग) विया. स. २१, उ. २-८ (घ) विया. स. २२, उ. १-६

(ङ) विया. स. २३, उ. १-५

२. विया. स. २४, उ. १२, सु. १९

३. जीवा. पडि. ३, सु. २०१ ई.

उ. गोयमा ! नेरइया अणंतरोववण्णगा वि, परंपरोववण्णगा वि, अणंतरपरपंर अणुववण्णगा वि।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ-

"नेरइया अणंतरोववण्णगा वि, परंपरोववन्नगा वि, अणंतरपरंपर अणुववण्णगा वि ?"

उ. गोयमा ! जे णं नेरइया पढमसमयोववण्णगा ते णं नेरइया अणंतरोववण्णगा,

जे णं नेरइया अपढमसमयोववण्णगा ते णं नेरइया परंपरोववण्णगा,

जे णं नेरइया विग्गहगतिसमावण्णगा, ते णं नेरइया अणंतरपरंपर अणुववण्णगा।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ-

"नेरइया अणंतरोववण्णगा वि, परंपरोववण्णगा वि, अणंतरपरंपरअणुववण्णगा वि।"

दं. २-२४ एवं निरंतरं जाव वेमाणिया।

-विया. स. १४, उ. १, सु. ८-९

उ. गौतम ! नैरयिक अनन्तरोपपन्नक भी हैं, परम्परोपपन्नक भी है, अनन्तरपरंपरानुपपन्नक भी हैं।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि-

"नैरयिक अनन्तरोपपन्नक भी हैं, परम्परोपपन्नक भी हैं और अनन्तर परम्परानुपपन्नक भी है ?

उ. गौतम ! जिन नैरयिकों को उत्पन्न हुए अभी प्रथम समय ही हुआ है वे (नैरयिक) अनन्तरोपपन्नक हैं।

प्रथम समय के बाद उत्पन्न होने वाले नैरयिक परम्परोपपन्नक हैं।

जो नैरयिक जीव नरक में उत्पन्न होने के लिए (अभी) विग्रहगति में चल रहे हैं, वे (नैरयिक) अनन्तरपरम्परा-नुपपन्नक हैं।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि-

"नैरयिक जीव अनंतरोपपन्नक भी हैं, परंपरोपपन्नक भी हैं और अनन्तरपरम्परानुपपन्नक भी हैं।

दं. २-२४. इसी प्रकार निरन्तर वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए।

१६. चउवीसदंडएसु उववज्जमाणेसु उप्पायस्स चउभंग परूवणं-

प. दं. १ नेरइए णं भंते ! नेरइएसु उववज्जमाणे,

१. किं देसेणं देसं उववज्जइ ?

२. देसेणं सव्वं उववज्जइ ?

३. सव्वेणं देसं उववज्जइ ?

४. सव्वेणं सव्वं उववज्जइ ?

उ. गोयमा ! १. नो देसेणं देसं उववज्जइ,

२. नो देसेणं सव्वं उववज्जइ,

३. नो सव्वेणं देसं उववज्जइ,

४. सव्वेणं सव्वं उववज्जइ।

दं. २-२४ एवं जाव वेमाणिए। *-विया. स. १, उ. ७, सु. १*

प. दं. १. नेरइए णं भंते ! नेरइएसु उववण्णे-

१. किं देसेण देसं उववण्णे,

२. देसेण सव्वं उववण्णे,

३. सव्वेण देसं उववण्णे,

४. सव्वेण सव्वं उववण्णे ?

उ. गोयमा ! १. नो देसेण देसं उववण्णे,

२. नो देसेण सव्वं उववण्णे,

१६. उत्पद्यमान चौबीस दंडकों में उत्पाद के चतुर्भंगों का प्ररूपण-

प्र. दं. १. भंते ! नारकों में उत्पन्न होता हुआ जीव-

१. क्या एक भाग से एक भाग को आश्रित करके उत्पन्न होता है ?

२. एक भाग से सर्व भागों को आश्रित करके उत्पन्न होता है ?

३. सर्वभागों से एक भाग को आश्रित करके उत्पन्न होता है ?

४. सर्वभागों से सर्वभागों को आश्रित करके उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! १. (नारक जीव) एक भाग से एक भाग को आश्रित करके उत्पन्न नहीं होता है,

२. एक भाग से सर्वभागों को आश्रित करके उत्पन्न नहीं होता है।

३. सर्वभागों से एक भाग को आश्रित करके भी उत्पन्न नहीं होता है।

४. सर्वभागों से सर्वभागों को आश्रित करके उत्पन्न होता है।

दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. दं. १. भंते ! नारकों में उत्पन्न हुआ नैरयिक-

१. क्या एक भाग से एक भाग को आश्रित करके उत्पन्न हुआ है ?

२. एक भाग से सर्वभागों को आश्रित करके उत्पन्न हुआ है ?

३. सर्वभागों से एक भाग को आश्रित करके उत्पन्न हुआ है ?

४. सर्वभागों से सर्वभागों को आश्रित करके उत्पन्न हुआ है ?

उ. गौतम ! १. एक भाग से एक भाग को आश्रित करके उत्पन्न नहीं हुआ है।

२. एक भाग से सर्वभागों को आश्रित करके उत्पन्न नहीं हुआ है।

३. नो सव्वेण देसं उववण्णे,

४. सव्वेण सव्वं उववण्णे।

दं. २-२४ एवं जाव वेमाणिए।

–विया. स. १, उ. ७, सु. ५ (१)

प. दं. १. नेरइए णं भंते ! नेरइएसु उववज्जमाणे,

१. किं अद्धेण अद्धं उववज्जइ,

२. अद्धेण सव्वं उववज्जइ,

३. सव्वेण अद्धं उववज्जइ,

४. सव्वेण सव्वं उववज्जइ ?

उ. गोयमा !

१. नो अद्धेण अद्धं उववज्जइ,

२. नो अद्धेण सव्वं उववज्जइ,

३. नो सव्वेण अद्धं उववज्जइ,

४. सव्वेण सव्वं उववज्जइ।

दं. २-२४ एवं जाव वेमाणिए।

एवं उववण्णे वि जाव वेमाणिए।

–विया. स. १, उ. ७, सु. ६

३. सर्व भागों से एक भाग को आश्रित करके उत्पन्न नहीं हुआ है।

४. सर्वभागों से सर्वभागों को आश्रित करके उत्पन्न हुआ है।

दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. दं. १. भंते ! नैरयिकों में उत्पन्न होता हुआ नारक जीव–

१. क्या अर्धभाग से अर्धभाग को आश्रित करके उत्पन्न होता है ?

२. अर्धभाग से सर्वभागों को आश्रित करके उत्पन्न होता है ?

३. सर्वभागों से अर्धभाग को आश्रित करके उत्पन्न होता है ?

४. सर्वभाग से सर्वभाग को आश्रित करके उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम !

१. अर्धभाग से अर्धभाग को आश्रित करके उत्पन्न नहीं होता है।

२. अर्धभाग से सर्वभागों को आश्रित करके उत्पन्न नहीं होता है।

३. सर्वभागों से अर्धभाग को आश्रित करके उत्पन्न नहीं होता है।

४. सर्वभागों से सर्वभागों को आश्रित करके उत्पन्न होता है।

दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए।

इसी प्रकार उत्पन्न के लिए भी वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए।

१७. चउवीसदंडएसु संतर-निरंतर-उववज्जण परूवणं–

प. दं. १. रयणप्पभापुढविनेरइया णं भंते ! किं संतरं उववज्जंति, निरतरं उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! संतरं पि उववज्जंति, निरंतरं पि उववज्जंति।

एवं जाव अहेसत्तमाए संतरं पि उववज्जंति, निरंतरं पि उववज्जंति।

प. दं. २. असुरकुमारा णं भंते ! देवा किं संतरं उववज्जंति, निरंतरं उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! संतरं पि उववज्जंति, निरंतरं पि उववज्जंति।

प. **दं. ३-११. एवं जाव थणियकुमारा संतरं पि उववज्जंति, निरंतरं पि उववज्जंति।**

प. दं. १२. पुढविकाइया णं भंते ! किं संतरं उववज्जंति, निरंतरं उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! नो संतरं उववज्जंति, निरंतरं उववज्जंति।

दं. १३-१६ एवं जाव वणस्सइकाइया नो संतरं उववज्जंति, निरंतरं उववज्जंति।

प. दं. १७. बेइंदिया णं भंते ! किं संतरं उववज्जंति, निरंतरं उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! संतरं पि उववज्जंति, निरंतरं पि उववज्जंति।

१७. चौबीस दंडकों में सान्तर निरन्तर उत्पत्ति का प्ररूपण–

प्र. दं. १. भंते ! क्या रत्नप्रभापृथ्वी के नारक सान्तर उत्पन्न होते हैं या निरन्तर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! (वे) सान्तर भी उत्पन्न होते हैं और निरन्तर भी उत्पन्न होते हैं।

इसी प्रकार अधःसप्तम पृथ्वी पर्यन्त के नैरयिक सान्तर भी उत्पन्न होते हैं और निरन्तर भी उत्पन्न होते हैं।

प्र. दं. २. भंते ! असुरकुमार देव क्या सान्तर उत्पन्न होते हैं या निरन्तर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे सान्तर भी उत्पन्न होते हैं और निरन्तर भी उत्पन्न होते हैं।

दं. ३-११. इसी प्रकार स्तनितकुमार पर्यन्त के देव सान्तर भी उत्पन्न होते हैं और निरन्तर भी उत्पन्न होते हैं।

प्र. दं. १२. भंते ! पृथ्वीकायिक जीव क्या सान्तर उत्पन्न होते हैं या निरन्तर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! (वे) सान्तर उत्पन्न नहीं होते हैं किन्तु निरन्तर उत्पन्न होते हैं।

दं. १३-१६ इसी प्रकार वनस्पतिकायिक पर्यन्त के जीव सान्तर उत्पन्न नहीं होते हैं किन्तु निरन्तर उत्पन्न होते हैं।

प्र. दं. १७. भंते ! द्वीन्द्रिय जीव क्या सान्तर उत्पन्न होते हैं या निरन्तर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! (वे) सान्तर भी उत्पन्न होते हैं और निरन्तर भी उत्पन्न होते हैं।

दं. १८-२० एवं जाव **पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिया संतरं पि उववज्जंति, निरंतरं पि उववज्जंति,**

प. दं. २१. मणुस्सा णं भंते ! किं संतरं उववज्जंति, निरंतरं उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! संतरं पि उववज्जंति, निरंतरं पि उववज्जंति।

दं. २२-२४ एवं **वाणमंतरा, जोइसिया, सोहम्म** जाव **सव्वट्ठसिद्धदेवा य संतरं पि उववज्जंति, निरंतरं पि उववज्जंति।**[1] –पण्ण. प. ६, सु. ६१३-६२२

दं. १८-२० इसी प्रकार पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक पर्यन्त के जीव सान्तर भी उत्पन्न होते हैं और निरन्तर भी उत्पन्न होते हैं।

प्र. दं. २१. भंते ! मनुष्य क्या सान्तर उत्पन्न होते हैं या निरन्तर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! (वे) सान्तर भी उत्पन्न होते हैं और निरन्तर भी उत्पन्न होते हैं।

दं. २२-२४ **इसी प्रकार वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क तथा सौधर्म कल्प से सर्वार्थसिद्ध पर्यन्त के देव सान्तर भी उत्पन्न होते हैं और निरन्तर भी उत्पन्न होते हैं।**

१८. सिद्धाणं संतरं-निरंतरं सिज्झण परूवणं–

प. सिद्धा णं भंते ! किं संतरं सिज्झंति, निरंतरं सिज्झंति ?

उ. गोयमा ! संतरं पि सिज्झंति, निरंतरं पि सिज्झंति। –पण्ण. प. ६, सु. ६२३

१८. सिद्धों के सान्तर-निरन्तर सिद्ध होने का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! सिद्ध क्या सान्तर सिद्ध होते हैं या निरन्तर सिद्ध होते हैं ?

उ. गौतम ! (वे) सान्तर भी सिद्ध होते हैं और निरन्तर भी सिद्ध होते हैं।

१९. चउवीसदंडएसु उववाय विरहकाल परूवणं–

प. दं. १. रयणप्पभापुढविनेरइया णं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं चउवीसं मुहुत्ता।

प. २. सक्करप्पभापुढविनेरइया णं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं सत्त राइंदियाइं।

प. ३. वालुयप्पभापुढविनेरइयाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं अद्धमासं।

प. ४. पंकप्पभापुढविनेरइयाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं मासं।

प. ५. धूमप्पभापुढविनेरइयाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं दो मासा।

प. ६. तमापुढविनेरइयाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं चत्तारि मासा।

प. ७. अहेसत्तमापुढविनेरइयाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

१९. चौबीस दंडकों में उपपात विरहकाल का प्ररूपण–

प्र. दं. १. भंते ! रत्नप्रभापृथ्वी के नैरयिक कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट चौवीस मुहूर्त उपपात से विरहित कहे गये हैं।

प्र. २. भंते ! शर्कराप्रभापृथ्वी के नैरयिक कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट सात रात्रि-दिन तक।

प्र. ३. भंते ! वालुकाप्रभापृथ्वी के नैरयिक कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट अर्धमास तक।

प्र. ४. भंते ! पंकप्रभापृथ्वी के नैरयिक कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट एक मास तक।

प्र. ५. भंते ! धूमप्रभापृथ्वी के नैरयिक कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट दो मास तक।

प्र. ६. भंते ! तमःप्रभापृथ्वी के नैरयिक कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट चार मास तक।

प्र. ७. भंते ! अधःसप्तम-पृथ्वी के नैरयिक कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं ?

---

१. (क) विया. स. ९, उ. ३२, सु. ३-६
(ख) विया. स. ९, उ. ३२, सु. ४८ में गांगेय के प्रश्नोत्तरों के रूप में है।
(ग) विया. स. १३, उ. ६, सु. २-४

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं छम्मासा।

प. दं. २. असुरकुमाराणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं चउव्वीसं मुहुत्ता।

दं. ३-११. एवं

२. णागकुमाराणं, ३. सुवण्णकुमाराणं,
४. विज्जुकुमाराणं, ५. अग्गिकुमाराणं,
६. दीवकुमाराणं, ७. उदहिकुमाराणं,
८. दिसाकुमाराणं, ९. वाउकुमाराणं,
१०. थणियकुमाराण य।

पत्तेयं पत्तेयं जहण्णेणं एगं समयं, उक्कोसेणं चउवीसं मुहुत्ता।

प. दं. १२. पुढविकाइयाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! अणुसमयंविरहयं उववाएणं पण्णत्ता।

दं. १३-१६. २. आउकाइयाण वि, ३. तेउकाइयाण वि, ४. वाउकाइयाण वि, ५. वणस्सइकाइयाण वि अणुसमयं अविरहिया उववाएणं पण्णत्ता।

प. दं. १७. ६. बेइंदियाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं अंतोमुहुत्तं।

दं. १८-१९. एवं ७. तेइंदिय, ८. चउरिंदिया।

प. दं. २०. १. सम्मुच्छिम-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणियाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं अंतोमुहुत्तं।

प. २. गब्भवक्कंतिय-पंचेंदिय-तिरिक्खजोणियाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं बारस मुहुत्ता।

प. १. दं. २१. सम्मुच्छिम-मणुस्साणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं चउव्वीसं मुहुत्ता।

प. २. गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं बारस मुहुत्ता।

प. दं. २२. वाणमंतराणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट छह मास तक।

प्र. दं. २. भंते ! १. असुरकुमार कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट चौवीस मुहूर्त तक।

दं. ३-११. इसी प्रकार प्रत्येक–

२. नागकुमार, ३. सुवर्णकुमार,
४. विद्युत्कुमार, ५. अग्निकुमार,
६. द्वीपकुमार, ७. उदधिकुमार,
८. दिशाकुमार, ९. वायुकुमार और
१०. स्तनितकुमार देवों का।

प्रत्येक का उपपात विरहकाल जघन्य एक समय का तथा उत्कृष्ट चौवीस मुहूर्त का कहा गया है।

प्र. दं. १२. भंते ! पृथ्वीकायिक जीव कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! प्रतिसमय उपपात से अविरहित कहे गए हैं।

दं. १३-१६ इसी प्रकार २. अप्कायिक, ३. तेजस्कायिक, ४. वायुकायिक एवं ५. वनस्पतिकायिक जीव भी प्रतिसमय उपपात से अविरहित कहे गए हैं।

प्र. दं. १७. भंते ! ६. द्वीन्द्रिय जीव कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त तक।

दं. १८-१९ इसी प्रकार ७ त्रीन्द्रिय एवं ८. चतुरिन्द्रिय के उपपात विरहकाल के लिए जानना चाहिए।

प्र. दं. २०. भंते ! सम्मूर्च्छिम पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक जीव कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त।

प्र. २. भंते ! गर्भज पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट बारह मुहूर्त तक।

प्र. १. दं. २१. भंते ! सम्मूर्च्छिम मनुष्य कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट चौवीस मुहूर्त तक।

प्र. २. भंते ! गर्भज मनुष्य कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट बारह मुहूर्त तक उपपात से विरहित कहे गए हैं।

प्र. दं. २२. भंते ! वाणव्यन्तर देव कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं चउव्वीसं मुहुत्ता।

प. दं. २३. जोइसियाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं चउव्वीसं मुहुत्ता।

प. १. दं. २४. सोहम्मकप्पे देवाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं चउव्वीसं मुहुत्ता।

प. २. ईसाणेकप्पे देवाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं चउव्वीसं मुहुत्ता।

प. ३. सणंकुमारदेवाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं नव राइंदियाइं, वीसा य मुहुत्ता।

प. ४. माहिंददेवाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं बारस राइंदियाइं, दस मुहुत्ता।

प. ५. बंभलोयदेवाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं अद्धतेवीसं राइंदियाइं।

प. ६. लंतगदेवाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं पणयालीसं राइंदियाइं।

प. ७. महासुक्कदेवाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं असीतिराइंदियाइं।

प. ८. सहस्सारदेवाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं राइंदियसयं।

प. ९. आणयदेवाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं संखेज्जा मासा।

प. १०. पाणयदेवाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट चौवीस मुहूर्त तक।

प्र. दं. २३. भंते ! ज्योतिष्क देव कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट चौवीस मुहूर्त तक।

प्र. १. दं. २४. भंते ! सौधर्मकल्प में देव कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट चौवीस मुहूर्त तक।

प्र. २. भंते ! ईशानकल्प में देव कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट चौवीस मुहूर्त तक।

प्र. ३. भंते ! सनत्कुमार देव कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट बीस मुहूर्त सहित नौ रात्रि दिन तक,

प्र. ४. भंते ! माहेन्द्र देव कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट दस मुहूर्त सहित बारह रात्रि दिन तक,

प्र. ५. भंते ! ब्रह्मलोक के देव कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट साढ़े बाईस रात्रिदिन तक।

प्र. ६. भंते ! लान्तक देव कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट पैंतालीस रात्रिदिन तक।

प्र. ७. भंते ! महाशुक्र देव कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट अस्सी रात्रिदिन तक।

प्र. ८. भंते ! सहस्रार देव कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट सौ रात्रिदिन तक।

प्र. ९. भंते ! आनतदेव कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट संख्यात मास तक।

प्र. १०. भंते ! प्राणतदेव कितने काल तक उपपात से विरहित कहे हैं?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं संखेज्जा मासा।

प. ११. आरणदेवाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं संखेज्जा वासा।

प. १२. अच्चुयदेवाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं संखेज्जा वासा।

प. १३. हेट्ठिमगेवेज्जाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं संखेज्जाइं वाससयाइं।

प. १४. मज्झिमगेवेज्जाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं संखेज्जाइं वाससहस्साइं।

प. १५. उवरिमगेवेज्जगदेवाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं संखेज्जाइं वाससयसहस्साइं।

प. १६. विजय-वेजयंत-जयंता पराजियदेवाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं।

प. १७. सव्वट्ठसिद्धगदेवाणं भंते ! केवइयं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं पलिओवमस्स संखेज्जइभागं।[1]

–पण्ण. प. ६, सु. ५६९-६०५

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट संख्यात मास तक।

प्र. ११. भंते ! आरणदेव कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट संख्यात वर्ष।

प्र. १२. भंते ! अच्युतदेव कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! वे जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट संख्यात वर्ष ।

प्र. १३. भंते ! अधस्तन ग्रैवेयक देव कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट संख्यात सौ वर्ष तक।

प्र. १४. भंते ! मध्यम ग्रैवेयक देव कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट संख्यात हजार वर्ष तक।

प्र. १५. भंते ! उपरिम ग्रैवेयक देव कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट संख्यात लाख वर्ष तक।

प्र. १६. भंते ! विजय, वैजयन्त, जयन्त और अपराजित देव कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट असंख्यात काल तक।

प्र. १७. भंते ! सर्वार्थसिद्ध देव कितने काल तक उपपात से विरहित कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट पल्योपम के संख्यातवें भाग तक उपपात से विरहित कहे गए हैं।

२०. चउवीसदंडएसु दिट्ठंत पुरस्सरं गइआइं पडुच्च उप्पत्ति परूवणं–

प. नेरइयाणं भंते ! कहं उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! से जहाणामए पवए पवमाणे अज्झवसाण-निव्वत्तिएणं करणोवाएणं सेयकालं तं ठाणं विप्पजहित्ता पुरिमं ठाणं उवसंपज्जित्ताणं विहरइ, एवामेव ते वि जीवा पवओविव पवमाणा अज्झवसाणनिव्वत्तिएणं करणोवाएणं सेयकालं तं भवं विप्पजहित्ता पुरिमं भवं उवसंपज्जित्ताणं विहरंति।

प. तेसि णं भंते ! कहं सीहा गई ?
कहं सीहे गइविसए पण्णत्ते ?

२०. चौबीस दंडकों में दृष्टान्त पूर्वक गति आदि की अपेक्षा उत्पत्ति का प्ररूपण–

प्र. दं. १. भंते ! नैरयिक जीव कैसे उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! जैसे कोई कूदने वाला पुरुष कूदता हुआ अध्यवसायनिर्वर्तित क्रिया साधन द्वारा उस स्थान को छोड़कर भविष्यकाल में अगले स्थान को प्राप्त करता है, वैसे ही जीव भी कूदने वाले की तरह कूदते हुए अध्यवसायनिर्वर्तित क्रिया साधन (कर्मों) द्वारा पूर्व भव को छोड़कर भविष्यकाल में आगामी भव को प्राप्त कर उत्पन्न होते हैं।

प्र. भंते ! उन (नारक) जीवों की शीघ्र गति कैसी है ?
उनकी शीघ्रगति का विषय किस प्रकार का कहा गया है ?

1. सम. सम. सु. १५४(८)

उ. गोयमा ! से जहानामए केइ पुरिसे तरुणे बलवं जुगवं जुवाणे अप्पातंके थिरग्गहत्थे दढपाणि-पाय-पास-पिट्ठंतरोरूपरिणए तल-जमल-जुयल परिघनिभ-बाहू चम्मेट्ठग-दुहण मुट्ठिय समाहय निचिय गत्तकाए उरस्सबलसमण्णागए लंघण-पवण जइण-वायाम-समत्थे छेए दक्खे पत्तट्ठे कुसले मेहावी निउणे निउणसिप्पोवगए आउंटियं बाहं पसारेज्जा, पसारियं वा बाहं आउंटेज्जा,

विखिण्णं वा मुट्ठिं साहरेज्जा, साहरियं वा मुट्ठिं विक्खिरेज्जा, उम्मिसियं वा अच्छिं निमिसेज्जा, निमिसियं वा अच्छिं उम्मिसेज्जा।

भवेयारूवे ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

जीवा णं एगसमएण वा, दुसमएण वा, तिसमएण वा विग्गहेणं उववज्जंति,

तेसि णं जीवाणं तहा सीहा गई, तहा सीहे गइविसए पण्णत्ते।[1]

प. ते णं भन्ते ! जीवा कहं पर भवियाउयं पकरेंति ?

उ. गोयमा ! अज्झवसाणजोगनिव्वत्तिएणं करणोवाएणं, एवं खलु ते जीवा परभवियाउयं पकरेंति।

प. तेसि णं भन्ते ! जीवाणं कहं गइ पवत्तइ ?

उ. गोयमा ! आउक्खएणं, भवक्खएणं, ठिइक्खएणं एवं खलु तेसिं जीवाणं गई पवत्तइ।

प. ते णं भन्ते ! जीवा किं आइड्ढीए उववज्जंति, परिड्ढीए उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! आइड्ढीए उववज्जंति, नो परिड्ढीए उववज्जंति।

प. ते णं भन्ते ! जीवा किं आयकम्मुणा उववज्जंति, परकम्मुणा उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! आयकम्मुणा उववज्जंति, नो परकम्मुणा उववज्जंति।

प. ते णं भन्ते ! जीवा किं आयप्पयोगेणं उववज्जंति, परप्पयोगेणं उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! आयप्पयोगेणं उववज्जंति, नो परप्पयोगेणं उववज्जंति।

प. दं. २-११. असुरकुमारा णं भन्ते ! कहं उववज्जंति **जाव** परप्पयोगेणं उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! जहा नेरइया तहेव निरवसेसं जाव नो परप्पयोगेणं उववज्जंति।

दं. १७-२४ एवं एगिंदियवज्जा जाव **वेमाणिया।**

उ. गौतम ! जैसे कोई बलवान्, युगोत्पन्न, वयप्राप्त, रोगातंक से रहित, स्थिर पंजा वाला, सुदृढ़-हाथ-पैर-पीठ उरू से युक्त, सहोत्पन्न युगल तालवृक्ष और अर्गला के समान दीर्घ सरल और पुष्ट बाहु वाला, चर्मेष्ट, धन-मुष्टिकाओं के प्रहार से जिसका शरीर सुघटित कर दिया हो और आत्मिक बल से युक्त, कूदने-फांदने चलने आदि में समर्थ, चतुर, दक्ष, तत्पर, कुशल, मेधावी, निपुण और शिल्पशास्त्र का ज्ञाता तरुण पुरुष अपनी संकुचित-बांह को शीघ्र फैलाए और फैलाई हुई बांह को संकुचित करे,

खुली हुई मुट्ठी बंद करे और बंद मुट्ठी खोले, खुली हुई आँख बंद करे और बंद आंख खोले तो क्या उन जीवों की इस प्रकार की शीघ्र गति और शीघ्र गति का विषय होता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

वे (नैरयिक) जीव एक समय की, दो समय की या तीन समय की विग्रहगति से उत्पन्न होते हैं।

उन नैरयिक जीवों की ऐसी शीघ्र गति है और इस प्रकार का शीघ्र गति का विषय कहा गया है।

प्र. भंते ! वे नैरयिक जीव परभव की आयु कैसे बांधते हैं ?

उ. गौतम ! वे जीव अपने अध्यवसाय योग से तथा कर्मबन्ध के हेतुओं द्वारा परभव की आयु बांधते हैं।

प्र. भंते ! उन (नैरयिक) जीवों की गति किस कारण से प्रवृत्त होती है ?

उ. गौतम ! आयु क्षय, भव क्षय और स्थिति क्षय होने पर उन जीवों में गति प्रवृत्त होती है।

प्र. भंते ! वे (नैरयिक) जीव आत्म ऋद्धि (अपनी शक्ति) से उत्पन्न होते हैं या पर-ऋद्धि (दूसरों की शक्ति) से उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे आत्म ऋद्धि से उत्पन्न होते हैं पर-ऋद्धि से उत्पन्न नहीं होते हैं।

प्र. भंते ! वे (नैरयिक) जीव स्वकृत कर्मों से उत्पन्न होते हैं या परकृत कर्मों से उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे स्वकृत कर्मों से उत्पन्न होते हैं परकृत कर्मों से उत्पन्न नहीं होते हैं।

प्र. भंते ! वे (नैरयिक) जीव अपने प्रयोग से (व्यापार) से उत्पन्न होते हैं या परप्रयोग से उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे अपने प्रयोग से उत्पन्न होते हैं परप्रयोग से उत्पन्न नहीं होते हैं।

प्र. दं. २-११. भंते ! असुरकुमार कैसे उत्पन्न होते हैं **यावत्** क्या वे परप्रयोग से उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! **जिस प्रकार नैरयिकों की उत्पत्ति आदि के विषय में कहा उसी प्रकार आत्म प्रयोग से उत्पन्न होते हैं पर-प्रयोग से नहीं यहां तक कहना चाहिए।**

दं. १७.२४. इसी प्रकार एकेन्द्रियों को छोड़कर वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए।

१. विया. स. १४, उ. १, सु. ६

दं. १२-१६. एगिंदिया एवं चेव।

णवरं–चउसमइओ विग्गहो। सेसं तं चेव।

–विया. स. २५, उ. ८, सु. २-१०

दं. १२-१६. एकेन्द्रियों के विषय में भी उसी प्रकार कहना चाहिए।

विशेष–विग्रहगति उत्कृष्ट चार समय की होती है, शेष पूर्ववत् है।

२१. भवसिद्धिय-अभवसिद्धिय चउवीसदंडएसु उप्पायाइ परूवणं–

भवसिद्धिय नेरइया जाव वेमाणिया एवं चेव।

–विया. स. २५, उ. ९, सु. १

अभवसिद्धिय नेरइया जाव वेमाणिया एवं चेव।

–विया. स. २५, उ. १०, सु. १

२१. भवसिद्धिक-अभवसिद्धिक चौबीस दंडकों में उत्पातादि का प्ररूपण–

भवसिद्धिक नैरयिकों में से वैमानिकों पर्यन्त उत्पत्ति आदि का कथन पूर्ववत् है।

अभवसिद्धिक नैरयिकों में से वैमानिकों पर्यन्त उत्पत्ति आदि का कथन पूर्ववत् है।

२२. सम्मदिट्ठि-मिच्छदिट्ठि चउवीसदंडएसु उप्पायाइ परूवणं–

सम्मदिट्ठि नेरइया जाव वेमाणिया एवं चेव।

णवरं–एगिंदियवज्जं भाणियव्वं।

–विया. स. २५, उ. ११, सु. १-२

मिच्छद्दिट्ठि नेरइया जाव वेमाणिया एवं चेव।

–विया. स. २५, उ. १२, सु. १

२२. सम्यग्दृष्टि-मिथ्यादृष्टि चौबीस दंडकों में उत्पातादि का प्ररूपण–

सम्यग्दृष्टि नैरयिकों से वैमानिकों पर्यन्त उत्पत्ति आदि का कथन पूर्ववत् है।

विशेष–एकेन्द्रियों को छोड़कर कहना चाहिए।

मिथ्यादृष्टि नैरयिकों से वैमानिकों पर्यन्त उत्पत्ति आदि का कथन पूर्ववत् है।

२३. चउवीसदंडएसु एगसमए उव्वट्टमाणाणं संखा–

प. दं. १. नेरइया णं भन्ते ! एगसमएणं केवइया उव्वट्टंति?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एक्को वा, दो वा, तिण्णि वा, उक्कोसेणं संखेज्जा वा, असंखेज्जा वा उव्वट्टंति।

दं. २-२४. एवं जहा उववाओ भणिओ तहा उव्वट्टणा वि सिद्धवज्जा भाणियव्वा जाव अणुत्तरोववाइया।

णवरं–जोइसिय-वेमाणियाणं चयणेणं अभिलावो कायव्वो। –पण्ण. प. ६, सु. ६३७-६३९

२३. चौबीस दंडकों में एक समय में उद्वर्तित होने वालों की संख्या–

प्र. दं. १. भंते ! नैरयिक एक समय में कितने उद्वर्तित होते हैं?

उ. गौतम ! (वे) जघन्य एक, दो या तीन, उत्कृष्ट संख्यात या असंख्यात उद्वर्तित होते (मरते) हैं।

दं. २-२४. इसी प्रकार जैसे उपपात के विषय में कहा उसी प्रकार सिद्धों को छोड़कर अनुत्तरोपपातिक देवों पर्यन्त उद्वर्तना के विषय में भी कहना चाहिए।

विशेष–ज्योतिष्क और वैमानिक देवों के लिए (उद्वर्तना के स्थान पर) "च्यवन" शब्द का प्रयोग कहना चाहिए।

२४. चउवीसदंडएसु संतरं-निरंतरं उव्वट्टण परूवणं–

प. दं. १. नेरइया णं भन्ते ! किं संतरं उव्वट्टंति, निरंतरं उव्वट्टंति?

उ. गोयमा ! संतरं पि उव्वट्टंति, निरंतरं पि उव्वट्टंति।

दं. २-२४. एवं जहा उववाओ भणिओ तहा उव्वट्टणा वि सिद्धवज्जा भाणियव्वा जाव वेमाणिया।

णवरं–जोइसिय-वेमाणिएसु "चयणं" ति अभिलावो कायव्वो।[1] –पण्ण. प. ६, सु. ६२४-६२५

२४. चौबीस दंडकों में सान्तर निरन्तर उद्वर्तन का प्ररूपण–

प्र. दं. १. भंते ! नैरयिक क्या सान्तर उद्वर्तन करते हैं या निरन्तर उद्वर्तन करते हैं?

उ. गौतम ! वे सान्तर भी उद्वर्तन करते हैं और निरन्तर भी उद्वर्तन करते हैं।

दं. २-२४. जैसे उपपात के विषय में कहा वैसे ही सिद्धों को छोड़कर वैमानिकों पर्यन्त उद्वर्तना के विषय में भी कहना चाहिए।

विशेष–ज्योतिष्कों और वैमानिकों के लिए (उद्वर्तना के स्थान पर) "च्यवन" शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

२५. चउवीसदंडएसु उव्वट्टण विरह काल परूवणं–

प. दं. १. रयणप्पभापुढविनेरइयाणं भन्ते ! केवइयं कालं विरहिया उव्वट्टणाए पण्णत्ता?

२५. चौबीस दंडकों में उद्वर्तन के विरह काल का प्ररूपण–

प्र. दं. १. भंते ! रत्नप्रभा पृथ्वी के नैरयिक कितने काल तक उद्वर्तना से विरहित कहे गए हैं?

१. (क) विया. स. ९, उ. ३२, सु. ७-१३ (ख) विया. स. ९, उ. ३२, सु. ४८ (ग) विया. स. १३, उ. ६, सु. ४

उ. गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं,
उक्कोसेणं चउव्वीसं मुहुत्ता।

दं. २-२४. एवं सिद्धवज्जा उव्वट्टणा वि भाणियव्वा जाव अणुत्तरोववाइय त्ति।

णवरं–जोइसिय-वेमाणिएसु चयणं ति अभिलावो कायव्वो। –*पण्ण. प. ६, सु. ६०७-६०८*

उ. गौतम ! जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट चौवीस मुहूर्त तक।

दं. २-२४. जिस प्रकार उपपात विरह का कथन किया है उसी प्रकार सिद्धों को छोड़कर अनुत्तरोपपातिक देवों पर्यन्त उद्वर्तनाविरह का भी कथन करना चाहिए।

विशेष–ज्योतिष्क और वैमानिक देवों के लिए (उद्वर्तन के स्थान पर) "च्यवन" शब्द का अभिलाप (प्रयोग) करना चाहिए।

२६. चउवीसदंडएसु उव्वट्टमाणेसु उव्वट्टणस्स चउभंग परूवणं–

प. दं. १. नेरइए णं भंते ! नेरइएहिंतो उववट्टमाणे,

१. किं देसेणं देसं उव्वट्टइ,
२. देसेणं सव्वं उव्वट्टइ,
३. सव्वेणं देसं उव्वट्टइ,
४. सव्वेणं सव्वं उव्वट्टइ ?

उ. गोयमा ! १. नो देसेणं देसं उव्वट्टइ,
२. नो देसेणं सव्वं उव्वट्टइ,
३. नो सव्वेणं देसं उव्वट्टइ,
४. सव्वेणं सव्वं उव्वट्टइ।

दं. २-२४. एवं जाव वेमाणिए। –*विया. स. १, उ. ७, सु. ३*

प. दं. १. नेरइए णं भंते ! नेरइएहिंतो उव्वट्टे,
१. किं देसेणं देसं उव्वट्टे,
२. देसेणं सव्वं उव्वट्टे,
३. सव्वेणं देसं उव्वट्टे,
४. सव्वेणं सव्वं उव्वट्टे ?

उ. गोयमा ! १. नो देसेणं देसं उव्वट्टे,
२. नो देसेणं सव्वे उव्वट्टे,
३. नो सव्वेणं देसे उव्वट्टे,
४. सव्वेणं सव्वं उव्वट्टे।

दं. २-२४. एवं जाव वेमाणिए। –*विया. स. १, उ. ७, सु. ५ (२)*

प. दं. १. नेरइए णं भंते ! नेरइएहिंतो उव्वट्टमाणे,
१. किं अद्धेणं अद्धं उव्वट्टइ,
२. अद्धेणं सव्वं उव्वट्टइ,
३. सव्वेणं अद्धं उव्वट्टइ,
४. सव्वेणं सव्वं उवट्टइ ?

२६. उद्वर्तमानादि चौबीस दंडकों में उद्वर्तन के चतुर्भंगों का प्ररूपण–

प्र. दं. १. भंते ! नारकों में से उद्वर्तमान (निकलता हुआ) नारक जीव क्या,

१. एक भाग से एक भाग को आश्रित करके निकलता है ?
२. एक भाग से सर्व भाग को आश्रित करके निकलता है ?
३. सर्व भाग से एक भाग को आश्रित करके निकलता है ?
४. सर्व भाग से सर्वभाग को आश्रित करके निकलता है ?

उ. गौतम ! १. एक भाग से एक भाग को आश्रित करके नहीं निकलता है।
२. एक भाग से सर्व भाग को आश्रित करके नहीं निकलता है।
३. सर्व भाग से एक भाग को आश्रित करके नहीं निकलता है।
४. सर्व भाग से सर्व भाग को आश्रित करके निकलता है।

दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिक पर्यन्त उद्वर्तन कहना चाहिए।

प्र. दं. १. भंते ! नैरयिकों से निकला हुआ नैरयिक–
१. क्या एक भाग से एक भाग को आश्रित करके निकला है ?
२. एक भाग से सर्व भाग को आश्रित करके निकला है ?
३. सर्व भाग से एक भाग को आश्रित करके निकला है ?
४. सर्व भाग से सर्व भाग को आश्रित करके निकला है ?

उ. गौतम ! १. एक भाग से एक भाग को आश्रित करके नहीं निकला है।
२. एक भाग से सर्व भाग को आश्रित करके नहीं निकला है।
३. सर्व भाग से एक भाग को आश्रित करके नहीं निकला है।
४. सर्व भाग से सर्व भाग को आश्रित करके निकला है।

दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. दं. १. भंते ! नैरयिकों से निकलता हुआ नारक जीव–
१. क्या अर्ध भाग से अर्धभाग को आश्रित करके निकलता है ?
२. अर्धभाग से सर्व भाग को आश्रित करके निकलता है ?
३. सर्व भाग से अर्धभाग को आश्रित करके निकलता है ?
४. सर्व भाग से सर्व भाग को आश्रित करके निकलता है ?

उ. गोयमा ! १. नो अद्धेणं अद्धं उव्वट्टइ,

२. नो अद्धेणं सव्वं उव्वट्टइ,

३. नो सव्वेणं अद्धं उव्वट्टइ,

४. सव्वेणं सव्वं उव्वट्टइ।

दं. २-२४. एवं जाव वेमाणिए।

एवं उव्वट्टे वि जाव **वेमाणिए।** –*विया. स. १, उ. ७, सु. ६*

२७. चउवीसदंडएसु अणंतरनिग्गयत्ताइ परूवणं–

प. दं. १. नेरइयाणं भंते ! किं अणंतरनिग्गया परंपरनिग्गया अणंतरपरंपर अनिग्गया?

उ. गोयमा ! नेरइया णं अणंतरनिग्गया वि, परंपरनिग्गया वि, अणंतरपरंपर अनिग्गया वि।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

"नेरइयाणं अणंतरनिग्गया वि, परंपर निग्गया वि, अणंतरपरंपर अनिग्गया वि?

उ. गोयमा ! जे णं नेरइया पढमसमयनिग्गया ते णं नेरइया अणंतरनिग्गया,

जे णं नेरइया अपढमसमयनिग्गया ते णं नेरइया परंपर निग्गया,

जे णं नेरइया विग्गहगइसमावण्णगा ते णं नेरइया अणंतरपरंपर अनिग्गया।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

"नेरइयाणं अणंतरनिग्गया वि, परंपरनिग्गया वि, अणंतरपरंपरअनिग्गया वि।

दं. २-२४. एवं जाव **वेमाणिया।**

–*विया. स. १४, उ. १, सु. १४-१५*

२८. चउवीसदंडगाणं जीवाणं उव्वट्टणाणंतर उप्पाय परूवणं–

प. दं. १. नेरइया णं भंते ! अणंतरं उव्वट्टित्ता कहिं गच्छंति? कहिं उववज्जंति?

किं नेरइएसु उववज्जंति?

तिरिक्खजोणिएसु उववज्जंति?

मणुस्सेसु उववज्जंति?

देवेसु उववज्जंति?

उ. गोयमा ! नो नेरइएसु उववज्जंति,

तिरिक्खजोणिएसु उववज्जंति,

मणुस्सेसु उववज्जंति[1],

नो देवेसु उववज्जंति।

प. जइ तिरिक्खजोणिएसु उववज्जंति,

किं एगिंदिय **जाव** पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएसु उववज्जंति?

उ. गौतम ! १. अर्धभाग से अर्धभाग को आश्रित करके नहीं निकलता है।

२. अर्धभाग से सर्व भाग को आश्रित करके नहीं निकलता है।

३. सर्वभाग से अर्धभाग को आश्रित करके नहीं निकलता है।

४. सर्व भाग से सर्व भाग को आश्रित करके निकलता है।

दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए।

इसी प्रकार उद्वृत्त के लिए भी वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए।

२७. चौबीस दंडकों में अनन्तर निर्गतादि का प्ररूपण–

प्र. दं. १. भंते ! क्या नारक जीव अनन्तर-निर्गत है, परम्पर-निर्गत है या अनन्तरपरम्पर अनिर्गत है?

उ. गौतम ! नैरयिक अनन्तर निर्गत भी है, परम्पर निर्गत भी है और अनन्तरपरम्पर अनिर्गत भी है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

'नैरयिक अनन्तर निर्गत, परम्पर निर्गत, अनन्तर परम्पर अनिर्गत है?'

उ. भंते ! जिन नैरयिकों को नरक से निकले एक समय हुआ है वे अनन्तर निर्गत हैं।

जिन नैरयिकों को नरक से निकले अप्रथम (दो तीन) समय हो गए हैं वे परम्पर निर्गत हैं।

जो नैरयिक विग्रहगति प्राप्त हैं वे अनन्तर परम्पर अनिर्गत हैं।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

"नैरयिक जीव अनन्तर निर्गत भी है, परम्पर निर्गत भी है और अनन्तर परम्पर अनिर्गत भी है।

दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त कहना चाहिए।

२८. चौबीस दंडकों के जीवों का उद्वर्तनानंतर उत्पाद का प्ररूपण–

प्र. दं. १. भंते ! नैरयिक जीव अनन्तर (सीधे) उद्वर्तन करके कहां जाते हैं, कहां उत्पन्न होते हैं?

क्या वे नैरयिकों में उत्पन्न होते हैं,

तिर्यञ्चयोनिकों में उत्पन्न होते हैं,

मनुष्यों में उत्पन्न होते हैं,

देवों में उत्पन्न होते हैं?

उ. गौतम ! वे नैरयिकों में उत्पन्न नहीं होते हैं,

तिर्यञ्चयोनिकों में उत्पन्न होते हैं,

मनुष्यों में उत्पन्न होते हैं,

देवों में उत्पन्न नहीं होते हैं।

प्र. यदि (वे) तिर्यञ्चयोनिकों में उत्पन्न होते हैं तो क्या एकेन्द्रियों यावत् पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में उत्पन्न होते हैं?

१. जीवा. पडि. १, सु. ३२

उ. गोयमा ! नो एगिंदिएसु **जाव** नो चउरिंदिएसु उववज्जंति, पंचेंदिएसु उववज्जंति।

एवं जेहिंतो उववाओ भणियो तेसु उव्वट्टणा वि भाणियव्वा।

णवरं–सम्मुच्छिमेसु न उववज्जंति।

एवं सव्वपुढविसु भाणियव्वं।[1]

णवरं–अहेसत्तमाओ मणुस्सेसु न उववज्जंति।

–पण्ण. प. ६, सु. ६६६-६६७

प. (देवा णं भंते ! अणंतरं उव्वट्टित्ता कहिं गच्छंति ? कहिं उववज्जंति?)

उ. (गोयमा !) उव्वट्टित्ता नो नेरइएसु गच्छंति, तिरियमणुस्सेसु जहासंभवं, नो देवेसु गच्छंति, *–जीवा. पडि. १, सु. ४२*

प. **दं. २.** असुरकुमारा णं भंते ! अणंतरं उव्वट्टित्ता कहिं गच्छंति, कहिं उववज्जंति?

किं नेरइएसु उववज्जंति **जाव** देवेसु उववज्जंति?

उ. गोयमा ! नो नेरइएसु उववज्जंति,
तिरिक्खजोणिएसु उववज्जंति,
मणुस्सेसु उववज्जंति,
नो देवेसु उववज्जंति।

प. जइ तिरिक्खजोणिएसु उववज्जंति,
किं एगिंदिएसु **जाव** पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएसु उववज्जंति?

उ. गोयमा ! एगिंदिय-तिरिक्खजोणिएसु उववज्जंति,
नो बेइंदिएसु **जाव** नो चउरिंदिएसु उववज्जंति,
पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएसु उववज्जंति।

प. जइ एगिंदिएसु उववज्जंति,
किं पुढविकाइयएगिंदिएसु **जाव** वणस्सइयएगिंदिएसु उववज्जंति?

उ. गोयमा ! पुढविकाइयएगिंदिएसु वि उववज्जंति,
आउकाइयएगिंदिएसु वि उववज्जंति,
नो तेउकाइएसु उववज्जंति,
नो वाउकाइएसु उववज्जंति,
वणस्सइकाइएसु उववज्जंति।

प. जइ पुढविकाइएसु उववज्जंति,
किं सुहुमपुढविकाइएसु उववज्जंति?
बादरपुढविकाइएसु उववज्जंति?

उ. गोयमा ! बादरपुढविकाइएसु उववज्जंति,
नो सुहुमपुढविकाइएसु उववज्जंति।

प. जइ बादरपुढविकाइएसु उववज्जंति,

उ. गौतम ! (वे) एकेन्द्रियों से चतुरिन्द्रियों पर्यन्त उत्पन्न नहीं होते हैं, (किन्तु) पंचेन्द्रियों में उत्पन्न होते हैं।

इस प्रकार जिन-जिन से उपपात कहा गया है, उन-उन में ही उद्वर्तना कहनी चाहिए।

विशेष–वे सम्मूर्छिमों में उत्पन्न नहीं होते हैं।

इसी प्रकार समस्त (नरक) पृथ्वियों में उद्वर्तना का कथन करना चाहिए।

विशेष–अधःसप्तम पृथ्वी से मनुष्यों में उत्पन्न नहीं होते हैं।

प्र. (भंते ! देव अनन्तर उद्वर्तन करके कहाँ जाते हैं? कहाँ उत्पन्न होते हैं?)

उ. (गौतम) ! वे उद्वर्तन करके नैरयिकों में नहीं जाते हैं।
यथासंभव तिर्यञ्चयोनिक और मनुष्यों में उत्पन्न होते हैं।
देवों में भी नहीं जाते हैं।

प्र. **दं. २.** भंते ! असुरकुमार अनन्तर उद्वर्त्तना करके कहां जाते हैं, कहां उत्पन्न होते हैं?

क्या (वे) नैरयिकों में उत्पन्न होते हैं **यावत्** देवों में उत्पन्न होते हैं?

उ. गौतम ! (वे) नैरयिकों में उत्पन्न नहीं होते हैं,
तिर्यञ्चयोनिकों में उत्पन्न होते हैं,
मनुष्यों में उत्पन्न होते हैं,
देवों में उत्पन्न नहीं होते हैं।

प्र. यदि (वे) तिर्यञ्चयोनिकों में उत्पन्न होते हैं तो क्या वे एकेन्द्रियों में **यावत्** पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में उत्पन्न होते हैं?

उ. गौतम ! (वे) एकेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में उत्पन्न होते हैं,
किन्तु द्वीन्द्रियों से चतुरिन्द्रियों पर्यन्त उत्पन्न नहीं होते हैं,
वे पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों में उत्पन्न होते हैं।

प्र. यदि (वे) एकेन्द्रियों में उत्पन्न होते हैं तो,
क्या पृथ्वीकायिक एकेन्द्रियों में **यावत्** वनस्पतिकायिक एकेन्द्रियों में उत्पन्न होते हैं?

उ. गौतम ! (वे) पृथ्वीकायिक एकेन्द्रियों में उत्पन्न होते हैं,
अप्कायिक एकेन्द्रियों में भी उत्पन्न होते हैं,
तेजस्कायिक एकेन्द्रियों में उत्पन्न नहीं होते हैं,
वायुकायिक एकेन्द्रियों में भी उत्पन्न नहीं होते हैं,
वनस्पतिकायिक एकेन्द्रियों में भी उत्पन्न होते हैं।

प्र. यदि (वे) पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होते हैं तो क्या,
सूक्ष्म पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होते हैं या
बादर पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होते हैं?

उ. गौतम ! (वे) बादर पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होते हैं,
(किन्तु) सूक्ष्म पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न नहीं होते हैं।

प्र. यदि बादर पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होते हैं,

१. जीवा. पडि. ३, सु. ९१

किं पज्जत्तग-बादरपुढविकाइएसु उववज्जंति ?
अपज्जत्तय-बादरपुढविकाइएसु उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! पज्जत्तएसु उववज्जंति,
नो अपज्जत्तएसु उववज्जंति।
एवं आउ-वणस्सइएसु वि भाणियव्वं।

पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएसु मणुस्सेसु य जहा नेरइयाणं उव्वट्टणा सम्मुच्छिमवज्जा तहा भाणियव्वा।

दं. ३-११. एवं जाव थणियकुमारा।

प. दं. १२. पुढविकाइया णं भंते ! अणंतरं उव्वट्टित्ता कहिं गच्छंति, कहिं उववज्जंति ?
किं नेरइएसु उववज्जंति **जाव** देवेसु उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! नो नेरइएसु उववज्जंति,
तिरिक्खजोणिय मणुस्सेसु उववज्जंति,[1]
नो देवेसु उववज्जंति।
एवं जहा एएसिं चेव उववाओ तहा उव्वट्टणा वि भाणियव्वा। *—पण्ण. प. ६, सु. ६६८-६६९*

प. सुहुमपुढविकाइया णं भन्ते ! जीवा अणंतरं उव्वट्टित्ता कहिं गच्छंति, कहिं उववज्जंति ?
किं नेरइएसु उववज्जंति **जाव** देवेसु उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! नो नेरइएसु उववज्जंति,
तिरिक्खजोणिएसु उववज्जंति,
मणुस्सेसु उववज्जंति,
णो देवेसु उववज्जंति।

प. जइ तिरिक्खजोणिएसु उववज्जंति,
किं एगिंदिएसु उववज्जंति **जाव** पंचेंदिएसु उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! एगिंदिएसु उववज्जंति **जाव** पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिएसु उववज्जंति,
असंखेज्जवासाउयवज्जेसु पज्जत्तापज्जत्तएसु उववज्जंति,
मणुस्सेसु अकम्मभूमग-अंतरदीवग- असंखेज्जवासाउय-वज्जेसु पज्जत्तापज्जत्तएसु उववज्जंति। *—जीवा. पडि. १, सु. १३ (२२)*

प. सण्हपुढविकाइया णं भंते ! जीवा अणंतरं उव्वट्टित्ता कहिं गच्छंति, कहिं उव्वज्जंति ?
किं नेरइएसु उववज्जंति **जाव** देवेसु उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! नो नेरइएसु उववज्जंति,

तो क्या (वे) पर्याप्तक बादर पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होते हैं या अपर्याप्तक बादर पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! (वे) पर्याप्तकों में उत्पन्न होते हैं,
किन्तु अपर्याप्तकों में उत्पन्न नहीं होते हैं।
इसी प्रकार अप्कायिकों और वनस्पतिकायिकों में भी कहना चाहिए।

पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों और मनुष्यों में जैसे नैरयिकों का उद्वर्तन कहा उसी प्रकार सम्मूर्च्छिम को छोड़कर उद्वर्तना कहनी चाहिए।

दं. ३-११. इसी प्रकार स्तनितकुमारों पर्यन्त उद्वर्तना कहनी चाहिए।

प्र. दं. १२. भंते ! पृथ्वीकायिक जीव अनन्तर उद्वर्तन करके कहाँ जाते हैं, कहां उत्पन्न होते हैं ?
क्या वे नैरयिकों में उत्पन्न होते हैं **यावत्** देवों में उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! (वे) नैरयिकों में उत्पन्न नहीं होते हैं,
तिर्यञ्चयोनिकों और मनुष्यों में उत्पन्न होते हैं।
देवों में भी उत्पन्न नहीं होते हैं।
जैसे इनका उपपात कहा है वैसे ही उद्वर्तना भी कहनी चाहिए।

प्र. भंते ! सूक्ष्म पृथ्वीकायिक जीव अनन्तर उद्वर्तन करके कहां जाते हैं, कहां उत्पन्न होते हैं ?
क्या वे नैरयिकों में उत्पन्न होते हैं **यावत्** देवों में उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे नैरयिकों में उत्पन्न नहीं होते हैं,
तिर्यञ्चयोनिकों में उत्पन्न होते हैं,
मनुष्यों में उत्पन्न होते हैं।
देवों में उत्पन्न नहीं होते हैं।

प्र. यदि तिर्यञ्चयोनिकों में उत्पन्न होते हैं तो क्या एकेन्द्रियों में उत्पन्न होते हैं **यावत्** पंचेन्द्रियों में उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! एकेन्द्रियों में भी उत्पन्न होते हैं **यावत्** पंचेन्द्रियों में भी उत्पन्न होते हैं।
असंख्यात वर्षायुष्क को छोड़कर शेष पर्याप्त और अपर्याप्त में उत्पन्न होते हैं।
अकर्मभूमिक, अन्तर्द्वीपज और असंख्यात वर्षायुष्क को छोड़कर शेष पर्याप्त और अपर्याप्त मनुष्यों में उत्पन्न होते हैं।

प्र. भंते ! श्लक्ष्ण पृथ्वीकाय के जीव अनन्तर उद्वर्तन करके कहां जाते हैं, कहाँ उत्पन्न होते हैं ?
क्या वे नैरयिकों में उत्पन्न होते हैं **यावत्** देवों में उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे नैरयिकों में उत्पन्न नहीं होते हैं,

१. विया. स. १९, उ. ३, सु. १७

तिरिक्खजोणिएसु उववज्जंति,
मणुस्सेसु उववज्जंति,
नो देवेसु उववज्जंति।
तं चेव जाव **असंखेज्जवासाउयवज्जेहिंतो उववज्जंति।**

–जीवा. पडि. १, सु. १५

सुहुम आउकाइया जहेव सुहुम पुढविकाइया।

–जीवा. पडि. १, सु. १६

दं. १३-१९. एवं आउ, वणस्सइ, बेइंदिय, तेइंदिय, चउरिंदिया वि।

एवं तेऊ, वाऊ वि।

णवरं–मणुस्सवज्जेसु उववज्जंति।

प. दं. २०. पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिया णं भंते ! अणंतरं उव्वट्टित्ता कहिं गच्छंति, कहिं उववज्जंति ?
किं नेरइएसु उववज्जंति **जाव** देवेसु उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! नेरइएसु उववज्जंति **जाव** देवेसु उववज्जंति।

प. जइ णेरइएसु उववज्जंति,
किं रयणप्पभापुढविनेरइएसु उववज्जंति **जाव** अहेसत्तमापुढविनेरइएसु उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! रयणप्पभापुढविनेरइएसु वि उववज्जंति जाव अहेसत्तमापुढविनेरइएसु वि उववज्जंति ?

प. जइ तिरिक्खजोणिएसु उववज्जंति,
किं एगिंदिएसु **जाव** पंचेंदिएसु उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! एगिंदिएसु वि उववज्जंति **जाव** पंचेंदिएसु वि उववज्जंति।
एवं जहा एएसिं चेव उववाओ उव्वट्टणा वि तहेव भाणियव्वा।
णवरं–असंखेज्जवासाउएसु वि एए उववज्जंति।

प. जइ मणुस्सेसु उववज्जंति,
किं सम्मुच्छिम-मणुस्सेसु उववज्जंति ?
गब्भवक्कंतिय-मणुस्सेसु उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! दोसु वि उववज्जंति।
एवं जहा उववाओ तहेव उव्वट्टणा वि भाणियव्वा।

णवरं–अकम्मभूमग-अंतरदीवग-असंखेज्जवासाउएसु वि एए उववज्जंति त्ति भाणियव्वं।

प. जइ देवेसु उववज्जंति,
किं भवणवइसु उववज्जंति **जाव** वेमाणिएसु उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! सव्वेसु चेव उववज्जंति।

तिर्यञ्चयोनिकों में उत्पन्न होते हैं,
मनुष्यों में उत्पन्न होते हैं,
देवों में उत्पन्न नहीं होते हैं।
सूक्ष्म पृथ्वीकायिकों के समान असंख्यात वर्षायुष्कों को छोड़कर तिर्यञ्चों और मनुष्यों में उत्पन्न होते हैं।

सूक्ष्म अप्कायिकों का कथन सूक्ष्म पृथ्वीकायिकों के समान जानना चाहिए।

दं. १३-१९. इसी प्रकार अप्कायिक, वनस्पतिकायिक, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रियों की भी उद्वर्तना कहनी चाहिए।

इसी प्रकार तेजस्कायिक और वायुकायिक की भी उद्वर्तना कहनी चाहिए।

विशेष–(वे) मनुष्यों को छोड़कर उत्पन्न होते हैं।

प्र. दं. २०. भंते ! पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक अनन्तर उद्वर्तना करके कहां जाते हैं, कहां उत्पन्न होते हैं ?
क्या (वे) नरैयिकों में उत्पन्न होते हैं **यावत्** देवों में उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! (वे) नैरयिकों में भी उत्पन्न होते हैं **यावत्** देवों में भी उत्पन्न होते हैं।

प्र. यदि (वे) नैरयिकों में उत्पन्न होते हैं तो क्या
रत्नप्रभा पृथ्वी के नैरयिकों में उत्पन्न होते हैं **यावत्** अधःसप्तमपृथ्वी के नैरयिकों में उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे रत्नप्रभा पृथ्वी के नैरयिकों में भी उत्पन्न होते हैं **यावत्** अधःसप्तम पृथ्वी के नैरयिकों में भी उत्पन्न होते हैं।

प्र. यदि (वे) तिर्यञ्चयोनिकों में उत्पन्न होते हैं तो क्या
एकेन्द्रियों में उत्पन्न होते हैं **यावत्** पंचेन्द्रियों में उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! (वे) एकेन्द्रियों में भी उत्पन्न होते हैं **यावत्** पंचेन्द्रियों में भी उत्पन्न होते हैं।
इसी प्रकार जैसे इनका उपपात कहा है उसी प्रकार इनकी उद्वर्तना भी कहनी चाहिए।
विशेष–ये असंख्यातवर्षों की आयु वालों में भी उत्पन्न होते हैं।

प्र. यदि (वे) मनुष्यों में उत्पन्न होते हैं तो क्या,
सम्मूर्च्छिम मनुष्यों में उत्पन्न होते हैं, या
गर्भज मनुष्यों में उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! (वे) दोनों में ही उत्पन्न होते हैं।
इसी प्रकार जैसे इनका उपपात कहा, वैसे ही इनकी उद्वर्तना भी कहनी चाहिए।

विशेष–अकर्मभूमिज, अन्तर्द्वीपज और असंख्यातवर्षायुष्क मनुष्यों में भी ये उत्पन्न होते हैं यह कहना चाहिए।

प्र. यदि (वे) देवों में उत्पन्न होते हैं तो क्या,
भवनपति देवों में उत्पन्न होते हैं **यावत्** वैमानिक देवों में उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! (वे) सभी देवों में उत्पन्न होते हैं।

प. जइ भवणवइसु उववज्जंति,

किं असुरकुमारेसु उववज्जंति **जाव** थणियकुमारेसु उववज्जंति?

उ. गोयमा ! सव्वेसु चेव उववज्जंति।

एवं वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणिएसु निरंतरं उववज्जंति जाव **सहस्सारो कप्पो त्ति**[1]। *–पण्ण. प. ६, सु. ६७०-६७२*

प. (सम्मुच्छिम जलयरा णं भंते) अणंतरं उव्वट्टित्ता कहिं गच्छंति, कहिं उववज्जंति?

उ. (गोयमा!) नेरइएसु वि, तिरिक्खजोणिएसु वि, मणुस्सेसु वि, देवेसु वि उववज्जंति।

नेरइएसु रयणप्पहाए पुढवीए उववज्जंति सेसेसु पडिसेहो।

तिरिएसु सव्वेसु उववज्जंति संखेज्जवासाउएसु वि, असंखेज्जवासाउएसु वि, चउप्पएसु वि, पक्खीसु वि।

मणुस्सेसु सव्वेसु कम्मभूमिएसु,

नो अकम्मभूमिएसु,

अंतरदीवएसु वि, संखेज्जवासाउएसु वि, असंखेज्ज-वासाउएसु वि, पज्जत्तएसु वि, अपज्जत्तएसु वि।

देवेसु जाव वाणतमंतरा[2]।

थलयराणं खहयराण वि एवं चेव। *–जीवा. पडि. १, सु. ३५*

प. गब्भवक्कंतिय भुयगपरिसप्प थलयर पंचिंदयतिरिक्ख-जोणिया णं भन्ते ! उव्वट्टित्ता कहिं गच्छंति?

उ. गोयमा ! उव्वट्टित्ता दोच्चं पुढविं गच्छंति,

उरगपरिसप्प थलयर पंचिंदियतिरिक्खजोणिया उव्वट्टित्ता पंचमिं पुढविं गच्छंति।

चउप्पय थलयर पंचिंदिय तिरिक्खजोणिया उव्वट्टित्ता चउत्थिं पुढविं गच्छंति।

जलयर पंचिंदिय तिरिक्खजोणिया उव्वट्टित्ता अहे सत्तमं पुढविं गच्छंति।

खहयर पंचिंदिय तिरिक्खजोणिया उव्वट्टित्ता तच्चं पुढविं गच्छंति। *–जीवा. पडि. ३, उ. १, सु. ९७(२)*

प. **दं. २१.** मणुस्सा णं भंते ! अणंतरं उव्वट्टित्ता कहिं गच्छंति, कहिं उववज्जंति?

किं नेरइएसु उववज्जंति **जाव** देवेसु उववज्जंति?

उ. गोयमा ! नेरइएसु वि उववज्जंति **जाव** देवेसु वि उववज्जंति। *–पण्ण. प. ६, सु. ६७३/१*

प. (सम्मुच्छिम-मणुस्सा णं भंते !) अणंतरं उव्वट्टित्ता कहिं गच्छंति, कहिं उववज्जंति?

प्र. यदि (वे) भवनपति देवों में उत्पन्न होते हैं तो क्या असुरकुमारों में उत्पन्न होते हैं **यावत्** स्तनितकुमारों में उत्पन्न होते हैं?

उ. गौतम ! (वे) सभी (भवनपतियों) में उत्पन्न होते हैं।

इसी प्रकार वाणव्यन्तरों, ज्योतिष्कों और सहस्रारकल्प पर्यन्त के वैमानिक देवों में निरन्तर उत्पन्न होते हैं।

प्र. (भन्ते ! सम्मूर्च्छिम जलचर पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक) अनन्तर उद्वर्तन करके कहां जाते हैं, कहां उत्पन्न होते हैं?

उ. गौतम ! नैरयिकों, तिर्यञ्चयोनिकों, मनुष्यों और देवों में उत्पन्न होते हैं।

नैरयिकों में रत्नप्रभा पृथ्वी तक उत्पन्न होते हैं, शेष पृथ्वियों का निषेध करना चाहिए।

तिर्यञ्चों में उत्पन्न हों तो संख्यात वर्षायुष्क, असंख्यात वर्षायुष्क, चतुष्पद और पक्षियों के सभी प्रकारों में उत्पन्न होते हैं।

मनुष्यों में उत्पन्न होने पर सभी कर्मभूमिजों के मनुष्यों में उत्पन्न होते हैं।

किन्तु अकर्मभूमिजों में उत्पन्न नहीं होते हैं।

संख्यात वर्षायुष्क, असंख्यात वर्षायुष्क पर्याप्त और अपर्याप्त अन्तर्द्वीपजों में उत्पन्न होते हैं।

देवों में वाणव्यन्तर पर्यन्त उत्पन्न होते हैं।

स्थलचर और खेचर के लिए भी इसी प्रकार कहना चाहिए।

प्र. भन्ते ! गर्भज भुजपरिसर्प स्थलचर पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक मरकर कहां उत्पन्न होते हैं?

उ. गौतम ! वे मरकर दूसरी पृथ्वी में उत्पन्न होते हैं।

उरग परिसर्प स्थलचर पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक मरकर पांचवीं पृथ्वी में उत्पन्न होते हैं

चतुष्पद स्थलचर पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक मरकर चौथी पृथ्वी में उत्पन्न होते हैं।

जलचर पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक मरकर अधःसप्तम पृथ्वी में उत्पन्न होते हैं।

खेचर पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक मरकर तीसरी पृथ्वी में उत्पन्न होते हैं।

प्र. **दं. २१.** भन्ते ! मनुष्य अनन्तर उद्वर्तन करके कहां जाते हैं, कहां उत्पन्न होते हैं?

क्या वे नैरयिकों में उत्पन्न होते हैं **यावत्** देवों में उत्पन्न होते हैं?

उ. गौतम ! (वे) नैरयिकों में भी उत्पन्न होते हैं **यावत्** देवों में भी उत्पन्न होते हैं।

प्र. (भंते ! सम्मूर्च्छिम मनुष्य) अनन्तर उद्वर्तन करके कहां जाते हैं, कहां उत्पन्न होते हैं?

---

१. जीवा पडि. १, सु. ३८-४० वहाँ पर गर्भज जलचर थलचर खेचर की अपेक्षा यह वर्णन है।

२. जीवा. पडि. ३, उ. १, सु. ९७

उ. गोयमा ! (णेरइय-देव असंखाउयवज्जेसु[1])

—जीवा. पडि. १, सु. ४१

प. (गब्भवक्कंतिय-मणुस्सा णं भंते !) अणंतरं उव्वट्टित्ता कहिं गच्छति, कहिं उववज्जंति ?

उ. (गोयमा !) उव्वट्टित्ता नेरइएसु जाव अणुत्तरोववाइएसु।

अत्थेगइए सिज्झंति जाव सव्वदुक्खाणं अंतं करेंति।

—जीवा. पडि. १, सु. ४१

एवं सव्वेसु ठाणेसु उववज्जंति, न कहिंचि पडिसेहो कायव्वो जाव सव्वट्ठसिद्धदेवेसु वि उववज्जंति,

अत्थेगइया सिज्झंति, बुज्झंति, मुच्चंति, परिणिव्वायंति सव्वदुक्खाणं अंतं करेंति। *—पण्ण. प. ६, सु. ६७३/२*

दं. २२-२४. वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणिया सोहम्मीसाणा य जहा असुरकुमारा।

णवरं—जोइसियाणं वेमाणियाण य चयंतीति अभिलावो कायव्वो।

प. सणंकुमारदेवा णं भंते ! अणंतरं चइत्ता कहिं गच्छंति, कहिं उववज्जंति ?

किं णेरइएसु उववज्जंति **जाव** वेमाणिएसु देवेसु उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! **जहा असुरकुमारा।**

णवरं—एगिंदिएसु न उववज्जंति।

एवं जाव **सहस्सारगदेवा।**

आणय जाव **अणुत्तरोववाइया देवा एवं चेव।**

णवरं—णो तिरिक्खजोणिएसु उववज्जंति,

मणूसेसु पज्जत्तगं संखेज्जवासाउय-कम्मभूमग गब्भवक्कंतियमणूसेसु उववज्जंति[2]।

—पण्ण. प. ६, सु. ६७४-६७६

उ. गौतम ! नैरयिक देव और असंख्यातवर्षायुष्कों को छोड़कर शेष (मनुष्य तिर्यञ्चों) में उत्पन्न होते हैं।

